RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 44
लखनऊ, बुधवार, 1 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



कठिन से ज्यादा, यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था
विविध-12

# प्रश्नपत्र छापने वाली कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

**टीईटीटी पर्चा लीक**

## ● बागपत में भी धरा गया एक आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



राय अनूप प्रसाद



राहुल चौधरी

**टीईटीटी** पर्चा लीक मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने प्रश्नपत्र छापने वाली कंपनी के डायरेक्टर राय अनूप प्रसाद को नोएडा से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के मुताबिक जांच के दौरान प्रथम दृष्टया डायरेक्टर की संलिप्तता सामने आई है। डायरेक्टर सहित पांच लोगों के खिलाफ इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं यूपीटीईटी की प्रचलित परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर पेपर आउट करने वाले गिरोह के एक सदस्य राहुल चौधरी को एसटीएफ ने बागपत जिले के बड़ौत गांव से सोमवार की देर रात गिरफ्तार किया।

उसके कब्जे से एक सेट यूपीटीईटी पेपर 2021, कई एडमिट कार्ड और तीन स्मार्ट फोन बरामद हुए हैं। राहुल की बड़ौत में जूते चप्पल की दुकान है। अभियुक्त राहुल चौधरी ने पूछताछ पर बताया कि वह फिरोज पुत्र सुलेमान निवासी किरठल थाना रमाला जनपद बागपत व बबलू उर्फ बलराम राठी निवासी शडब्बर थाना शाहपुर के साथ मिलकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को पास कराने के नाम पर अनुचित लाभ कमाने के उददेश्य से मोटी रकम वसूलने का काम करता हूं।

एसटीएफ फील्ड यूनिट नोएडा द्वारा की जा रही जांच के दौरान प्रकाश में आया कि उत्तर प्रदेश सहायक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 के प्रश्न पुस्तिका के मुद्रण के लिए 26.10.2021 को सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड बदरपुर नई दिल्ली को वर्क आर्डर दिया गया था। जांच के दौरान आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड के डायरेक्टर राय अनूप प्रसाद की उक्त परीक्षा का पेपर आउट होने के तथ्य प्रकाश में आने पर इनको पूछताछ के लिए एसटीएफ कार्यालय नोएडा बुलवाया गया। पूछताछ पर राय अनूप प्रसाद ने बताया कि वह आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड का डायरेक्टर है और उनको उत्तर प्रदेश सहायक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 के प्रश्न पुस्तिका मुद्रण का वर्क आर्डर 26.10.2021 को सचिव परीक्षा नियामक अधिकारी प्रयागराज द्वारा दिया गया था। इनके द्वारा प्रश्न पुस्तिका के मुद्रण के दौरान ए गोपनीयता एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर मुद्रण कार्य किया। जिससे परिक्षा से पहले पेपर आउट हो गया। पूछताछ पर राय अनूप प्रसाद की प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाए जाने पर इनको हिरासत लिया गया ये तदोपरान्त 30.11.2021 को थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर पर राय अनूप प्रसाद एवं अन्य 4 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया है। जिसमें आईपीसी की धारा 420, 409, 120 बी के तहत राय अनूप प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया अन्य के विरुद्ध स्थानीय पुलिस द्वारा जांच कर कार्यवाही की जा रही है तथा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव संजय उपाध्याय निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** टीईटी पेपर लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार को शासन स्तर पर परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव संजय उपाध्याय को निलंबित कर दिया गया है। जबकि मामले की जांच एसटीएफ कर रही है। मुख्यमंत्री के रुख को देखते हुए एसटीएफघटना से जुड़े सभी कड़ियों को जोड़ने में लगी हुई है। चूंकि परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव संजय उपाध्याय पर ही इस परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी थी।

इसलिए सरकार ने पेपर लीक होने के मामले को उनकी बड़ी चूक माना है। परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर लीक होने और यूपीटीईटी को शुचितापूर्ण ढंग से संपादित न कराए जाने, गोपनीयता के उच्चस्तरीय मापदंडों का पालन न किए जाने के कारण शासन ने उन्हें निलंबित किया है। सचिव अनामिका सिंह की ओर से जारी निलंबन आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में संजय कुमार उपाध्याय बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ से संबद्ध रहेंगे।

उन्हें शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से यूपीटीईटी न किए जाने का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। बता दें कि एक कार्यक्रम में मंच पर मौजूद सीएम योगी ने स्पष्ट कर दिया है कि पेपर लीक करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वे इस मामले में दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत ( शेष पेज 9 )

# कोरोना के नए स्वरूप को लेकर जांच में तेजी लाएं राज्यः केंद्र

## ● घर-घर टीकाकरण अभियान 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया

**भाषा।** नई दिल्ली



असम के मोरीगांव में ग्रामीणों को कोरोनारोधी टीके लगातीं महिला स्वास्थ्यकर्मी

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप कोमीक्रोन को लेकर केंद्र ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जांच में तेजी लाने और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की प्रभावी निगरानी करने की मंगलवार को सलाह दी। केंद्र ने साथ ही कहा कि ऐसा नहीं है कि सार्स-सीओवी-2 का ओमीक्रोन स्वरूप आरटी-पीसीआर और आरएटी जांच की पकड़ में नहीं आता। केंद्र ने यह भी कहा कि ओमीक्रोन स्वरूप का कोई मामला अभी देश में सामने नहीं आया है। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के मामले कई देशों में सामने आने के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ डिजिटल तरीके से एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में कोविड-19 के खिलाफ जनस्वास्थ्य प्रतिक्रिया उपायों और तैयारियों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि यह दोहराते हुए कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संशोधित दिशानिर्देशों और अंतरराष्ट्रीय यात्रा परामर्श को राज्यों के साथ साझा किया गया है, भूषण ने राज्यों को सलाह दी कि वे अपने बचाव उपायों को कम न करें और विभिन्न हवाई अड्डों, बंदरगाहों और सीमापार बिंदुओं से देश में आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर कड़ी निगरानी रखें। इसके अलावा, कोविड-19 के खिलाफ एक शक्तिशाली बचाव के तौर पर टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने कहा कि हर घर दस्तक टीकाकरण अभियान को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जोर पहली खुराक के 100 प्रतिशत कवरेज और दूसरी खुराक नहीं लेने वालों को टीका लगाने पर केंद्रित होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को संसद में कहा कि अभी तक देश में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन का कोई मामला सामने नहीं आया है।

## दूसरे देशों से आने वाले हर व्यक्ति की जांच होः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व के दुनिया के अनेक देशों में कोरोना के नए वैरिएंट से संक्रमितों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों से यहां आ रहे हर व्यक्ति की जांच की जाए। उन्होंने बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन तथा एयर पोर्ट पर जांच व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का प्रभावी अनुपालन कराया जाए। ( विस्तृत पेज 2 )

# विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा निकालेगी छह प्रदेश स्तरीय यात्राएं



लखनऊ में चुनाव तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 6 प्रदेश स्तरीय यात्राएं निकाले जाने का निर्णय लिया गया। यात्राएं प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए गुजरेंगी। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, उपमुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य, दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी, विनोद सोनकर, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल व कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे। विधान परिषद सदस्य विद्या सागर सोनकर को प्रदेश यात्रा प्रमुख बनाया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश स्तर पर 6 यात्राएं निकालने जा रही है। विधानसभा चुनाव के पूर्व निकाली जाने वाली इन यात्राओं के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी केंद्र सरकार की 7.5 वर्षों की उपलब्धि और 5 वर्षों की प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि 2017 के चुनावों से पहले हमने जब यात्रा निकाली थी तब हमने पूर्ववर्ती सरकार की खामियों को उजागर करते हुए हम जनता के बीच गए थे। इस बार हम अपनी उपलब्धियां बताने और जनता का आशीर्वाद लेने फिर से उनके बीच ( शेष पेज 9 )

## इस माह दूसरे सप्ताह से युवाओं को स्मार्टफोन, टैबलेट बांटने की योजना

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार की दिसंबर के दूसरे सप्ताह से युवाओं को निशुल्क स्मार्टफोन और टैबलेट देने की योजना है। इसके लिए डीजी शक्ति नाम से एक पोर्टल बनाया गया है, जिसे जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लॉन्च करेंगे। एक सरकारी बयान के मुताबिक इसी पोर्टल के माध्यम से स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरण और छात्रों को भविष्य में पढ़ाई के लिए विषयवस्तु दी जाएगी। इसके अलावा स्मार्टफोन और टैबलेट के बारे में समय-समय पर छात्रों को उनके मोबाइल नंबर और मेल पर सूचना दी जाएगी। मंगलवार को जारी बयान के मुताबिक पंजीकरण से लेकर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण तक पूरी व्यवस्था निशुल्क है। सरकार की ओर से स्मार्टफोन और टैबलेट की खरीद के लिए जेम पोर्टल पर अब तक का सबसे बड़ा टेंडर जारी किया गया है। 47 सौ करोड़ की लागत से खरीदे जाने वाले स्मार्टफोन और टैबलेट के लिए कई नामी कंपनियों ने टेंडर किया ( शेष पेज 9 )

# चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड उत्तराखंड सरकार ने किया भंग

**भाषा।** देहरादून

**लंबे** समय से आंदोलनरत तीर्थ पुरोहितों की मांग को मानते हुए उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को विवादास्पद चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड को भंग कर दिया। अस्तित्व में आने के ठीक दो साल बाद देवस्थानम बोर्ड के भंग होने का जहां तीर्थ पुरोहितों और साधु संतों ने स्वागत किया। वहीं, मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने इसे आगामी विधानसभा चुनावों में हार के डर से लिया गया फैसला बताया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट किया, आप सभी की भावनाओं, तीर्थपुरोहितों, हक-हकूकधारियों के सम्मान एवं चारधाम से जुड़े सभी लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए श्री मनोहर कांत ध्यानी जी की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने देवस्थानम बोर्ड अधिनियम वापस लेने का फैसला किया है। इससे पहले, ध्यानी समिति ने रविवार शाम को अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी थी जिसका उन्होंने परीक्षण कर जल्द निर्णय लेने की बात कही थी। चारों हिमालई धामों-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के तीर्थ पुरोहितों के देवस्थानम बोर्ड को भंग करने को लेकर लंबे समय से चल रहे आंदोलन के मद्देनजर धामी ने सत्ता संभालते ही भाजपा नेता ध्यानी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था।

**पुरोहितों ने किया स्वागत**

बोर्ड के गठन को अपने पारंपरिक अधिकारों का हनन बताते हुए चारों धामों के तीर्थ पुरोहित इसे भंग करने की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन चला रहे थे। निकट आ रहे विधानसभा चुनावों को देखते हुए उन्होंने आंदोलन तेज करने की धमकी दी थी। धामी सरकार के इस निर्णय को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। देवस्थानम अधिनियम पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के सरकार के कार्यकाल में दिसंबर 2019 में पारित हुआ था जिसके तहत चारों धाम सहित प्रदेश के 51 मंदिरों के प्रबंधन के लिए जनवरी, 2020 में बोर्ड का गठन किया गया था। तीर्थ पुरोहितों ने बोर्ड के भंग होने के निर्णय पर खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। लेकिन कहा कि यह उनके संघर्ष का परिणाम है।

चारधाम तीर्थ पुरोहित हक हकूकधारी महापंचायत के प्रवक्ता ब्रजेश सती ने कहा, यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। यह भारतीय लोकतंत्र की एक अनूठी घटना है जहां जनता के दवाब में एक सरकार को अपना ही निर्णय वापस लेना पड़ा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने भी फैसले का स्वागत किया और कहा कि सरकार ने यह एक अच्छा काम किया है। उधर, कांग्रेस महासचिव और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि अहंकार की एक बार फिर हार हुई है। उन्होंने कहा, तीन कृषि कानूनों के ( शेष पेज 9 )

## सरकार ने समिति के लिए किसान नेताओं से पांच नाम मांगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए समिति गठित करने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से पांच लोगों के नाम मांगे हैं। किसान नेता दर्शनपाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान संगठन इस मामले में चार दिसंबर को होने वाली बैठक में फैसला लेंगे। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब एक दिन पहले ही संसद के दोनों सदन में तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को रद्द करने के लिए विधेयक पारित किया गया है। किसान इन कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर पिछले एक साल से आंदोलनरत हैं। दर्शन पाल ने पीटीआई-भाषा से कहा, आज, केंद्र ने उस समिति के गठन के लिए एसकेएम से पांच नाम मांगे हैं, जो कि फसलों के लिए एमएसपी के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी। हमने अभी नामों को लेकर फैसला नहीं लिया है। हम इस बारे में चार दिसंबर को होने वाली हमारी बैठक में निर्णय लेंगे।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,064 | ↓ 195 | |
| निफ्टी | 16,983 | ↓ 70 | |
| सोना | 47,217 | ↑ 41 | /10g |
| चांदी | 61,337 | ↓ 667 | /kg |

## क्विक न्यूज

**माल्या से जुड़े अवमानना मामले में अंतिम सुनवाई 18 जनवरी को**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसने काफी समय तक इंतजार किया है और अब वह भगोड़े व्यवसाई विजय माल्या के खिलाफ अवमानना मामले में और इंतजार नही कर सकता है। न्यायालय ने कहा कि मामले में सजा के पहलू पर अंतिम सुनवाई 18 जनवरी होगी। कोर्ट ने कहा कि माल्या के खिलाफ अवमानना मामले में वह और इंतजार नही कर सकती, जो अपनी बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़े 9,000 करोड़ रुपए से अधिक के बैंक ऋण चूक मामले में आरोपी है। न्यायमूर्ति यू. यू. ललित, न्यायमूर्ति एस. आर. भट और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि माल्या, जो वर्तमान में ब्रिटेन में है, को 2017 में अवमानना का दोषी ठहराया गया था।

# सांसदों का निलंबन रद्द हो माफी मांगे सरकारः कांग्रेस

## ● सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष का सदन से ऑकआउट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संसद भवन परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता

**कांग्रेस** ने संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए 12 राज्यसभा सदस्यों के निलंबन की पृष्ठभूमि में मंगलवार को कहा कि विपक्ष के सदस्यों की ओर से माफी मांगने का सवाल नहीं है, क्योंकि सरकार संसदीय नियमों का उल्लंघन करके और गलत ढंग से निलंबन का प्रस्ताव लाई, जिसके लिए उसे माफी मांगनी चाहिए। इस मुद्दे को लेकर संसद के दोनों सदनों में मंगलवार को कांग्रेस ने वाकआउट किया। पार्टी ने राज्यसभा में कार्यवाही का पूरे दिन तक बहिष्कार किया।

मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि निलंबन रद्द किया जाना चाहिए ताकि सदन सुचारू रूप चल सके। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू को पत्र लिखकर आग्रह कर किया कि वह निलंबन के फैसले पर पुनर्विचार ( शेष पेज 9 )

## जल्द आएगा टीबी का टीकाः मांडविया

**नई दिल्ली ( भाषा )।** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि देश की एक कंपनी टीबी का टीका विकसित करने के लिए काम कर रही है और इसके शुरुआती परीक्षण हो चुके हैं। मांडविया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विभिन्न पूरक सवालों का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में तीन परीक्षण हो चुके हैं और उन परीक्षणों से जुड़े आंकड़ों का अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षण सफल रहा तो जल्दी ही देश में टीबी का भी टीका उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि डेंगू के टीके के लिए भी प्रयास चल रहे हैं। मांडविया ने कहा कि कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने से रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के दौरान टीबी की जांच में कमी आई थी लेकिन अब उसमें फिर से तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार भारत को 2025 ( शेष पेज 9 )

# केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अब एनटीए कराएगी प्रवेश परीक्षा

## ● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को लेकर यूजीसी ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**केंद्रीय** विश्वविद्यालयों में अंतरस्नातक (यूजी) और स्नात्कोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों के लिए साझा प्रवेश परीक्षा (सीईटी) नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के जरिए 2022-2023 अकादमिक सत्र से संचालित की जा सकती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने यह जानकारी दी। यूजीसी ने यह भी बताया कि पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले के लिए, जहां कहीं व्यवहार्य होगा, नेट के स्कोर का उपयोग किया जाएगा। आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिख कर कहा है, इसके मुताबिक, सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों को साझा प्रवेश परीक्षा के लिए 2022-2023 अकादमिक सत्र से उपयुक्त उपाय करने की सलाह दी गई है। ये परीक्षाएं कम से कम 13 भाषाओं में ली जाएंगी जिनमें एनटीए पहले से जेईई और नीट परीक्षाएं संचालित कर रहा है। आयोग ने कहा, साझा प्रवेश परीक्षा को इच्छुक राज्य, निजी विश्वविद्यालय, डीम्ड विश्वविद्यालय द्वारा भी स्वीकार किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने एनटीए के जरिए सभी विश्वविद्यालयों के लिए एक सीईटी का प्रस्ताव किया है। विषय पर गौर करने और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षा के तौर ( शेष पेज 9 )

# दूसरे देशों से आने वाले हर व्यक्ति की जांच हो

## नए वैरिएंट के मद्देनजर जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था किए जाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि विश्व के दुनिया के अनेक देशों में कोरोना के नए वैरिएंट से संक्रमितों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों से यहां आ रहे हर व्यक्ति की जांच की जाए। उन्होंने बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन तथा एयर पोर्ट पर जांच व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का प्रभावी अनुपालन कराया जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मद्देनजर जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लखनऊ स्थित केजीएमयू तथा एसजीपीजीआई सहित गोरखपुर, झांसी एवं मेरठ में जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगरानी समितियां पूरी तरह सक्रिय रहें ताकि कोविड संक्रमित व्यक्तियों की समय से पहचान हो जाए और उनका समय पर उपचार हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में कोविड संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है। उन्होंने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलरामपुर, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, चंदौली, चित्रकूट, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, झांसी, कासगंज, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, शाहजहांपुर, शामली, श्रावस्ती, सोनभद्र तथा वाराणसी में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड टीकाकरण को और तेज करने के प्रभावी प्रयास किये जाएं। इसके लिए घर घर जाकर सर्वेक्षण किया जाए। लक्षित आयु वर्ग के जिन लोगों ने अभी तक टीके की खुराक नहीं ली है, उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग, निराश्रित तथा वृद्धजनों से सम्पर्क कर उनका टीकाकरण कराएं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में अब तक 524 आक्सीजन प्लाण्ट क्रियाशील किये जा चुके हैं।

# पांच करोड़ को टीके की दोनों डोज देने वाला यूपी पहला राज्य

## ● प्रदेश की 33 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी का हुआ पूर्ण टीकाकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में कोरोना के खिलाफपूरी तरह से टीकाकरण करने वालों की संख्या पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। देश में यूपी पहला ऐसा प्रदेश है जहां पूरी तरह वैक्सीनेशन लेने वालों की संख्या इतनी ज्यादा है। प्रदेश में तीन चौथाई पात्र वयस्कों को कोविड .19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक मिली है जबकि एक तिहाई पात्र लोगों को अभी पूरी तरह से टीका लगाया जा चुका है। आंकड़ों के अनुसार यूपी में 5 करोड़ से अधिक पात्र लोगों को टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी हैं।

प्रदेश में वैक्सीन की कम से कम एक खुराक प्राप्त करने वाली 75 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी है, वहीं राज्य की 33 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी ने दोनों खुराक प्राप्त की हैं। चौबीस करोड़ की आबादी वाले यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार सधी रणनीति के तहत तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्लस्टर रणनीति के अनुसार टीकाकरण किया जा रहा है। जिसके सफल परिणाम प्रदेश में देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में 11 करोड़ 21 लाख पात्र लोगों को पहली डोज और 5 करोड़ एक लाख पात्र लोगों को दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक प्रदेश में 16 करोड़ 22 लाख से अधिक लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया जा चुका है। सधी रणनीति के कारण आज यूपी में कम समय में कोरोना संक्रमण पर तेजी से लगाम लगाई है। प्रदेश में बीते 24 घंटों में 1,26,055 टेस्ट किए गए जिसमें 12 नए संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई। अब तक यूपी में 8 करोड़ से अधिक टेस्ट किए जा चुके हैं। प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 100 से कम होकर 88 पहुंच गई है। बीते 24 घंटों में 9 संक्रमितों ने कोरोना को मात दी। इसके साथ ही प्रदेश का रिकवरी रेट अब 98.7 प्रतिशत पहुंच गया है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 29 सितंबर 2024 तक तैयार होगा: अरुणवीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नायल की 12वीं बोर्ड बैठक लोकभवन में हुई। बोर्ड बैठक में नोएडा इंटरनैशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर की स्टेट्स रिपोर्ट के साथ अब तक एयरपोर्ट में हुई प्रगति प्रस्तुत किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा एयरपोर्ट डॉ अरुण वीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया।

इस प्रस्तुतीकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बताया गया की विकासकर्ता जुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डेवलपमेंट प्लान प्रस्तुत किया है जिसका परीक्षण किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा बाउंड्री वाल और समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण के लिए साइट क्लीयरेन्स तथा गृह मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में ही निर्गत की जा चुकी है। पर्यावरण क्लीयरेन्स भी पूर्व में ही दिया जा चुका है। यह भी अवगत कराया गया कि इस एयरपोर्ट के निर्माण की अवधि तीन वर्ष (1 हजार 95 दिन) नियत की गयी है जो कि 29 सितंबर 2024 है। बैठक में एसीएस नागरिक उडड्यन एसपी गोयल, एसीएस औद्योगिक विकास अरविन्द कुमार, सीईओ ग्रेटर नोएडा व नोएडा ने वीडियो कॉन्फ्रेंन्स से प्रतिभाग किया। निदेशक नागरिक उड्डयन, सचिव वित्त, संयुक्त सचिव औद्योगिक विकास और नॉएडा इंटरनेशनल एअरपोर्ट लि. के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया बैठक में उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, लखीमपुर–खीरी**

पत्रांक–5606/ई–निविदा सूचना/न0पं0सिं0भे0/2021–22 दिनांक : 29.11.2021

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के पत्र संख्या 5596/ई–निविदा सूचना/न0पं0सिं0भे0/2021–22, दिनांक 18.11.2021 के अनुपालन में निकाय को 15वां वित्त/राज्य वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्यों हेतु ई–टेन्डरिंग के माध्यम दिनांक 18.11.2021 से 08.12.2021 निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसकी जमानत धनराशि 03% रखी गई थी। शासन के निर्देशानुसार कार्यों की जमानत धनराशि 10% रखने का प्राविधान कर दिया गया है, जिसके पालनस्वरूप जमानत धनराशि संशोधित कर 10% रखी जा रही है। जिसका विवरण निम्नवत है। अन्य नियम व शर्तें पूर्व की भांति रहेंगी।

(अवधेश मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर–खीरी

(उत्तम मिश्र)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर–खीरी

# केन्द्र व प्रदेश सरकार महिला सशक्तीकरण को दे रहीं बढ़ावा: सुनील भराला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



## ● श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में परिषद की 82वीं बोर्ड की बैठक संपन्न

**यूपी** श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रही है। इसी के दृष्टिगत श्रमिक परिवार की महिलाओं का जीवन स्तर ऊपर उठाने एवं उनके कल्याण के लिए स्व सुषमा स्वराज के नाम पर श्रम कल्याण परिषद की 9वीं योजना संचालित करने का श्रम कल्याण बोर्ड ने निर्णय लिया है जिसमें श्रमिक परिवार की अत्यन्त गरीब एवं असहाय महिलाओं को सिलाई मशीन देकर उन्हें अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष भराला मंगलवार को विधान भवन स्थित तिलक हाल में श्रम कल्याण परिषद की 82वीं बोर्ड की बैठक कर रहे थे। इसमें उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के उत्थान के लिए अनेकों लाभकारी योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ पात्रों को समय से मिले इसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की बनती है। उन्होंने सचिव बोर्ड को निर्देशित किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में परिषद की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करने के लिए प्रदेशभर में निर्धारित लक्ष्य 25 हजार के सापेक्ष जिन जनपदों की प्रगति 5 प्रतिशत से कम है वहां के विभागीय अधिकारियों से इस सम्बंध में स्पष्टीकरण लिया जाय। साथ ही औद्योगिक, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए जिला एवं मण्डल स्तर पर खेल विभाग के सहयोग से खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन की भी व्यवस्था करायी जाय।

श्री भराला ने कहा कि बोर्ड में विचार विमर्श के बाद श्रवण कुमार श्रमिक परिवार धार्मिक पर्यटन योजना का नाम बदलकर अब श्रवण कुमार तीर्थ यात्रा योजना कर दिया गया है। इसके तहत 10 नवम्बर को पहली पर्यटन यात्रा लखनऊ से अयोध्या के लिए रवाना की गयी। अब वाराणसी से काशी–मां विन्ध्यवासिनी–प्रयागराज तक, गोरखपुर से अयोध्या तक तथा मेरठ से शाकुम्भरी देवी दर्शन तक के लिए आगामी यात्रा रवाना की जाएंगी। साथ ही प्रदेश के सिख एवं मुस्लिम श्रमिक परिवारों के लिए भी उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यात्रा करायी जायेगी।

# ओमीक्रान से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने तैयार किया ड्राफ्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● कोरोना प्रोटोकाल के पालन व टीकाकरण पर योगी सरकार का जोर

**कोरोना** संक्रमण की पहली और दूसरी लहर पर नियंत्रण पाने वाली योगी सरकार ओमीक्रान वेरिएंट को लेकर सभी जरूरी सुरक्षा उपायों पर काम शुरू कर दिया है। सीएम योगी के निर्देशों के बाद कोरोना की दूसरी लहर में गठित की गई डॉक्टरों की विशेष टीम कोरोना के इस नए वैरिएंट पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की इस कमेटी ने ओमीक्रॉन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। जिसे यह टीम जल्द अधिकारियों को सौंपेगी। एसजीपीजीआई की विशेष टीम ने ड्राफ्ट में कोरोना के इस नए वैरिएंट को लेकर यूपी में बरती जाने वाली सावधानियां, इसके खतरे, टीकाकरण के बाद इसके प्रभावों के बारे में चर्चा की है। संजय गांधी पोस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक डॉ आरके धीमान ने बताया कि नए वैरिएंट के विरूद्ध यूपी के लिए सबसे कारगर हथियार टीकाकरण साबित होगा। पिछले डेढ़ सालों में बढ़ाई गई चिकित्सीय सुविधाओं के चलते अब प्रदेश इस नए संक्रमण का सामना करने के लिए बिल्कुल तैयार है। पर्याप्त चिकित्सीय संसाधनों के कारण इस नए वैरिएंट से लड़ने में यूपी सक्षम है। उन्होंने बताया कि दूसरे देशों में ओमीक्रान के बढ़ते मामलों को देखते हुए संस्थान की ओर से इस नए वैरिएंट को लेकर अलग अलग पहलुओं पर चर्चा की गई है। इस विशेष बैठक में यह बात सामने निकलकर आई है कि ये कोरोना का नया वैरिएंट तेजी से फैलता है और इसकी संक्रमण दर भी अधिक है। डॉ धीमान ने बताया कि डॉक्टरों के आंकलन अनुसार इस नए वैरिएंट की संक्रमण दर भले ही ज्यादा हो पर यह डेल्टा की तुलना में ज्यादा खतरनाक नहीं है। उन्होंने कहा विशेषज्ञों के आंकलन के अनुसार डेल्टा की तुलना में इस नए वैरिएंट से मृत्यु दर की बढ़ने की आशंका कम है।

## सपा जिला व महानगर अध्यक्षों की बैठक 9 को

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के समस्त जिलाध्महानगर अध्यक्षों तथा प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधानसभा अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक 9 दिसम्बर को पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ पर आहूत की गई है। बैठक को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सम्बोधित करेंगे।

# भाजपा की कार्यप्रणाली से प्रदेश की जनता असंतुष्ट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने जनता को बुरी तरह निराश किया है। उसकी नीतियों और कार्यप्रणाली से उत्तर प्रदेश की जनता असंतुष्ट है। किसान, नौजवान, गरीब महंगाई की मार से टूट गए हैं। इसलिए जनता अब भाजपा से मुक्ति चाहती है। उसको भरोसा है कि समाजवादी सरकार बनने पर ही भला होगा।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता यह भी जानती है कि भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को तहस नहस करने के साथ नोटबंदी और जीएसटी से व्यापार और काम धंधा भी चौपट कर दिया हैं। विकास अवरुद्ध है। समाजवादी सरकार के कामों को ही वह अपना बताकर अपनी अकर्मण्यता पर पर्दा डाल रही है। जब उसकी सत्ता से रवानगी के चंद दिन रह गए हैं लोगों को बहकाने के लिए भाजपा सरकार लोकार्पण और शिलान्यास का नाटक करने लगी है। श्री यादव ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा ने अब तक एक ही काम किया है वह है समाजवादी पार्टी के विरूद्ध साजिशें रचना। भाजपा का काम झूठे आरोपों का प्रचार प्रसार करना भी है। राजनीति को अभद्र भाषा और असंगत कार्य व्यवहार से भाजपा ने बुरी तरह प्रदूषित किया है।

# सरकार बनी तो मुस्लिम-जाट-ओबीसी की तरक्की होगी सुनिश्चित: मायावती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** विधानसभा चुनाव से पहले ही राजनीति में जाति व धर्म की एंट्री शुरू हो गई है। मंगलवार को इन दोनों कार्डों को खेलते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने आरोप लगाया कि जातिवादी मानसिकता के कारण केंद्र सरकार जातिवार जनगणना की मांग की अनदेखी कर रही है। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही और उनमें डर पैदा कर रही है। मायावती ने कहा कि अगर बसपा सत्ता में आती है तो उनकी सरकार मुसलमानों के अलावा, जाट और ओबीसी समुदायों की प्रगति, कल्याण और सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी।

पार्टी के लखनऊ कार्यालय में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), मुस्लिम और जाट समाज के मुख्य और मंडल सेक्टर स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। बैठक में उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 86 विधानसभा सीटों में मुस्लिमों और जाट समुदाय को जोड़ने के लिए पार्टी पदाधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के बाद मायावती ने जातिवार जनगणना का समर्थन करते हुए कहा कि ओबीसी समाज की जातिवार जनगणना कराने की मांग से बसपा पूरी तौर से सहमत है। जिसे केंद्र सरकार द्वारा जातिवादी मानसिकता के चलते नजरअंदाज किया जा रहा है। मायावती ने सत्तारूढ़ भाजपा पर मुसलमानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार से मुस्लिम समाज दुखी है और इनकी तरक्की बंद है।

## कोविड संक्रमण से मरने वालों का सही आंकड़ा दे सरकार: आराधना

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कोरोना से मरने वालों का सही आंकड़ा न बताने एवं आपदा कानून के अधिकार के तहत मुआवजा न दिये जाने के कारण कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में कोविड न्याय अभियान चला रही है, जिसके अर्न्तगत वीडियो श्रृंखला के माध्यम से देशव्यापी आन्दोलन चलाते हुए लगातार इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा जा रहा हैं। उन्होंने मांग की है कि सरकार कोविड प्रभावित लोगों और मरने वालों का सही आंकड़ा दे। जिस भी व्यक्ति की कोविड से मौत हुई है, उसके परिवार को न्यूनतम 4 लाख रुपये दिया जाये। ताकि परिवार फिर अपने पैरों पर खड़ा हो सके। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कोरोना काल की त्रासदी, दुर्व्यवस्था एवं मुआवजे पर केन्द्र सरकार से प्रश्न किये।

**पायनियर वर्गीकृत**

**सूचना**

मैंने अपना नाम सुरजीत सिंह चढ्ढा से सुरजीत सिंह कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाये। सुरजीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह एच–1/4 , किदवई नगर, कानपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम तेजबीर सिंह से तेजबीर सिंह चढ्ढ़ा कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाये। तेजबीर सिंह चढ्ढा पुत्र सुरजीत सिंह, एच–1/4, किदवई नगर, कानपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम इलमा से बदलकर इलमा शहाब कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना जाये। इलमा शहाब पुत्री शहाब उद्दीन पता–एम–2/3, के0डी0ए0 कालोनी गंगा विहार, जाजमऊ, कानपुर।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं Animesh Kumar Agarwal S/o Radha Krishna Agarwal निवासी :– B-1/45, सेक्टर–J अलीगंज लखनऊ, मेरा वास्तविक नाम Animesh Kumar Agarwal है परन्तु त्रुटिवश मेरे कुछ प्रपत्रों में Animesh Kumar व Animesh Agarwal लिख गया है। तीनों नाम मेरे, एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे Animesh Kumar Agarwal के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

## मतदाता सूची में दावे `आपत्तियां दाखिल करने की अवधि पांच तक बढ़ी

**लखनऊ।** विधान सभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदात पुनरीक्षण अभियान के तहत दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 5 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। यह अवधि मंगलवार को समाप्त हो रही थी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक पंजीकरण नियम 1960 के नियम 12 के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1 जनवरी 2022 की अर्हता तिथि के आधार पर चल रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में दावे और आपत्तियाँ दाखिल करने की पूर्व निर्धारित अवधि 30 नवंबर से बढ़ाकर 5 दिसंबर कर दी है।

# सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय सहित कई अधिकारी सेवानिवृत्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सूचना** निदेशालय में मंगलवार को सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय, उप निदेशक अंजुम नकवी सहित अन्य सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों का भव्य व शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर सूचना निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारी–कर्मचारियों को माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी के कार्यकाल व कार्यों की जहां तारीफ की, वहीं उनके उज्जवल व सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनके देयों का नियमानुसार समय से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को जब भी कोई समस्या हो तो वह विभाग के संज्ञान में लाएं, उनकी समस्या का त्वरित गति से निदान कराया जायेगा।

संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय ने सूचना विभाग के अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया तथा दायित्वों के निर्वहन में विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा दिये गये सहयोग के लिए कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने अपने अभिभाषण में अधिकारियों व कर्मचारियों में उत्साह से कार्य करने के लिए नई ऊर्जा का संचार किया।

इस अवसर पर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन शिव करन तिवारी ने किया। संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय, उप निदेशक सै. एमएअब्बास नकवी, फिल्म अधिकारी सतीश चन्द्र पंतए सूचना अधिकारी अवध किशोर तिवारीए मोटर साइकिल रनर दर्शन सिंह व कारपेंटर आनंद कुमार यादव सहित वर्ष 2020 व 2021 में सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक हरिशंकर त्रिपाठी, उप निदेशक दिनेश सहगल, उप निदेशक ओपी राय सहित अन्य अधिकारी व भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या 13/टीएमसी/2021 दिनांक 29.11.2021**

प्रमुख मुख्य इन्जीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ट्रैक मशीन स्पेयर्स हेतु ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.-1, खुली निविदा संख्या तथा बन्द होने की तिथि : 3M215164 बन्द होने की तिथि 27.12.2021, सामग्री का विवरणः** निम्नलिखित ट्रैक मशीन स्पेयर्स की आपूर्ति (i) सेट आफ टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स सीएसएम/डीयूओ (ओल्ड) टीसीटीटी, **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** एक सेट टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स कन्सीस्ट निम्नलिखित ड्राइंग सं. 1सी यू 30.4020-बीइ-एफआर-1-16 नग (ड्राइंग सं. टीएम/14ए/16) (रिविजन-1), 2 सी यू 30.4020-बीइ-एफआर-II-04 नग (ड्राइंग सं.टीएम/14बी/16) (रिविजन-1), 3. सी यू 30.4020-बीई-एफआर-III-04 नग (ड्राइंग सं टीएम/14सी/16) (रिविजन-1) एवं 4. सीयू 30.4020-बीइ-एफआर-IV-08 नग (ड्राइंग सं. टीएम/14डी/16) (रिविजन-1), (01 सेट में कुल 32 टूल्स) आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन सं- टीएम/एचएम/06/320 (रिविजन-3, जुलाई-2019) नोट-एक सेट टीसीटीटी के टैम्पिंग की औसत सर्विस लाइफ की गारन्टी न्यूनतम 2,50,000 इन्सर्सन्स जबकि किसी एक टीसीटीटी की सर्विस लाइफ 50,000 इंर्सन्स से कम न हो (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप)। **आवश्यक मात्राः 10 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (ii) सेट आफ टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स यूएनआई-2ए सं/3एस (टीसीटीटी) यूनिमेट 2 एस/3 एस के लिए। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** एक सेट टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स कन्सीस्टः- 1. स्माल2डब्लू 31.41बी-08 नग तथा (ड्राइंग सं. आरडीएसओ/टीएम/01ए/16) (रिविजन-1), 2. बिग-डब्लू 37-1320-08 नग (ड्राइंग सं. आरडीएसओ/टीएम/01सी/16) (कुल टूल्स-16) (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशनर्स-टीएम/एचएम/06/320 (रिविजन-3, जुलाई-2019) नोट-एक सेट टीसीटीटी के टैम्पिंग की औसत सर्विस लाइफ की गारन्टी न्यूनतम 2,50,000 इन्र्सन्स जबकि किसी एक टीसीटीटी की सर्विस लाइफ 50,000 इंर्सन्स से कम न हो (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप)। **आवश्यक मात्राः 03 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (iii) सेट आफ मोडिफाइड टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स सेट सीएसएम 09-32 के लिए। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** एक सेट कंसिसटिंग 32 नग टूल्स के लिए निम्नलिखित आइटम-(i) मोडिफाइड कार्बाइड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-10840-एफआर-1=08 नग, (ii) मोडिफाइड काबाईड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-10840-एफआर-II =08 नग, (iii) मोडिफाइड कार्बाइड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-10840-एफआर-III=08 नग, (iv) मोडिफाइड कार्बाइड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-10840-एफआर-iv =08 नग, आरडीएसओ ड्राइंग सं. आरडीएसओ/टीएम/15ए/16, आरडीएसओ/ टीएम/15बी/16, आरडीएसओ/ टीएम/15सी/16 व आरडीएसओ/टीएम/15डी/16 तथा स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/एचएम/6/320 (रिविजन-3-जुलाई-2019) नोट- एक सेट टीसीटीटी के टैम्पिंग की औसत सर्विस लाइफ की गारन्टी न्यूनतम 2,50,000 इर्न्सन्स जबकि किसी एक टीसीटीटी की सर्विस लाइफ 50,000 इंर्सन्स के कम न हो (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 02 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (iv) टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स (टीसीटीटी) यूनिमेट-4एस के टैम्पिंग यूनिट के लिए सेट। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** एक सेट कंसिसटिंग 16 नग टूल्स के लिए निम्नलिखित आइटम-(i) मोडिफाइड कार्बाइड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-6820-बीइ-एफआर=08 नग, (ii) मोडिफाइड काबाईड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-6220-बीइ=08 नग, आरडी एसओ ड्राइंग सं0 आरडीएसओ/टीएम/01ए/16, (रिविजन-1 एण्ड आरडीएसओ/ टीएम/01बी/ 16 तथा स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/ एचएम/6/ 320 (रिविजन-3-जुलाई-2019) नोट- एक सेट टीसीटीटी के टैम्पिंग की औसत सर्विस लाइफ की गारन्टी न्यूनतम 2,50,000 इर्न्सन्स जबकि किसी एक टीसीटीटी की सर्विस लाइफ 50,000 इंर्सन्स के कम न हो (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 08 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (v) एफआरएम-85 एक मशीन के लिए कटिंग चैन (एक सेट कम्पराईजिंग 02 चैन एक बायो और एक दायों) **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** प्लासर पार्ट सं. आरई14-185 व आरडीएसओ ड्राइंग सं. टीएम/9422/1व टीएम/9422/2 तथा स्पेसिफिकेशन संख्या टीएम/एचएम/6/62, सामग्री का विवरण व एक सेट में मात्रा तथा परफॉरमेंस वारंटी आई.आर.ई.पीएस साइट पर अपलोडेड इस निविदा के साथ संलग्न डाक्यूमेंट के अनुसार (एक्सेप्टेबल मेक-प्लासर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 03 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (vi) बीसीएम मशीन के लिए कटिंग चैन कार्बाइड बिट। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** पार्ट सं0 64.08.2020.33/84 जीएल-सी, आई आर ई पीएस साइट पर अपलोडेड इस निविदा के साथ संलग्न आरडीएसओ ड्राइंग सं. टीएम/9302 (रिविजन) व आरडीएसओ/टीएम/03/19 (कार्बाइड बिट) तथा आरडीएसओ स्पेसीफिकेशन टीएम/एचएम/6/111 व टीएम/एचएम/6/435 (कार्बाइड बिट) एक सेट कंसिस्टिंग निम्नलिखित स्पेयर्स-1 एस्कैपर शावेल पार्ट सं0 64.08.2018=86 नग, 2 इन्टरमिडिएट लिंक पार्ट सं. 61.04.211=66 नग, 3. चैन बोल्ट पार्ट सं. 61.04.212 172 =नग 4. टी-बोल्ट पार्ट सं.61.04.218 =172 नग, 5. स्प्रीग वासर पार्ट सं0 बी10डी आईएन127= 172 नग, 6. हैक्स नट पार्ट सं0 एम 10डीआईएन 934 =8=344 नग, 7. कटर बिट पार्ट सं. 64.08.2034एच एम =430 नग, 8. लॉक वासर पार्ट सं0 64.08.2035सी =430 नग, 9. फिक्सिंग पिन पार्ट सं. 8X40 डीआइएन 1481 =430 नग नोट-वीसीएम के लिए कार्बाइड बिट की वारण्टी (नग में) पार्ट सं. 64.08.2000.33/84 जीएल-सी 25किमी डिपस्कीनिंग कार्य तक होगा (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 08 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (vii) सेसिंग व्हील/ट्राली व्हील। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** प्लासर पार्ट सं. यूडी-236-3001-7 साथ में वासर यूडी-236-3001-6 आउट ऑफ कास्ट स्टील कन्फ्रमिंग आइएस-2707-ग्रेड-II, आरडीएसओ ड्राइंग सं. टीएम/0448 डीयूओ तथा स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/एचएम/6/184 (एक्सेप्टेबल मेकः प्लायर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 80 नग। सामग्री का विवरणः** (viii) बीसीएम मशीन के लिए कटर बार (ग्रॉस पीस 2150) **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** प्लासर पार्ट सं. आरएम 08.25 2150.01, सैम्पल व स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/एचएम/6/142 के अनुसार (एक्सेप्टेबल मेकः प्लायर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 08 नग। सामग्री का विवरणः** (ix) बीसीएम मशीन के लिए ड्रेजर ड्रम गियर आउट ऑफ इएन-24 मैटेरियल हार्डनेस 400 बीएचएन। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** प्लासर पार्ट सं. 61.04.519,, सैम्पल ड्राइंग व स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/एचएम/1/ एफबी-005 के अनुसार (एक्सेप्टेबल मेकः प्लायर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 08 नग। प्रेषिती :** सीसेई/टीएमसी कार्यशाला/गोरखपुर छावनी, परिदान अवधिः **120 दिन,** अनुमानित निविदा मूल्य (₹) : **2,80,76,842.90,** बयाना राशि (₹) : **5,61,540.00, नोटः- 1.** उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट खुली निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर निविदा बन्द होने की तिथि को **11.00** बजे तक रहेगी। **2.** उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये की अपना I.T.Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** दर, फाइनेन्शियल दर के पेज पर डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ही विचार किया जायेगा। इससे इतर, वेन्डरों द्वारा अन्य वित्तीय इन्ट्री किसी अन्य रूप/लेटर हेड के साथ संलग्न करने पर विचार नहीं किया जायेगा। **4.** संलग्न किये जा रहे प्रपत्र पर निविदाकर्ता का हस्ताक्षर आवश्यक है। **5.** बयाना राशि ऑनलाइन जमा किया जायेगा। **6.** जो निविदाकार अपना आफर देते समय ऐसी शर्तें जो टेण्डर डाक्यूमेंट में निहित शर्तों से अलग हो एवं जिनका फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बनता हो, यदि देना चाहे तो, उन शर्तों को फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बताना होगा, इसके लिये प्रमाणित दस्तावेत के साथ गणना शीट अपने आफर के साथ संलग्न करना होगा ताकि उस दशा में फाइनेन्शियल शर्त का प्रभाव निकाल कर निविदाओं को इन्टर-से पोजिशन ज्ञात किया जा सके। यदि कोई निविदाकार बिना फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन की गणना शीट दिये बिना ऐसी शर्तें देता है तो, ऐसे आफर/निविदा को Summerly Reject कर दिया जायेगा, जिसके लिये रेलवे प्रशासन कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा **7.** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि पूरी निविदा प्रपत्र को सावधानी पूर्वक पढ़ें। **8.** यदि कोई कठिनाई आती है तो हेल्प डेस्क IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध है जिससे सम्पर्क किया जा सकता है।

**(i) अधि0अभि0/टीएमसी-9794845264**
**(ii) मुकार्याधी/3टी (टीएमसी)-9794844226**
**सहा.अधि0अभि0/टीएमसी-I/**
मुजाधि/डब्लू-287 **गोरखपुर**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो0. 09794845955 पर SMS करें।**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# शिक्षकों और कर्मचारियों ने महारैली में दिखाई ताकत

## पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों को लेकर पहुंचे इको गार्डन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पुरानी** पेंशन बहाली सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लाखों की संख्या में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कर्मचारी, शिक्षक, अधिकारी एवं पेंशनर्स अधिकार मंच उत्तर प्रदेश के बैनर तले लखनऊ के इको गार्डन में आयोजित महारैली में प्रतिभाग किया। महारैली की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने की। उन्होंने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक कर्मचारी संगठनों की मांगों पर पूर्व की सरकारें समस्याओं का निराकरण करती थी परंतु यह पहली सरकार है जो कर्मचारियों द्वारा अपने संघर्षों से अर्जित की गई उपलब्धियों को छीन रही है। प्रदेश के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते का 10 हजार करोड़ का भुगतान सरकार ने रोका हुआ है। एक दर्जन से अधिक भत्ते समाप्त कर दिए गए हैं। प्रधानाध्यापकों के लाखों पर सरकार द्वारा समाप्त कर दिए गए और पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल में एक भी शिक्षकों को पदोन्नति नहीं दी गई है। उप्र राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर तिवारी ने कहा कि शिक्षामित्र व अनुदेशकों को भुखमरी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया गया है। आंगनबाड़ियों एवं रसोइयां आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं परंतु फिर भी सरकार संवेदनशून्य बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने समय रहते शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली सहित सभी मांगों को पूरा नहीं किया तो वे सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे और लोकतंत्र का अंतिम अस्त्र भी प्रयोग करने से नहीं चूकेंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि सरकार के पास अपने शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए यह आखिरी मौका है। सरकार को हमारी मांगों के प्रति गंभीर और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। यदि सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो संगठन राजनैतिक निर्णय लेने में भी कोई हिचक नहीं करेगा। मंच के प्रधान महासचिव सुशील त्रिपाठी ने कहा कि राज्य कर्मचारियों की अनेक समस्याएं सरकार के सामने समाधान के लिए कई बार प्रस्तुत की गई परंतु सरकार ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। कर्मचारियों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। संविदा कर्मियों से बंधुआ मजदूर की तरह कार्य लिया जा रहा है। उन्हें सरकार द्वारा नियमित न करके यह प्रदर्शित किया जा रहा है कि सरकार का मानवीय मूल्यों में कोई विश्वास नहीं है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हेम सिंह पुंडीर ने सरकार पर वार करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में संविदा पर कार्यरत शिक्षकों को सरकार द्वारा नियमित नहीं किया जा रहा है जिसके कारण उन्हें अल्प वेतन में जो कि उनके परिवार को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने लायक भी नहीं है कार्य करना पड़ रहा है जो कि मानवीय मूल्यों के विरुद्ध है। महारैली को एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सुरेश त्रिपाठी, इंजीनियरिंग जीएन सिंह महासचिव उप्र डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ, प्रेम कुमार सिंह अध्यक्ष यूपी मेडिकल एंड हेल्थ मिनि. एसोसिएशन, संजय सिंह अध्यक्ष परिवहन कर्मचारी संघ, विष्णु तिवारी पूर्व अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, अधिनाम श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष उद्यान महासंघ, शिव शंकर पांडे कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, राधे रमण त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, देवेंद्र श्रीवास्तव उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सुरेंद्र यादव संयुक्त मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, कृष्णानंद राय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय की प्राथमिक शिक्षक संघ, अखिलेश अग्निहोत्री अध्यक्ष कोषागार कर्मचारी संघ, अरविंद कुमार वर्मा महामंत्री कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ, शिव गोपाल मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव एआईआरएफ एनआरएमयू, इंजीनियर किशोर तिवारी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र, आदि ने संबोधित किया।

# जीका वायरस मुक्त हुआ लखनऊ डेंगू के पांच नए रोगी मिले

● मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर तीन घरों को दी गई नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** अब जीका वायरस से मुक्त हो गया है। मंगलवार को सफदलबाग में मिले जीका वायरस रोगी की पुनः जॉच कराये जाने पर रिपोर्ट निगेटिव आने पर स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है। इस प्रकार जनपद के जीका वायरस के सभी रोगियों की रिपोर्ट नेगेटिव हो गई है, वर्तमान में कोई भी जीका वायरस का रोगी जनपद में नहीं है।

सीएमओ कार्यालय की तरफ से अभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरीय व ग्रामीण के प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि अपने अपने क्षेत्र में जीका वायरस की रोकथाम हेतु सघन निगरानी एवं पर्यवेक्षण का कार्य करते रहें। आज जीका वायरस रोगियों के क्षेत्रान्तर्गत अर्बन सीएचसी रेडक्रास की टीम द्वारा कटरा मकबूलगंज क्षेत्र में कुल 15 टीमों द्वारा 354 घरों में 2186 व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन के अन्तर्गत नगर मलेरिया इकाई की टीम द्वारा एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा नगर निगम की टीम द्वारा फागिंग का कार्य कराया गया। वहीं जनपद में डेंगू रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी लखनऊ के निर्देशानुसार नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा बाबू बनारसी दास, बाबू जगजीवन राम, राजा बाजार, विधावती, त्रिवेणीनगर, अलीगंज, आचार्य नरेन्द्र देव, बालागंज वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। आज इन्दिरानगर, अलीगंज, टूडियागंज क्षेत्र में 5 डेंगू धनात्मक रोगी पाये गये है। जबकि कुल 4809 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया है और कुल 3 घर में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया।

# सीबीआइ की रिवीजन अर्जी खारिज, आईपीएस जे रवींद्र गौड़ को भारी राहत

● बरेली के दवा व्यवसायी मुकुल गुप्ता के फर्जी इनकाउंटर का मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ



**सीबीआई** के विशेष जज प्रेम प्रकाश ने बरेली के दवा व्यवसायी मुकुल गुप्ता का फर्जी इनकाउंटर करने के कथित मामले में तत्कालीन सहायक पुलिस अधीक्षक जे रवींद्र गौड़ के विरुद्ध दाखिल सीबीआई की रिवीजन अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने निचली अदालत के आदेश को सही करार दिया है। कहा है कि पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि आरोप पत्र में जे रवींद्र गौड़ का नाम नान चार्जशीटेड कॉलम में अंकित किया गया है। लिहाजा निचली अदालत के आदेश में हस्तक्षेप की कोई आवश्यक्ता नहीं है।

21 जुलाई 2020 को सीबीआई की निचली अदालत ने इस मामले में जे रवींद्र गौड़ के खिलाफ आरोप पर संज्ञान लेने से इंकार कर दिया था। सीबीआई ने इस आदेश को चुनौती देते हुए रिवीजन अर्जी दाखिल की थी। सीबीआई का कहना था कि निचली अदालत का आदेश विधि विरुद्ध है। वर्तमान में जे रवींद्र गौड़ एसआईटी के डीआईजी हैं। 30 जून 2007 को बदायुं के रहने वाले दवा व्यवसायी मुकुल गुप्ता की बरेली पुलिस ने रुकुमपुर माधवपुर रेलवे स्टेशन थाना फतेहगंज के पश्चिमी क्षेत्र में फर्जी मुठभेड़ दिखाकर हत्या कर दी थी। जिसकी एफआइआर मृतक के पिता बृजेंद्र कुमार गुप्ता की अर्जी पर अदालत के आदेश से दर्ज हुई थी। उन्होंने अपनी अर्जी में बरेली के तत्कालीन सहायक पुलिस अधीक्षक जे रवींद्र गौड़ समेत अन्य पुलिस वालों को अभियुक्त बनाया था। उनका आरोप था कि आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्राप्त करने के लिए गौड़ ने इस कार्य की योजना बनाई थी। लेकिन इस मामले की जांच गलत दिशा में होने का आरोप लगाकर उन्होंने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की। 26 फरवरी 2010 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। 26 अगस्त 2014 को सीबीआई ने फर्जी इनकाउंटर के इस मामले में नौ पुलिस वालों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। लेकिन शासन से अभियोजन अनुमति के अभाव में मुल्जिम जे रवींद्र गौड़ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल नहीं कर सकी थी। सीबीआई की निचली अदालत ने हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के आदेश तथा पत्रावली पर मौजूद तथ्यों के अवलोकन से इस मामले में बरेली के तत्कालीन सहायक पुलिस अधीक्षक जे रवींद्र गौड़ व तत्कालीन कांसटेबिल गौरीशंकर विश्वकर्मा एवं जगबीर सिंह के खिलाफ गैरइरादतन हत्याए आपराधिक षडयंत्र रचने, मिथ्या साक्ष्य व इनकाउंटर की झूठी कहानी बनाने के आरोप में संज्ञान लिया था। जबकि तत्कालीन एसआई देवेंद्र कुमार शर्मा, विकास सक्सेना, मूला सिंह व एसआई आरके गुप्ता के अलावा कांसटेबिल वीरेंद्र शर्मा व अनिल कुमार के खिलाफ आपराधिक षडयंत्र रचनेए मिथ्या साक्ष्य व इनकाउंटर की झूठी कहानी बनाने के आरोप में संज्ञान लिया था साथ ही इस मामले के एक मुल्जिम कांसटेबिल कालीचरण की मौत के चलते उसके विरुद्ध मुकदमे की कार्यवाही खत्म कर दी थी। सीबीआई की निचली अदालत के इस आदेश को गौड़ ने रिवीजन अर्जी दाखिल कर सत्र अदालत में चुनौती दी। नौ अप्रैल 2018 को सीबीआई की विशेष अदालत ने अभियुक्त गौड़ की अर्जी को मंजूर करते हुए सीबीआई की निचली अदालत के आदेश को खंडित कर दिया। साथ ही निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह गौड़ को प्रर्याप्त व उचित अवसर देते हुए उनके मामले की फिर से सुनवाई करे।

# आवंटन लेटर जारी करने के बाद एलयू ने एडमिशन से किया इनकार

● दूसरी यूनिवर्सिटी में दाखिला न लेने वाले छात्रों का भविष्य अधर में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**छात्रों** के भविष्य से लखनऊ विश्वविद्यालय का कोई लेना देना नही है। मनमाफिक नियम के आधार पर स्टूडेंट्स को आवंटन लेटर जारी कर अब प्रवेश अनुभाग शुल्क रिफंड के लिए छात्रों पर दबाव बना रहा है। यह सिर्फ इसलिए की एडमिशन को लेकर विभाग ने नो एंट्री का बोर्ड लगा दिया है। अब ऐसे में उन स्टूडेंट्स का भविष्य पर असमंजस के बादल उमड़ रहे हैं, जिन्होंने एलयू के चक्कर मे अन्य यूनिवर्सिटी को पहले से ना कर दी है। प्रकरण एमएससी बायोकेमेस्ट्री डिपार्टमेंट से जुड़ा है। इस कोर्स में एडमिशन के लिए बीते दिनों कुछ स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था। इन स्टूडेंट्स ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ वोकेशनल इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी से अपना ग्रेजुएशन किया था। इस कोर्स के आधार पर स्टूडेंट्स ने एलयू में एमएससी बायो केमेस्ट्री कोर्स में आवेदन किया था। आवेदन प्रक्रिया के सभी निर्धारित अर्हता को पूरा करने के बाद एडमिशन सेल ने स्टूडेंट्स को सीट आवंटित कर दी।

आवंटन के पश्चात जब स्टूडेंट्स अलॉटमेंट लेकर डिपार्टमेंट में रिपोर्ट करने के लिए पहुंचे तो वहां बताया गया कि जिस कोर्स से उन्हें यूजी किया है वह इस कोर्स की अर्हता को पूरा नहीं करता है। इतना ही नहीं एलयू ने बीते नवंबर को स्टूडेंट्स को मेरिट में आने के बाद 25 नवंबर को फीस जमा करा लिया था। इसके बाद डिपार्टमेंट लेवल पर आपत्ति होने के बाद इन स्टूडेंट्स को पांच दिनों तक दौड़ाया गया।

जिसके बाद स्टूडेंट्स ने मंगलवार को आखिर में थक हार कर अपना एडमिशन कैंसिल कर फीस वापस करने का आवेदन कर दिया। स्टूडेंट्स का कहना है कि वह बार बार दूसरे शहर से एडमिशन के लिए आ रहे है। एलयू प्रशासन ने पहले एडमिशन दिया अब यूजी कोर्स की अर्हता न होने की बात कहकर एडमिशन देने से मना कर रहा है।

> डिपार्टमेंट लेवल से स्टूडेंट्स के यूजी कोर्स को लेकर कुछ आपत्ति मिलने के बाद एडमिशन कैंसिल किया गया है।
>
> **प्रो पंकज माथुर एडमिशन कोऑर्डिनेटर, एलयू**

# विवाह समारोह से जेवर व नकदी भरा बैग चोरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** के पारा इलाके में स्तिथ एक होटल में हो रही शादी के दौरान एक महिला का बैग चोरी हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि गोलाघाट जनपद सुल्तानपुर निवासी राधे श्याम सिंह ने सूचना दिया कि इलाईट होटल आलमनगर में उनकी पुत्री राशिका सिंह की शादी थी इसी दौरान बैग चोरी हो गया जिसमे सोने चाँदी के जेवरात और नकदी थी वादी का आरोप है कि होटल कर्मचारियों की मदद से वारदात हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से करवाई शुरु कर दी है।

# ओमीक्रॉन के खतरे को देखते हुए पीजीआई आरसीएच में 72 बेड रिजर्व

**लखनऊ।** ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए राज्य सरकार के अलर्ट को देखते हुए पीजीआई प्रशासन ने बेड रिजर्व कर लिए हैं। संस्थान का कहना है कि हालात को देखते हुए आगे निर्णय लिए जाएंगे। अगर जरूरत महसूस हुई तो कोविड हॉस्पिटल को फिर से शुरू किया जाएगा। कोरोना को लेकर गठित स्टेट हेल्थ एडवायजरी कमेटी के चेयरमैन व पीजीआई के निदेशक डॉ आरके धीमान ने बताया कि जो कदम उठाए जा सकते हैं, उसकी जानकारी दे दी गई है। जिसके चलते एयरपोर्ट पर चौकसी के साथ अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट से आने वाले हर यात्रियों की कोरोना जांच की जा रही है। आर्टपीसीआर के साथ ही जीनोम सिक्वेंसिंग के भी निर्देश सरकार ने दिए हैं। उन्होंने बताया कि पीजीआई में आरसीएच2 में 72 बेड रिजर्व किये गए हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत महसूस हुई तो कोविड हॉस्पिटल को फिर से शुरू किया जा सकता है।

## लोकबंधु में 20 बेड आरक्षित

**सीएमओ** डॉ मनोज अग्रवाल ने बताया कि वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को देखते हुए कानपुर रोड स्थित लोकबंधु अस्पताल में 20 बेडों का वार्ड आरक्षित किया गया है। वार्ड में आने.जाने के दो अलग अलग गेट होंगे। ताकि संक्रमित मरीज से कोई दूसरा संक्रमित न होने पाए। मरीज बढ़ने पर दूसरे अस्पताल में भी व्यवस्था की जाएगी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय शंकर त्रिपाठी का कहना है कि सीएमओ के निर्देश पर अस्पताल के निचले तल पर 20 बेड का वार्ड बनाया गया है। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। वार्ड में उपचार हेतु जरूरी उपकरण और संसाधन व ऑक्सीजन को व्यवस्था कर दी गई है।

# नगर विकास मंत्री ने किया 44 विकास कार्यों का शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** के विकास कार्यों को नगर विकास मंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया। इंदिरानगर और गोमतीनगर के 44 विकास कार्यों को महापौर और क्षेत्रीय प्रतिनिधि के समक्ष आगे बढ़ाया। क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ने के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण की ओर बढ़ेगा। 15वें वित्त के कार्यों में बड़े स्तर पर सड़क सुधार कार्य करके जनता को बड़ी राहत दी।

मंगलवार को नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन ने महापौर संयुक्ता भाटिया की उपस्थिति में खुर्रमनगर स्थित एसके पैलेस एवं गोमती नगर के महामना मालवीय विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कई विकास कार्यो का शिलान्यास किया। आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम 15वें वित्त आयोग के तहत अलीगंज और इंदिरानगर के कुल 44 विकास कार्य का शिलान्यास मंत्री ने किया। इसके बाद दोपहर में आयोजित एक कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री ने 15वें वित्त के कार्यो का शिलान्यास किया, जिसमें गोमतीनगर जोन 4 के क्षेत्र के नगर निगम की सड़कों के सुधार सहित 26 कार्य भी सम्मिलित किए है। मंत्री ने कहा कि इन कार्यों के पूरे होने से जनता को आने जाने में काफी सुविधा होगी। क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ने के साथ-साथ सौन्दर्य में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त नगर निगम अजय कुमार द्विवेदी , अपर नगर आयुक्त, मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र राय डब्बू व कृष्ण प्रताप, पार्षद रामकुमार वर्मा, संजय राठौर, केके जयसवाल, राकेश मिश्रा, मनोज अवस्थी, मिथिलेश चौहान, रामू पाल, उमेश सनवाल, राकेश सिंह, जोनल अधिकारी, अभियन्ता सहित अत्यधिक संख्या में जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एलयू ने जारी की स्पॉन्सर मेडल की टेंटेटिव सूची, लवी शुक्ला को सबसे ज्यादा मेडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीक्षान्त** समारोह के बाद मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पॉन्सर मेडल को लेकर टेंटेटिव सूची जारी कर दी है। दीक्षान्त के दौरान केवल विवि की तरफ से खुद के 15 मेडल ही दिए गए थे। बाकी बचे 168 मेडल की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मेडल के सम्बन्ध में यदि किसी छात्र छात्रा को सूची में कोई आपत्ति है तो वह परीक्षा नियत्रंक कार्यालय में अपना अपनी आपत्ति पत्र 7 दिसम्बर तक दे सकता है।

विवि स्तर पर जारी की गई संभावित सूची के अनुसार एमएससी मैथ्स की छात्रा लवी शुक्ला 11 गोल्ड मेडल अपने नाम करके सर्वाधिक मेडल हासिल करने वाली छात्रा बन गई हैं। इससे पहले मुख्य दीक्षांत समारोह में लवी को सभी पीजी विषयों में बेस्ट स्टूडेंट का और बेस्ट वुमेन स्टूडेंट का सिल्वर मेडल भी दिया जा चुका है। एमए एआईएच की सान्या गुप्ता ने आठ गोल्ड मेडल व एक बुक प्राइज हासिल किया है। वहीं एलएलबी त्रिवर्षीय के अभय द्विवेदी ने भी सात गोल्ड मेडल हासिल किए हैं। जारी की गई 168 मेडल की सूची में से छात्राओं ने 122 मेडल अपने नाम किए हैं, वहीं छात्रों को 46 मेडल मिले हैं। यदि मेडल सूची पर आपत्तियां आती हैं तो उन्हें निस्तारित करके अंतिम मेडल सूची सात दिसम्बर के बाद जारी होगी, उसके बाद विभागवार कार्यक्रम आयोजित करके मेडल दिए जाएंगे।

**13 मेडल रोके गए:** लविवि में वर्तमान में कुल 196 मेडल हैं। इनमें से 15 दीक्षांत समारोह में दे दिए गए थे। 168 की सूची मंगलवार को जारी की गई। बाकी बचे 13 मेडल नहीं दिए जाएंगे। कारण यह है कि चार मेडल पर याचिका दायर की गई थी और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं नौ मेडल ऐसे हैं जिनके लिए योग्य छात्र ही नहीं मिले। इनमें कुछ मेडल ऐसे पाठ्यक्रमों में थे, जो अब बंद हो चुके हैं।

# युवती को प्रेम जाल में फंसाकर दुराचार करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की तालकटोरा पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि शातिर ने एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुराचार किया और अश्लील वीडीओ बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए दस लाख रूपये की मांग शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर तालकटोरा अशोक कुमार सरोज ने बताया कि पीड़िता ने थाने पर तहरीर देते हुए जनपद आगरा निवासी सनी गुप्ता पर आरोप लगाया कि उसने शादी का झांसा देकर पहले अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर उसे बहाने से एक होटल में ले गया और पेयजल में नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुराचार किया। युवती का आरोप है कि नशीला पदार्थ खाने के कारण जब वह बेहोश हो गयी तो इसी दौरान आरोपी ने उसका अश्लील वीडीयो बना लिया और फिर ब्लैक मेल करना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है की उसने उससे दस लाख रूपये की मांग शुरू कर दी।

# एकेटीयू शुरू करेगा नॉन टीचिंग क्रेडिट कोर्स

● एनर्जी आडिट में एकेटीयू को मिला सुपर बिल्डिंग की श्रेणी का दर्जा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय नॉन टीचिंग क्रेडिट कोर्स शुरू करेगा। इस बाबत मंगलवार को विवि में सम्पन्न हुई 65 वीं एकेडमिक काउंसिल की बैठक में निर्णय लिया गया है। विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल की अध्यक्षता में आयोजित एकेडमिक काउंसिल की बैठक में विवि के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में नॉन टीचिंग क्रेडिट कोर्स शुरू किये जाने को हरी झंडी प्रदान की गयी। यह कोर्स संस्थान में संचालित एमटेक पाठ्यक्रमों में क्रेडिट कोर्स के रूप में संचालित किया जाएगा। इस कोर्स का नाम इंडिपेंडेंट स्टडी एंड रिसर्च है। कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थी को प्रत्येक सेमेस्टर में एक रिसर्च प्रॉब्लम दी जाएगी, जिसका उसे समाधान देना होगा। बैठक में विवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आवाहन में बीटेक में माइनर डिग्री प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, ब्लाक चैन, साइबर सिक्योरिटी, डाटा साइंस एवं इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स में इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी में स्पेशलाइजेशन में माइनर डिग्री प्रदान किया जाना प्रस्तावित किया गया है। वही सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में एमटेक नैनो टेक्नोलॉजी में प्रदान किये जाने वाले स्वर्ण पदक का नाम संस्थान के दिवंगत संकाय सदस्य डॉ पीयूष जायसवाल के नाम पर किये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही विवि में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से जोड़ने के लिए ओपन सोर्स समर इंटर्नशिप करवाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विवि के 19 वें दीक्षांत समारोह में मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण 70 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही 11 दिसंबर 2021 तक मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को उपाधि देने का भी 19 वें दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं 19वें दीक्षांत समारोह में डॉ सौरभ गुप्ता की डीएससी की उपाधि प्रदान करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। डॉ सौरभ गुप्ता शासकीय सेवा में हैं। डॉ गुप्ता द्वारा डीएससी शोध प्रबंध का कार्य प्रो विनय पाठक एवं प्रो मनीष गौड़ के निर्देशन में पूर्ण किया गया है। इसके साथ ही परिषद द्वारा विवि की आईक्यूएसी के निदेशक के तौर पर प्रो मनीष गौड़ को नामित किया गया। बैठक में बताया गया कि एकेटीयू परिसर के एनर्जी ऑडिट में कुल खपत की 83 प्रतिशत की क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना के दृष्टिगत सुपर बिल्डिंग की श्रेणी प्राप्त हुई है। बैठक में आईआईटी रुड़की के आचार्य प्रो हिमांशु जोशी, विवि के कुलसचिव नन्द लाल सिंह, वित्त अधिकारी जीपी सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो अनुराग त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया की दवा खिलाने में लापरवाही पर कटेगा एक दिन का मानदेय

● इस बार लगभग 5 करोड़ लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वास्थ्य** कार्यकर्ताओं को फाइलेरिया की दवा अपने सामने न खिलाने पर अब मानदेय कटने जैसी सजा का सामना करना पड़ सकता है। वहीं जनमानस से खास अपील की जा रही है कि लोग फाइलेरिया अभियान में सहयोग की भवना से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की बात मानें और दवा खाने में लापरवाही न करें बल्कि उनके सामने ही खा लें।

प्रदेश के 19 जिलों में 22 नवंबर से शुरू हुआ फाइलेरिया का मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन राउंड 7 दिसंबर तक चलेगा। इसी क्रम में मलेरिया एवं वेक्टर बोर्न डिजीज के अपर निदेशक डॉक्टर वीपी सिंह ने जनपदों को दिए निर्देश में कहा है कि जिन क्षेत्रों फाइलेरिया की दवा अपने सामने खिलाने में लापरवाही बरतने की सूचना प्राप्त होगी संबंधित सुपरवाइजर का एक दिन का मानदेय काटने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही हर दिन शाम को ब्लॉक स्तर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं जिला स्तर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी समीक्षा बैठक करेंगे। कार्यक्रम की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह सायंकालीन बैठकें प्रत्येक दिन में किए गए कार्य की समीक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। डॉक्टर सिंह ने बताया कि इस बार लगभग 5 करोड़ लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धरित किया गया है। प्रदेश में जिन 19 जनपदों में मास एडमिनिस्ट्रेशन राउंड चलाया जा रहा है उनमें लखनऊ, बरेली, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, अयोध्या, बाराबंकी, अमेठी, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सोनभद्र, जौनपुर, भदोही, जालोन, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा और महोबा शामिल हैं।

# जियामऊ रैन बसेरे पहुंचे डीएम, सुविधाओं को परखा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जिलाधिकारी** द्वारा मंगलवार को जियामऊ रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरों में मौजूद लोगों से बातचीत की। यहां की सुविधाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान रहे नगर आयुक्त ने कमरें में बेड, बिस्तर, कंबल, नहाने के गर्म पानी के लिए गीजर, कमरें को गर्म करने का ब्लोवर की जानकारी दी। यही नहीं रैनबसेरे में योग के बाद प्रौढ शिक्षक की तैनाती भी की गयी।

मंगलवार को गोमतीनगर के रैन बसेरे में आला अफसरों का दौरे का सिलसिला जारी रहा। पहले नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी रैन बसेरे में पहुंचे। इसके कुछ क्षण बाद जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने जियामऊ रैन बसेरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रवासी मजदूरों, बेघर व्यक्ति और निराश्रित महिलाएं की रैन बसेरे में पूरी व्यवस्था पायी गयी। जिलाधिकारी को बेड, बिस्तर, कंबल, नहाने के गर्म पानी हेतु गीजर, कमरे को गर्म रखने के लिये ब्लोवर, शौचालय की व्यवस्था, कोविड प्राविधानों के अनुरूप थर्मल स्कैनर, हैण्ड सेनिटाइजर, मास्क, फॉगिंग, सेनेटाइजेशन, एन्टीलार्वा का छिड़काव एवं फर्स्ट-एड बॉक्स की उपलब्धता, प्रकाश की विद्युत और वैकल्पिक व्यवस्था, टेलीविजन, भोजन, पीने के पानी की व्यवस्था, अलाव के लिये लकड़ी की व्यवस्था की जानकारी दी गयी। यही नहीं रैन बसेरे में विश्राम करने वाले प्रवासी मजदूरों, बेघर व्यक्ति एवं निराश्रित महिलाओं के लिए अस्थाई प्रौढ़ शिक्षा प्रदान करने के अभिनव प्रयास की शुरुआत नगर आयुक्त अजय द्विवेदी द्वारा की गई है,के विषय में बताया गया।

इस रैन बसेरे में सभी को पढ़ाई का महत्व समझाया गया एवं नैतिक शिक्षा के बारे में बताया गया। प्रौढ़ शिक्षा की कक्षा निरंतर सायंकाल को 6 बजे से जियामाऊ रैन बसेरे में आयोजित की जाएगी जिसके लिए दो अध्यापकों को भी तैनात किया गया है। इस पूरे कार्य का संचालन जियमाऊ रैन बसेरे की कार्यदायी संस्था उम्मीद संस्था द्वारा कराया जाएगा।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए ओटीएस योजना 15 दिन बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**विद्युत** उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये 21 अक्टूबर से चल रही एकमुश्त समाधान योजना को 15 दिसम्बर तक बढ़ा दिया गया है। यह योजना मंगलवार को खत्म हो रही थी। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बताया कि इस योजना में छोटे उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्हें सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अब तक लगभग 22 लाख बकायेदार उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाया है।

योजना के तहत घरेलू विद्युत पंखा (एलएमवी-1) एवं वाणिज्यिक उपभोक्ता ( एलएमवी-2), के दो किलोवाट भार तक के छोटे उपभोक्ताओं तथा निजी नलकूप (एलएमवी-5) समस्त विद्युत भार वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। साथ ही दो किलोवाट तक के घरेलू विद्युत पंखा ( एलएमवी-1 ) के छोटे उपभोक्ताओं को बकाया राशि में अधिकतम 6 किश्तों में जमा करने का भी विकल्प है। इसके अतिरिक्त घरेलू बत्ती पंखा के दो किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक के दो किलो से अधिक 5 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं का भी ध्यान रखते हुये उन्हें सरचार्ज राशि में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी है। उपभोक्ता को योजना का लाभ लेने के लिए सम्बन्धित एक्शियन एवं एसडीओ कार्यालय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सीएससी केन्द्रों पर ऑनलाइन विद्युत बिल जमा कराने की सुविधा है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता स्वयं भी पावर कारपोरेशन की वेबसाइट पर जाकर योजना का लाभ ले सकते हैं। ऊर्जा मंत्री ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह इस योजना का लाभ उठाकर अपने हिस्से का बिजली का बिल समय से जमा कर दे एवं सरकार के संकल्प सबको बिजली, निर्बाध बिजली एवं सस्ती बिजली को पूरा करने में सहयोग प्रदान करें।

## एकमुश्त समाधान योजना के कैम्प में उमड़ी भीड़



संवाददाता। निगोहां

**एकमुश्त** समाधान योजना के तहत सेस खण्ड तृतीय के अंतर्गत निगोहां कस्बे में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निगोहां पावरहाउस से जुड़े उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना का लाभ व बकायेदारों को बकाया विद्युत बिल ओटीएस योजना के अंतर्गत जमा किया गया। वही सरकार ने ओटीएस योजना को 15 दिसंबर तक बढ़ा दी है। मंगलवार को निगोहा कस्बे में निगोहा सबस्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं के लिए कैम्प आयोजित किया गया था।

उपखण्ड अधिकारी विद्युत मोहनलालगंज संजय त्रिवेदी ने बताया की इस शिविर में लगभग 135 उपभोक्ताओं ने इसका लाभ लेते हुए बिल जमा किया साथ ही पांच लोगों का बिल संशोधन किया गया व चार मीटर बदले गए। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सभी बकाया बिलो के उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना में घरेलू कमर्शियल व नलकूप उपभोक्ताओं को लाभ मिला है। जहाँ बकायादारों के बिलो मे लगा सरचार्ज यानी ब्याज 100 प्रतिशत माफकिया गया।

# अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है भाजपाः दिनेश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● विभिन्न दलों के नेता व समाजसेवी पार्टी में शामिल

**बीजेपी** में डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डा लक्ष्मीकान्त बाजपेयी, प्रदेश उपाध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत समाजसेवियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

दिनेश शर्मा ने छ्ट्टू राम पूर्व प्रत्याशी बसपा बलिया, अजय कुमार समाज सेवी बलिया, शैलेन्द्र कुमार सिंह पप्पू एआईसीसी बलिया, नवनीता पटेल प्रबंधक निदेशक अविज्ञा हार्ट केयर एण्ड सुपरस्पेसिलिटी हास्पिटल महराजगंज, राना दिनेश प्रताप सिंह बस्ती, अमरेश कुमार सिंह प्रसपा लोहिया देवरिया, आरबी निषाद भारतीय नौ सेना से सेवानिवृत्त मऊ, राहुल देव बारी रावत प्रदेश महासचिव सुभासपा संतरविदास नगर, भदोही, जगपाल सिंह बसपा सहारनपुर, जोगेन्द्र सिंह राठौर बसपा बदायूं, निगहत खान लोदी पूर्व कस्टम अधिकारी अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी लखनऊ सभी को बीजेपी का पट्का पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलायी। दिनेश शर्मा ने कहा कि हम पुनः जनादेश प्राप्त करने व अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ने के लिये इस बार और अधिक सीटों पर विजय हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हर जिले व हर क्षेत्र में उम्मीद से भी ज्यादा जोश, उत्साह, समर्पण और पार्टी के प्रति लगाव के साथ पार्टी में लोग शामिल हो रहे हैं व जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जोश हमें 2017 के चुनाव से पूर्व की याद दिलाता है ठीक उसी तरह एक बार फिर वहीं माहौल प्रदेश में जनता के बीच दिख रहा है।

## राज्यपाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद संग्रहालय समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक ऑनलाइन सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल के समक्ष संग्रहालय के निदेशक पद की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव, संग्रहपाल पद पर प्रोन्नति हेतु विभागीय चयन समिति के गठन हेतु प्रस्ताव, आजाद गैलरी की डिजाइन, सीधी भर्ती से रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आदि पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में राज्यपाल ने संग्रहालय में सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु समस्त प्रक्रियाएं पूर्णतः पारदर्शी एवं ऑनलाइन कराने के निर्देश दिए तथा इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया। इस अवसर पर समिति द्वारा राज्यपाल के समक्ष आजाद गैलरी की संशोधित डिजाइन के वीडियों का प्रदर्शन भी किया गया।

# भाजपा ही किसानों की असली हितैषीः त्रिवेदी




संवाददाता। बख्शी का तालाब

**भाजपा** ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो किसानों की असली हितैषी है। जिसने किसानों का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार किसानों के साथ खड़ी है। इटौंजा में टोल प्लाजा के निकट ट्रैक्टर रैली के दौरान आयोजित समारोह को बीकेटी विधायक अविनाश त्रिवेदी संबोधित कर रहे थे। वही अवध प्रांत के क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा भाजपा की सरकार में किसानों के लिये तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं । जिससे किसान लाभान्वित हो रहे हैं। धान, गन्ना, गेंहू का समर्थन मूल्य भाजपा की सरकार देने का कार्य किया है। खाद के मूल्य कम किये गये वर्ष 2018 से किसानों को साल में छह हजार की धनराशि देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है।

# पेराई सत्र के दौरान कोविड संक्रमण से बचाव में शिथिलता न बरती जाएः गन्ना आयुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी द्वारा पेराई सत्र 2021-22 के सुरक्षित एवं सफल संचालन कराने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुये प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आरभूसरेड्डी ने बताया कि कोविड.19 के संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं, जिसके दृष्टिगत चीनी मिलों एवं विभागीय अधीनस्थ कार्यालयों को सम्बन्धित प्रोटोकॉल के अनुपालन के सम्बन्ध में गत पेराई सत्र 2020-21 में दिशा.निर्देश जारी कर कड़ाई से अनुपालन कराया गया। परिणामस्वरूप गत पेराई सत्र को सुरक्षित एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराया जा सका। उन्होने यह भी बताया कि चूँकि कोविड.19 के संक्रमण का खतरा अभी बना हुआ है, इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में पेराई सत्र 2021-22 का सुरक्षित संचालन चुनौतीपूर्ण है और इसके संक्रमण से बचने हेतु सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं उपायों को अधिक प्रभावी रूप से लागू करना अनिवार्य है, जिससे प्रदेश के चीनी उद्योग से जुड़े कार्मिकों के साथ साथ विभागीय कार्मिकों एवं लगभग 45 लाख गन्ना किसानों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के साथ साथ गन्ने की आपूर्ति एवं पेराई कार्य सतत रूप से चलते रहे। गन्ना आयुक्त ने बताया कि कोविड.19 के संक्रमण के प्रसार को रोकने के दृष्टिगत चीनी मिलों के क्रयकेन्द्रों, कार्यालय परिसर, कैन्टीन आदि स्थलों पर हैंड सेनेटाइजेशन की व्यवस्था, कार्य स्थल पर मास्क का उपयोग, सामाजिक दूरी का पालन करने, प्रयोग की जाने वाली मशीनों एवं अन्य सामानों की साफ-सफाई व सेनेटाइजेशन तथा कार्मिकों के स्वास्थ्य के नियमित परीक्षण एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर कड़ाई से अनुपालन करने की अपेक्षा की गयी है। सीजनल कर्मचारियों को पेराई सत्र के संचालन हेतु बुलाने पर उनका शत प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा बीमार कर्मचारियों को आईसोलेट करने हेतु भी निर्देश दिये गये हैं। साथ ही गन्ना समिति कार्यालयों, चीनी मिल गेटों व क्रयकेन्द्रों पर सभी कार्मिकों को थर्मल स्क्रीनिंग कराने व पर्याप्त मात्रा में साबुन, पानी और सेनेटाइजर की व्यवस्था कराने हेतु चीनी मिलों व समितियों को भी निर्देशित किया गया है। गन्ना आयुक्त ने कोविड.19 से बचाव हेतु समस्त विभागीय अधिकारियों को यह दिशा निर्देश भी दिये हैं कि व्यक्ति से व्यक्ति को होने वाले संक्रमण को रोकने के लिए कार्य स्थल पर शारीरिक तापमान की निगरानी करते हुये सोशल डिस्टेंसिंग को अपनाया जाए।

## नृत्य प्रतियोगिता में पंखुड़ी पाण्डेय ने जीता गोल्ड मेडल



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) की कक्षा-7 की प्रतिभाशाली छात्रा पंखुड़ी पाण्डेय ने लखनऊ डिस्ट्रिक्ट डांसस्पोर्ट चैम्पियनशिप-2021 में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। पंखुड़ी ने 9 से 12 वर्ष से कम आयुवर्ग में यह पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ नृत्य प्रदर्शन के आधार पर अर्जित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन डांसस्पोर्ट एसोसिएशन आफलखनऊ द्वारा किया गया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी नृत्य प्रतिभा की अनूठी छाप छोड़ी।

## नीट काउंसिलिंग को लेकर दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

**लखनऊ।** नीट काउंसलिंग की मांग को लेकर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के जूनियर डॉक्टरों ने दूसरे दिन मंगलवार को भी धरना दिया। डॉक्टरों के हड़ताल के चलते संस्थान में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई। इलाज की आस में केजीएमयू आये कई मरीजों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के चलते ओपीडी से लेकर वार्ड तक में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दूर दराज से आने वाले मरीज डॉक्टर की सलाह के लिए भटक रहे। वार्ड में भर्ती मरीजों को भी समुचित इलाज नहीं मिला। जांच के लिए भी मरीज परेशान हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इमरजेंसी सेवाएं बाधित नहीं की गई है। जब तक मांगे पूरी नहीं होती है तब तक सांकेतिक हड़ताल जारी रहेगी।

## लोहिया संस्थान में डाक्टरों ने काला फीता बांध दर्ज कराया विरोध

**लखनऊ।** लोहिया संस्थान के डॉक्टरों ने पीजीआई के समान वेतन भत्तों की मांग को लेकर मंगलवार को लोहिया संस्थान के डॉक्टरों ने काला फीता बांधकर काम किया। डॉक्टरों का कहना है कि यदि सरकार ने मांग नहीं मानी तो काम काज ठप करने से भी हम गुरेज नहीं करेंगे। लोहिया संस्थान के डॉक्टर सुबह नौ बजे ओपीडी पहुंचे। वार्ड का राउंड लिया। इस दौरान डॉक्टरों ने काला फीता बांध कर विरोध दर्ज कराया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ डीके श्रीवास्तव ने कहा कि पीजीआई के डॉक्टरों को सांतवा वेतनमान मिला रहा है। लोहिया संस्थान के नियमित कर्मचारियों को पीजीआई के समान वेतन व भत्ते मिल रहे हैं। ऐसे में संस्थान के सिर्फडॉक्टर संवर्ग ही सांतवे वेतन आयोग की सिफारिशों से वंचित है। डेढ़ साल से डॉक्टर अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इससे डॉक्टरों में निराशा का भाव आ रहा है।

## विद्यार्थियों को कोरोना के खतरे से किया सचेत, बांटीं दवाइयां

**मोहनलालगंज।** कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रान से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विद्यार्थियों को सचेत कर उन्हें कोविड प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान देने के लिए सजग किया गया। मोहनलालगंज के राजकीय हाईस्कूल परेहटा में मंगलवार को राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कपेरामदारपुर की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ऋतु परिहार ने बच्चों को कोरोना से बचाव की जानकारी देकर उन्हें अपने परिवार का अनिवार्य रुप से वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रेरित किया । मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्मान और सशक्तिकरण की बारीकियां बताकर जागरुक किया गया। इस मौके पर आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत किशोरियों को पोषण आत्मरक्षा एवं स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी देकर आयरन कैल्शियम और कोरोना प्रतिरोधक होम्योपैथिक किट भी वितरित की गई।

## बार एसोसिएशन चुनाव के लिए दूसरे दिन दर्जनभर नामांकन

**मोहनलालगंज।** तहसील बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन के दूसरे और अन्तिम दिन अध्यक्ष पद के लिए सुन्दरलाल कौशलेन्द्र शुक्ल व धरनीधर मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किए। महामंत्री पद के लिए ऋषिकान्त मिश्र व रामलखन यादव ने नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार द्विवेदी व उपाध्यक्ष मध्य पद के लिए मुकेश कुमार वर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए शिवांशु कुमार तिवारी व संयुक्त मंत्री पद के लिए ममतेश कुमार वर्मा ने नामांकन किया। इसी तरह वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए राजेश कुमार व वेदप्रकाश मिश्र और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए प्रदीप कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए। मुख्य चुनाव अधिकारी देवशरण मिश्र ने बताया बुधवार को सभी नामांकन पत्रों की जांच आपत्ति और नामांकन वापसी होगी ।

## पूनम पांडे व आशीष दीक्षित को कांग्रेस ने बनाया मीडिया पैनलिस्ट

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय शूटर प्रतियोगिता में भाग ले चुकी पूनम पांडे को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का मीडिया पैनलिस्ट बनाया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे डॉण् आशीष दीक्षित को भी मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है। मीडिया चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उपरोक्त दोनों सदस्यों से कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के विचारों को जनता के बीच में पहुंचाने और जन आवाज को सशक्त करने की अपेक्षा की है।

## सपा नेताओं ने दीप जलाकर हाथरस की बेटी का स्मृति दिवस मनाया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार को लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हाथरस की बेटी का स्मृति दिवस मनाया और दीप जलाकर दलितों, महिलाओं के प्रति अत्याचार की याद दिलाई। स्मरणीय है हाथरस की दुष्कर्म पीड़िता की मृत्यु के बाद बिना परिवारीजनों की उपस्थिति में शासन प्रशासन ने जबरन आधीरात को पेट्रोल डालकर शव जला दिया था। इस अमानवीय कृत्य का समाजवादी पार्टी ने पुरजोर तरीके से विरोध किया था। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दुष्कर्म पीड़िता की मौत के बाद भी उसके शव के साथ असम्मान प्रदर्शित करने के लिए भाजपा सरकार की निंदा की। समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हाथरस की बेटी को श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मौन रखा गया। समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ में राष्ट्रीय सचिव तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने सायं दीप जलाकर हाथरस की बेटी को श्रद्धांजलि दी।

## भगवान का संपूर्ण चरित्र ही संसार का मार्गदर्शन करने वाला हैः आचार्य विनय कृष्ण

निगोहां। भगवान की कथा मनुष्यों को देती है जीवन जीने की प्रेरणा, भगवान का संपूर्ण चरित्र ही संसार का मार्गदर्शन करने वाला है व विषम परिस्थितियों में भी धर्ममय जीवन जीने की प्रेरणा देने वाला है, संसार के प्राणियों के लिए भगवान की अजर अमर गाथाएं मार्गदर्शन करने वाली हैं और अथाह संकटों के मध्य भी मनुष्य कैसे दुःख रूपी सागर को पार कर सकता है व परेशानियों में भी कैसे मनुष्य धर्ममय पथ से विमुख न होकर सन्मार्ग पर जीवन जी सकता है यह प्रेरणा हमें भगवान की कथाओं से मिलती है। आज भगवान कारागार में प्रकट हुए, भगवान के जन्म लेते ही कारागार के कपाट अपने आप खुल गए, पहरेदार अचेत हो गए भयंकर वर्षा के बीच अंधेरी रात में वसुदेव जी भगवान को लेकर यमुना मइया को पार करते हुए गोकुल पहुंचे, गोकुल में नंद बाबा के यहां भव्य उत्सव हुआ। भगवान का बचपन भी संघर्षों में बीता, भगवान ने बचपन में अनेकों मधुर सुन्दर चरित्र किए उनके चरित्रों ने संसार को कुछ न कुछ संदेश दिया। उक्त प्रसंग निगोहां में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक आचार्य विनय कृष्ण जी महराज ने सुनाए।

# बायोमेट्रिक उपस्थिति को लेकर शिक्षकों ने दर्ज कराया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ख्वाजा** मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति पद का अतिरिक्त कार्यभार संभालने के बाद कुलपति प्रो विनय पाठक के निर्देश पर बुधवार से शुरू हो रही शिक्षकों और कर्मचारियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति का विरोध शुरू हो गया है। इस बाबत शिक्षकों ने एक बैठक कर बायोमीट्रिक उपस्थिति का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

विवि के पूर्व कुलपति रहे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनीस अंसारी ने वर्ष 2013 में बायोमीट्रिक उपस्थिति को लेकर मशीने लगवाई थी। उनके जाने के बाद इस सिस्टम को बंद कर दिया था। स्थिति यह है कि लाखों रुपए की इन मशीनों पर कोई भी उपस्थिति नहीं देना चाहता है। अब भी कई शिक्षक इसका विरोध कर रहे हैं। आलम यह है कि विश्वविद्यालय में अधिकतर शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं होते हैं। छात्रों की शिकायत हमेशा से यही रही है कि कक्षाएं समय से नहीं लगती और लगती भी हैं तो प्रोफेसर नहीं आते।

इन दिक्कतों को देखते हुए अब बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। विवि के कुलसचिव की तरफसे जारी आदेश में कहा गया है कि एक दिसंबर से सभी कर्मचारियों और शिक्षकों को बायोमेट्रिक उपस्थिति देनी है। अब प्रतिमाह वेतन का निर्धारण भी बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही किया जाएगा। इसके अलावा अपरिहार्यध् आकस्मिक स्थिति को छोड़कर अवकाश लेने परए कम से कम तीन दिन पूर्व प्रार्थना पत्र देना होगा। शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति सुबह 10 से शाम पांच बजे के बीच अंकित होगी।

## कांग्रेस ने की नाबालिग से रेप की घटना में निष्पक्ष जांच की मांग

**लखनऊ।** जनपद लखनऊ के थाना सुशांत गोल्फ सिटी के अन्तर्गत नाबालिग से बलात्कार की घटना में उचित कार्यवाही न होने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को सतीश आजमानी पूर्व विधायक एवं कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में लखनऊ के पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर 8 जुलाई 2021 को थाना सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ में पीड़िता की मां द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमें में निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी भी शामिल रहे। इस एफआईआर के संदर्भ में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने अपर मुख्य सचिव गृह को पत्र लिखकर मामलें की पुनः निष्पक्ष जांच कराये जाने का अनुरोध किया है। ज्ञात हो भगवा चुंगी प्रतापगढ़ निवासी वशिष्ठ वत्स मिश्रा, रामकृष्ण मिश्रा, गीता मिश्रा और अपर आयुक्त वाणिज्य कर वाराणसी मिथिलेश कुमार शुक्ला आरोपी हैं।

# जीएसटी शिविर में अपंजीकृत व्यापारियों ने पंजीयन कराने का किया वादा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जीएसटी** जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को रायबरेली रोड पर पीजीआई के पास खंड 12 और खंड 9 के अधिकारियों के द्वारा पंजीयन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जीएसटी पंजीयन से संबंधित समस्याएं व्यापारियों से सुनी गई तथा व्यापारियों को पंजीयन के फायदे बताए गए। खंड 12 के कर अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह व खंड 9 के कर अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव द्वारा अपंजीकृत व्यापारियों को पंजीयन लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस बीच व्यापारियों ने पंजीयन के प्रति उत्साह दिखाते हुए अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन के लिए आश्वस्त किया। शिविर में अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में 25 लाख पंजीकृत व्यापारियों का लक्ष्य रखा है। व्यापारियों को बताया गया कि जीएसटी लगने के बाद वस्तुओं के साथ साथ सेवाओं का पंजीयन भी अनिवार्य हो गया है। बैठक में किराए के भवनों, सुरक्षा एजेंसियों को भी पंजीयन से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। व्यापारियों को सरकार द्वारा पंजीकृत व्यापारियों के लिए 10 लाख रुपए की दुर्घटना बीमा के लाभ के साथ साथ पंजीयन के अन्य लाभों की जानकारी भी दी गई।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम, 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक- 1858/कार्य-9/(21)/159

दिनांक 29.11.2021

उ0प्र0 जल निगम, की ओर से जनपद जालौन में दो नग नलकूप निर्माण हेतु 300 मि.मी. एवं 200 मि.मी. व्यास के एम.एस.ई. आर.डब्लू. पाईप 7.1 मि.मी. मोटाई के तथा 300x200 मि.मी. साईज की नलकूप असेम्बली की आपूर्ति का कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 01.12.2021 से 06.12.2021 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0, नलकूप विंग, यूनिट-द्वितीय उत्तर प्रदेश जल निगम, 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0, नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी0एस0टी0 (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट www.jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बंधित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सूचना :- निविदा विक्रय की तिथि - 01.12.2021 से 06.12.2021 अपरान्ह 12.00 बजे। निविदा डालने की तिथि- 06.12.2021 अपरान्ह 02.00 बजे। निविदा खोलने की तिथि- 06.12.2021 अपरान्ह 03.30 बजे।

UP UPPTCL

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, कमरा सं0 115-120, पारेषण भवन, विभूति खण्ड-II, निकट मन्त्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (उ0प्र0)

ई-निविदा संख्या 06/वि0पा0ख0-प्र0 (ल0)/2021-22 ई-निविदा संख्या 06-वि0पा0खं0(प्र0)ल0 /2021-22, के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र मार्टिनपुरवा एवं एस0जी0पी0जी0आई0 पर सौन्दर्यीकरण हेतु बने लान के रखरखाव एवं उससे सम्बन्धी कार्य हेतु निविदा प्रपत्र एवं धरोहर राशि रू0 2100.00 दिनॉक 28.12.2021 को 12:00 बजे तक ई-टेन्डरिंग वेब साईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। भाग-1 खुलने की तिथि 28.12.2021, समय 13:30 बजे, भाग.2 (प्राइस पार्ट्स) खुलने की तिथि तदानुसार ई-वेबसाईट पर सूचित की जायेगी। निविदा प्रपत्र मूल्य 236.00 मात्र (200.00 + G.S.T. @ 18% अतिरिक्त) कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखें। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, लखनऊ** पत्रांकः 2291/वि0पा0ख0-प्र0(ल0)/टी0-06/2021-22 दि0 30.11.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।"

## वोटर बनने के लिए कुल 9150 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए

**मोहनलालगंज।** वोटर लिस्ट के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में कुल 9150 लोगों के वोटर बनने के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र से 2345 वोटरों के नाम लिस्ट से काटने के लिए दावे प्राप्त हुए हैं। जबकि वोटर लिस्ट की प्रविष्टियों में संशोधन के लिए 478 आवेदन हुए हैं। एसडीएम शुभी सिंह ने बताया वोटर लिस्ट का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान मंगलवार को समाप्त हो गया है। वोटर लिस्ट को अपडेट करने के लिए फीडिंग चल रही है। 5 जनवरी को वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा।

**युवाओं के मन भाया वोटर हेल्पलाइन एपः** मोहनलालगंज विधानसभा की ग्रामीण आबादी भी वोटर बनने के लिए आनलाइन आवेदन में दिलचस्पी दिखाने लगी है। आनलाइन आवेदन के लिए वोटर हेल्पलाइन एप युवाओं की पहली पसंद बन रहा है।

# 222 वोटर बनाकर रोल मॉडल बन गए बीएलओ अवनीश

● वोटर लिस्ट पुनरीक्षण अभियान

संवाददाता। मोहनलालगंज



**डेढ़** सौ घरों की बस्ती से दो सौ से अधिक वोटर बनने के आवेदन निकालकर बीएलओ की जिम्मेदारी संभाल रहे जबरौली के ग्राम रोजगार सेवक अवनीश कुशवाहा ने राजधानी में बेहतरीन रोल मॉडल प्रस्तुत किया है। आवेदकों में सर्वाधिक तादात महिलाओं की है। जबकि युवक और युवतियों के साथ कुछ अधेड़ भी शामिल हैं। बीएलओ अवनीश के प्रयासों की सराहना कर तहसील प्रशासन ने अन्य बीएलओ को उनकी कार्यशैली से सीख लेने की अपील की है।

मोहनलालगंज के जबरौली गांव निवासी रोजगार सेवक अवनीश कुशवाहा को भाग संख्या 305 का बीएलओ बनाया गया है। 156 घरों वाले बूथ की वोटर लिस्ट को अपडेट करने के लिए अवनीश ने शुरुआत घर घर सर्वे से की और माह भर में ही वोटर बनने के लिए 222 लोगों के आवेदन आनलाइन कर दिए। आवेदकों में 116 महिलाएं और 106 पुरुष वोटर शामिल हैं। यही नहीं बीएलओ ने वोटर लिस्ट से 97 नाम काटने के लिए भी आवेदन किया है। जिनमें 37 मृतक 17 डुप्लीकेट और 43 दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में निवास कर रहे वोटरों के नाम शामिल हैं। इसी तरह वोटर लिस्ट में वोटरों के नाम और फोटो समेत अन्य गलतियों को दूर करने के लिए 25 लोगों के आवेदन आनलाइन किए गए हैं।

**क्या कहती हैं एसडीएम**

एसडीएम शुभी सिंह ने बताया बीएलओ अवनीश कुशवाहा का कार्य दूसरों के लिए नजीर है। उसने अपने प्रयासों से जिले भर में किसी एक बूथ पर सर्वाधिक 222 लोगों के आवेदन वोटर बनने के लिए खुद से आनलाइन किए हैं। उसके वर्कप्लान को साझा कर अन्य बीएलओ को भी इससे सीख लेने की अपील की गई है। जिला प्रशासन को भी बीएलओ का वर्कप्लान भेजा जा रहा है।

### व्हाट्सएप ग्रुप और जनप्रतिनिधियों से मिली मदद

**जबरौली** के बूथ संख्या 305 की वोटर लिस्ट को अपडेट करने के लिए बीएलओ अवनीश कुशवाहा ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर ग्रामीणों को पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट अलग.अलग होने की जानकारी दी। फिर आशाबहू आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान से मदद लेकर 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके हर एक महिला और पुरुष को वोटर बनने के लिए जागरुक किया। बीएलओ अवनीश कुशवाहा ने बताया उनके भाग संख्या की वोटर लिस्ट में कुछ अधेड़ लोगों के नाम भी वोटर लिस्ट में शामिल नहीं थे। जिसके लिए उन्हें जागरुक कर वोटर बनने के लिए उनका आवेदन आनलाइन किया। बीएलओ के मुताबिक कुछ युवक.युवती और विवाहित महिलाओं के पास आधार कार्ड की फोटोकापी और फोटो नहीं थे। जिसके लिए उनके परिवार से व्हाट्सएप पर यह अभिलेख मंगाकर अथवा मोबाइल से फोटो लेकर गरुण और वोटर हेल्पलाइन एप से सभी 222 लोगों के आवेदन आनलाइन किए।


# राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अस्थाई कार्यालय का भूमिपूजन

● 20000 वर्ग फुट में 17 कमरे का होगा आधुनिक कार्यालय, निर्माण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्र और ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने किया भूमि पूजन

**संवाददाता।** अयोध्या

**सुप्रीम कोर्ट** के फैसले के बाद अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि परिसर में प्रभु श्री राम लला का भव्य मंदिर निर्माण प्रारंभ हो गया है और कार्य भी तेजी से चल रहा है दिसंबर 2023 तक मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा और श्रद्धालु भव्य मंदिर में दर्शन कर सकेंगे इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का अस्थाई कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया।

जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का स्थाई कार्यालय बनाये जाने की तैयारी है।



राम कोट क्षेत्र स्थित चौगुर्जी मंदिर के पीछे भूमि पर इस कार्यालय निर्माण का शुभारंभ निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र व ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने पूजन अर्चन किया।

राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण कर रहे ट्रस्ट ने राम जन्मभूमि परिसर के पास ही अपनी स्थाई कार्यालय को बनाए जाने का कार्य आज से शुरू कर दिया है। वैदिक पंडितों के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन के बाद कार्यालय निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया और जल्द ही इस भवन को बनाये जाने का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा के मुताबिक 20 हजार वर्गफुट में 2 मंजिले का भवन बनाया जाएगा। जिसमें 17 कमरे एक मीटिंग हाल किचन व अतिथि कक्ष भी बनाये जाएंगे। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र के द्वारा पूजन अर्चन किया गया।इस दौरान ट्रस्ट ले सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्राए निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेन्द्र दासए विमलेंद्र मोहन मिश्र के साथ ट्रस्ट के सहलाकर भी मौजूद रहे।

## अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाई भाजपा ने विकास की किरणः कृष्णानंद पाण्डेय

**चहनियां/चंदौली।** चहनियां विकास खंड के चकरा गांव में सोमवार को जनचौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता कृष्णानंद पाण्डेय ने शासन द्वारा संचालित योजनाओ व उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक ग्रामीणों के बीच मे रखा और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा नेता कृष्णानंद पाण्डेय को ग्रामीणों द्वारा सम्मानित भी किया गया। जनचौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा नेता कृष्णानंद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकार ने विभिन्न योजना चलाकर सभी वर्गों को लाभांवित किया है। गरीब, किसान, नौजवान को कई जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया गया है प्रदेश से आराजकता व गुण्डा गर्दी पूरी तरह से समाप्त हो गई। किसान सम्मान निधि एमहिला सुरक्षा व प्रदेश सरकार द्वारा दी गयी लाखो नौकरियों का जिक्र करते हुए संचालित योजनाओं उपलब्धियों की जानकारी दी।

# सम्मान पाना व्यक्ति और व्यक्तित्व में बहुत मायने रखता हैः डॉ. रविशंकर

● तीन विभूतियों को काशी गौरव 2021 से केशरी नंदन स्मृति संस्थान ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**छित्तूपुर** स्थित आदर्श बालिका जूनियर हाईस्कूल के सभागार में केशरी नंदन स्मृति संस्थान व्दारा आयोजित काशी के तीन विभूतियों डॉ राजेश जायसवाल (चिकित्सा सेवा), आंनद कुमार सिंह अन्ना (पत्रकारिता), डॉ राजकुमार प्रजापति (चिकित्सा सेवा) को मुख्य अतिथि आकाशवाणी वाराणसी के पूर्व केंद निदेशक डा रविशंकर ने प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, शाल देकर काशी गौरव सम्मान 2021 से सम्मानित किया। समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि डा रविशंकर, विशिष्ट अतिथि डा सुभाष चन्द्र, केशरी नंदन स्मृति संस्थान डा उषा शाही, महासचिव डा कैलाश सिंह विकास ने किया। अतिथियों का स्वागत विक्रम कुमार तथा अमित कुमार पाण्डेय ने की।

मुख्य अतिथि डा रविशंकर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मान पाना व्यक्ति और व्यक्तित्व में बहुत मायने रखता है मैं विभूतियों का सम्मान कर गर्वानुभूति महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अगर हम कभी बाल दिवस मनाते हैं तो नेहरू जी को याद करते हैं 23 जनवरी सुभाष चन्द्र बोस को याद करते हैं, काम ऐसा करिए कि समाज में मिशाल बने।

देश के लिए कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। समारोह में मुख्य रूप से सर्वश्री रामबाबू, विक्रम कुमार, मनोज कुमार श्रीवास्तव, डा अरविंद गांधी, शान्तनू कुमार, संजय कुमार, राजेश गुप्ता, सुभाष कुमार, श्रीमती किरन देवी, वैभवी सिंह, संध्या देवी, जितेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार पाण्डेय, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता डा उषा शाही, संचालन डा कैलाश सिंह विकास, धन्यवाद प्रकाश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## मकरा में कैम्प लगाकर लोगों के स्वास्थ्य का किया गया परीक्षण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी टी0के0 शिबु के निर्देशन में मकरा गांव में लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुख्य चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में आये हुये ग्राम वासियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और ग्राम सभा में डीबीटी का छिड़काव किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नेम सिंह ने अवगत कराया जिला स्तर से नामित टीम द्वारा गांव में कैम्प लगाकर लोगों को देखा गया और नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर लोगों को मछरदानी व दवाओं का वितरण भी किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नेम सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों को निर्देशित किया कि गांवों में डी0बी0टी0 का छिड़काव लगातार किया जाय। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न गांवों टोलो में नागरिकों का उपचार चिकित्सकीय टीम निरन्तर शिविर लगाकर कार्य कर रही है।

# अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचेः संतोष गुप्ता

**मुग़लसराय/चंदौली।** यूपी विस चुनाव की तैयारियों में जहां एक तरफ राजनीतिक दल एक दूसरे पार्टियों से गठबंधन में लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफअपनी दावेदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्याशियों ने भी दमखम दिखाना शुरू कर दिया है। मुगलसराय (380) विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी से अपना टिकट सुनिश्चित कराने के लिए प्रत्याशियों की लंबी सूची है । वहीं मुगलसराय विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए एक नया दावेदार संतोष कुमार गुप्ता भी मैदान में उतर चूके है जो समाज के अंतिम पायदान तक विकास पहुंचाने की बात कर रहें हैं।

दरअसल मंगलवार को पत्रकारों से रूबरू होने के दौरान संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि 380 मुगलसराय विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी के टिकट का मैं भी एक दावेदार हूं । राजनीति में कई ऐसे भी चेहरे हैं जिन पर कई दाग है लेकिन मैं बेदाग



छवि के साथ जनता की सेवा करने आया हूं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार अंत्योदय यानी समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास के किरण पहुंचाने की सोच को आगे बढ़ाने के लिए मैं विधानसभा चुनाव लड़ना चाहता हूं। मैं एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखता हूं मेरा अतीत बेहद संघर्षपूर्ण रहा है। अपने संघर्ष और इमानदारी के बदौलत मैं यहां तक पहुंचा हूं और अब मुगलसराय के विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहता हूं और जीत कर अगर विधायक बना तो समाज के हर वर्ग की सेवा करना चाहता हूं।

# आठ लाख 73 हजार लोगों को खिलाई फाइलेरिया दवा

**सोनभद्र।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 नवंबर से फाइलेरिया मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में लगी 1727 टीमों ने 2 लाख 38 हजार 713 घरों में दस्तक देकर अब तक 8 लाख 73 हजार 118 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का काम किया। स्वास्थ्य टीम घर घर जाकर जहां लोगों को फाइलेरिया की दवा खिला रही है वहीं इसके प्रति लोगों को जागरुक भी कर रही है जिससे लोगों को इस बीमारी की जद में आने से बचाया जा सके। सीएमओ डॉक्टर नेम सिंह ने फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। फाइलेरिया के लक्षण हाथ पैर तथा हाइड्रोसील में सूजन है। किसी भी व्यक्ति को संक्रमण होने के पश्चात बीमारी होने में 5 से 15 वर्ष तक लग सकते हैं। ऐसे में इस रोग से बचाव हेतु फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी व एल्बेंडाजोल की गोली खाना अनिवार्य है ।क्योंकि इस बीमारी की जद में आने पर व्यक्ति को अपंगता का शिकार होना पड़ सकता है। सभी लोग फाइलेरिया रोधी दवा जरूर खाएं। 22 नवंबर से फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है इसके लिए 1727 टीमें और 3454 वर्कर लगे हुए हैं। जिले में 4 दिसंबर तक चलेगा। 18 लाख 38 हजार 598 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके सापेक्ष अभी तक 8 लाख 73 हजार 118 लोगों को दवा खिलाई गई है।

### पिछले वर्ष 924 मरीज मिले

जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2019-20 में 18 लाख 44 हजार 860 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 14 लाख 54 हजार 749 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गयी। फाइलेरिया के 924 रोगी पाए गए थे जिसमें से चोपन ब्लाक में ही 528 मरीज मिले थे। इसमें 56 हाइड्रोसील व 472 हाथीपाव के रोगी शामिल थे।

### तीन वर्षों से खा रहे है फाइलेरिया की दवा

रावर्टसगंज ब्लॉक के रहने वाले रमाशंकर तिवारी बताते हैं कि वह पिछले 5 वर्षों से फाइलेरिया से पीड़ित है। पैर में सूजन यानी हाथीपांव है। मुफ्त में दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा तीन वर्षों से खा रहे हैं इससे और अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े। यह दवा सभी को खाना चाहिए यह खतरनाक बीमारी है।

### फाइलेरिया की दवा खाने से नहीं हुई कोई परेशानी

रावर्टसगंज नगर निवासी मुकेश ने बताया कि मैंने फाइलेरिया की दवा डीईसी व एल्बेंडाजोल खाया। दवा खाने पर किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। वही चतरा ब्लॉक की रहने वाली सुशीला ने बताया कि वह अपने घर पर फाइलेरिया की दवा आशा कार्यकर्ता के माध्यम से खाया।

## क्विक न्यूज

### सुबह-ए-बनारस क्लब ने किया गरीबों को कंबल वितरण

**वाराणसी।** ठंड के मौसम के शुरुआती दौर को देखते हुए सामाजिक संस्था सुबह-ए- बनारस क्लब एंव लक्ष्मी हॉस्पिटल के बैनर तले संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, लक्ष्मी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ अशोक कुमार राय, महासचिव राजन सोनी, उपाध्यक्ष मोहम्मद ज़ुबैर, उपाध्यक्ष अनिल केसरी, एंव उमेश जायसवाल, द्वारा पिपलानी कटरा पेट्रोल पंप के सामने स्थित हनुमान जी के मंदिर के पास बैठे असहाय, लाचार, गरीबों एवं आने जाने वाले जरूरतमंद राहगीरों के बीच स्वर्गीय चंम्पालाल जायसवाल की स्मृति में कंबल का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सुबह-ए-बनारस क्लब द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटने का कार्य क्रमवार रूप से शुरू किया गया है। साथ ही साथ अपील किया गया कि यह कार्य बहुत ही पुनीत कार्य है। इसमें सभी सामाजिक संगठन बढ़ चढ़कर भाग ले।और असहाय लोगों के सहायतार्थ अपने यथाशक्ति जितना भी कंबल दान करना हो वह करें। उनके द्वारा किया गया कंबलदान किसी गरीब के लिए जीवन कारक बन सकता है। तथा नगर निगम प्रशासन से वक्त रहते रैन बसेरे भी व्यवस्थित करने के साथ लगातार बढ़ रहे ठंड के बीच गरीबों को इससे बचाने की मुकम्मल इंतजाम करने की मांग भी की गई।

### नीलकंठ महादेव मंदिर में शिर्डी साईं बाबा मंदिर हुआ रक्तदान

**वाराणसी।** मलदहिया स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर शिर्डी साईं बाबा मंदिर के दसवें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में मंगलवार को एक वृहद स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर लोगों को कोविड-19 के प्रति जागरूक करने के लिए कोविड वैक्सीनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों को पहला एवं दूसरा डोज लगाया गया मंदिरों में अपने इष्ट देव को जल दान धन-दान एवं पुष्पदान के परंपरा से अलग हटकर विगत 5 वर्ष से एक नई परंपरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग स्वेच्छा से अपना रक्तदान कर भगवान के चरणों में अर्पित करते हैं जिससे वह रक्त किसी जरूरतमंद को काम आ सके। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ एके पांडे, डॉ अशोक राय, विकास प्राधिकरण सदस्य प्रदीप अग्रहरि, डॉ आर के मिश्रा, डॉक्टर सौरभ ,प्रेम मिश्रा, राम भजन अग्रहरि, रजनीश कनौजिया, जगरनाथ अग्रहरि, गुलशन कनौजिया, आशीष कनौजिया, सत्य प्रकाश आर्य, सोमनाथ विश्वकर्मा, आदित्य कनौजिया, अनिल श्रीवास्तव ,राकेश शर्मा, राहुल गुप्ता एवं कबीर चौरा ब्लड बैंक के विकास सिंह एवं उनकी पूरी टीम मौजूद रही।

### यातायात सप्ताह के तहत लोगों को किया गया जागरुक

**मऊ।** संत गणिनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यातायात सप्ताह एवं मतदाता जागरूकता विषयक संगोष्ठी में महाविद्यालय के मुख्य वक्ता डा. आरएन यादव ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर ही सभी लोग वाहन चलाए। शराब पीकर कभी वाहन न चलाएं। इससे किसी भी समय हादसा हो सकता है। महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. राकेश कुमार, डा. शिव प्रताप राय, डा. जगदेव एवं प्राचार्य डा. हूरतलअत ने सड़क सुरक्षा, यातायात एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित नियमों को बताकर छात्र.छात्राओं को जागरूक किया। इस गोष्ठी में छात्र.छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जागरूकता विषयक एक रैली निकाली गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. हूरतलअत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में डा. प्रहलाद राम, डा. कमलेश, डा. जगदेव, डा. मनोज, डा. मीता सरल, डा. मनोज कुमार वर्मा, डा. सरिता दूबे, डा. धर्मेंद्र सिंह, अब्दुल क़य्यूम शम्सी, डा. सतीश कुमार, डा. अतुल पांडेय, डा. अभिषेक श्रीवास्तव आदि थे।

### भाजपा ने किया ट्रैक्टर रैली का आयोजन

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी, किसान मोर्चा, मीरजापुर के तरफसे किसान ट्रैक्टर रैली का आयोजन गैपुरा चौराहे पर आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टर के साथ शामिल हुए। रैली की मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्या आदरणीय ललिता देवी कुशवाहा रहीं। मुख्य अतिथि ने रैली के लिए एकत्रित किसानों को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार के द्वारा किसान कल्याण हेतु चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें अटल भू.जल योजना, किसान ऋण मोचन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम फसल बीमा एवं किसान सम्मान निधि जैसे अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बृजभूषण सिंह ने मुख्य अतिथि समेत आये हुए सभी सम्मानित किसानों का स्वागत व अभिनन्दन किया और बताया कि केसीसी, क्रय केन्द्र एवं ट्रैक्टर.ट्राली को टैक्स फ्री अटल जी के समय में किया गया था। यूरिया को शत प्रतिशत नीम कोटेड करके काले बाजारी को भाजपा सरकार को समाप्त किया। सभा के बाद मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप में झण्डा दिखाकर रैली को रवाना किया। सभा को क्षेत्रीय महामंत्री सुनील पटेल ने भी संबोधित किया। संचालन किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नागेश्वर तिवारी ने किया।

# कलाकार प्रवीण भूषण ने किया विश्व की सबसे ऊंची पेंटिंग बनाने का दावा




अपनी पेंटिंग द स्पेस लैडर के साथ चित्रकार प्रवीण भूषण

**लखनऊ।** चित्रकार प्रवीण भूषण ने दुनिया की सबसे ऊंची पेंटिंग बनाने का दावा किया है। उन्होंने इसे वर्ल्ड बुक ऑफरिकार्ड्स में सत्यापित होने के लिए भेजा है। ये अगर खरी उतरी तो दुनिया की सबसे ऊंची पेंटिंग में शुमार होगी। उनका कहना है कि इसे बनाने में उन्हें 14 वर्ष का समय लगा। अंतरराष्ट्रीय चित्रकार डॉ. रश्मि भूषण जुनूं के ज्येष्ठ पुत्र प्रवीण ख्यातिलब्ध चित्रकार हैं। उन्होंने अपने पिता की प्रेरणा से चित्रकारी व पेंटिंग के क्षेत्र में कदम बढ़ाए और द स्पेस लैडर नाम की पेंटिंग बना डाली, जिसकी ऊंचाई 340 मीटर है। हुसैनगंज के रहने वाले प्रवीण भूषण ने जून 2007 में इस पेंटिंग को बनाना शुरू किया। वह कहते हैं कि शुरूआत में उनके जेहन में विश्व रिकार्ड बनाना या उसकी बराबरी करने जैसी कोई बात नहीं थी लेकिन पेंटिंग को अंतिम रूप देते-देते खयाल आते गए और पेंटिंग का आकार बढ़ता गया। उनका दावा है कि मलेशिया के कोमतार टॉवर में बने 215 मीटर ऊंचे म्यूरल की पेंटिंग अब तक विश्व रिकार्ड थी लेकिन उनकी पेंटिंग वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड्स में सत्यापित हो गई तो इस पेंटिंग का नाम विश्व रिकार्ड में दर्ज हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वह पेंसिल, रबर के बजाय सीधे ब्रश का इस्तेमाल करते हैं।

# कोरोना के नए स्ट्रेन को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

● मुख्य चिकित्सकों ने जारी किये सख्त दिशा निर्देश

**संवाददाता।** मऊ

**कोरोना** के नए स्ट्रेन को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। विदेश से आने वाले हर नागरिक पर निगरानी रखी जा रही है। इसके मद्देनजर रैपिड रिस्पांस टीम को सक्रिय कर दिया गया है। यह टीम मरीज की जांच के बाद होम आइसोलेशन में रहने पर नियमित जांच के साथ उसके संपर्क में आने वाले रह व्यक्ति की जांच करेगी। विदेश में इसके नए स्वरूप ने लोगों को आगोश में लेना शुरू कर दिया है। इसके लेकर देश में भी बचाव के लिए तैयारिया और सावधनी बरती जा रही है। शासन से मिले नए आदेश के क्रम में अब विदेश से आने वाले हर नागरिक के लिए आठ दिन का होम आइसोलेशन अनिवार्य कर दिया है। हवाई अड्डे पर उतरने के बाद वही पर उसकी आरटीपीआर से जांच कराई जाएगी और संबंधित जनपद को इस बाबत एयरपोर्ट अथारिटी से सूचित किया जाएगा। इसके बाद स्वास्थ्य के आधार पर उसे एल.1 और एल.2 अस्पताल में भर्ती कराने के साथ कांट्रेक्ट ट्रेसिग की जाएगी। ताजा अध्ययन के मुताबिक कोरोना की दूसरी लहर में डेल्टा वेरियट की अपेक्षा नया वेरियंट ओमीक्रोन और भी खतरनाक माना जा रहा है।



सीएमओ डॉ. एसएन दुबे।

### निगरानी समितियां भी देंगी सूचना

**मऊ।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसएन दुबे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर पालिका की टीम मुस्तैद की जाएगी। दूसरी लहर के दौरान इन समितियों का गठन किया गया था। अब यह समिति बाहर से आने वाले हर व्यक्ति की सूचना देगी और उनकी जांच के साथ स्वास्थ्य की भी निगरानी करेगी। साथ ही साथ कोरोना के बदलते स्वरूप को लेकर अब विदेश से आने वालों को होम आइसोलेट किया जाएगा। रैपिड रिस्पांस टीम और निगरानी समितियों को सक्रिय कर दिया गया है। ताकि बाहर से आने वालों को आसानी से चिहित किया जा सकें।

## सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ ठेकेदारों का धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जल निगम** ठेकेदार संघर्ष समिति द्वारा मंगलवार को अपनी मांगो को लेकर षष्ठम निर्माण खण्ड, उ.प्र.जल निगम कार्यालय के प्रांगण में एक दिवसीय सांकेतिक धरना/प्रदर्शन का किया गया। जिला प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने के कारण संघर्ष समिति द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित किया गया। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव पाइप से नल द्वारा जलापूर्ति के लिए बड़ी कम्पनियों को जिलेवार कार्य दे दिया गया है। लगभग 40 हजार ठेकेदार एवं उनसे जुड़े लगभग लाखों कुशल/अकुशल श्रमिक बेरोजगार हो गये हैं। ठेकेदारों ने जल जीवन मिशन के समस्त कार्य एलएण्डटी जैसे बड़ी कम्पनी को विभागीय दर से लगभग 40 प्रतिशत से अधिक दर पर दे दिया गया है। पूर्व में स्थानीय ठेकेदारों द्वारा जो निविदाएं डाली गयी थी वो प्रतिस्पर्धा के कारण विभागीय दर से लगभग 7 से 10 प्रतिशत तक कम दरों पर थी।

## डीएम ने सीएमओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**मीरजापुर।** डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज दोपहर लगभग 12:20 बजे बिना किसी सूचना के सीएमओ कार्यालय पहुँचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपने कार्यालय में स्वयं सीएमओ नही थे, जिलाधिकारी के आने की सूचना मिलते ही कार्यालय में पहुँचे। जिलाधिकारी के पहुँचने पर उपस्थित कर्मचारियो में अफ्रा तफ्री का महौल देखा गया कुछ कर्मचारियो के द्वारा मोबाइल पर गायब कर्मचारियो को सूचना दी जाने लगी। डीएम द्वारा उपस्थिति रजिस्टर मगवाकर सभी कर्मचारियो को सीएमओ कक्ष के बाहर बुला लिया तथा एक-एक कर्मचारी को बुलाकर उपस्थिति देखी गयी। उपस्थिति रजिस्टर से मिलान करने पर मनोज कुमार द्विवेदी लेखाकार, बृज लाल वाहन चालक, दिवाकर वाहन चालक तथा एक अन्य कर्मचारी हस्ताक्षर बनाकर कार्यालय से गायब पाये गये, जिनमें वाहन चालक दिवाकर को कैम्प में जाना बताया गया। डीएम ने इन चारो कर्मचारियो के अनुपस्थित मानते हुये एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

# सपा ने मनाया हाथरस की बेटी का स्मृति दिवस

**मीरजापुर।** सपा के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर हाथरस में सामूहिक बलात्कार की शिकार बेटी की याद में सभी कार्यकर्ताओं ने दीपक जलाकर दिवंगत बेटी को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की साथ ही बेटी को न्याय देने की मांग भी की। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहन बेटियों सुरक्षित नहीं हैं। पूरे प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। दिवंगत बेटी का आनन फानन में जबरन रात में दाह संस्कार कराना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है। हैवानियत कर मानवता को शर्मशार करने वाले नरपिशाचों को फांसी की सजा दी जाए और परिवार को डराने धमकाने वाले पुलिसकर्मियों पर भी जांच कर सख्त कार्यवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है वह किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम देने में जरा भी संकोच नहीं करते हैं। हाथरस की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाई की जाए जिससे कोई भी अपराधी दोबारा ऐसा कृत्य करने की हिमाकत ना कर सके। अशोक यादव, रामगोपाल बिन्द, इलियास खां, सलीम बादशाह, मनोरमा मिश्रा, नागेन्द्र तिवारी, नीरज यादव, अतीक खां, रामजी यादव, विजयशंकर प्रजापति, अरशद, अनीस खां, मो. समीम सिद्दकीए नसीम कुरैशीए शहनवाज खांए अयूब अलीए सावित्रीए उपेन्द्र तिवारीए दीपक दूबेए शशांक यादवए अभय यादवए चन्द्रशेखर यादवए शैलेन्द्र कुमारए शिवकुमार यादवए रामनरेश यादवए फैजान खांए राजकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति के लोगों के सपनों को किया साकारः लाल

● भाजपा को जीतने से कोई रोक नही सकताः अजीत रावत

**सोनभद्र।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा आयोजित संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम आरटीएस क्लब राबर्ट्सगंज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंम्भ पं. दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर मुख्यअतिथि लाल सिंह आर्य व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे सदर विधायक भूपेश चौबे अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत घोरावल विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू बैसवार व संचालन जिला महामंत्री पन्नालाल पासवान ने किया। संविधान गौरव अभियान को संबोधित करते हुए अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि देश आजाद हुए 73 साल हुआ



संविधान लागू हुए 70 साल हो गये लेकिन संविधान दिवस किसी ने नही मनाया संविधान के कानून के मुताबिक कोई काम नही किया। कांग्रेस ने पं0 नेहरु, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी का दिवस मनाया लेकिन संविधान दिवस नही मनाया।

जम्मू कश्मीर में 70 साल से अनुसूचित जाति के लोग सांसद विधायक नही बने जम्मू कश्मीर मे डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी पं0 दीनदयाल के सपने को साकार करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर वहां भी संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति के लोगों के सपने को साकार किया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते है अगर डॉ0 साहब न होते तो आज हम भी देश के प्रधानमंत्री नही बन पाते मोदी जी ने एक बड़ा काम किया 2015 से देश मे भी संविधान दिवस मनाया जा रहा है।

अनुसूचित समाज के लोग जिसे भगवान मानते है कांग्रेस उन्हे भी चुनाव मे हराने का काम किया और बाबा साहब का अपमान किया पं0 जवाहर लाल नेहरु ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति के लोगों की बात सदन मे न रख सके इसलिए उन्हे चुनाव मे हराकर सदन मे पहुंचने से रोका डॉ भीमराव अंबेडकर के मरणोपरान्त उनका स्मारक दिल्ली मे कांग्रेस ने नही बनने दिया लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने डॉ0 भीमराव अंबेडकर का स्मारक दिल्ली, महू, सहित पांच स्थानों पर स्मारक बनाकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने का काम किया इसके पूर्व पं0 अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न देकर हम दलितों के भगवान को सम्मान देकर हम सब दलित भाईयों को सम्मान देने का काम किया। दलित समाज को बरगला के सपा बसपा, कांग्रेस ने सिर्फवोट लेने का काम किया भाजपा की सरकार ने दलित परिवार को झोपड़ी से निकालकर पक्का मकान, महिलाओं को इज्जत घर देकर एवं उज्जवला गैस कनेक्शन देकर सम्मानित किया इसलिए मै आपके बीच मे आया हूं जो आपके लिए काम किया है उसका भी सम्मान आपको करना चाहिए उत्तर प्रदेश में अब योगी राज है। सपा की सरकार नही है अब गुण्डाराज नही चलेगा अब गरीबों का उत्थान होगा देश में पीएम व प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयन्ती को समरसता दिवस के रुप मे मनाकर दलित समाज और बाबा भीमराव अंबेडकर का सम्मान कर रहे है।

# गुलामी से मुक्ति

## आज़ाद हुआ बारबाडोस

**कैरीबियन** में बारबाडोस अब एक गणतंत्र और दुनिया का नवीनतम स्वतंत्र सदस्य है। महत्वपूर्ण है कि उसने ब्रिटिश राजतंत्र से संबंध तोड़े और इस प्रकार वह 17वीं शताब्दी से जारी क्रूर औपनिवेशिक अतीत से मुक्त हुआ है। बारबाडोस शानदार समुद्र तटों व क्रिकेट का देश है जहां से गार्डन ग्रीनएज, डेस्मंड हीन्स, मैल्कम मार्शल व जोयल गार्नर उभरे थे। अब यह गणतंत्र लोकतंत्र की नई विरासत लिखेगा। यह उन थोड़े से देशों के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह है जो अब भी अपने पूर्व उपनिवेशवादियों के साथ जुड़े हैं। 1627 में बारबाडोस ब्रिटिश उपनिवेश बना जो अफ्रीका से गुलाम बना कर लाए गए लोगों द्वारा की जाने वाली खेती पर निर्भर था और यहां गुलामी प्रथा की समाप्ति केवल 1807 में हुई। 1966 में इसे स्वतंत्र दर्जा प्राप्त हुआ, पर यह कामनवेल्थ व्यवस्था का हिस्सा बना रहा। यह व्यवस्था राष्ट्रकुल देशों से अलग है, यह एक संप्रभु राज्य था जिसकी राज्य प्रमुख तथा राजतंत्र शासक ब्रिटिश रानी एलिजाबेथ द्वितीय थीं। वर्तमान समय में बारबाडोस को छोड़ कर ऐसे 15 राज्य हैं। इसने अपनी स्वतंत्रता की 55वीं वर्षगांठ पर पूर्व उपनिवेश से संबंध तोड़ा है। उसके अंतिम गवर्नर-जनरल अब देश के पहले राष्ट्रपति हैं। ये दोनों प्रतीकात्मक पद हैं, पर राष्ट्रपति बारबाडोस वासियों की स्वतंत्र इच्छा अभिव्यक्त करते हैं। इसके प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि बारबाडोस किस दिशा में बढ़ रहा है और दुनिया उससे क्या उम्मीद कर सकती है। उनके अनुसार, 'बारबाडोस वासी एक बारबोसी को राज्य प्रमुख देखना चाहते थे। यह स्वयं में विश्वास की अभिव्यक्ति है



और बताती है कि हम क्या प्राप्त करने में सक्षम हैं।' व्यवस्था से अलग होने वाले अन्य देशों में गुयाना, ट्रिनीडाड व टोबैगो तथा डोमिनिका हैं। नए गणतंत्र का उभार ऐसे समय हुआ है जब ब्रिटेन का औपनिवेशिक अतीत उसकी जनता की आलोचना का शिकार है तथा रानी और उनका परिवार भी इसमें शामिल है। प्रिंस हैरी व मर्गेन मार्केल ने देश से अनुरोध किया है कि वह आगे बढ़ने के लिए अपना औपनिवेशिक अतीत स्वीकार करे, भले ही यह चाहे जितना असहज करने वाला ही क्यों न हो।

अब भी ब्रिटेन के अलावा मानचित्र पर बिंदुओं की तरह लगने वाले कई देश अमेरिका, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, डेनमार्क, नीदरलैंड, नार्वे व न्यूजीलैंड के आधिपत्य में हैं। गणतंत्र के रूप में इन देशों के स्वतंत्र रूप से उभरने से उपनिवेशवादियों व उपनिवेशों से टकराव की समाप्ति होगा जिसने पूरी बीसवीं शताब्दी में दुनिया में वि-औपनिवेशीकरण की लहर पैदा की थी। अनेक उपनिवेशों ने अतीत की जंजीरें तोड़ कर अपना स्वतंत्र शासन, गरिमा और पहचान स्थापित की थी। औपनिवेशीरण उत्पीड़क तथा समता व संप्रभुता के सिद्धान्तों का विरोधी है जो संयुक्त राष्ट्रसंघ का प्रमुख आधार हैं। तथ्य यह है कि कुछ स्थानों पर अब भी ऐसी आदिमकालीन उत्पीड़क व्यवस्था विद्यमान है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। इसे बारबाडोस के उदाहरण से देखा जा सकता है। वि-औपनिवेशीकरण का एजेंडा केवल एक सिद्धान्त पर आधारित है कि देश को किसी भी प्रकार के बाहरी प्रशासन से मुक्त होना चाहिए तथा उसकी जनता को किसी भी प्रकार की सरकार चुनने का अधिकार होना चाहिए। इक्कीसवीं शताब्दी उम्मीद करती है कि बाकी देश भी बारबाडोस के माडल पर चल कर आत्मनिर्भरता के मानवीय अधिकार की तरह स्वतंत्रता को गले लगाएंगे।

# कृषि कानून वापसी से छोटे किसानों को नुकसान

इस कदम से जहां अढ़तिया, बड़े किसान और व्यापारी अपना क्षेत्र बचाने में सफल हुए हैं, वहीं छोटे किसानों का नुकसान हुआ है जो किसानों का विशाल बहुसंख्य हिस्सा हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 नवंबर, 2021 को विवादास्पद तीन कृषि कानून वापस लेने के सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए क्षमा मांगी कि वे किसानों के एक हिस्से को इन कानूनों के लाभ समझाने में विफल रहे। क्या ये कानून इतने जटिल हैं कि किसानों की समझ से परे हैं? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय एनएसओ द्वारा जुलाई, 2018 से जून, 2019 कालखंड के लिए जारी रिपोर्ट 'ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों की स्थिति तथा परिवारों की भूमि व मवेशियों की स्थिति का आंकलन'-एसएएस से पता चलता है कि किसानों में अपने उत्पादों की मिलने वाली कीमत को लेकर भारी असंतोष है। उनमें सबसे ज्यादा असंतोष कृषि उत्पाद मंडी समिति या एपीएमसी में बिक्री को लेकर है जो राज्य एपीएमसी एक्ट के अंतर्गत घोषित बाजार है। इसके बाद 'निजी स्थानीय बाजार' में बिक्री होती है। लगभग 83 प्रतिशत किसान इन दोनों जगहों पर अपने उत्पाद बेचते हैं। एपीएमसी में कम दाम पर बिक्री राज्य कानूनों के कारण है जिनके चलते किसान अपना उत्पाद केवल 'निर्धारित' मंडी में बेच सकते हैं। मंडी में अढ़तिये या कमीशन एजेंट उत्पाद की नीलामी तथा उसकी बिक्री करते हैं। उनका तथा लाइसेंसधारी व्यापारियों व खरीदारों का वर्चस्व है। दोनों सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को कम कीमत मिले। इसके साथ ही उसे फसल अस्वीकार होने, जानबूझ कर कम तौलने, भुगतान में विलंब, आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बाजार फीस, अढ़तियों का कमीशन तथा ग्रामीण विकास सेस-आरडीसी जैसी चीजें भी किसानों की परेशानी बढ़ाती हैं।

हालांकि, निजी स्थानीय बाजार में बिक्री विधिक रूप से प्रतिबंधित है, पर आमतौर से एपीएमसी तक पहुंच न रखने वाले छोटे किसान मजबूरी में अपना उत्पाद औने-पौने दामों में उन व्यापारियों को बेचने को मजबूर होते हैं जिनका मंडी पर वर्चस्व होता है। लेकिन भ्रष्ट नौकरशाहों व राजनेताओं की सहायता के कारण राज्य कानून के उल्लंघन के बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। संक्षेप में वर्तमान राज्य एपीएमसी कानूनों के अंतर्गत किसानों को नुकसान होता है। इससे बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता अन्य स्थानों पर बेचने का अवसर मिलना है। अतीत में राज्यों ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए थे। 20 राज्यों ने ठेका खेती को अनुमति दी, 23 राज्यों ने किसानों से 'सीधी खरीद' की अनुमति दी, 22 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों ने निजी थोक बाजारों को अनुमति दी, जबकि 15 ने फलों और सब्जियों को एपीएमसी कानून से बाहर कर दिया। ये प्रयास टुकड़ों में थे और छोटे किसानों की पहुंच बेहतर नहीं बना सके जो कुल किसानों में 80 प्रतिशत से अधिक हैं। तीन केन्द्रीय कानून यह कमी पूरी करते थे क्योंकि बिना एपीएमसी मंडियों में व्यवधान पैदा किए ये गैर-एपीएमसी मंचों पर बिक्री की अनुमति देते थे। इन कानूनों में ऐसा कुछ नहीं है जिसे किसान समझ न सकें। यदि तीन कानूनों में कुछ अत्यधिक जटिल था तो इसे केन्द्रीय मंत्रियों के साथ लंबी बैठकों में समझा जा सकता था। मंत्रियों ने किसानों की मांग पर अनेक संशोधनों के लिए सहमति भी दी थी। और ज्यादा संशोधनों को मंजूरी देने के साथ ही प्रधानमंत्री ने एक कदम आगे बढ़ कर कानूनों का क्रियान्वयन दो साल के लिए टालने का कदम भी उठाया था। लेकिन यदि अवस्थापना द्वारा समावेश के अनेक संकेत देने के बावजूद यदि किसान नेता 'वापसी' से कम किसी चीज पर तैयार नहीं थे तो इसका कारण पंजाब व हरियाणा के कुछ किसानों की भयानक जिद थी जिनके पास बड़ी-बड़ी जमीनें हैं। इनमें अढ़तिये भी शामिल थे जिनका बिक्री व खरीद पर प्रभुत्व है और वे दूसरे संभावित प्रतियोगियों को इस क्षेत्र से दूर रखना चाहते हैं।

केंद्रीय एजेंसियां देश में उत्पादित गेंहूं व चावल का 30 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीदती हैं। गेंहूं का लगभग 30 प्रतिशत उत्पादन पंजाब व हरियाणा में होता है, जबकि चावल में इन राज्यों का हिस्सा 14 प्रतिशत है। लेकिन अपनी कुल खरीद में एजेंसियां 60 प्रतिशत गेंहूं व 35 प्रतिशत चावल केवल इन दोनों राज्यों से खरीदती हैं। इसके साथ ही इसमें से लगभग सारी खरीद बड़े किसानों से होती है। किसानों के इस वर्ग को आशंका थी कि यदि इस क्षेत्र को सबके लिए खोल दिया गया तो वे अपना विशेषाधिकार खो देंगे। अढ़तियों का भी अपने कमीशन की रक्षा करने में निजी स्वार्थ है और उनका छोटे किसानों पर भी व्यापक नियंत्रण है। यदि छोटे किसानों को अपना उत्पाद गैर-एपीएमसी स्थानों पर बेचने की अनुमति मिले तो अढ़तिये उन पर अपना नियंत्रण खो देंगे, जबकि वर्तमान समय में वे सोने का अंडा देने वाली मुर्गी की तरह हैं। अढ़तिये छोटे किसानों से औने-पौने दाम पर उत्पाद खरीद कर उसे ऊंचे दामों पर बेच कर भारी मुनाफा कमाते हैं। वे इन छोटे किसानों को ऊंची दरों पर कर्ज देते हैं तथा उनसे ब्याज के रूप में भारी आमदनी प्राप्त करते हैं। कृषि कानून वापस लेने के इस कदम से जहां अढ़तिया, बड़े किसान और व्यापारी अपना क्षेत्र बचाने में सफल हुए हैं, वहीं छोटे किसानों का नुकसान हुआ है जो किसानों का विशाल बहुसंख्य हिस्सा हैं। इसके साथ ही कृषि ढांचागत संरचना में निजी निवेश की किसी संभावना के उबरने के पहले ही भारी नुकसान हुआ है। यह अर्थव्यवस्था के सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र के टिकाऊ विकास के लिए जरूरी है। यह कदम आश्चर्यजनक है, लेकिन ऐसा हुआ है और इसके कुछ कारण निम्न हो सकते हैं।

पहला, जनवरी, 2021 में कानूनों का क्रियान्वयन स्थगित करने का आदेश देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक समिति इस संस्तुति के लिए गठित की थी कि वह किसानों के बीच सभी पक्षों से बात कर नतीजा निकाले। बताया जाता है कि मार्च, 2021 को पेश अपनी रिपोर्ट में समिति ने तीन कानूनों का समर्थन किया था। लेकिन अदालत ने यह मुद्दा लंबित रखा। दूसरा, सार्वजनिक विमर्श में किसानों को एक समान समूह के रूप में पेश किया गया और इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया गया कि संपदा, आय, आदि के मामले में बड़े और छोटे किसानों के बीच भारी अंतर है। इससे बड़े किसानों को निर्णायक बनने में सहायता मिली। छोटे किसान असंगठित हैं, इसलिए उनकी आवाज नहीं सुनी जाती है। तीसरा, बड़े किसानों व व्यापारियों की लाबी ने मुद्दों पर भ्रम फैलाने में सफलता पाई। उदाहरण के लिए, वे कहते रहे कि 'गेंहू किसान को प्रति क्विंटल 1975 रुपये की एमएसपी से अपने उत्पाद का केवल आधा दाम मिलता है।' इस प्रकार वे बताते रहे कि केन्द्रीय कानूनों से उनको क्या मिला, लेकिन सच्चाई यह है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थगनादेश के कारण कानून लागू ही नहीं थे। चौथा, वे छोटे किसानों का ध्यान 'असली कारणों' से हटाने में सफल हुए कि उनकी परेशानी का कारण उत्पीड़क राज्य एपीएमसी कानून हैं। उनको समझा दिया गया कि केन्द्र द्वारा गारंटी एमएसपी कानून उनकी सारी समस्याओं का समाधान होगा।

कुल मिला कर कहा जा सकता है कि तीन कानूनों की वापसी से कृषि-बाजार सुधारों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। हाल ही में इनके पुनर्जीवित होने की कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह पता लगाने के लिए एक समिति गठित की है कि 'एमएसपी को कैसे ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है', जबकि यह केवल सतही कदम है। इस बीच किसानों के नेता और मांगें पेश कर रहे हैं तथा सरकार रक्षात्मक दृष्टिकोण अपना रही है। इस प्रकार देश एक खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। एमएसपी की विधिक गारंटी राष्ट्रीय खजाने को दीवालिया कर सकती है।

इससे भंडारण व परिवहन सुविधाओं पर भारी बोझ पड़ेगा, बरबादी कई गुना बढ़ेगी तथा भारत को खाद्य सब्सिडी के मामले पर डब्लूटीओ में शर्मिन्दा होना पड़ेगा क्योंकि किसानों को आसमान के तारे देने के लिए व्यापार विकृत हो जाएगा। किसानों को बिजली संशोधन कानून से अलग रखने से पहले से ही भारी घाटे का शिकार बिजली वितरण कंपनियों पर और बोझ पड़ेगा तथा राज्यों की वित्तीय व्यवस्था खराब होगी। जलवायु पर कानूनों से किसानों को अलग रखने की मांग से प्रदूषण बढ़ेगा तथा विश्व समुदाय को गलत संकेत जाएगा। देखना होगा कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साहस कर इस गिरावट को रोकने में सफल होंगे?

# कर्ज के साये में भारत की सुपर आर्थिक प्रगति यात्रा

**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत एक उच्च ऋण और एक आर्थिक रामबाण के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर देने के उद्देश्य से दुनिया में शामिल हो गया। दिल्ली से सटे 10,500 करोड़ रुपये के जेवर हवाई अड्डे सहित बुनियादी ढांचे में भारत के 233.08 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश से आधिकारिक तौर पर अर्थव्यवस्था को एक बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भारत अकेला नहीं है। पूरी दुनिया इसके लिए प्रयास कर रही है। इसका परिणाम विश्व ऋण में अति-विकास 226 ट्रिलियन डॉलर है। अपनी 2021 की वित्तीय निगरानी रिपोर्ट में, आईएमएफ ने कहा कि भारत का कर्ज 2016 में उसके सकल घरेलू उत्पाद के 68.9 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 89.6 प्रतिशत हो गया है। इसके 2021 में 90.6 प्रतिशत और फिर 2022 में घटकर 88.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। 2026 में धीरे-धीरे 85.2 प्रतिशत तक पहुंचना। जेवर ने प्रदेश चुनाव को देखते हुए यूपी में विकास की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के इस हिस्से को सबसे अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों में से एक बना सकता है जो बड़ी संख्या में प्रवासियों को आमंत्रित करता है जो स्थानीय संसाधनों को बढ़ा सकते हैं।

शेयर बाजार में भारी गिरावट ने एक नई चिंता और बढ़ा दी है। राष्ट्र उम्मीदों पर उड़ान भरने की उम्मीद करता है लेकिन हवाईअड्डा परियोजनाएं, उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी विकास, बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई और कृषि भूमि का अधिग्रहण पारिस्थितिक चिंताओं को बढ़ाता है। लेकिन एक देश जो कोरोनावायरस महामारी से बाहर निकलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, वह तेजी से विकास की तलाश में है ताकि नकदी प्रवाह हो। सरकार ने 'नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी)' का विस्तार 7,400 परियोजनाओं तक कर दिया है। उद्योग और आंतरिक व्यापार विभाग के अनुसार, 217 परियोजनाएं रु। 1.10 लाख करोड़ (15.09 बिलियन डॉलर) 2020 तक पूरे हो चुके थे। एनआईपी के माध्यम से, सरकार ने जुलाई 2021 तक बुनियादी ढांचे के विकास में 1.4 ट्रिलियन डॉलर का निवेश किया। हालांकि, बुनियादी ढांचे में जितना अधिक निवेश किया जाता है, उतनी ही अधिक



लागत देश को वितरित करने की होती है। जब तक उद्योग से लेकर कृषि तक गतिविधियों में समग्र वृद्धि नहीं होती है, तब तक लाभ वहन करना महंगा हो जाता है। आईएमएफ का कहना है कि गरीब देशों के लिए वित्तपोषण पर बाधाएं विशेष रूप से गंभीर हैं। यह देखते हुए कि 2020 में, राजकोषीय नीति ने इसके लायक साबित कर दिया, वित्तीय मामलों के लिए आईएमएफ निदेशक विटोर गैस्पर का कहना है कि 2020 में सार्वजनिक ऋ्रण में वृद्धि ष्टह्र्ङ्कढ्ढष्ठ-19 और इसके आर्थिक, सामाजिक और वित्तीय परिणामों का जवाब देने की आवश्यकता से पूरी तरह से उचित थी। लेकिन वृद्धि एकतरफा होने की उम्मीद है, उन्होंने कहा। ऐसे में सवाल यह है कि कर्ज को कैसे कम किया जाए। उन्होंने कहा कि ऋ्रण की गतिशीलता नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि से एक मजबूत योगदान द्वारा संचालित होती है, साथ ही प्राथमिक घाटे में बहुत अधिक क्रमिक कमी होती है।

आईएमएफ ने कहा कि राजकोषीय दृष्टिकोण के लिए जोखिम ऊंचा है। यह भारत को अपनी नीतियों की समीक्षा करने के लिए कहता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2007-08 के वैश्विक मंदी ने एक अस्थिर वित्तीय व्यवहार का पालन किया। परिणाम उच्च मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति के होंगे जो आगे लागत में वृद्धि करेंगे और एक अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे जिससे अधिक संघर्ष हो सकते हैं। भारत की मुद्रास्फीति बढ़कर 12.5 प्रतिशत हो गई है। कीमतें बढ़ रही हैं, मजदूरी भी बढ़ रही होगी और मुद्रास्फीति का एक चक्र जारी रह सकता है।

यह देश भर में कारों और कार के उपयोग पर उच्च कराधान और उच्च दंड के शासन में भी देखा जा रहा है। बिहार में राज्य के बाहर पंजीकृत वाहनों और एचएसआरपी प्लेटों पर सबसे अधिक सख्ती है। इन्हें छोटी-छोटी बातों के रूप में नजरअंदाज कर दिया जाता है लेकिन ये छोटी-छोटी बातें लोगों के जीवन को मुश्किल बना रही हैं। यूजर चार्ज में बेवजह बढ़ोतरी की जा रही है। कुछ निजी रेलवे स्टेशनों पर पार्किंग शुल्क छत से गुजर रहा है। प्रत्यक्ष रूप से, किसी को भी %कीमतें बढ़ रही हैं% के रूप में दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, लेकिन इसकी समग्र समीक्षा की आवश्यकता है।

आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2021-22 में 9.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2022-23 में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। हेडलाइन मुद्रास्फीति में उच्च मूल्य दबाव देखा जाता है। आर्थिक गतिविधियों में संकुचन, कम राजस्व, और महामारी से संबंधित समर्थन उपायों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटे को बढ़ाकर क्रमश: 8.6 और 12.8 प्रतिशत जीडीपी के केंद्र और राज्य सरकारों के लिए किया गया है।

लेकिन आईएमएफ इस बात से चिंतित है कि नीतिगत समर्थन के बावजूद, बैंक ऋ्रण वृद्धि धीमी रही है, जबकि बड़े कॉरपोरेट्स को पूंजी बाजार में आसान परिस्थितियों से लाभ हुआ है। शुद्ध अंतर्वाह और चालू खाते में सुधार ने विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का समर्थन किया है। तेल की कीमतों में वृद्धि के रूप में चालू खाते की शेष राशि घाटे में रहने का अनुमान है।आईएमएफ की समग्र रिपोर्ट आने वाले वर्षों में आसान स्थिति नहीं होने का संकेत देती है।

देश को चलाना आसान नहीं है। यह सच है कि अंतरराष्ट्रीय संगठन सतर्क हैं जबकि सरकार को लगता है कि उनके प्रयासों में बाधा आ रही है। भारत को उम्मीद है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास आईएमएफ को झुठला देंगे और इन्फ्रा पुश देश को लक्षित विकास की ओर ले जाएगा।

## आप की बात

### सड़क पर सुरक्षा

**देश** में सड़क सुरक्षा सप्ताह हर वर्ष जनवरी माह में मनाया जाता है। इस वर्ष 2021 में सड़क सुरक्षा सप्ताह एक महीने मनाया गया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की कोशिश सरकारें करती हैं। जिससे लोग सुरक्षित यात्रा सड़कों पर कर सके। प्रति वर्ष लाखों लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत, विकलांग और मानसिक रूप से कमजोर और याददाश्त खो देते है। हमारे देश मे बढ़ती दुर्घटनाओं का कारण लोगों द्वारा यातायात के नियमो का पालन नही किया जाता। दोपहिया वाहनों के चालक हेलमेट, चार पहिया वाहनों के चालक सीट बेल्ट का प्रयोग नही करते। शराब पीकर, कानो में इयर फोन,तेज आवाज में गाने बजाने,गलत साइड में वाहन चलाना और निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार से वाहनों को चलाकर स्वयं खतरा उठाकर दुसरों की जान खतरे में डाल देते हैं। शराब पीकर और कान में मोबाइल लगाकर बात करते हुये वाहन चलाने वाले ज्यादा दुर्घटनाओं को न्यौता देते हैं। फर्राटे भरते वाहन सड़को पर अचानक पालतू जानवर,बच्चे और वन्य जीव जन्तुओं के आ जाने से वाहनों पर नियंत्रण नही कर पाते और भयानक किस्म की दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### क्रीमी लेयर पर बहस

**सर्वोच्च** न्यायालय में मलाईदार परत (क्रीमी लेयर) को लेकर जोरदार बहस चल रही है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्रीमी लेयर का पैमाना सबके लिए एक-जैसा क्यों हो? उसने पूछा है कि 8 लाख रुपये की सालाना आमदनी की सीमा सब पर एक-जैसी क्यों थोपी गई है? ऊंची जातियों के गरीब लोगों को जो 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, उसका आधार क्या है? गरीब पिछड़ों और गरीब अगड़ों को एक ही तुला पर क्यों तोला जा रहा है? इसलिए तोला जा रहा है कि पिछड़ों को तो पहले से ही 50 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है वह भी बिना किसी आर्थिक सीमा के! जबकि अगड़ों में कई ऐसे गरीब है जो बदहाली में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उनके लिए 2 जून कि रोटी कमाना बड़ा कठिन कार्य है। एसेमें उनका कोई प्रतिभावान बच्चा अच्छे मार्क्स लाने के बावजूद आरक्षण के चलते अयोग्य घोषित कर दिया जाए तो वह क्या करें? अत: सुप्रीम कोर्ट को यह 10 प्रतिशत आरक्षण सिर्फ अगड़ी जाति के निम्न आय वर्ग वालों के लिए ही रखना चाहिए !इसमें पहले से50त्न आरक्षण पा रही पिछड़ी जाति को फिर से 10 प्रतिशत आरक्षण में शामिल करने का कोई औचित्य नहीं है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### टिकैत से सवाल

**टिकैत** और उनके समर्थक कह रहे हैं कि कृषि कानून वापस लेना काफी नहीं, अभी एमएसपी पर कानून चाहिए , तथा कथित तौर पर धरने के दौरान मरने वाले 700 लोगों का मुआवजा मिलना चाहिए। धरने पर सरकार ने कोई गोली नहीं चलाई, कोई लाठियां नहीं पटकाईं, तो ये 700 लोग कहां मारे गए ? कहीं इनमे वे तो शामिल नहीं हैं जिन्हे धरने वालों ने जिंदा जलाकर, या हाथ-पैर काटकर मौत के घाट उतारा था। एक महिला की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी, दिल्ली के बहुत सारे कारखाने धरनों के कारण बंद हो गए, और उनके श्रमिक सड़क पर आ गए, उनके परिवारों मे बीमारी/ भूख से मौतें हुईं, टिकैत या उनके किसान यूनियन वाले साथी इनके लिए मुआवजे देंगें? कॉंग्रेस के शासन मे किसानों पर कई दफा गोली चली, किसान मरे, पर मुआवजे के लिए धरने नहीं हुए। फिर अब क्यों? यदि टिकैत आत्महत्या से हुई मौतों की बात कर रहे हैं, तो कृषि कानूनों से पूर्व साल मे 17,000 आत्महत्याएं हो रही थीं, यानि 16,300 मौत कम हुई। इसके लिए सरकार को धन्यवाद नहीं देना चाहिए?

– **अजय मित्तल**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**भर्ती** और पेपर लीक में भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की पहचान बन गया है।

– **प्रियंका वाड्रा**
कांग्रेस नेता

**ब्रिटेन** और दुनिया भर के यहूदी लोगों को चानुका की बहुत बहुत शुभकामनाएं जो इस सप्ताह मेनोराह जलाएंगे।

– **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री





**हमें** नए कोरोनावायरस संस्करण को भारत में प्रवेश करने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# नये जिला चिकित्सालय को डीडीओ कोड मिलने से सरकारी दवा की आपूर्ति शुरू

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी



जिला अस्पताल में इलाज कराते हुए मरीज पायनियर

**जिले** के नये जिला चिकित्सालय को डीडीओ कोड मिल गया हैए जिससे सरकारी दवा की आपूर्ति शुरू हो गई है। इसके पहले पौने दो साल से जिला चिकित्सालय उधार की दवा पर चल रहा था।अस्पताल के पास लंबे समय से मरीजों के लिए दवा नहीं थी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अपर सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि अमेठी जनपद में डाक्टरों के महत्वपूर्ण खाली पदों को भरने के लिए पत्र लिखा गया है। डीडीओ कोड मिलने के साथ ही डाक्टरों की तैनाती शुरू हो गई है। जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ बद्री प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि 191 प्रकार की दवा की आपूर्ति शुरू हो गई है। इसके बाद महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रुचिका सेठ की तैनाती हो गई है। अभी जनपद में सर्जन के सभी 18 पद खाली पड़े हैंए जिससे आपातकालीन सेवा के मरीजों को बाहर रेफर करना पड़ता है। दुर्घटना के मरीजों को तुरंत इलाज न मिलने से रास्ते में मौत हो जाती है। इसलिए सर्जरी विशेषज्ञों की तैनाती बहुत आवश्यक है। इसके लिए बार. बार निदेशालय को पत्र लिखा जाता है पर पत्र का कोई असर नहीं होता है।

## सड़क दुर्घटना में नीलगाय व कार की टक्कर से कार सवार पांच लोग घायल

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र की चौकी थुलेडी के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर उमरपुर गांव के निकट लखनऊ की ओर जा रही क्रेटा कार गाड़ी संख्या यूपी 33 बीएन 1718 नीलगाय के झुंड से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। वही मौके पर एक नीलगाय की मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायलों को घर भेज दिया है। कार सवार स्थानीय विकास क्षेत्र की नीम टीकर ग्राम सभा में तैनात लेखपाल जितेंद्र सिंह चौहान निवासी यशवंतपुर थाना महाराजगंज के पुत्र व बहू बताए जा रहे हैं, जो इलाज के लिए लखनऊ जा रहे थे। इस बाबत चौकी प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। कार में सवार सभी पांचों लोग इलाज के लिए लखनऊ जा रहे थे। किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आई हैं।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक



संवाददाता। श्रावसती, भिनगा

**अपर** जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र की अध्यक्षता में अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में जनपद में सक्रिय राजनीतिक दलों के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षोंए मंत्रियों के साथ विचार.विमर्श हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होने अवगत कराया कि जनपद में अवस्थित 289, भिनगा एवं 290, श्रावस्ती विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/ उप जिलाधिकारी भिनगा एवं इकौना के माध्यम से बूथों एवं केन्द्रों पर तैनात किये गये बूथ लेवल आफिसर एवं पदाभिहित अधिकारियों को पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6ए 6एए 7ए 8 एवं 8ए उपलब्ध करा दिया गया है। अभियान में युवा वर्ग के नागरिकों एवं महिलाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु विशेष बल दिया गया है। उन्होने यह भी बताया कि 30 नवम्बर 2021 को प्राप्त दावेध्आपत्तियों के निस्तारण हरहाल में 20 दिसम्बर तक कर दिया जायेगा। निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 5 जनवरीए 2022 को किया जाना है। इस बैठक में रमन सिंह महामंत्री भाजपाए राजकुमार ओझा जिला अध्यक्ष रालोदए दीनानाथ वर्मा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टीए जिला अध्यक्ष सपा सर्वजीत यादवए जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी मो0 असलम खानए जिला अध्यक्ष बसपा दिनेश कुमार गौतमए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलालए वरिष्ठ सहायक तुलसी रमण श्रीवास्तव एवं इम्तियाज अहमद स्थित मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बारात मे युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव सहजापुर निवासी सत्यप्रकाश 22वर्ष पुत्र पुष्पराज अपने गांव मे बरात आने पर कार्यक्रम मे सलीख हुए थे जहां पर डांस करते करते उनकी हालत बिगड़ने के बाद जैसे ही कुर्सी पर बैठे वो अचेत हो गए जिनको परिजनो के द्वारा आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार मे भर्ती करवाया गया जहां पर उनको चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया है।परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।पुलिस ने जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया है।

### रिटायर सिपाही की संदिग्ध हालत में मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव बांधाबैरी निवासी रिटायर सिपाही रामसजीवन यादव की हालत घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियो मे बिगड़ने के बाद मौत हो गई जिनके मौत पर तरह तरह कीचर्चा व्याप्त थी।जिसमे ग्रामीणो की माने तो मृतक रिटायर सिपाही अपने कुछ पुत्र को अलग कर रखा था और एक ही पुत्र के साथ रहते थे घटना को लेकर ग्रामीण भी संदिग्ध मौत होने की चर्चा करते रहे।

### मछली व खचुआ तस्करी का विरोध, चार नावें जब्त

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गोलागंगाघाट पर मछली व खचुआ की तस्करी गंगा से नाव द्वारा करने की सूचना स्थानीय पुजारियो ने 112नंबर पुलिस को दिया। जिसमे पुलिस के पहुंचने पर तस्कर अपनी अपनी नाव को छोड़कर फरार हो गए।जिसमे चार नाव मौके पर मिलने पर उनको पुलिस ने जप्त करते हुए स्थानीय पुजारियो के सुपुर्द कर दिया है।जिसमे तस्कर गंगा के पार के व कुछ गंगा तट से जुड़े गावो के बताए जा रहे है।पुलिस का कहना कि नाव के आधार पर जांच करके विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

### मार्ग दुर्घटना में चार लोग गंभीर घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मार्गदुर्घटना में घायल रेखा 62वर्ष व पति रमेश 66वर्ष निवासीगण कुसुमी थाना जगतपुर;नंद किशोर 38वर्ष पुत्र वासदेव झामकापुरवा थाना जगतपुर;महताब 30वर्ष पुत्र रज्जबअली निवासी कल्यानपुर कानपुर को भर्ती करवाया गया जिसमे सभी की हालत गंभीर होने पर सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### कोतवाली के दिवान की हालत बिगड़ी, भर्ती

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली में रामकुमार 52वर्ष दिवान के प्रभार पद पर तैनात है।जिनकी हालत एकाएक बिगड़ने के बाद उनको वहां के स्टाप के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती करवाया गया।चिकित्सक ने बताया कि दिवान का प्राथमिक उपचार करके रेफर कर दिया गया है।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को दी गई भावभीन विदाई

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल चौबे द्वारा उ0 नि0 विष्णु नारायण अवस्थीए उ0 नि0 इम्तियाज अहमद व मुख्य आरक्षी मोहम्मद यूनुस के सेवानिवृत्त होने पर उनके लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तत्पश्चात प्रतिसार निरीक्षकए प्रधान लिपिकए प्रभारी आंकिक शाखाए पेशकार पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगणों द्वारा से0नि0 पुलिस कर्मी का माल्यार्पण किया गया।

### जेतवन इंटर कॉलेज में बौद्ध भिक्षुप्रज्ञानंद की पुण्यतिथि मनायी गयी

**श्रावस्ती, कटरा।** श्रावस्ती स्थित जेतवन इंटर कॉलेज के प्रांगण में बौद्ध भिक्षु स्व प्रज्ञानंद की पुण्यतिथि का आयोजित की गई। कार्यक्रम में मौजूद बौद्ध भिक्षुओं ने बौद्ध गुरू के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लिया साथ ही परित्राण पाठ का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि पर उपस्थित श्रद्धा लोक महा थेरों ने कहा कि भिक्षु प्रज्ञा नंद जी आजीवन भगवान बुद्ध के विचारों के प्रसार मे लगे रहे। भरतीय संबिधान के निर्माता डाण् भीमराव अंबेडकर को दीक्षा प्रदान करने वाले भिक्षु प्रज्ञानंद का त्याग व सेवा वंदनीय है।

### हनुमान मन्दिर विवाद पहुंचा एसडीएम की चौखट पर

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के प्रसिद्ध धार्मिक पीठ हनुमान मन्दिर भी विवाद के घेरे में आ गया है।हनुमान गढी विकास समिति और गायत्री मन्दिर ट्रस्ट के बीच का विवाद सोमवार को एसडीएम की चौखट पर पहुंच गया,जहां एसडीएम ने दोनों पक्षों को 15 दिसम्बर को फिर से बुलाया है।मामले में गायत्री मन्दिर ट्रस्ट की ओर से उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई थी।उसी सिकायत के संदर्भ में दोनों पक्षों को एसडीएम विजय कुमार ने बुलाया था।जिसपर हनुमान गढ़ी विकाश समिति के अधिवक्ता अशोक शुक्ला ने शिकायत की कापी और तैयारी के लिये समय मांगा।जिसपर एसडीएम ने 15 तारीख को दोनों पक्षों को फिर से बुलाया है।विवाद गायत्री मन्दिर के बाहरी हिस्से में यज्ञशाला निर्माण को लेकर उत्पन्न हुआ है।

### कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मारपीट आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।मामला सर्राफा मंडी मोहल्ला का है। जहां के निवासी अशोक गुप्ता का आरोप है कि राहुल उर्फअमित द्वारा अपने घर में तोड़फोड़ कराने से उसका घर क्षतिग्रस्त हो गया। जब उसने मामले की शिकायत राहुल से की तो उसने अपनी पत्नी व घर में काम कर रहे तीन मजदूरों व मिस्त्री के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी।वह अपने घर भागा तो उसके घर में घुसकर उसकी पिटाई करते हुए कुर्सी आदि तोड़ दी गई।शिकायत पर लालगंज पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो उसने न्यायालय का सहारा लिया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# एनटीपीसी में है अभिनव सुरक्षा संस्कृतिः कमलेश सोनी

संवाददाता। ऊंचाहार



**एनटीपीसी** में नवंबर महीने को सुरक्षा माह के रूप में मनाया गया। जिसके तहत सुरक्षा संबंधी जानकारी व जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुरक्षा माह के समापन अवसर पर परियोजना में कार्यरत संविदा श्रमिकों की एक विशाल रैली निकाली गई। मुख्य महाप्रबंधक कमलेश सोनी ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर न केवल रवाना किया बल्कि स्वयं रैली का नेतृत्व किया। रैली में बड़ी संख्या में भागीदारी करने वाले संविदा श्रमिकों से कदम ताल करते हुए श्री सोनी के साथ–साथ अन्य विभागाध्यक्षों ने उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। सुरक्षा संबंधी त्वरित जानकारी तथा परामर्श देने के उद्देश्य से मुख्य महाप्रबंधक ने सुरक्षा काउंसलिंग बूथ का शुभारंभ किया तथा संविदा श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बनाए रखने के लिए सेफ्टी पेप टॉक किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री सोनी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सतत विद्युत उत्पादन एवं कार्य–निष्पादन के दौरान सुरक्षा को सर्वोपरि स्थान देना चाहिए। ऊंचाहार परियोजना का सुरक्षा विभाग इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इससे एनटीपीसी कर्मचारियों के साथ–साथ संविदा श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति प्रबल जागरूकता का संचार होता रहता है जिससे विद्युत ग्रह के नित्य प्रति के कार्य संचालन में शून्य दुर्घटना का लक्ष्य पूर्ण हो पाता है और ये ही एनटीपीसी की अभिनव सुरक्षा संस्कृति है। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अरिंदम बनर्जी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एस के झा, मानव संसाधन विभाग प्रमुख वंदना चतुर्वेदी, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) पी सी मोहांती सहित एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लालगंज नगर में ट्रैफिक जाम से लोगों का जीना हुआ दूभर

● **अप्रशिक्षित पुलिस कर्मियों व मनमानी पार्किंग से लग रहा जाम**

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**कस्बे** में लगने वाले जाम से लोगो को राहत दिला पाने में प्रषासन नाकाम साबित हो रहा है। मेंन रोड में पूरे दिन लोगो को जाम से परेषान होना पड़ता है।

नगर में मेंन रोड से लेकर वीरा पासी चौक व गांधी चौराहे में लगने वाला जाम अब सामन्य बात हो गई है। सबसे अधिक दिक्कत विघालय खुलने व बंद होने के समय होती है। घंटो जाम में फंसने से आवष्यक कार्य के लिये जा रहे राहगीरो को भारी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। मेंन रोड़ स्थित आचार्य नगर मोंड़ में पूरे दिन जाम की समस्या उत्पन्न रहती है। जिसका कारण सड़क के दोनो ओर खड़े वाहन होते है। इसी स्थान पर कई बैंको के साथ उनके एटीएम व बडे विघालय भी है। मौके पर तैनात सिपाही व गार्ड लोगो को यातायात नियमो का पालन करा पाने में अक्षम साबित हो रहे है जिसके चलते जाम के झाम से लोगो को मुक्ति नही मिल पा रही है। यही हाल पूरे मेंन रोड़ में रहता है जिनमें मुख्य रूप से अम्बेडकर मार्ग मोड, सब्जी मंडी मोड, सर्राफा मंडी मोड व करूणा बाजार चौराहा है। जाम में अक्सर मरीजो को ले जा रही एम्बुलेंस भी फंस जाती है। लेकिन आगे निकलने की होड में लोग उसे भी रास्ता नही देते जिससे कई बार मरीजो की हालत गंभीर हो जाती है। लोगो ने प्रषासन से मांग की है कि जाम के स्थानो को चिन्हित करते हुए उन स्थानो पर प्रषिक्षित पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाये जिससे उन्हे आयेदिन जाम की समस्या न झेलनी पड़े।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जेल का निरीक्षण

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अब्दुल शाहिद के दिशा–निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख–रेख, खानपान, रहन–सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली सुमित कुमार द्वारा सप्ताहिक निरीक्षण सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए किया गया। इस दौरान सचिव ने जेलर सत्य प्रकाश व कुंवर वीरेन्द्र विक्रम सिंह से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिती व रखरखाव तथा कोरोना वायरस के बचाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। जेलर को निर्देशित किया गया कि जो भी बन्दी जिला कारागार में आ रहे है, उनकी जाँच कराकर उन्हें मास्क व सैनेटाइजर उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण में कुल 1401 बन्दी निरुद्ध बताये गये। इस अवसर जेल में विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। सचिव ने जेलर को महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य की देख–भाल कराने तथा उन्हें समय से दवा आदि उपलब्ध कराने एवं बढ़ती ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों को स्वेटर एंव गर्म कपड़े उपलब्ध व डेंगू से बचाव हेतु एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के पैनल अधिवक्ता जय सिंह यादव पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

## पूर्व एमएलसी ने बस स्टॉप की दुर्दशा को लेकर मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री को लिखा पत्र

**बछरावां रायबरेली।** पूर्व एम0 एल0 सी0 एवं वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्री अशोक कटारिया को लिखा पत्र। पत्र के माध्यम से उन्होंने परिवहन मंत्री को यह अवगत कराया कि लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जनपद रायबरेली का प्रवेश द्वार माना जाने वाला बछरावां कस्बे का बस स्टॉप आज पूर्ण रूप से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है। उपरोक्त बस स्टॉप परिसर में शौचालय बंद पड़े हुए हैं तथा गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे क्षेत्रीय जनता एवं यात्रियों को अत्याधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही साथ उन्होंने पत्र के माध्यम से परिवहन मंत्री से यह आग्रह किया है कि बस स्टॉप की दयनीय दशा एवं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए इसका मरम्मतीकरण एवं सुंदरीकरण कराने की कृपा करें।

# जनजागरूकता रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। अमेठी




रैली को हरी झंडी दिखाते हुए जिलाधिकारी पायनियर

**जिला** निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट श्री अरुण कुमार ने आज मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर से विभिन्न विद्यालय के छात्रों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी विकसित और मजबूत राष्ट्र एवं स्वस्थ समाज की आधार शिला मतदाता होते हैं। गौरवशाली राष्ट्र वही होता है जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नैतिक कर्तव्य समझते हैं। मतदान सबसे बड़ा दान होता है। यही लोकतंत्र की स्वस्थ परम्परा का द्योतक है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो लोग 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। उन्होंने समस्त जनमानस से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपनेदृअपने क्षेत्र में लोगों को मतदाता सूची में नाम अंकित कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जनपद के समस्त बालिग युवक एवं युवतियों से मतदाता बनने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आवाहन किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गौरीगंज सविता यादवए अन्य संबंधित अधिकारी व छात्र मौजूद रहे।

# धान क्रय केंद्रों पर किसानों को न हो कोई परेशानीः जिलाधिकारी

संवाददाता। अमेठी

● **धान खरीद को लेकर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (विध्रा) समस्त एसडीएमए नोडल अधिकारी व क्रय एजेंसियों के साथ की बैठक**

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में धान खरीद को लेकर समस्त अपर जिलाधिकारी (विध्रा) एसडीएमए नोडल अधिकारियों व धान क्रय एजेंसियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बिना बताए अनुपस्थित रहने वाले नोडल अधिकारियों में सत्यनारायण सिंह खंड शिक्षा अधिकारी जामोए मनीष दुबे एडीओ कृषि मुसाफिरखानाए आलोक दुबे एडीओ सहकारिता शुकुल बाजारए जगन्नाथ एडीओ सहकारिता गौरीगंजए सुरेश मिश्रा ग्राम विकास अधिकारी मुसाफिरखानाए अनीशा पटेल ग्राम विकास अधिकारी पिंडारा करनाईए सत्य प्रकाश यादव ग्राम विकास अधिकारी दादराए राखी कश्यप ग्राम विकास अधिकारी जमुवारीए ओमप्रकाश ग्राम विकास अधिकारी रानीगंजए अखिलेश गौतम ग्राम विकास अधिकारी मंगौलीए रामकृष्ण दुबे ग्राम विकास अधिकारी निगोहाए रितिका ग्राम विकास अधिकारी टेढईए वंदना वर्मा ग्राम विकास अधिकारी सातन पुरवाए निशा कुमारी ग्राम विकास अधिकारी उतेलवाए मोहन ग्राम विकास अधिकारी तकिया बाबाए रामकृष्ण दुबे ग्राम विकास अधिकारी मौजमगंज तथा राकेश खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर एक दिन का वेतन रोकने के साथ 03 दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा जनपद में कृषकों के पंजीकरण की समीक्षा की गई जिस पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी तक कुल 13036 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है जिसमें से 7735 कृषकों का ऑनलाइन सत्यापन कराया जा चुका हैए शेष 5296 कृषकों का सत्यापन शीघ्र कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने एडीएम तथा समस्त एसडीएम को दियाए इसके साथ ही जनपद में कुल 69 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं जिसमें विपणन शाखा के 20ए पीसीएफ के 27ए यूपीएसएस के 07ए यूपीपीसीयू के 08ए मंडी समिति के 02ए भारतीय खाद्य निगम के 02 तथा लक्ष्मी कार्प एफमीसी के 03 क्रय केंद्र हैंए जिनमें से 68 क्रय केंद्र संचालित हो चुके हैं विपणन शाखा के 01 क्रय केंद्रों को शीघ्र संचालित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद का कुल लक्ष्य 125900 मीट्रिक टन के सापेक्ष अभी तक कुल 1111 किसानों से 5392ण्21 मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है। बैठक में जिलाधिकारी ने धान खरीद की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए खरीद की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही समस्त एनोडल अधिकारियों को धान क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने एवं केंद्रों पर आने वाली समस्याओं का तत्काल निवारण कराने को कहाए इसके साथ ही प्रत्येक क्रय केंद्र पर तिथिवार टोकन दिए जांए एवं कृषकों को बहाना बनाकर लौटाया न जाएए तथा क्रय किए गए धान का भुगतान तीव्रता से कराया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एसपी सिंहए समस्त उप जिलाधिकारीए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारीए एआर कोआपरेटिव सहित अन्य क्रय एजेंसियों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरेडिका के आवासीय परिसर में हुई चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता। लालगंज,रायबरेली

**आधुनिक** रेलडिब्बा कारखाना लालगंज के प्रशांति परिसर स्थित टाईप फोर डबल स्टोरी आवासों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एसएसई केके श्रीवास्तव की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कारखाने के डिजाईन विभाग में एसएसई पद पर तैनात कौशल कुमार श्रीवास्तव पुत्र कुलभूषण श्रीवास्तव मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले हैं और आरेडिका के आवास संख्या 4222डी में रहते हैं। उन्होंने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि वह अवकाश पर गए थे।वहां से सोमवार को वापस लौटने पर आवास के दरवाजे व अंदर रखी अलमारी का दरवाजा खुला मिला। चोरों ने अलमारी का लाक तोड़कर उसमें रखी 12 हजार की नगदी व चांदी के पायल समेत सरकारी रूपये चोरी कर गायब कर दिए थे।उनका कहना है जो सरकारी रूपये उन्हें वरिष्ठ यांत्रिक इंजीनियर अभिकल्प अशोक कुमार अग्निहोत्री ने रखने के लिए दिए थे।उसी शिकायती पत्र में आवास संख्या 4209डी में रहने वाले योगेश कुमार के आवास से 50 हजार की नगदी समेत उनकी पत्नी का सोने का हार,चूड़ी, अंगूठी आदि आभूषण तथा आवास संख्या 4202डी में रहने वाले शिव शंकर विश्वकर्मा पुत्र शीतल प्रसाद के आवास से 12 हजार रूपए की नगदी चोरी होने का उल्लेख किया है। कोतवाल राजेश कुमार सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।उल्लेखनीय है कि रविवार की रात चोरों ने टाईप फोर स्थित सात आवासों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। तीन आवासों से नगदी व आभूषण जाने की बात कर्मचारियों द्वारा कही गई है जबकि अन्य चार लोगों ने अभी पुलिस को कोई शिकायती पत्र नहीं दिया है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 1 दिसंबर, 2021


# मुंबई पुलिस आयुक्त को परमबीर-वाजे की बैठक की जांच करने का निर्देश

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र सरकार** ने मंगलवार को मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे की बैठक के संबंध में जांच का आदेश दिया है। दोनों की बैठक तब हुई थी जब सिंह सोमवार को यहां एक जांच आयोग के सामने पेश हुए थे। सिंह और वाजे मुंबई में जबरन वसूली के एक मामले में सह-आरोपी हैं। महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने कहा, वाजे न्यायिक हिरासत में है और नियमों के अनुसार उसे किसी से नहीं मिलना चाहिए। मैंने मुंबई के पुलिस आयुक्त हेमंत नागराले को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। वलसे पाटिल ने सिंह पर आपत्ति जताते हुए कहा कि होमगार्ड्स के महानिदेशक अपनी आवाजाही के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल कर रहे थे, इस मामले की भी जांच की जाएगी। जबरन वसूली के मामलों में जांच का सामना करने के लिए सिंह पिछले सप्ताह सामने आए। सिंह लंबे समय तक सार्वजनिक रूप से नहीं दिखे थे और कार्यालय से भी अनुपस्थित थे।

गृह मंत्री ने कहा, वाजे और परमबीर सिंह के बीच ऐसी मुलाकात बिल्कुल गलत है। अदालत की अनुमति से ही वाजे से मुलाकात की जा सकती है। लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें वाजे से मिलने के लिए ऐसी कोई अनुमति नहीं मिली है। यह कथित मुलाकात सोमवार को दक्षिण मुंबई में एक इमारत की दूसरी मंजिल पर सिंह के कार्यालय के बगल के एक कमरे में हुई, जब वह तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे न्यायमूर्ति चांदीवाल (सेवानिवृत्त) आयोग के सामने पेश हुए। वाजे को आमना-सामने कराने के लिए वहां लाया गया था।

सूत्रों के मुताबिक सिंह और वाजे ने आधे घंटे से अधिक समय तक बातचीत की और देशमुख के वकील ने आयोग के समक्ष इस पर आपत्ति जताई थी। हालांकि वलसे पाटिल ने स्वीकार किया कि सिंह और वाजे कुछ समय के लिए एक कमरे में मिले थे, लेकिन यह बैठक कितनी देर तक हुई इस बारे में कुछ नहीं बताया। सिंह और वाजे की मुलाकात पर विवाद शुरू होने के बाद मुंबई पुलिस ने सोमवार को उन चार कर्मियों के बयान दर्ज किए, जो वाजे को न्यायमूर्ति चांदीवाल आयोग के समक्ष सुनवाई के लिए ले गए।

# भाजपा ने नेकां की कमजोरी का फायदा उठाकर अनुच्छेद 370 हटाया: उमर

**जम्मू।** नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार अनुच्छेद 370 इसलिए निरस्त कर पाई क्योंकि 2014 के विधानसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी कमजोर हो गई थी और पीडीपी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद ने उनकी पार्टी का बिना शर्त समर्थन का प्रस्ताव ठुकराकर उनके साथ गठबंधन कर लिया, जिनकी जम्मू-कश्मीर को लेकर अच्छी नीयत नहीं थी। उमर ने लोगों से 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर पर थोपे गए बदलावों को उलटने के लिए नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने और उसे मजबूत बनाने की अपील की। पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 निरस्त कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बयान कि उनका प्रशासन केंद्र शासित प्रदेश के सभी लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहा है, के संदर्भ में उमर ने कहा, मुझे तो ऐसा होते हुए नहीं दिख रहा है। हम देख रहे हैं कि यह सरकार केवल भाजपा और कुछ कश्मीर-आधारित दलों के चुनिंदा नेताओं के लाभ के लिए है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने किश्तवाड़ जिले के इंदरवल विधानसभा क्षेत्र के चतरू में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हम पर बदलाव थोपे जाने के बाद हमने जम्मू-कश्मीर और इसकी जनता के लिए लड़ाई शुरू की। ए बदलाव इसलिए संभव हो सके क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस कमजोर थी। यदि हम 2014 के चुनाव में (विस) सीटें नहीं हारते और सरकार बना लेते तो, न तो वे अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए निरस्त कर पाते और न रोशनी अधि. के तहत लोगों को आवंटित भूमि या बाहर से आए लोगों को दी गई नौकरियां और ठेके छीन पाते। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने नेशनल कांफ्रेंस की कमजोर स्थिति का फायदा उठाया।


नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा ने भेंट की

## पूर्वोत्तर के उग्रवादी समूह बांग्लादेश में रह रहे हैं, लेकिन वहां से संचालित नहीं हो रहे : बीएसएफ

**शिलांग।** पूर्वोत्तर क्षेत्र के उग्रवादी समूह अब भी बांग्लादेश के इलाकों में घूम रहे हैं, लेकिन उस देश से सीधे तौर पर संचालित नहीं हो रहे हैं। बीएसएफ मेघालय फ्रंटियर, प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर डी. हॉकिप ने शिलांग में कहा कि उन समूहों के वहां शिविर नहीं हैं और उनके सदस्य या तो अपने रिश्तेदारों के यहां रह रहे हैं या उन्हें उनसे सहानुभूति रखने वालों ने पनाह दे रखी है। उप महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी हॉकिप ने कहा, प्राप्त जानकारी से पता चलता है कि भारतीय उग्रवादी समूह अब भी बांग्लादेश के चटगांव हिल इलाके में और मेघालय की सीमा से लगे क्षेत्रों में घूम रहे हैं। हालांकि, वे सीधे तौर पर वहां से संचालित नहीं हो रहे हैं। इन समूहों में नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी), हनीवट्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल (एचएनएलसी) और उल्फा के डी. राजखोवा नीत समूह का शेष हिस्सा शामिल हैं।

# पटरी पर लौट रही देश की अर्थव्यवस्था

## ● जुलाई-सितंबर तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही, कोविड पूर्व स्तर के पहुंची पार

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही। इसके साथ ही वृद्धि दर कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गई है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही की तुलना में धीमी पड़ी है। हालांकि इसका मुख्य कारण तुलनात्मक आधार का प्रभाव कम होना है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की वृद्धि दर 20.1 प्रतिशत रही थी।

वहीं पिछले साल सख्त लॉकडाउन से बुरी तरह प्रभावित अप्रैल-जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर में 24.4 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़े के अनुसार पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में 7.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सरकार ने पिछले साल कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशव्यापी लॉकडाउन लगाया था। इसका आर्थिक गतिविधियों पर गहरा असर देखा गया था।

इस साल भी अप्रैल के मध्य में विनाशकारी महामारी की दूसरी लहर को देखते हुए राज्यों ने इसके रोकथाम के लिए कई तरह की पाबंदियां लगाई थी। हालांकि अब आर्थिक वृद्धि दर कोविड पूर्व स्तर को पार कर गई है। मूल्य के संदर्भ में जीडीपी जुलाई-सितंबर तिमाही में 35,73,451 करोड़ रुपए रही। यह वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही के 35,61,530 करोड़ रुपए के आकार के मुकाबले अधिक है। जीडीपी पिछले साल जुलाई-सितंबर तिमाही में महामारी की वजह से लगी पाबंदियों के दौरान घटकर 32,96,718 करोड़ रुपए पर आ गई थी।

## जीएसटी से राज्यों को क्षति की पांच साल तक भरपाई करेगा केंद्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि केंद्र कानून के अनुसार जीएसटी क्रियान्वयन की वजह से राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की पांच साल तक क्षतिपूर्ति के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी संविधान संशोधन अधिनियम के तहत केंद्र को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के क्रियान्वयन से राज्यों को राजस्व में होने वाले नुकसान की



पांच साल तक भरपाई करनी है। इस दौरान राज्यों के राजस्व को वर्ष 2015-16 के आधार पर सालाना 14 प्रतिशत की दर पर संरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है। सीतारमण ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा, केंद्र सरकार संवैधानिक व्यवस्था के तहत राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों को पांच साल के लिए जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उनसे यह पूछा गया था कि क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि कोई राज्य राजस्व में 14 प्रतिशत अनुमानित वृद्धि को हासिल नहीं कर पाया है। अगर ऐसा है, तो क्या सरकार 2022 के बाद जीएसटी क्षतिपूर्ति का इरादा रखती है।

## भ्रष्टाचार से संबंधित मामले में जांच आयोग के समक्ष पेश हुए अनिल देशमुख

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे एक आयोग के समक्ष मंगलवार को पेश हुए। धनशोधन मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए देशमुख फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। विशेष पीएमएलए अदालत के न्यायाधीश एचएस सतभाई ने देशमुख को न्यायमूर्ति के यू चांदीवाल आयोग के समक्ष पेश करने के वारंट को अनुमति दी थी। तत्कालीन गृह मंत्री तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख के खिलाफ परम बीर सिंह द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए न्यायमूर्ति (से.) चांदीवाल के एकल सदस्ईय आयोग का गठन किया था। एंटीलिया विस्फोटक सामग्री बरामदगी मामले के बाद मार्च में मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से हटाए गए सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने पुलिस अधिकारियों से शहर में बार और रेस्तरां से प्रति माह 100 करोड़ रुपए इकट्ठा करने के लिए कहा था।

## क्विक न्यूज

### भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए जाने पर न्यायाधीश बर्खास्त

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक वरिष्ठ दीवानी न्यायधीश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए जाने के बाद उन्हें उच्च न्यायालय की सिफारिशो पर राज्य न्यायिक सेवा से बर्खास्त कर दिया है। गौरव शर्मा को चार साल पहले जब स्थानीय निवासी अश्विनी सैनी से 40,000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था, तब वह मंडी जिले के सुंदरनगर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) थे। प्रधान सचिव (गृह) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक उच्च न्यायालय की ओर से की गई जांच में शर्मा के खिलाफ सभी आरोप साबित हो गए है। अधिसूचना में कहा गया है कि अदालत ने 6 जुलाई, 2017 को निलंबित एसीजेएम के खिलाफ केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 के नियम 14 के तहत जांच करने का प्रस्ताव दिया था। अधिसूचना में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने मामले की जांच की थी। अदालत ने जिला न्यायाधीश राकेश कैंथला को जांच अधिकारी नियुक्त किया, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में शर्मा को रिश्वत लेने का दोषी पाया। अधिसूचना में कहा गया है कि जांच के परिणामस्वरूप, सभी आरोप साबित हो गए है और अदालत ने सिफारिश की है कि शर्मा को सेवा से बर्खास्त किया जाए।

### आतंकी हिंसा में इस साल अब तक 40 आम नागरिक मारे गए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में इस साल 15 नवंबर तक आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में 40 आम नागरिक मारे गए और 72 घायल हो गए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा मे एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे कहा कि जम्मू कश्मीर में पिछले पांच साल मे आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में कुल 348 सुरक्षाकर्मी और 195 आम नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि इस साल 15 नवंबर तक 40 आम नागरिक मारे गए और 72 घायल हो गए। राय ने कहा कि 2017 मे 40 आम नागरिक मारे गए जबकि 2018 और 2019 मे 39-39 नागरिक तथा 2020 मे 37 नागरिक मारे गए। राय ने कहा कि 2017 में 80 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए जबकि 2018 में 91, 2019 में 80, 2020 में 62 और 2021 में अब तक 35 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए।

### आजादी के बाद से एससी, एसटी को छोड़कर कोई जाति आधारित जनगणना नहीं की गई : सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने आजादी के बाद से जनगणना मे एससी और एसटी के अलावा जाति आधारित गणना नही की है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही। प्रश्न पूछा गया था कि क्या सरकार ने जाति आधारित जनगणना के लिए कोई योजना या नीति बनाई है। राय ने कहा कि संविधान एससी आदेश, 1950 और संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 के अनुसार अनुसूचित जातियो तथा अनुसूचित जनजातियो के रूप मे विशेष तौर पर अधिसूचित जातियो और जनजातियो को एक दशक मे होने वाली जनगणना में गिना जाता है। उन्होंने कहा, भारत सरकार ने आजादी के बाद से जनगणना मे एससी और एसटी के अलावा जाति आधारित जनगणना नही की है।

### बीएसएफ का अधिकर क्षेत्र बढ़ाने की अधिसूचना पर बंगाल, पंजाब की आशकाएं बेबुनियाद: सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि कुछ राज्यो मे बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने की अधिसूचना को लेकर पश्चिम बंगाल और पंजाब की सरकारो ने जो आशंकाएं व्यक्त की है, वे बेबुनियाद है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा मे एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे कहा कि बीएसएफ के क्षेत्रीय अधिकार का विस्तार करने से राज्य पुलिस के साथ सीमापार अपराधो पर नियंत्रण और अधिक बेहतर तथा प्रभावी हो जाएगा। राय ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2014 की अधिसूचनाओं का संशोधन किया है और 11 अक्टूबर, 2021 को एक अधिसूचना के माध्यम से कुछ राज्यो मे बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ा दिया है। पश्चिम बगाल और पंजाब की सरकारो ने आशंका जताई है कि यह कदम राज्य सरकार के अधिकारो का हनन है। ए आशंकाएं बेबुनियााद है।

### भाजपा नेता तरुण चुग ने पाकिस्तान में बेअदबी की घटना पर सिद्धू की चुप्पी को लेकर सवाल उठाया

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता तरुण चुग ने पूछा कि वह पाकिस्तान के सिंध मे सिखो के धार्मिक ग्रंथ की कथित बेअदबी की घटना पर चुप क्यो है। भाजपा के महासचिव चुग ने सिंध मे काशमोर जिले के एक गांव मे स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु हरकिशन साहिब में हुई कथित घटना की निंदा की। साथ ही मांग उठाई कि पाकिस्तान सरकार दोषियो के खिलाफ सख्त कार्वाई करे। चुग ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान मे अल्पसंख्यक ना केवल असुरक्षित और खतरे मे है बल्कि बेहद अमानवीय हालात मे जी रहे है। ऐसे मुद्दो पर सिद्धू चुप क्यो है, जबकि वह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को अपना दोस्त करार देते हुए उनका गुणगान करते हैं। यह किस तरह की दोस्ती है कि सिद्धू पाकिस्तान मे रहने वाले सिखो के हितो की रक्षा नही कर सकते?


पत्रकार वार्ता के बाद कोलकाता में मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा (दाएं ) पत्नी के साथ और एमएलए चार्ल्स (मध्य में )

# कांग्रेस और गोवा फॉरवर्ड पार्टी के बीच गठबंधन तय, राहुल गांधी से मिले विजय सरदेसाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**गोवा फॉरवर्ड पार्टी** के अध्यक्ष विजय सरदेसाई ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की जिसके साथ ही अगले साल गोवा में होने वाले विस चुनाव के लिए दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन पर अंतिम मुहर लग गई। कांग्रेस के गोवा प्रभारी दिनेश गुंडुराव ने बताया कि दोनों दलों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है और आने वाले दिनों में सीटे बंटवारे पर भी निर्णय हो जाएगा। दोनों पार्टियां गोवा को भाजपा के कुशासन से मुक्त कराना चाहती हैं।

दोनों साथ मिलकर लड़ेंगी और गोवा में एक साफ-सुथरी तथा पारदर्शी सरकार देंगी। सरदेसाई ने राहुल गांधी के साथ मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, अपने साथियों के साथ आज राहुल गांधी से मुलाकात की। हमने गोवा में भाजपा के भ्रष्ट, अक्षम और अलोकतांत्रिक शासन को खत्म करने के लिए जनता की तरफ से संकल्पित और एकजुट होकर लड़ने पर सहमति जताई। गोवा में अगले साल फरवरी-मार्च में 40 सदस्ईय विधानसभा के लिए चुनाव होना है। कांग्रेस, जीएफपी के साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन करने की कोशिश में है। कांग्रेस और जीएफपी के बीच पिछले कुछ हफ्तों से लगातार बातचीत होने की खबरें थीं। गुंडुराव ने कहा, फिलहाल जीएफपी के साथ गठबंधन तय हो गया है। आने वाले दिनों में कुछ अन्य दलों के साथ भी बात बन सकती है।

# एंटीलिया के पास विस्फोटक सामग्री की साजिश परमबीर, वाजे ने रची : मलिक

**पुणे।** महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे ने मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के पास विस्फोटक सामग्री की साजिश रची थी। मलिक ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए दावा किया कि सिंह और वाजे ने फर्जी पासपोर्ट (विस्फोटक सामग्री की घटना के बाद) की मदद से एक गुंडे को पाकिस्तानी नागरिक दिखाकर उसकी कथित फर्जी मुठभेड़ की योजना भी बनाई थी।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने यह भी दावा किया कि सिंह और वाजे ने एंटीलिया के पास विस्फोटक सामग्री वाली एसयूवी मिलने के मामले में राज्य के गृह मंत्रालय को गुमराह किया था। इस साल की शुरुआत में राकांपा नेता अनिल देशमुख के राज्य के गृह मंत्री पद से इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर मलिक ने इसे राजनीति से प्रेरित करार दिया।

इस साल फरवरी में दक्षिण मुंबई में अंबानी के आवास के पास विस्फोटक सामग्री वाली एक एसयूवी मिली थी और इसके कुछ दिन बाद एसयूवी के मालिक कारोबारी मनसुख हिरन का शव ठाणे जिले के मुंब्रा में एक नाले में मिला था। मलिक ने आरोप लगाया, परमबीर सिंह और सचिन वाजे ने एंटीलिया के पास विस्फोटक सामग्री की साजिश रची थी। उन्होंने एक गुंडे के पाकिस्तान में प्रवेश और निकास टिकटों के साथ एक नकली पासपोर्ट भी बनवाया था। यदि मनसुख हिरन मारा नहीं गया होता या उसने आत्मसमर्पण कर दिया होता, तो दोनों ने गुंडे को आतंकवादी दिखाकर उसकी फर्जी मुठभेड़ की योजना बनाई थी। मंत्री ने दावा किया कि मामले की जांच कर रही एनआईए को वाजे के घर से नकली पासपोर्ट मिला था। उन्होंने कहा कि एनआईए को इसे जनता के सामने रखना चाहिए।

# मप्र के मंत्री ने चौहान को बताया टंट्या भील का अवतार

**भाषा।** भोपाल

## ● कांग्रेस ने इसे आदिवासियों का अपमान बताया

**मध्य प्रदेश** की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के एक मंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आदिवासी क्रांतिकारी नायक टंट्या भील का अवतार बताकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी कांग्रेस ने इसे आदिवासी समुदाय का अपमान करार देते हुए मंत्री से माफी की मांग की है। मध्य प्रदेश सरकार चार दिसंबर को क्रांतिकारी नायक की पुण्यतिथि के पहले श्रद्धांजलि देने के लिए सप्ताह भर कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। टंट्या भील को टंट्या मामा के नाम से भी जाना जाता है।

मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री ने सोमवार को खरगोन जिले के भीकनगांव में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि टंट्या मामा लड़कियों का विवाह करवाते थे, हमारे मामा (जैसा कि मुख्यमंत्री चौहान लोकप्रिय रुप से प्रदेश में जाने जाते हैं) भी ऐसा ही करते हैं। टंट्या मामा अमीरों को लूटते थे और दौलत को गरीबों में बांट देते थे। हमारे मुख्यमंत्री लूट नहीं करते हैं लेकिन वह अमीरों से कर लेते हैं और गरीबों के लिए खर्च करते हैं।

मंत्री ने कहा, इन दोनों में एक समानता है। एक तरह से हम कह सकते हैं कि टंट्या मामा ने हमारे मुख्यमंत्री शिवराज के रुप में पुनर्जन्म लिया है। मंत्री ने चौहान और टंट्या भील की शारीरिक बनावट के बीच समानता भी चित्रित की।

पटेल क्रांतिसूर्य गौरव यात्रा के दौरान सभा को संबोधित कर रहे थे। इसके तहत टंट्या भील के जन्म स्थान बड़ौदा अहीर गांव से मिट्टी के कलश इंदौर जिले के पातालपानी लाया जा रहा है। यहां चार दिसंबर को एक आदिवासी क्रांतिकारी नायक के स्मृति में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि आदिवासी नायक की तुलना करना उनका अपमान है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कहा कि कृषि मंत्री कमल पटेल ने टंट्या भील को लुटेरा बताया और मुख्यमंत्री शिवराज अमीरों पर कर लगाने वाला बताया। क्या यह समानता है? यह गलत तुलना है। यह आदिवासी नायक और आदिवासी समुदाय का अपमान है। मंत्री और भाजपा को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

मुख्यमंत्री चौहान ने 23 नवंबर को इंदौर के पातालपानी रेलवे स्टेशन का नाम टंट्या भील के नाम पर रखने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि 53 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे इंदौर के एमआर 10 मार्ग पर बस स्टैंड और भंवरकुआं चौराहे का नाम भी टंट्या भील के नाम पर रखा जाएगा।


मुंबई में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिद्धिविनायक मन्दिर में पूजा अर्चना करती हुईं।

# ओमीक्रोन की आशंका से शेयर बाजारों में रहा बिकवाली का दबाव







**भाषा। मुंबई**

**वैश्विक** आर्थिक पुनरुद्धार पर कोरोनावयरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के संभावित असर को लेकर फैली वैश्विक चिंता के बीच मंगलवार को घरेलू बाजारों के प्रमुख सूचकांकों ने कारोबार के अंतिम पलों में अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी। रुपए के मूल्य में गिरावट और विदेशी मुद्रा की आवक में अस्थिरता होने से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। इसका असर यह हुआ कि दिन में 900 अंक तक का उछाल ले चुका सेंसेक्स कारोबार के अंत में 195.71 अंकों यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स वाहन और धातु के शेयरों में अंतिम क्षणों में हुई बिकवाली के कारण 57,064.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 70.75 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 16,983.20 अंक पर बंद हुआ। पिछले तीन महीनों में निफ्टी पहली बार 17,000 के स्तर के नीचे आया है। सेंसेक्स में सबसे ज्यादा चार प्रतिशत का नुकसान टाटा स्टील को उठाना पड़ा। कोटक बैंक, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ पावरग्रिड, टाइटन, बजाज फिनसर्व, नेस्ले इंडिया, बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस के शेयरों में 3.43 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि घरेलू सूचकांकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से लॉकडाउन लगाने की आशंका खारिज किए जाने के बाद सकारात्मक स्तर पर शुरुआत की थी।

## ● सेंसेक्स और निफ्टी दोनों गिरे

नायर ने कहा कि हालांकि ओमीक्रोन को लेकर विशेषज्ञों की चेतावनी आने के बाद वैश्विक बाजारों में नकारात्मकता हावी दिखी। घरेलू बाजार भी इसके असर में आया और अचानक बिकवाली का दौर शुरू हो गया। टीका बनाने वाली प्रमुख कंपनी मॉडर्ना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टीफन बैंसेल की चेतावनी भी वैश्विक बाजारों पर भारी पड़ी। बैंसेल ने कहा है कि कोविड-19 के मौजूदा टीकों का वायरस के इस नए स्वरूप पर असरदार होना संदिग्ध है। इसके अलावा घरेलू निवेशक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े आने की संभावना को देखते हुए भी बाजार से दूर रहे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि ऐसे हालात में यह समझदारी ही होगी कि बाजार के स्थिर होने तक अपनी मौजूदा स्थिति को बनाए रखा जाए। क्षेत्रवार स्तर पर बीएसई के धातु, ऊर्जा, ऑटो, बैंक एवं दूरसंचार सूचकांकों में 2,34 प्रतिशत तक की गिरावट रही जबकि टिकाऊ उत्पाद, आईटी, रियल्टी एवं टेक क्षेत्र लाभ में रहे। बीएसई का व्यापक मिडकैप एवं स्मालकैप सूचकांक 1.45 प्रतिशत की बढ़त पर रहे। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की नुकसान में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोप के शेयर बाजारों में दोपहर कारोबार के दौरान मिला-जुला रुख देखने को मिला। इस बीच, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसा टूटकर 75.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.15 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा था।

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भी बिकवाल बने रहे। शेयर बाजारों से मिले आंकड़ों के मुताबिक एफआईआई ने 3,332.21 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री की।

## रुपये ने शुरुआती लाभ गंवाया, 10 पैसे टूटकर 75.17 प्रति डॉलर पर

**भाषा। मुंबई**




**अंतरबैंक** विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया शुरुआती लाभ को गंवाकर 10 पैसे के नुकसान के साथ 75.17 (अस्थाई) प्रति डॉलर पर आ गया। कोविड के नए स्वरूप ओमीक्रोन के अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को लेकर निवेशकों की चिंता बढ़ी है, जिससे रुपए की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 74.91 पर मजबूत खुलने के बाद 74.86 के अपने दिन के उच्चस्तर तक गया। इसने 75.19 का निचला स्तर भी छुआ। अंत में रुपया 10 पैसे के नुकसान से 75.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपया 18 पैसे के नुकसान से 75.07 प्रति डॉलर के अपने पांच सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया था। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.68 प्रतिशत के नुकसान से 95.69 पर आ गया।

## अक्टूबर में आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 7.5% बढ़ा

**नई दिल्ली।** कोयला, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और सीमेंट क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन से आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर में 7.5 प्रतिशत बढ़ा है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अक्टूबर, 2020 में आठ बुनियादी उद्योगों....कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इस साल सितंबर में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रही थी। कुल औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) में इन आठ बुनियादी उद्योगों का भारांक 40.27 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह अप्रैल-अक्टूबर में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 15.1 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 12.6 प्रतिशत घटा था।

## मोदी तीन दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इन्फिनिटी मंच का करेंगे उद्घाटन

**भाषा। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) पर थॉट लीडरशिप फोरम इन्फिनिटी मंच का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) द्वारा भारत सरकार के तत्वावधान में गिफ्ट सिटी और ब्लूमबर्ग के सहयोग से तीन और चार दिसंबर को किया जा रहा है। मंच के पहले संस्करण में इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन भागीदार देश हैं।

यह मंच नीति, व्यापार और प्रौद्योगिकी में दुनिया के अग्रणी लोगों को एक साथ लाएगा। मंच में इस बात पर चर्चा होगी कि कैसे समावेशी वृद्धि और बड़े पैमाने पर मानवता की सेवा के लिए फिनटेक उद्योग द्वारा प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाया जा सकता है। पीएमओ ने कहा कि फोरम का एजेंडा बियॉन्ड के विषय पर केंद्रित होगा। मंच में 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें मुख्य वक्ताओं में मलेशिया और इंडोनेशिया के वित्त मंत्रियों के अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, सॉफ्टबैंक समूह के चेयरमैन और सीईओ मासायोशी सन, आईबीएम कॉरपोरेशन के चेयरमैन और सीईओ अरविंद कृष्ण और कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ उदय कोटक शामिल हैं।

## राजकोषीय घाटा अक्टूबर अंत तक सालाना अनुमान का 36.3%: सरकारी आंकड़ा

**भाषा। नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार का राजकोषीय घाटा अक्टूबर के अंत में वित्त वर्ष 2021-22 के सालाना बजटीय लक्ष्य का 36.3 प्रतिशत रहा। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मुख्य रूप से राजस्व संग्रह में सुधार से राजकोषीय घाटा कम रहा है। व्यय और राजस्व के बीच अंतर बताने वाला राजकोषीय घाटा पिछले साल आलोच्य अवधि में 2020-21 के बजटीय अनुमान का 119.7 प्रतिशत पहुंच गया था। लेखा महानियंत्रक के आंकड़ों के अनुसार, राजकोषीय घाटा अक्टूबर, 2021 के अंत तक 5,47,026 करोड़ रुपए रहा। जबकि सालाना लक्ष्य 15.06 लाख करोड़ रुपए का है। वित्त वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 9.3 प्रतिशत रहा था। यह फरवरी में पेश बजट में संशोधित अनुमान 9.5 प्रतिशत से कम रहा।

# अमेरिका में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अगुवाई करने वाले भारतीयों में शामिल हुए पराग अग्रवाल

**भाषा। न्यूयॉर्क**

**ट्विटर** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद पर पदोन्नति के साथ पराग अग्रवाल भारतीय मूल के उन कार्यकारियों में शामिल हो गए हैं जो अमेरिकी में स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अगुवाई कर रहे हैं। बताया जाता है कि माइक्रोब्लॉगिंग कंपनी ट्विटर के संस्थापक जैक डॉर्सी का अग्रवाल में गहरा विश्वास है। ट्विटर के निवर्तमान सीईओ डॉर्सी ने सोमवार को घोषणा की कि 37 वर्षीय अग्रवाल कंपनी के नए सीईओ होंगे।

अग्रवाल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मुंबई (आईआईटी-मुंबई) और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। ट्विटर के सह-संस्थापक डॉर्सी ने करीब 16 साल बाद कंपनी से हटने की घोषणा की है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अग्रवाल को बोनस, प्रतिबंधित शेयरों और प्रदर्शन-आधारित शेयर इकाइयों के अलावा सालाना 10 लाख डॉलर का वेतन मिलेगा। डॉर्सी ने कहा, कंपनी में लगभग 16 साल तक भूमिका निभाने के बाद मैंने तय किया है कि अब मेरा यहां से जाने का समय आ गया है। मैं कंपनी में सह-संस्थापक से लेकर सीईओ, चेयरमैन से कार्यकारी चेयरमैन और अंतरिम-सीईओ से सीईओ के पद पर रहा। उन्होंने कहा कि तीन कारण हैं जिनकी वजह से मुझे लगता है कि अब सही समय है। पहला पराग हमारे सीईओ बन रहे हैं। बोर्ड ने सभी विकल्पों पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से पराग को नियुक्त करने का फैसला किया है। वह कंपनी और उसकी जरूरतों को गहराई से समझते हैं।

## ● कंपनी में लगभग 16 साल तक भूमिका निभाने के बाद मैंने तय किया है कि अब मेरा यहां से जाने का समय आ गया है: डॉर्सी



डॉर्सी ने कहा कि पराग हर महत्वपूर्ण निर्णय के पीछे रहे हैं। वह जिज्ञासु, तार्किक, रचनात्मक और विनम्र हैं। अग्रवाल की ट्विटर के सीईओ के पद पर पदोन्नति से वह ऐसे भारतीय मूल और भारत में जन्मे लोगों की सूची में शुमार हो गए हैं, जो आज वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अगुवाई कर रहे हैं। पिछले साल जनवरी में भारत में जन्मे प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कार्यकारी अरविंद कृष्ण को अमेरिका की आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आईबीएम का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया था।

उन्होंने वर्जिनिया रोमेट्टी का स्थान लिया है जिन्होंने कृष्ण को आईबीएम का अगले युग के लिए सही सीईओ बताया है। कृष्ण (59) 1990 में आईबीएम में शामिल हुए थे और उनके पास भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर से स्नातक की डिग्री और पीएचडी है। इससे पहले अगस्त, 2015 में सुंदर पिचाई को गूगल का सीईओ नियुक्त किया गया था। वह पूर्व सीईओ एरिक श्मिट और सह-संस्थापक लैरी पेज के बाद कंपनी के तीसरे मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने थे। दिसंबर, 2019 में पिचाई गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के सीईओ बने।

## वित्त वर्ष 2022 में उर्वरकों की आपूर्ति के लिए रूसी फर्म के साथ करार किया

भाषा। नई दिल्ली

**कम** से कम चार भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने चालू वित्त वर्ष में डीएपी सहित पांच प्रकार के उर्वरकों की आपूर्ति करने के लिए रूसी फर्म फॉस एग्रो के साथ एक दीर्घकालिक समझौता किया है। उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी। मंडाविया ने उच्च सदन को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि मोरक्को, सऊदी अरब,रूस सहित विभिन्न देशों से भारत को डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और इसके कच्चे माल की उचित कीमतों पर नियमित और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, चार भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों और रूसी कंपनी फॉस एग्रो के बीच वर्ष 2021I2022 में डीएपी सहित पांच प्रकार के उर्वरकों की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि उर्वरकों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए, सरकार ने हाल ही में मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड यूनिट- दो को 1.20 लाख टन प्रति वर्ष उत्पादन की अनुमति दी थी। इसका उत्पादन अक्टूबर में शुरू हुआ था। उन्होंने देश में उर्वरकों की किसी भी कमी से इनकार करते हुए बताया कि देश में डीएपी की पर्याप्त और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए गए हैं। विभिन्न राज्यों में उर्वरक पहुंचाना सुनिश्चित करने के संदर्भ में, मंत्री ने - राज्यसभा में अपने लिखित उत्तर में - कहा कि केंद्र एक नियंत्रण कक्ष और वेब प्लेटफॉर्म के माध्यम से राज्य सरकारों, उर्वरक कंपनियों और रेलवे के साथ चौबीसों घंटे बातचीत चला रहा है।

## चीन में नवंबर में विनिर्माण गतिविधियों में सुधार आया

**बीजिंग( एपी )।** चीन में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में नवंबर में सुधार हुआ है। बिजली की स्थिति में सुधार और ऑर्डर बढ़ने की वजह से विनिर्माण गतिविधियां तेज हो रही हैं। एक उद्योग समूह तथा राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी का मासिक खरीद प्रबंधक सूचकांक नवंबर में बढ़कर 50.1 हो गया है। यह अक्टूबर में 49.2 पर था। पिछले दो माह के दौरान यह सूचकांक 50 से नीचे रहा था। आंकड़ों के अनुसार, उत्पादन का मापक नवंबर में 3.6 अंक बढ़कर 52 पर पहुंच गया, जिससे पता चलता है कि विनिर्माण गतिविधियों में सुधार आ रहा है। कैपिटल इकनॉमिक्स की शीना यूई ने एक रिपोर्ट में कहा, बिजली संकट की स्थिति में सुधार के बाद नवंबर में विनिर्माण गतिविधियां तेज हुई हैं। रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन की वजह से देश में पुनरुद्धार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

## कैग ने आईटी, दूरसंचार मंत्रालय की इकाइयों की निर्णय प्रक्रिया पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और दूरसंचार मंत्रालयों के अंतर्गत आने वाली इकाइयों के खातों में कई अनियमितताओं को उजागर किया है। इसमें एनआईसीएसआई द्वारा नियमों का उल्लंघन कर 890 करोड़ रुपए मूल्य के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की खरीद का मामला भी शामिल है। वित्त वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए अपनी ऑडिट रिपोर्ट में कैग ने सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल, सी-डॉट, डाक विभाग, आईटीआई लि. और सीडीएसी की निर्णय प्रक्रिया में विसंगतियों का खुलासा करते हुए कहा है कि इसकी वजह से इन इकाइयों पर प्रतिकूल वित्तीय प्रभाव पड़ा। लोकसभा में सोमवार को पेश कैग की रिपोर्ट के अनुसार, एनआईसीएसआई (नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंक) ने रणनीतिक गठबंधन के जरिए 890.34 करोड़ रुपए मूल्य के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर खरीदे। यह सामान्य वित्तीय नियम, 2005 और विभागीय निर्देशों का उल्लंघन था। इस प्रकार यह खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने में विफल रही। एनआईसीएसआई सरकारी विभागों को आईटी से जुड़ी ढांचागत सुविधाएं प्रदान करती है। कैग ने दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी) द्वारा प्रयोगशालाओं की स्थापना में देरी, कमियों आदि को लेकर उसकी खिंचाई की है। रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) की एक उच्चस्तरीय तकनीकी समिति को सभी नौ प्रयोगशालाओं की स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए, और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का खाका तैयार करना चाहिए। कैग ने सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल, सी-डॉट, डाक विभाग, आईटीआई लि. और सीडीएसी के फैसलों में विसंगतियों को लेकर उनकी खिंचाई की है।

## ट्राई ने 5जी स्पेक्ट्रम की कीमतों पर चर्चा के लिए परामर्श पत्र जारी किया

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने 5जी स्पेक्ट्रम की कीमतों और नीलामी के अन्य तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श के लिए मंगलवार को एक विस्तृत परामर्श पत्र जारी किया। इस परामर्श पत्र में कीमत, मात्रा और संबंधित शर्तें शामिल हैं। ट्राई ने कहा कि दूरसंचार विभाग ने उससे लागू होने वाले आरक्षित मूल्य, बैंड योजना, ब्लॉक के आकार, नीलामी के लिए स्पेक्ट्रम की मात्रा और 526-698 मेगाहर्ट्ज, 700 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज,1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज, 2,300 मेगाहर्ट्ज, 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300-3,670 मेगाहर्ट्ज और 24.25-28.5 गीगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए संबंधित शर्तों जैसे मुद्दों पर सिफारिशें देने को कहा है। बयान में कहा गया, ट्राई ने आज अंतरराष्ट्रीय मोबाइल दूरसंचार (आईएमटी) 5जी के लिए पहचान की गई अलग-अलग फ्रीक्केंसी में स्पेक्ट्रम की नीलामी पर एक परामर्श पत्र जारी किया है।



कोलकाता में एक कार्यक्रम में बोलतीं दीपा मलिक

# पेज एक का शेष

## परीक्षा नियामक...

मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उनकी सम्पत्ति को जब्त करने का ऐलान कर चुके हैं। अब तक इस मामले में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 30 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

## विधानसभा चुनाव...

जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि हम सब जानते हैं कि आजादी के बाद से चली आ रही भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, जातिवाद, मत और मजहब के दायरे में कैद होकर चली आ रही राजनीति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदला है। उन्होंने उसे गांव के लिएए गरीब के लिये, किसानों के लिए, नौजवानों के लिए, महिलाओं के लिए, गरीब कल्याण के लिए और एक नये भारत को स्थापित करने के लिए जिस अभियान को आगे बढ़ाया है, आज वह प्रत्येक नागरिक की जुबान पर सुनायी देता है। इस बारे में राजनैतिक दल व उनके लोग भले ही बात न करते हों लेकिन समाज के आम आदमी भी उनकी गरीब कल्याण की योजनाओं से प्रसन्न है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। हम उनके इसी विजन को लेकर 2017 से जनता के हित के लिएए गरीब कल्याण की योजनाओं को सफ्लता पूर्वक धरातल पर उतारने में सफल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि छह यात्राएं प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए जाएंगी। हम अपने देवतुल्य कार्यकर्ताओं के दम, केंद्र की मोदी व राज्य की योगी सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों के कारण प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से दोबारा 300 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने यात्रा की योजना व अन्य तैयारियों में लगे कार्यकर्ताओं को पूर्ण मनोयोग से जुटने का आग्रह किया। प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, संगठन महामंत्री सुनील बंसल व उपमुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व दिनेश शर्मा ने भी यात्रा के निमित्त बुलाई गई बैठक की योजना रचना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

## इस माह...

है। इसमें टैबलेट के लिए विशटल (आईरिस), सैमसंग (विजन) और एसर (सेलकॉन), स्मार्टफोन के लिए लावा, सैमसंग (सेलकॉन) और सैमसंग (यूनाइटेड) ने टेंडर दाखिल किया है। तकनीकी जांच के बाद योग्य फर्मों की वित्तीय निविदा खोली जाएगी। बयान के मुताबिक टेंडर में चयनित कंपनियों को पहली खेप में कम से कम ढाई लाख टैबलेट की आपूर्ति करनी होगी। हालांकि स्मार्टफोन के लिए चयनित कंपनियों को पहली खेप में कम से कम पांच लाख स्मार्टफोन की आपूर्ति करनी होगी।

## चारधाम देवस्थानम...

मामले की तरह ही अहंकार एक बार फिर पराजित हुई है। आने वाले चुनावों में हार से भयभीत होकर भाजपा सरकार ने यह निर्णय लिया है। यह तीर्थ पुरोहितों की जीत है जो अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। मैं उन्हें बधाई देता हूं।

## सांसदों का...

करें और निलंबन रद्द करें। उन्होंने कहा कि यह कहना सही नहीं है कि निलंबन का प्रस्ताव सदन द्वारा पारित किया गया, क्योंकि संपूर्ण विपक्ष इसके विरोध में था। खड़गे ने यह भी कहा कि निलंबन से पहले सदस्यों को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संसद में जनता की बात उठाने के लिए माफी बिल्कुल नहीं मांगी जा सकती। उन्होंने ट्वीट किया कि किस बात की माफी? संसद में जनता की बात उठाने की? बिलकुल नहीं! कांग्रेस प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटा है, ताकि विपक्ष जनता के मुद्दों पर उससे सवाल नहीं करे। षड्यंत्र के तहत निलंबन करवाया गया है। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि कुछ सदस्यों को पिछले सत्र के दौरान की घटना के समय नामित गया था, लेकिन उन्हें निलंबित नहीं किया गया। मसलन, प्रताप सिंह बाजवा, क्योंकि अगर किसानों के लिए बाजवा जी निलंबित होते तो पंजाब में उनका नाम होता। इसलिए राजनीतिक आकलन के आधार पर लोगों को निलंबित किया गया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समान विचारधारा वाली पार्टियों के नेताओं के संपर्क में हैं। हम नियमित रूप से बैठक करेंगे और सदन में सरकार को मनमानी नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक पर चर्चा कराती तो उसका कच्चा-चिट्ठा खुल जाता। सदन में विपक्ष उससे सवाल नहीं कर पाएं, इस वजह से चर्चा के बिना ही विधेयक पारित करा दिया गया। गोहिल ने कहा कि कांग्रेस सदन चलने समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर संसद में किसानों के मुद्दे, कोरोना महामारी में मारे गए लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने, महंगाई और दूसरों मुद्दों पर सरकार को घेरेगी। इससे पहले, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि निलंबित किए गए राज्यसभा के 12 विपक्षी सदस्यों को 'दुर्व्यवहार' के लिए उच्च सदन के भीतर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि ये सदस्य सभापति और सदन से माफी मांग लेते हैं तो फिर सरकार उनके प्रस्ताव (निलंबन रद्द करने के) पर सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए तैयार है। संसद के सोमवार को आरंभ हुए शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को पिछले मॉनसून सत्र के दौरान कथित 'अशोभनीय आचरण' करने की वजह से, वर्तमान सत्र की शेष अवधि तक के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। उच्च सदन में उपसभापति हरिवंश की अनुमति से संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को इस सिलसिले में एक प्रस्ताव रखा, जिसे विपक्षी दलों के हंगामे के बीच सदन ने मंजूरी दे दी। जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है उनमें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के इलामारम करीम, कांग्रेस की फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रताप सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम शामिल हैं।

## जल्द आएगा...

तक टीबी से मुक्त बनाने के लिए गंभीर है, और इस दिशा में विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को टीबी की बीमारी के बारे में जागरूक बनाने के लिए अभियान भी चलाए जा रहे हैं और बीमारी पर नियंत्रण के संबंध में विचार करने के लिए अक्टूबर महीने में सभी राज्यों का एक सेमिनार भी आयोजित किया गया था।

## केंद्रीय विश्वविद्यालयों...

तरीकों का सुझाव देने के लिए एक समिति गठित की गई थी। आयोग ने कहा, समिति ने सीईटी संचालित करने के लिए तौर तरीकों के ब्योरे के बारे में कई दौर की चर्चा की। इसके बाद, समिति की सिफारिशों पर चर्चा करने के लिए सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ एक बैठक की गई। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय ने घोषणा की थी कि विश्वविद्यालयों में दाखिला 2021 अकादमिक सत्र से सीईटी के आधार पर होगा लेकिन कोविड-19 महामारी के चलते ऐसा नहीं हो सका।

## पंजीकृत खरीदार आयातित चाय का मिश्रण भारतीय किस्मों में नहीं करें: चाय बोर्ड

**भाषा। कोलकाता**

**सस्ती** आयातित चाय को प्रीमियम पारंपरिक किस्मों के साथ मिलाने की चिंताओं के बीच चाय बोर्ड ने निर्देश दिया है कि कोई की पंजीकृत खरीदार इस तरह के आयात का भारतीय चाय के साथ मिश्रण नहीं करेगा। बोर्ड ने कहा है कि ऐसा करने वाले पंजीकृत खरीदारों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी। चाय बोर्ड के उपाध्यक्ष के एन राघवन ने एक आदेश में कहा कि निर्देश का पालन नहीं करने पर कार्वाई की जाएगी और लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। बोर्ड ने कहा कि दार्जिलिंग, कांगड़ा, असम (परंपरागत) और नीलगिरि (परंपरागत) की चाय प्रतिष्ठित भौगोलिक संकेतक (जीआई) हैं, जो 1999 के जीआई अधिनियम के तहत पंजीकृत हैं। अपनी गुणवत्ता के लिए इनकी दुनियाभर में अलग पहचान है। आदेश में कहा गया है कि चाय बोर्ड के संज्ञान में आया है कि घटिया गुणवत्ता की आयातित चाय को भारतीय परंपरागत किस्मों के साथ मिलाया जा रहा है जिससे भारतीय उत्पाद की प्रतिष्ठा को नुकसान हो रहा है। एक अलग आदेश में बोर्ड ने यह भी निर्देश दिया कि कोई भी वितरक आयातित चाय बेचने का कारोबार नहीं करेगा और कोई भी निर्यातक बोर्ड के लाइसेंस के अलावा चाय का निर्यात नहीं करेगा।

# बेल्जियम को हराने के लिए भारत का भरोसा ड्रैग फ्लिकरों पर

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

भाषा। भुवनेश्वर




**दो** धमाकेदार जीत के बाद लय हासिल कर चुकी गत चैम्पियन भारतीय टीम एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यूरोपीय दिग्गज बेल्जियम के खिलाफ उतरेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञों पर टिकी होंगी। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम को पहले मैच में फ्रांस ने 5 – 4 से हराकर उलटफेर कर दिया था। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करते हुए कनाडा को 13 –1 और पोलैंड को 8 – 2 से हराकर पूल बी में दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरी बार खिताब जीतने के लिए भारत को अब हर मैच में उम्दा प्रदर्शन करना होगा। बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल लखनऊ में 2016 में खेले गए फाइनल का दोहराव होगा जिसमें भारत ने 2 –1 से जीत दर्ज की थी। यह मुकाबला बराबरी का होगा और मौकों को भुनाने में कामयाब रहने वाली टीम ही जीतेगी। भारत के पास उत्तम सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, सुदीप चिरमाको और मनिंदर सिंह जैसे स्ट्राइकर हैं। उत्तम और मनिंदर ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। इसके अलावा पेनल्टी कॉर्नर में अनेक विकल्प होने का भी भारत को फायदा है। उपकप्तान संजय कुमार, हुंडल, शारदानंद तिवारी और अभिषेक लाकड़ा ने गोल किए हैं। संजय खास तौर पर शानदार फॉर्म में हैं जिन्होंने फ्रांस और कनाडा के खिलाफ हैट्रिक लगाई। हुंडल ने भी पोलैंड के खिलाफ तीन गोल किए। मिडफील्ड में कप्तान विवेक सागर प्रसाद हैं जो तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय सीनियर टीम का हिस्सा थे। डिफेंस को इस मैच में काफी मेहनत करनी होगी क्योंकि बेल्जियम का आक्रमण काफी मजबूत है। भारत के मुख्य कोच और इस टूर्नामेंट के लिए जूनियर टीम के कोच ग्राहम रीड ने कहाकि खिलाड़ियों ने बेल्जियम का प्रदर्शन देखा है और वे आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। उम्मीद है कि हम यह मैच जीतेंगे। भारतीय कप्तान विवेक ने कहाकि बेल्जियम बहुत अच्छी टीम है और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। बेल्जियम ने जूनियर विश्व कप कभी नहीं जीता है और सीनियर टीम की सफलता को दोहराने का उस पर दबाव है। बेल्जियम की सीनियर टीम ओलंपिक और विश्व चैम्पियन है। बेल्जियम के मुख्य कोच जेरोन बार्ट ने कहा कि उनके खिलाड़ियों को भारत के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों को रोकने के लिए दमदार प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा , भारत के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ बहुत अच्छे हैं। संजय, हुंडल और तिवारी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें रोकना बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने कहा , हमें सर्कल के बाहर उन्हें रोकना होगा और पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। हमें अपने डिफेंडर्स पर भरोसा है। कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट दर्शकों के बिना हो रहा है और बार्ट ने कहा कि इससे उनकी टीम को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा , हम पर दबाव कम होगा। हमें खचाखच भरे स्टेडियमों में खेलने की आदत नहीं है। 2016 में टूर्नामेंट के पहले हाफ में हमें दिक्कत हुई थी। लखनऊ में भारतीय दर्शक काफी ऊर्जावान थे। इस बार भारत पर दबाव अधिक होगा चूंकि मैदान में महज 1000 दर्शक होंगे। दिन के अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी का सामना स्पेन से, नीदरलैंड का अर्जेंटीना से, फ्रांस का मलेशिया से मुकाबला होगा।

## फिलहाल दक्षिण अफ्रीका दौरा बरकरार: गांगुली

**कोलकाता (भाषा)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मंगलवार को कहा कि फिलहाल दक्षिण अफ्रीका दौरा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा और कोविड-19 के नए प्रारूप के सामने आने से जुड़ी स्थिति पर वे करीबी नजर रखे हुए हैं।कोविड-19 के नए प्रारूप के फैलने को लेकर चिंता बढ़ रही है जिसका नाम ओमीक्रोन है। इसका पहला मामला दक्षिण अफ्रीका में सामने आया। गांगुली ने यहां एक प्रचार कार्यक्रम के इतर कहा, अब तक की स्थिति के अनुसार दौरा होगा। हमारे पास फैसला करने के लिए अब भी समय है। पहला टेस्ट 17 दिसंबर से होगा। हम इस पर विचार करेंगे। भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा और अंतिम टेस्ट मुंबई में तीन दिसंबर से खेलेगा जिसके बाद टीम के वहीं से आठ या नौ दिसंबर को चार्टर्ड विमान से जोहानिसबर्ग रवाना होने का कार्यक्रम है। गांगुली ने कहा, खिलाड़ियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमेशा बीसीसीआई की पहली प्राथमिकता रही है। हम देखेंगे कि आगामी दिनों में क्या होता है।

## आईपीएल नीलामी से पहले कोहली, रोहित, धोनी रिटेन

भाषा। नई दिल्ली

**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की खिलाड़ियों की नीलामी से पहले मंगलवार को अपने पूर्व कप्तान विराट कोहली जबकि मुंबई इंडियन्स ने उम्मीद के मुताबिक भारत के टी20 कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को रिटेन (अपनी टीम के साथ बरकरार रखना) किया। सीमित ओवरों के क्रिकेट के भारत के महानतम कप्तान और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अपनी टीम में आलराउंडर रविंद्र जडेजा के बाद रिटेन होने वाले दूसरे नंबर के खिलाड़ी होंगे। टीम ने रिटेन करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर रखा है जबकि मोईन अली को भी रिटेन किया है। जिन बड़े नामों को रिलीज किया गया उसमें खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियन्स के आलराउंडर हार्दिक पंड्या और आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन शामिल हैं। आरसीबी ने लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और पिछले सत्र के पर्पल कैप विजेता हर्षल पटेल को रिलीज किया। पंजाब किंग्स ने अपने पिछले साल के कप्तान लोकेश राहुल को रिलीज किया जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने केन विलियमसन को नंबर एक खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया लेकिन स्टार स्पिनर राशिद खान को रिलीज कर दिया। सनराइजर्स के सीईओ के शानमुगम ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया कि उन्होंने राशिद को क्यों जाने दिया। उन्होंने कहा, अगर कोई खिलाड़ी कीमत के कारण नीलामी में जाना चाहता है तो हम उसके फैसले का सम्मान करते हैं। हम देखेंकि कि क्या नीलामी में सही कीमत चुकाकर उसे खरीद सकते हैं।

रिटेन किए गए खिलाड़ियों की पूरी सूची (भारतीय रुपए में):

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा (16 करोड़), जसप्रीत बुमराह (12 करोड़), सूर्यकुमार यादव (8 करोड़), कीरोन पोलार्ड (6 करोड़)।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रविंद्र जडेजा (16 करोड़), महेंद्र सिंह धोनी (12 करोड़), मोईन अली (8 करोड़), रुतुराज गायकवाड़ (6 करोड़)।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:** विराट कोहली (15 करोड़), ग्लेन मैक्सवेल (11 करोड़), मोहम्मद सिराज (7 करोड़)।

**पंजाब किंग्स:** मयंक अग्रवाल (12 करोड़, 14 करोड़ कुल राशि से काटे जाएंगे) और अर्शदीप सिंह (4 करोड़)।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** केन विलियमसन (14 करोड़), अब्दुल समद (4 करोड़), उमरान मलिक (4 करोड़)।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (14 करोड़), जोस बटलर (10 करोड़), यशस्वी जायसवाल (4 करोड़)।


**कोलकाता नाइट राइडर्स:** आंद्रे रसेल (12 करोड़, 16 करोड़ कुल राशि से कटेंगे), वरुण चक्रवर्ती (8 करोड़, 12 करोड़ कुल राशि से कटेंगे), वेंकटेश अय्यर (8 करोड़), सुनील नारायण (6 करोड़)।

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (16 करोड़), अक्षर पटेल (9 करोड़, 12 करोड़ कुल राशि से कटेंगे), पृथ्वी शॉ (7.5 करोड़, 8 करोड़ कुल राशि से कटेंगे), एनरिक नोर्किया (6.5 करोड़)।

# श्रीलंका 204 रन पर सिमटा

**● वेस्टइंडीज के एक विकेट पर 69 रन**

भाषा। गॉल



**वेस्टइंडीज** ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मंगलवार को श्रीलंका को 204 रन पर समेटने के बाद बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त होने तक एक विकेट पर 69 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनरों वीरासामी पेरमॉल (35 रन पर पांच विकेट) और जोमेल वारिकन (50 रन पर चार विकेट) ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मिलकर श्रीलंका के नौ विकेट चटकाए। वीरासामी ने पांच साल से अधिक समय बाद पहला टेस्ट खेलते हुए करियर में पहली बार पारी में पांच विकेट हासिल किए।

बारिश के कारण जब दिन का खेल समाप्त किया गया तब कप्तान क्रेग ब्रेथवेट 22 जबकि एनक्रुमाह बोनेर एक रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की टीम 135 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष है। इससे पहले श्रीलंका ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 113 रन से की। पाथुम निसंका और ओशाडा फर्नांडो (18) ने 26 और रन जोड़े। वीरासामी ने दिन के सातवें ओवर में फर्नांडो को विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा के हाथों कैच कराया। वीरासामी ने इसके बाद निसंका (73) और धनंजय डिसिल्वा (02) को एक ही ओवर में आउट करके मेजबान टीम को दोहरा झटका दिया। निसंका ने 148 गेंद की अपनी पारी में एक छक्का और पांच चौके मारे। पदार्पण कर रहे चरिथ असलंका 10 रन बनाने के बाद वीरासामी का अगला शिकार बने। उन्होंने बोनेर को कैच थमाया। एंजेलो मैथ्यूज 12 रन के स्कोर पर चोटिल होकर वापस लौटे लेकिन आठवां विकेट गिरने के बाद वापस लौटे। वह दौड़ नहीं पा रहे थे लेकिन उन्होंने दो छक्के और एक चौके की मदद से 29 रन बनाए। वारिकन ने उन्हें बोल्ड करके श्रीलंका की पारी का अंत किया। वेस्टइंडीज को ब्रेथवेट और जर्मेन ब्लैकवुड (44) ने पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रवीण जयविक्रम ने ब्लैकवुड को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। ब्लैकवुड ने 99 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके जड़े।

## क्विक न्यूज

### भारत और न्यूजीलैंड की टीम दूसरे टेस्ट के लिए मुंबई पहुंची

**मुंबई।** भारत और न्यूजीलैंड की टीम तीन दिसंबर से यहां वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के लिए मंगलवार को यहां पहुंची। मुंबई क्रिकेट संघ ने अधिकारी ने बताया कि दोनो टीमें शाम को चार्टर्ड विमान से कानपुर से यहां पहुंची। मुंबई में लगभग पांच साल बाद टेस्ट क्रिकेट की वापसी होगी। यहां पिछला टेस्ट 2016 में भारत और इंग्लैड के बीच खेला गया था। महाराष्ट्र सरकार ने मैच के लिए दर्शकों की सीमा को स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत तक सीमित किया गया है। दोनों टीम के बीच कानपुर में खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था जब आलराउंडर रचिन रविंद्र और एजाज पटेल ने अंतिम विकेट की अटूट साझेदारी में 52 गेंदें खेलकर भारत को जीत से वंचित किया।

### राजश्री संचेती ने राष्ट्रीय निशानेबाजी में महिला एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राजश्री संचेती ने मंगलवार को यहां 64वी राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता। राजश्री आठ निशानेबाजों के फाइनल में 251.8 अंक के साथ शीर्ष पर रही। उन्होंने रजत पदक जीतने वाली हिमाचल प्रदेश की जीना खिता को 1.6 अंक से पछाड़ा। स्थानीय दावेदार श्रेया अग्रवाल ने 24 शॉट के फाइनल में 22 शॉट के बाद 227.7 अंक से कांस्य पदक जीता। जूनियर महिला 10 मीटर एयर राइफल का खिताब तमिलनाडु की आर नर्मदा नितिन के नाम रहा जिन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल का 252.1 अंक का रिकॉर्ड स्कोर बनाया। जीना इस स्पर्धा में भी दूसरे स्थान पर रही। मेइराज अहमद और अरीबा खान की जोड़ी ने पटियाला में मिश्रित स्कीट टीम खिताब जीता। इस जोड़ी ने पंजाब के गुरजोत सिंह और गनीमत सेखो को शूट आफ मे पछाड़ा। दोनो जोड़ियों ने इससे पहले समान 34 अंक जुटाए थे। उत्तर प्रदेश की जोड़ी ने शूट आफ मे 4-3 से जीत दर्ज की। नई दिल्ली मे डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में पंजाब के विजयवीर संधू ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल का स्वर्ण पदक जीता।

### स्मृति, मिताली महिला वनडे रैंकिंग में छठे और तीसरे स्थान पर

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज मिताली राज और स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट रैंकिंग मे तीसरे और छठे स्थान पर बनी हुई है जबकि हरफनमौला दीप्ति शर्मा पांचवे स्थान पर है। मिताली के 738 अंक है जबकि स्मृति के 710 अंक है। दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली 761 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और हेली मैथ्यूज वनडे बल्लेबाजो और हरफनमौलाओं की रैंकिंग मे ऊपर आई है।टेलर बल्लेबाजी मे शीर्ष दस मे आ गई है जबकि हरफनमौलाओं की सूची में चौथे स्थान पर है।मैथ्यूज आठवें स्थान पर है। हरफनमौलाओं की सूची मे मरिजान्ने शीर्ष पर है जबकि नटाली स्क्विवर दूसरे और एलिसे पैरी तीसरे स्थान पर है।दीप्ति 299 अंक लेकर पांचवे स्थान पर है।

### आडवाणी ने नॉकआउट मेंजगह पक्की की, एमी की लगातार दूसरी जीत

भोपाल। कई बार के विश्व चैंपियन और दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने मंगलवार को यहां 88वी राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के पुरुष 6 रेड स्नूकर राउंड रोबिन लीग के बेस्ट आफ सेवन फ्रेम मुकाबले मे उत्तर प्रदेश के विनायक अग्रवाल को 4-2 से हराकर नॉकआउट मे जगह पक्की की। आडवाणी ने 40-11, 14-34, 69-00, 01-54, 43-07, 37-25 से जीत दर्ज की। महिला 6 रेड स्नूकर प्रतियोगिता के बेस्ट आफ फाइव फ्रेम के मुकाबले मे एमी कमानी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पूजा गुलांदी को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। एमी ने पहला फ्रेम गंवाने के बाद पूजा को 32-42, 57-04, 42-22, 33-18 से हराया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए कोरिया रवाना

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम पांच दिसंबर से डोंगही मे होने वाली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए मंगलवार को कोरिया रवाना हो गई। तोक्यो ओलंपिक मे चौथे स्थान पर रहने के बाद यह भारतीय टीम का पहला टूर्नामेंट है। एक पूल की इस प्रतियोगिता मे भारत को चीन, कोरिया, जापान, थाईलैंड और मलेशिया से भिड़ना है। भारत अपना पहला मैच पांच दिसंबर को थाईलैंड से खेलेगा जबकि छह दिसंबर को मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपने तीसरे मैच मे आठ दिसंबर को मेजबान और गत चैंपियन कोरिया से भिड़ेगी जबकि नौ दिसंबर को चीन और 11 दिसंबर को जापान का सामना करेगी। बेंगलुरू मे रिहैबिलिटेशन से गुजर रही रानी की गैरमौजूदगी मे टीम की अगुआई कर रही सविता ने विज्ञप्ति मे कहा, निश्चित तौर पर पूरी टीम रोमांचित है। ओलंपिक के बाद यह हमारा पहला टूर्नामेंट है और टूर्नामेंट मे अच्छा प्रदर्शन करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होने कहा, टीम मे काफी युवा खिलाड़ी है और अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगी, वे अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक है। दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत टूर्नामेंट की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है।

### आक्रमण करते हुए हमें अधिक आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत: डेनर्बी

**मनाउस (ब्राजील)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनर्बी ने मंगलवार को कहा कि चार देशो के टूर्नामेंट मे गुरुवार को यहां वेनेजुएला के खिलाफ होने वाले अगले मैच मे उनकी खिलाड़ियों को आक्रमण करते हुए अधिक आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत है। भारत को अपने पहले दो मैचों मे ब्राजील के खिलाफ1-6 जबकि चिली के खिलाफ 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम एरेना डा एमाजोनिया मे गुरुवार को अपने अंतिम मैच मे वेनेजुएला से भिड़ेगी। ब्राजील और चिली दोनों क्रमशः सातवें और 37वें स्थान के साथ फीफा रैंकिंग मे भारत से कहीं आगे है जिसकी विश्व रैंकिंग 56 है। वेनेजुएला विश्व रैंकिंग मे भारत से सिर्फ एक स्थान ऊपर है। डेनर्बी ने कहा, वेनेजुएला की खेलने की शैली चिली से काफी मिलती जुलती है। वे (चिली) गेंद को अपने कब्जे मे रखते है और उनकी पासिंग अच्छी है। वे समय लेते है और फिर हमला करते है इसलिए एक इकाई के रूप मे हमें अधिक आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत है।

### कप्तान लिविंगस्टोन के शानदार प्रदर्शन से टीम अबुधाबी जीती

**अबुधाबी।** कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के 24 गेंद में 59 रन की मदद से टीम अबुधाबी ने अबुधाबी टी10 लीग में डेक्कन ग्लैडिएटर्स को आठ रन से हरा दिया। लिविंगस्टोन की पारी के दम पर टीम अबुधाबी ने चार विकेट पर 125 रन बनाए।उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और छह छक्के लगाए। फिलिप साल्ट ने ग्लैडिएटर्स के कप्तान वहाब रियाज को पारी की पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन चौके जड़े। अगले ओवर में दो चौके और जमाने के बाद वह ओडियन स्मिथ की गेंद पर बोल्ड हो गए। लिविंगस्टोन पारी के नौवें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्लैडिएटर्स आठ रन से चूक गए। कप्तान शेल्टन कोटरेल ने टॉम कोलेर काडमोर को पहली ही गेंद पर आउट कर दिया। दूसरे ओवर में हालांकि टॉम मूर्स ने मर्चेंट डि लांगे को दो चौके और एक छक्का लगाया। डि लांगे ने हालांकि अनवर अली और आंद्रे रसेल को आठवें ओवर में आउट करके ग्लैडिएटर्स की राह मुश्किल कर दी। जैमी ओवरटन ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी की।

## मैं बहुत नर्वस था लेकिन हमने मिलकर यह किया, रविंद्र ने पटेल से कहा

भाषा। कानपुर

**भारत** के खिलाफ पहला टेस्ट ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के स्पिनर रचिन रविंद्र ने कहा कि वह अपनी गेंदबाजी को लेकर काफी नर्वस थे। बाईस वर्ष के रविंद्र और भारतीय मूल के ही ऐजाज पटेल (23 गेंद में दो रन) ने मिलकर 91 गेंदें खेली और 18 रन बनाए। जीत के लिए 284 रन की तलाश में न्यूजीलैंड ने नौ विकेट गंवा दिए थे लेकिन इन दोनों ने आखिरी विकेट नहीं गिरने दी। मुंबई में जन्मे पटेल पहली बार भारत में खेल रहे थे जिन्होंने तीन विकेट भी लिए। रविंद्र को विकेट नहीं मिला। पटेल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के आधिकारिक ट्विटर हैंडल के लिए



रविंद्र का इंटरव्यू लिया। उन्होंने पूछा , मुझे अपना पहला टेस्ट याद है। मैं बहुत नर्वस था और गेंद हाथ में मिलने के समय मेरे हाथ कांप रहे थे। तुम्हारा कैसा अनुभव था। अपना पहला टेस्ट खेलने वाले रविंद्र ने कहा , मैं भी गेंदबाजी को लेकर नर्वस था। पहली पारी में हमारे चार विकेट गिर चुके थे और मैं अगला उतरा था। मुझे बहुत बेचैनी हो रही थी लेकिन कुछ गेंद बाद ठीक हो गया। रविंद्र का पहला नाम रचिन भारत के महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलकर उन्हें अच्छा लगा। उन्होंने कहा , भारत के मशहूर क्रिकेटप्रेमियों के सामने खेलकर अच्छा लगा। मेरे कैरियर पर मेरे माता पिता का काफी प्रभाव रहा है। मुझे यकीन है कि वे गौरवान्वित होंगे। उन्होंने पटेल से कहा , भाई , हमने मिलकर यह कर दिखाया। उन्होंने आगे कहा , मुझे अपनी प्रक्रिया और अपने अभ्यास पर भरोसा था। दर्शक काफी शोर मचा रहे थे लेकिन तुमने भी संयम बनाए रखा। हम दोनों ने मिलकर एकाग्रता नहीं खोई और यह पल हम कभी नहीं भूल सकेंगे।

## 31 दिसंबर के बाद अफगानिस्तान के कोच पद से हटेंगे क्लूसनर

**काबुल।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला लांस क्लूसनर 31 दिसंबर को अपना करार खत्म होने के बाद अफगानिस्तान टीम के कोच का पद छोड़ देंगे। क्लूसनर को सितंबर 2019 में इस पद पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि वह अपने अनुबंध का नवीनीकरण नहीं करेंगे। उन्होंने सोमवार को एक बयान में कहा , दो साल टीम के साथ बिताने के बाद मैं यहां से सुनहरी यादें लेकर जाऊंगा। उन्होंने कहा, मैं अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और इसके क्रिकेट ढांचे को अलविदा करहकर अपने कोचिंग कैरियर के अगले चरण की संभावनाएं तलाशूंगा। क्लूसनर ने एंडी मोल्स की जगह अफगानिस्तान के कोच का पद संभाला था। उनका करार 2021 तक बढया गया था।

## पाकिस्तान ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**चटगांव।** सलामी बल्लेबाज आबिद अली लगातार दूसरा शतक नौ रन से चूक गए लेकिन पाकिस्तान ने 202 रन के लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए बांग्लादेश को पहले क्रिकेट टेस्ट में आठ विकेट से हरा दिया। आबिद और अब्दुल्लाह शफीक ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। यह मैच में उनकी लगातार दूसरी शतकीय साझेदारी थी जिससे पाकिस्तान को मजबूत शुरूआत मिली। पहली पारी में 133 रन बनाने वाले आबिद ने 148 गेंद में 91 रन बनाए। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 109 रन से आगे खेलते हुए पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों को कोई परेशानी नहीं हुई। आफ स्पिनर मेहिदी हसन ने शफीक को पगबाधा आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। शफीक ने 73 रन बनाए। इसके सात ओवर बाद बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने आबिद को पगबाधा आउट किया। पाकिस्तान का स्कोर इस समय दो विकेट पर 171 रन था। इसके बाद अजहर अली और कप्तान बाबर आजम ने टीम को जीत तक पहुंचाया। अजहर 24 और आजम 13 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ने लिटन दास के पहले शतक की मदद से 330 रन बनाए थे। इसके बाद तैजुल के सात विकेट के दम पर पाकिस्तान को 286 रन पर आउट करके पहली पारी में 286 रन की बढत ली थी। बांग्लादेश की दूसरी पारी 157 रन पर सिमट गई जिसमें तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने पांच विकेट लिए। दूसरा टेस्ट शनिवार से ढाका में खेला जाएगा।

## विश्व टूर फाइनल्स में भारत की उम्मीदें सिंधू, लक्ष्य और चिराग-सात्विक पर

**बाली।** लगातार सेमीफाइनल में हार रही पी वी सिंधू बुधवार से यहां शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स बैडमिंटन में इस सिलसिले को तोड़कर खिताब जीतना चाहेंगी जबकि युवा लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी पर भी सभी की नजरें होंगी। भारत के सात खिलाड़ियों ने इस बार डेढ लाख डॉलर ईनामी राशि के साल के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मिश्रित युगल को छोड़कर भारतीय हर वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी महिला युगल में खेलेंगी। अब तक यह खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय मौजूदा विश्व चैम्पियन सिंधू पिछले साल फाइनल में पहुंची थी। वह पहले मुकाबले में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू तोक्यो ओलंपिक के बाद पिछले तीन टूर्नामेंटों में भी सेमीफाइनल हार चुकी है। उनके ग्रुप ए में शीर्ष दो में रहने की संभावना है क्योंकि बाकी दो खिलाड़ियों डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन और जर्मनी की वोन्ने ली के खिलाफ उनका रिकॉर्ड अच्छा है। एक साल में चार सुपर सीरिज खिताब जीतने वाले चौथे खिलाड़ी श्रीकांत शानदार फॉर्म में हैं जो इंडोनेशिया मास्टर्स और हाइलो ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे। वह 2014 में इस टूर्नामेंट में नॉकआउट चरण तक पहुंचे थे और उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। उन्हें पहले दौर में मलेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त ली जी जिया से खेलना है। ग्रुप बी में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव और थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न भी हैं। पहली बार खेल रहे लक्ष्य और चिराग-सात्विक की जोड़ी को ग्रुप आफ डैथ मिला है। उनके लिए अगले चरण में क्वालीफाई करना आसान नहीं होगा। दो साल पहले पांच खिताब जीत चुके लक्ष्य को ग्रुप ए में शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनमार्क के ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन, दो बार के विश्व चैम्पियन जापान के केंतो मोमोता और डेनमार्क के रास्मस गेमके के साथ रखा गया है।

## मेस्सी रिकॉर्ड सातवीं बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर बने

**पुतेलास सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी**

भाषा। पेरिस



**लियोनेल** मेस्सी को रिकॉर्ड सातवीं बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का बलोन डी ओर पुरस्कार मिला जिन्होंने बार्सीलोना के साथ आखिरी सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और अर्जेंटीना के साथ पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। वहीं महिला वर्ग में अलेक्सिया पुतेलास ने बार्सीलोना और स्पेन के लिए अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर पुरस्कार जीता। 34 वर्ष के मेस्सी के शानदार प्रदर्शन के दम पर अर्जेंटीना ने जुलाई में कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी ने पुरस्कार जीतने के बाद अनुवादक की मदद से कहा , मैं बहुत खुश हूं। नए खिताबों के लिए लड़ते रहना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा , पता नहीं अभी कितने साल बाकी है लेकिन उम्मीद है कि काफी समय है। मैं बार्सीलोना और अर्जेंटीना में सभी साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेस्सी के 613 अंक रहे जबकि पोलैंड के स्ट्राइकर राबर्ट लेवांडोवस्की 580 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। मेस्सी ने कहा , मैं रॉबर्ट से यह कहना चाहता हूं कि तुम्हारा प्रतिद्वंद्वी होना सम्मान की बात है। हर कोई यह कहेगा कि तुम पिछले साल इसके हकदार थे। यह पुरस्कार फ्रांस की फुटबॉल पत्रिका बलोन डीओर द्वारा 1956 से हर साल सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर को दिया जाता है। यह 2018 से महिला वर्ग में भी दिया जा रहा है।दोनों पुरस्कार 2020 में कोरोना महामारी के कारण नहीं दिए गए थे। लेवांडोवस्की ने एक सत्र में बुंडेस्लीगा में 41 गोल का रिकॉर्ड बनाया जो जर्मनी के दिग्गज गर्ड म्यूलर से एक गोल अधिक है।उन्होंने फरवरी से सितंबर तक बायर्न म्युनिख के लिए लगातार 19 मैचों में गोल किए। वह इस सत्र में बायर्न के लिए 20 मैचों में 25 गोल कर चुके हैं। चेलसी और इटली के मिडफील्डर जोर्गिन्हो तीसरे स्थान पर रहे जबकि रीयाल मैड्रिड और फ्रांस के फॉरवर्ड करीम बेंजीमा चौथे स्थान पर रहे। पुतेलास ने इस साल 42 मैचों में 26 गोल किए।उन्होंने चेलसी के खिलाफ चैम्पियंस लीग फाइनल में भी गोल किया था। वह युएफा की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी भी रही। उन्होंने कहा , यह बहुत खास पल है। मैं बहुत भावुक हो गई हूं।मैं अपने साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देना चाहती हूं। मेस्सी के नाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो से दो अधिक यह पुरस्कार है।रोनाल्डो छठे स्थान पर रहे। मेस्सी ने बार्सीलोना के लिए कुल 672 गोल किए हैं। अपने आखिरी सत्र में उन्होंने 38 गोल दागे और कोपा डेल रे फाइनल भी जीता। कोपा अमेरिका में उन्होंने चार गोल किए और पांच में मदद की। अब वह पेरिस सेंट जर्मेन के लिए खेलते हैं जिसके लिए अब तक नौ मैचों में चार गोल कर चुके हैं।

# अमेरिकी ठिकानों को मजबूत करने संबंधी पेंटागन की रिपोर्ट पर चीन को आपत्ति

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों का सामना करने के लिए गुआम और ऑस्ट्रेलिया में अमेरिकी ठिकानों को बढ़ाने से संबंधित पेंटागन की एक रिपोर्ट पर बीजिंग ने मंगलवार को आपत्ति जताते हुए कहा कि यह कदम हिंद-प्रशांत को घेरने और नियंत्रित करने के वाशिंगटन के प्रयासों को पूरी तरह से उजागर करता है।

अमेरिका की एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने सोमवार को कहा था कि चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी सेना को बेहतर तरीके से तैयार करने के उद्देश्य से पेंटागन गुआम और ऑस्ट्रेलिया में ठिकाने बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस कदम को रक्षा विभाग की वैश्विक स्थिति समीक्षा के तहत उठाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फरवरी में पदभार संभालने के तुरंत बाद रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन को इस समीक्षा का आदेश दिया था। नीति संबंधी मामलों पर उप अवर सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहीं डॉक्टर मारा कार्लिन ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाइडन ने वैश्विक स्थिति समीक्षा से संबंधित ऑस्टिन के निष्कर्षों और सिफारिशों को हाल में मंजूरी दी है। सीएनएन ने अधिकारी के हवाले से कहा कि यह समीक्षा चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी रक्षा विभाग को गुआम और ऑस्ट्रेलिया में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और प्रशांत द्वीपों में सैन्य निर्माण को प्राथमिकता देने के साथ-साथ सैन्य साझेदारी गतिविधियों के लिए अधिक क्षेत्रीय पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश देती है।

**● चीन को खतरा बताकर सैन्य रक्षा व सैन्य शक्ति के विस्तार और सैन्य आधिपत्य बनाए रखने के अमेरिका के प्रयासों का चीन कड़ा विरोध करता है: झाओ**

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने यहां प्रेस वार्ता में इस मामले पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर कहा: पेंटागन की रिपोर्ट तथाकथित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सैन्यीकरण करने तथा इसे घेरने और चीन को रोकने के उसके वास्तविक इरादों को पूरी तरह से उजागर करती है। झाओ ने कहा, चीन को खतरा बताकर सैन्य रक्षा व सैन्य शक्ति के विस्तार और सैन्य आधिपत्य बनाए रखने के अमेरिका के प्रयासों का चीन कड़ा विरोध करता है। अमेरिकी पक्ष को एक काल्पनिक दुश्मन खड़ा करने की अपनी शीत युद्ध की मानसिकता को छोड़ देना चाहिए।

## पुलिस ने ब्राजील के जंगल में सोना खनिकों की नाव जलाईं

**बोरबा( एपी )।** ब्राजील पुलिस ने बताया कि उन्होंने अमेजन के मध्य में सोना खनिकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली 131 नावों को जला दिया, जिसके बाद गरीबी और अपराध से प्रभावित इस अलग-थलग पड़े क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। शनिवार से मदिरा नदी के ऊपर धुआं उठ रहा है और कई स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि अधिकारियों की त्वरित कार्वाई की वजह से वह वर्षा-वन में फंस गए हैं। ब्राजील के न्याय मंत्री एंडरसन टोरेस ने नावों को जलाने की घटना की सोशल मीडिया पर पुष्टि की है। यह घटना राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो के प्रशासन के रुख में बदलाव को दर्शाता है जो अक्सर सोना खनिकों का पक्ष लेते हुए यह तर्क देता आया है कि उन्हें प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने की अनुमति दी जाए। टोरेस ने ट्विटर पर कहा, यह बोलसोनारो प्रशासन द्वारा त्वरित और प्रभावी छापेमारी थी।



ब्रिजटाउन में बारबाडोस की प्रधान मंत्री मिया मोटली (बाएं) और बारबाडोस के राष्ट्रपति डेम सैंड्रा मेसन (दाएं) की उपस्थिति में एक समारोह में गायिका रिहाना को सम्मानित किया गया

## अमेरिका में सीडीसी ने 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को बूस्टर खुराक लेने की सिफारिश की

**एपी।** वाशिंगटन

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामले कई देशों में मिलने के बाद अमेरिका में रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने सभी वयस्कों के लिए कोविड-19 टीके की बूस्टर खुराक की सोमवार को सिफारिश की। एजेंसी ने पहले सभी वयस्कों के लिए बूस्टर खुराक को मंजूरी दी थी लेकिन 50 साल या 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों या फिर दीर्घकालिक देखभाल में रह रहे लोगों को ही यह खुराक लगाने की सिफारिश की थी। सीडीसी के निदेशक डॉक्टर रोचेल वालेंस्की ने कहा कि नया दिशानिर्देश ओमीक्रोन स्वरूप के सामने आने के मद्देनजर जारी किया गया है, जिसके मामले अब तक अमेरिका में नहीं मिले हैं लेकिन अधिकारियों का कहना है कि यहां भी मामले सामने आ सकते हैं।

# जर्मनी की अदालत ने आईएस के पूर्व सदस्य को यजीदी बच्ची की मौत का दोषी करार दिया

**एपी।** बर्लिन

**जर्मनी** की एक अदालत ने पांच साल की यजीदी बच्ची की मौत के मामले में इस्लामिक स्टेट समूह के पूर्व सदस्य को मंगलवार को नरसंहार और युद्ध अपराध का दोषी करार दिया। व्यक्ति ने पांच साल की बच्ची को गुलाम के तौर पर खरीदा था और सजा के तौर पर उसे कड़ी धूप में जंजीरों से बांध दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। फ्रैंकफर्ट की क्षेत्रीय अदालत ने इराकी नागरिक ताहा अल-जे को उम्रकैद की सजा सुनाई और बच्ची की मां को 50,000 यूरो (57,000 अमेरिकी डॉलर) देने का आदेश दिया। दोषी का उपनाम निजता नियमों के कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है।

जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की खबर के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रहे जज क्रिस्टोफर कोल्लर ने कहा कि यजीदी धार्मिक अल्पसंख्यकों का आईएस द्वारा सुनियोजित रूप से दमन किए जाने में भूमिका के लिए पूरी दुनिया में किसी को दोषी करार दिए जाने की यह पहली घटना है। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील ने अपने मुवक्किल के खिलाफ आरोपों से इंकार किया था। उक्त दोषी की जर्मन पत्नी को भी इसी मामले में पिछले महीने 10 साल कैद की सजा सुनाई गई। संयुक्त राष्ट्र ने उत्तरी इराक में अपनी ही धरती पर यजीदी समुदाय के लोगों के खिलाफ 2014 में आईएस के हमलों को नरसंहार करार देते हुए कहा था कि 4,00,000 आबादी वाले यजीदी समुदाय के लोग या तो भागने पर मजबूर हुए हैं, यह पकड़े गए हैं या फिर उनको मार दिया गया है। इनमें से हजारों लोगों को आईएस ने पकड़ा। उसने लड़कों को अपने पक्ष में लड़ने पर मजबूर किया, जिन पुरुषों ने इस्लाम नहीं अपनाया उन्हें मार डाला गया और महिलाओं तथा बच्चियों को गुलामी के लिए बेच दिया गया। जर्मन अभियोजकों के अनुसार, अल-जे ने 2015 में सीरिया में आईएस के एक शिविर से एक यजीदी महिला और उसकी पांच साल की बेटी को गुलाम के रूप में खरीदा। दोनों को आतंकवादी संगठन ने 2014 के अगस्त में उत्तरी इराक से पकड़ा था जिसके बाद मां-बेटी को बार-बार खरीदा-बेचा गया। तय आरोप के अनुसार, अल-जे मां-बेटी को अपने साथ इराक के फलुजा शहर में अपने घर ले गया और उन्हें मकान की देखभाल करने और कठोर इस्लामिक कानून के अनुरुप रहने को मजबूर किया। इस दौरान उसने मां-बेटी को भर पेट भोजन भी नहीं दिया और सजा के तौर पर लगातार उनकी पिटाई की। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि 2015 के अंत में अल-जे ने बच्ची को 50 डिग्री सेल्सियस की तेज धूप में खिड़की की छड़ से जंजीरों से बांध दिया और इसी सजा के क्रम में बच्ची की मौत हो गई।

## संकट में घिरे कैनसास के सांसद एक महीने में दूसरी बार गिरफ्तार

**एपी।** लॉरेंस (अमेरिका)

**शराब** के नशे में गाड़ी चलाने के संदेह में एक महीने से भी कम समय में दूसरी बार कैनसास से 21 वर्षीय सांसद को गिरफ्तार किया गया और इसके बाद उनके इस्तीफे या पद से हटाने की मांग फिर जोर पकड़ने लगी हैं। कैनसास हाईवे पेट्रोल ने कहा कि शुक्रवार देर रात करीब। बजे कैनसास के एक सैनिक ने लॉरेंस के करीब अंतरराज्र्इय 70 पर आरोन कोलमैन को गिरफ्तार किया। कोलमैन को डगलस काउंटी जेल ले जाया गया। घंटों बाद उन्हें जमानत मिल गई और वह रिहा हो गए। इस मामले में सोमवार सुबह तक कोलमैन की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई है। गिरफ्तारी के समय, कोलमैन 30 अक्टूबर को घरेलू बैटरी (मामूली हिंसा) में की गई गिरफ्तारी के बाद बॉन्ड पर बाहर थे। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, उस मामले में, उन्होंने एक लड़ाई में अपने 18 वर्षीय भाई को कथित तौर पर धक्का दिया, मारा और उन पर थूका था।

# बोबर्ट ने मुस्लिम विरोधी टिप्पणी के लिए माफी मांगने से किया इंकार

**एपी।** वाशिंगटन

**मिनिसोटा** से डोमोक्रेटिक सांसद इल्हान उमर के खिलाफ मुस्लिम विरोधी टिप्पणी करने को लेकर बुरी तरह आलोचना झेल रही कंजरवेटिव पार्टी की सांसद लॉरेन बोबर्ट ने फोन पर उमर से वार्ता की है। हालांकि इस संबंध में दोनों नेताओं का कहना है कि बातचीत सकारात्मक नहीं रही। गौरतलब है कि बोबर्ट ने उमर की तुलना आत्मघाती हमलावर आतंकवादी से की थी।

शुक्रवार को बयान जारी कर बातचीत का अनुरोध करने के बाद सोमवार को हुई बातचीत ने दोनों नेताओं के बीच सुलह का अवसर दिया था। लेकिन, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और उमर द्वारा सार्वजनिक माफी की मांग किए जाने के बाद बोबर्ट ने अचानक ही कॉल काट दिया और बातचीत अधूरी रह गई। इस घटना ने रिपब्लिकन पार्टी की भेदभाव वाली छवि को और नुकसान पहुंचाया है। छह जनवरी को अमेरिकी संसद (कैपिटल) पर डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के हमले के बाद यह छवि बनी। बोबर्ट ने पहले मुस्लिम समुदाय में मैंने जिसे भी ठेस पहुंचाई हो कहते हुए माफी मांगी थी, हालांकि उन्होंने उमर से सीधे-सीधे माफी नहीं मांगी।

रिपब्लिकन पार्टी के सांसद द्वारा किसी अन्य सांसद के खिलाफ निजीव्यक्तिगत टिप्पणी किए जाने का यह ताजा मामला है। हालांकि पार्टी में इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन कोई इसके खिलाफ कुछ नहीं कर रहा है। इस महीने की शुरूआत में एरिजोना से सांसद पॉल गोसर की एक हिंसक वीडियो को लेकर निंदा की गई थी। वहीं, फरवरी में जॉर्जिया से सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीनी की टिप्पणियों के लिए उन्हें संसदीय समिति से निकाल दिया गया था। सोमवार को फोन पर हुई बातचीत के बाद उमर और बोबर्ट ने एक-दूसरे की आलोचना करते हुए बयान जारी किए। उमर ने कहा, मैं उनके साथ बातचीत करने में यकीन रखती हूं जो सम्मानजनक तरीके से आपसे मतभेद रखते हैं, लेकिन तब नहीं जब वह मतभेद घृणा या अन्य नकारात्मक कारणों पर आधारित हो। उन्होंने कहा, मैंने उस बेकार के फोन कॉल को बीच में ही खत्म करना सही समझा। बोबर्ट ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में अपनी भड़ास निकाली है। माफी स्वीकार नहीं करना और कॉल बीच में काट देना, खराब संस्कृति की पहचान और डेमोक्रेटिक पार्टी का आधार है। इस पूरे मामले की शुरूआत करीब एक सप्ताह पहले बोबर्ट द्वारा अपने क्षेत्र के लोगों से हुई बातचीत का वीडियो फेसबुक पर पोस्ट करने से हुई जिसमें उन्होंने उमर से बातचीत का जिक्र किया था।



म्यांमार की राजधानी यंगून में सैनिक शासन के खिलाफ प्रदर्शन करते युवा

# म्यांमा की अदालत ने अपदस्थ नेता सूची पर फैसला टाला

**एपी।** बैंकॉक

**म्यांमा** की एक अदालत ने अपदस्थ नेता आंग सान सू ची के मुकदमे में एक अतिरिक्त गवाह को गवाही देने की अनुमति देते हुए अपना फैसला मंगलवार को टाल दिया। एक कानूनी अधिकारी ने कहा कि अदालत बचाव पक्ष के उस प्रस्ताव पर सहमत हुई कि वह एक डॉक्टर को गवाही देने की अनुमति दे जो पहले अदालत में आ पाने में असमर्थ था।

एक फरवरी को सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने, सूची को गिरफ्तार करने और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी को कार्यालय में दूसरा कार्यकाल शुरू करने से रोक देने के बाद से 76 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए यह पहला अदालती फैसला होगा। उन पर भ्रष्टाचार सहित कई अन्य आरोपों में भी मुकदमे चल रहे हैं, जिनमें दोषी ठहराए जाने पर उन्हें कई वर्षों तक जेल में रहना पड़ सकता है। अदालत को सू ची के खिलाफ लगाए गए कोरोना वायरस प्रतिबंधों का उल्लंघन करने और उकसाने के आरोपों में मंगलवार को फैसला सुनाना था।

**● न्यायाधीश ने छह दिसंबर तक कार्यवाही स्थगित कर दी, जब नए गवाह, डॉ ज़ॉ म्यिंट मौंग की गवाही का दिन तय है: कानूनी अधिकारी**

कानूनी अधिकारी ने कहा कि न्यायाधीश ने छह दिसंबर तक कार्यवाही स्थगित कर दी, जब नए गवाह, डॉ ज़ॉ म्यिंट मौंग की गवाही का दिन तय है। यह साफ नहीं हो सका है कि फैसला कब सुनाया जाएगा। सूची के खिलाफ मामलों को व्यापक रूप से उन्हें बदनाम करने और अगला चुनाव लड़ने से रोकने के लिए साजिश के रूप में देखा जाता है। देश का संविधान किसी को भी जेल की सजा सुनाए जाने पर उच्च पद पर आसीन होने या सांसद-विधायक बनने से रोकता है। म्यामां में गत नवंबर में हुए चुनाव में सू ची की पार्टी को एकतरफा जीत मिली थी जबकि सेना से संबद्ध दल को कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। तब सेना ने मतदान में धंधली का आरोप लगाया था। लेकिन स्वतंत्र चुनाव पर्यवेक्षकों को जांच में किसी बड़ी अनियमितता का पता नहीं चला। सूची की लोकप्रियता बरकरार है और उन्हें लोग आज भी सैन्य शासन के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक मानते हैं। सत्ता पर सेना के कब्जा किए जाने का देशव्यापी विरोध हुआ और इसे सुरक्षा बलों ने निर्ममता से कुचला।

# ईरान ने परमाणु वार्ता फिर शुरू होने पर प्रतिबंधों को हटाने की मांग की

**एपी।** तेहरान

**ईरान** ने अपने परमाणु करार पर वियना में फिर से वार्ता फिर से शुरू होने के एक दिन बाद मंगलवार को स्पष्ट रूप से कहा कि पहले हुई राजनयिक वार्ताओं के दौरान जिन मुद्दों पर चर्चा हुई थी, उनपर दोबारा बातचीत होनी चाहिए क्योंकि ईरान सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने की मांग कर रहा है। ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया कि ईरान के शीर्ष परमाणु वार्ताकार अली बाकरी और देश के असैन्य परमाणु प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने यह बात कही है।

गौरतलब है कि साल 2015 में हुए ईरान के परमाणु करार के तहत ईरान को आर्थिक प्रतिबंध हटवाने के लिए यूरेनियम संवर्धन को सीमित करना था। लेकिन 2018 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका इस समझौते से बाहर निकल गया था। तब से यह करार ठंडे बस्ते में पड़ा था। ईरान 60 प्रतिशत यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल कर चुका है और वह परमाणु आयुध बनाने के लिए आवश्यक 90 प्रतिशत यूरेनियम संवर्धन क्षमता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बाकरी ने पिछले दौर की वार्ताओं को केवल मसौदा करार दिया। उन्होंने कहा, मसौदों पर भी चर्चा होनी चाहिए। लिहाजा, जब तक सभी मुद्दों पर सहमति नहीं बन जाती तब तक कोई सहमति जाहिर नहीं की जा सकती। इस प्रकार, छह दौर में हुई सभी चर्चाओं को संक्षेप में प्रस्तुत कर उनपर बातचीत होनी चाहिए। आज की बैठक में भी सभी पक्षों ने इस बात को स्वीकार किया। एक अन्य टीवी कार्यक्रम में दिखाया गया है कि वियना में बाकरी ने कहा कि ईरान ने नए प्रतिबंध नहीं लगाने और पिछली पाबंदियों को दोबारा लागू नहीं करने की अमेरिका से गारंटी मांगी है। इस्लामी ने ईरान की सरकार द्वारा संचालित समाचार एजेंसी से बात करते हुए यह मांग दोहराई।

## मालदीव की शीर्ष अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति की सजा रद्द की

**एपी।** माले

**मालदीव** की शीर्ष अदालत ने मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन अब्दुल गयूम की जेल की सजा को रद्द कर दिया। निचली अदालत ने गयूम को धन शोधन मामले में दोषी ठहराया था। उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्ईय पीठ ने दो साल पहले एक निचली अदालत द्वारा गयूम को दी गई पांच साल जेल की सजा और उन पर लगाया गया 50 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना रद्द कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति को हाल में नजरबंद किया गया था। न्यायाधीशों ने कहा कि प्रारंभिक सुनवाई में दिए गए सबूतों में विसंगतियां थीं और यह निर्णायक रूप से साबित नहीं हुआ कि गयूम ने राष्ट्रीय कोष से 10 लाख डॉलर की राशि का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए किया था। गयूम वर्ष 2013 से 2018 तक मालदीव के राष्ट्रपति रहे थे। उन पर पद पर रहने के दौरान भ्रष्टाचार और असंतोष को दबाने के आरोप लगे थे।

# तालिबान ने 100 से अधिक पूर्व पुलिस अधिकारियों को मार डाला या गायब कर दिया: अधिकार समूह

**एपी।** काबुल

**तालिबान** लड़ाकों ने अफगानिस्तान में सत्ता पर काबिज होने के बाद से 100 से अधिक पूर्व पुलिस और खुफिया अधिकारियों को या तो मार डाला है या जबरन गायब कर दिया है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। समूह ने आम माफी घोषित किए जाने के बावजूद अपदस्थ सरकार के सशस्त्र बलों के खिलाफ जवाबी कार्वाई जारी रखने की ओर इशारा किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान ने सरकारी रोजगार रिकॉर्ड का उपयोग करते हुए पूर्व अधिकारियों और आत्मसमर्पण करने वालों को निशाना बनाया है। कुछ मामलों में, स्थानीय तालिबान कमांडरों ने लक्षित किए जाने वाले लोगों की सूची यह कहते हुए तैयार की है कि उन्होंने "अक्षम्यै कृत्य किए हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच ने रिपोर्ट में कहा, हत्याओं के स्वरूप से पूरे अफगानिस्तान में आतंक उत्पन्न हो गया है, क्योंकि पूर्व सरकार से जुड़ा कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर सकता है। तालिबान 15 अगस्त को अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था जब इसके लड़ाके राजधानी काबुल में घुस गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान ने पूर्वी नांगरहार प्रांत में इस्लामिक स्टेट समूह का समर्थन करने वाले लोगों को भी निशाना बनाया है, जो आईएस के हमलों का केंद्र है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रांत की राजधानी जलालाबाद में मंगलवार को उस समय आठ घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई जब तालिबान ने आईएस आतंकवादियों के एक संदिग्ध ठिकाने पर धावा बोल दिया। प्रांतीय खुफिया प्रमुख ताहिर मोबारिज़ ने कहा कि संघर्ष के दौरान, घर में एक महिला और एक पुरुष ने आत्मघाती विस्फोट कर लिया और उनकी इसमें मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तीसरा व्यक्ति गोलीबारी से मारा गया। उन्होंने बताया कि दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने गवाहों, रिश्तेदारों, पूर्व सरकारी अधिकारियों, तालिबान अधिकारियों और अन्य लोगों के साक्षात्कार के माध्यम से कहा कि उसने 15 अगस्त और 31 अक्टूबर के बीच चार प्रांतों में 47 पूर्व सशस्त्र बलों के सदस्यों की हत्याओं या 'गायब होने' का दस्तावेजीकरण किया है। उसने कहा कि इसके शोध से संकेत मिलता है कि कम से कम 53 अन्य हत्याओं एवं व्यक्तियों के गायब होने के मामले भी हैं।

**● हत्याओं के स्वरूप से पूरे अफगानिस्तान में आतंक उत्पन्न हो गया है, क्योंकि पूर्व सरकार से जुड़ा कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर सकता है: ह्यूमन राइट्स वॉच**



बर्लिन में कोरोना के नए स्वरूप को लेकर सतर्कता के बीच खुली दुकानों के बाजार से गुजरते लोग

# 'कठिन से ज्यादा, यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था'

**मधुर मिल ने एमएस प्लेयर के मत्स्य कांड में राजू की भूमिका निभाई थी। उन्होंने सुप्रिया रमेश के साथ अपने अनुभवों और भावी योजनाओं को लेकर विस्तार से बात की**



■ **मत्स्य कांड क्या है?**

यह मूल रूप से दो समान रूप से बुद्धिमान और प्रतिभाशाली लोगों के बीच एक बिल्ली और चूहे का खेल है। वह है रवि दुबे द्वारा निभाई गई मत्स्य और तेज राज की भूमिका रवि कृष्ण जी, वह व्यक्ति मत्स्य को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। यह सिर्फ एक शानदार आगे और पीछे है, एक दूसरे को समझने की कोशिश कर रहा है। जो मुझे लगता है शानदार है। यह अधिक दिमाग की तरह है, जो देखने में अधिक दिलचस्प है और इसके साथ ही आपके पास इन सभी पात्रों को निभाने वाले कलाकारों का एक अविश्वसनीय पहनावा है जो शो को जीवंत बनाते हैं।

■ **आपकी भूमिका क्या है?**

मैं राजू का किरदार निभा रहा हूं, जिसे मैं कुछ मायनों में शो का दिल मानता हूं। इस मायने में कि वह बहुत जुगाड़ू हैं। वह विशेषता जो उसे मत्स्य से मिलने और उसकी टीम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करती है। तीन लोगों की टीम जहां राजू वह गोंद है जो टीम को एक साथ रखता है। वह थोड़ा अनाड़ी है, वह बहुत निहत्था है, दिल से भरा है, गर्मजोशी से भरा है और बहुत वफादार है। यही बात मुझे इस किरदार की ओर आकर्षित करती है। एक प्यारा लड़का जो मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस किरदार को पहले देखने का मौका मिला है। यही मुख्य कारण है कि मैं ऐसा करना चाहता था।

■ **आपने इस परियोजना को कैसे उतारा?**

श्री गौतम तलवार, जो एमएक्स प्लेयर के मुख्य सामग्री अधिकारी हैं, मेरे और अजय सर के साथ बैठक करने के लिए बहुत दयालु थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें लगा कि मैं इस किरदार के लिए सही हूं। हम मिले और तुरंत क्लिक किया। मुझे अजय सर की ऊर्जा बहुत पसंद है, जिस तरह से वह इतने शांत और अविश्वसनीय रूप से सहायक हैं। उसके साथ, यह स्वतंत्र महसूस हुआ। हमने कुछ बैठकें कीं और उन्होंने सोचा कि मैं इस भूमिका के लिए सही था और मुझे स्पष्ट रूप से यह पसंद आया क्योंकि मैंने पहले ऐसा कुछ नहीं किया है। शो में क्रिएटर्स से लेकर कास्ट तक शानदार और शानदार लोग थे।

■ **कितना कठिन था यह रोल?**

कठिन से अधिक, मैं यह कहना चाहूंगा कि यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था। मेरा मतलब है कि हर काम अपने आप में कठिन होता है लेकिन मेरे लिए, क्योंकि मुझे अभिनय बहुत पसंद है, वे बाधाओं के बजाय अवसरों की तरह लगते हैं।

यह एक टीम प्रयास था। आप अकेले पेंटिंग बना सकते हैं, गाने अकेले, ज्यादातर कलाएँ अकेले लेकिन आप अकेले शो नहीं बना सकते। आपको अपने आस-पास एक महान टीम की आवश्यकता है और सौभाग्य से हमें अद्भुत लोग मिले जो सभी एक लेगो की तरह एक साथ फिट होते हैं। यह घड़ी की कल की तरह था और हम काम कर रहे थे। यह सिर्फ एक शानदार अनुभव था।

■ **अपने सह-कलाकारों के साथ आपका अनुभव कैसा रहा है?**

रवि भैया और जोया के साथ रहना बहुत मजेदार है। हम तीनों ने काम के बाद काफी बॉन्डिंग की। जोया की मां भी हमारे साथ थीं।

हम सभी कोविड के दौरान जितने खुले स्थान थे, उतने डिनर और लंच के लिए बाहर जाएंगे। हमारे पास हर तरह के भोजन पर जबरदस्त समय था।

मैंने हमेशा अपने समोसे से सभी को जलन होती थी क्योंकि मैं सब कुछ खा लेता था जबकि रवि भैया और जोया देखते थे कि वे क्या खाते हैं। यह मेरा पसंदीदा काम था। हमारे पास एक अविश्वसनीय समय था। पूरा शो शानदार रहा है।

■ **आप बहुत कम उम्र से पर्दे पर हैं। अभिनय कैसे हुआ?**

अभिनय कुछ देर से हुआ। मैंने अपने करियर की शुरुआत एक डांसर के रूप में की थी। मैंने 1997 में बूगी वूगी जीता था। उसके बाद मैं और मेरे पिता, हम सब बॉम्बे आए ताकि मैं अपना करियर बना सकूं। नृत्य के माध्यम से बहुत से लोगों ने सुझाव दिया कि क्योंकि मैं नृत्य में बहुत अभिव्यंजक था और मुझे अभिनय करने की कोशिश करनी चाहिए। मैंने कुछ ऑडिशन देना शुरू किया और फिर मेरी पहली फिल्म वन टू का फोर थी। मुझे सलमान के साथ एक और मिला जिसका नाम था कहीं प्यार ना हो जाए। तो फिर अभिनय का सफर शुरू हुआ और कहीं न कहीं मुझे लगा कि मैं एक डांसर से बेहतर अभिनेता हूं। इसलिए 14 साल की उम्र में मैंने अपनी सारी ऊर्जा अभिनय में लगा दी और ब्रह्मांड दयालु रहा। 18 साल की उम्र में मैं स्लमडॉग मिलियनेयर के साथ ऑस्कर में था।

■ **आप स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए जाने जाते हैं और आपकी भूमिका और अभिनय की बहुत सराहना की जाती है। सलीम के उस किरदार में ढलना कितना मुश्किल था?**

सलीम के लिए मुख्य बात यह थी कि इससे पहले मैंने कभी ग्रे किरदार नहीं निभाया था। आज भी लोग उस तरह के किरदारों से जुड़ते हैं। इससे पहले मैं इतना डरपोक किस्म का अच्छा लड़का था। मैं एक बच्चा था इसलिए मैंने एक बच्चे की भूमिका निभाई, जो कुछ भी मैंने पहले किया था, उसमें कुछ भी ग्रे नहीं है। तो सलीम जैसे किसी को पाने के लिए जो सतह के नीचे अधिक जटिल था। यह सिर्फ एक आदमी नहीं है जो पैसा पाने के लिए बुरा काम कर रहा है। वहाँ परतें हैं और जाहिर है कि जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, आपको वे देखने को मिलती हैं।

यह सुपर इंटेंस था और सौभाग्य से डैनी बॉयल एक निर्देशक थे जो मेरे साथ बैठे क्योंकि मैं एक युवा अभिनेता था। हमने उनके साथ दो महीने तक वर्कशॉप की थी। फिल्म शुरू होने के करीब ढाई से तीन महीने पहले। यह बहुत निर्देशित था, उस समय मैं एक अभिनेता के रूप में इतना विकसित भी नहीं हुआ था कि मैं अपने आप को चरित्र में ला सकूं। मैंने अपने शोध का उचित हिस्सा किया जैसे मैं कुछ लोगों के साथ बाहर गया था, जिनके पास सलीम की तरह एक समान खिंचाव था और मुझे एहसास हुआ कि जो लोग बुरे काम करते हैं वे स्वाभाविक रूप से बुरे नहीं होते हैं। उनके साथ चीजें हुई हैं जो वास्तव में उनके द्वारा किए गए कार्यों को उचित नहीं ठहराती हैं लेकिन आप इसे एक तरह से समझ सकते हैं। इस तरह मैं उस किरदार के करीब आने लगा।

■ **अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका कौन सी रही है?**

मुझे लगता है कि मैंने जो सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है वह मिलियन डॉलर आर्म नामक इस डिज्नी फिल्म में थी। यह मुश्किल था क्योंकि मैंने स्लमडॉग मिलियनेयर से पहले एक स्पोर्ट्स फिल्म की थी। यह बेसबॉल के बारे में था और मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मैंने अपने जीवन में पहले कभी बेसबॉल नहीं उठाया था, जो एक तरह से बहुत अच्छा था क्योंकि चरित्र भी उसी यात्रा से गुजरता है। लेकिन शारीरिक रूप से, यह बहुत ही स्थायी था क्योंकि तीन महीने के लिए, हमारे पास कोच और कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम था। मुझे कुछ मांसपेशियों को खड़ा करना पड़ा, इसलिए यह बहुत शारीरिक रूप से मांग कर रहा था और यह पहली बार था जब मुझे ऐसा करना पड़ा।

मैं कहूंगा कि इसकी भौतिकता के कारण और दूसरी यह फिल्म होगी जिसे मटर कहा जाता है जो इस जीवन-अंत कार दुर्घटना के बाद थी जिससे मैं गुजरा था। जिसमें मैं लगभग पूरी तरह से अपना चेहरा खो चुकी थी। मुझे फिर से अपने जैसा दिखने के लिए कई सर्जरी करानी पड़ी। दुर्घटना के कारण, मैंने सोचा कि मैं फिर कभी अभिनय नहीं करूंगा। फिल्म सुपर रोमांचक थी लेकिन बहुत डरावनी भी थी। उस किरदार ने मुझसे भी बहुत कुछ लिया।

■ **आप किस जॉनर को पसंद करते हैं?**

मैं हमेशा ऐसे जॉनर के लिए हां कहूंगा, जो मुझे अभी तक करने का मौका नहीं मिला है। मजेदार लेकिन हाँ विज्ञान-कथा एक है। डैनी बॉयल की सनशाइन जैसी फिल्म या अराइवल की तरह। मुझे ऐसी फिल्में पसंद हैं। मुझे इस तरह का शो लगभग मिल ही गया था, लेकिन मैं डेट इश्यू के कारण इसे मिस कर गया। उस दायरे में कुछ, मैं बिल्कुल कूद जाऊंगा।

## टेली कथा

## उसको लेकर मुझे थोड़ा संशय था



अभिनेता शरद मल्होत्रा का कहना है कि वह अपने नवीनतम शो विद्रोही को लेकर थोड़ा संशय में थे, जो ऐतिहासिक है।

''सच कहूं तो, जब मुझे शो की पेशकश की गई थी, तो मुझे इसे लेने के बारे में थोड़ा संदेह था, लेकिन नकारात्मक तरीके से नहीं। मैंने न तो अपने चरित्र बख्शी जगबंधु के बारे में सुना था और न ही इतिहास में उनके बारे में बहुत कुछ लिखा था। लेकिन जब मैंने इसके बारे में शोध किया उसे, मुझे पता चला कि वह इतिहास का पहला व्यक्ति था जिसने देश में जन विद्रोह शुरू किया था। मैंने बहुत सारे शो नहीं किए हैं, मैं जो करता हूं उसके बारे में मैं बहुत पसंद करता हूं। यह कम रहा है लेकिन यह अच्छा काम रहा है मैंने पिछले 15 वर्षों में कुछ ही शो किए हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और लोगों की यादों में बस गए।''

उनके अनुसार, पहले अभिनेताओं में एक टीवी अभिनेता और एक फिल्म अभिनेता के बीच सीमांकन होता था, जो अब नहीं है।

''रेखा धुंधली हो गई है और एक टीवी अभिनेता वेब शो और फिल्मों में काम कर रहा है और इसके विपरीत। जहां तक शेल्फ लाइफ का सवाल है, यह एक बहुत ही व्यक्तिपरक मामला है। जब मैंने अभिनय करना शुरू किया, तो मैं इसे एक शॉट देना चाहता था, मैं इतने लंबे समय तक जारी रखने की योजना नहीं थी। मैं हर दिन जैसे ही आया था, ले रहा था।''

''मैं 15 साल बाद भी मुख्य भूमिकाएं पाने के लिए बेहद धन्य हूं। लेकिन यह रातोंरात नहीं हुआ, मुझे इसके लिए काम करना पड़ा। आज मैं जहां हूं, वहां बहुत सारा खून, पसीना और कड़ी मेहनत लगी है'', उसने आगे जोड़ा।

भारत का वीर पुत्र - महाराणा प्रताप अभिनेता खुद को बहुत लालची अभिनेता कहते हैं।

''टीवी पर बहुत सारे पुरुष कलाकार स्क्रीन स्पेस की शिकायत करते हैं क्योंकि उद्योग अभी भी महिलाओं द्वारा शासित है। टीवी को महिलाओं द्वारा शासित एक माध्यम कहा जाता है, महिलाओं के लिए और महिलाओं के लिए। लेकिन कुछ पुरुष भाग्यशाली रहे हैं। उस श्रेणी में नहीं आने के लिए पर्याप्त है'', उन्होंने कहा।

## ट्रोल पर हर्षाली जिन के विचार

यह बिना कहे चला जाता है कि सोशल मीडिया ने हमारे जीवन को फिर से परिभाषित किया है। चीजें हमारे लिए एक से अधिक तरीकों से आसान और अच्छी हो गई हैं। हालांकि, कई लोगों को लगता है कि सोशल मीडिया की दुनिया नकली है, लेकिन साथ ही, हर कोई उस ध्यान को चाहता है। एक्ट्रेस हर्षाली जिन ने पूरी बात डिकोड की।

''किसी को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया मुक्त नहीं है, इससे आपको अपना ध्यान केंद्रित करना पड़ता है। ये मुफ्त ऐप आपके ईमेल, टेक्स्ट मैसेज पढ़ने, आपके फोन कॉल सुनने आदि की अनुमति मांगते



हैं। आप जितने कम ऐप पर हैं उतना बेहतर है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के युग में गोपनीयता एक मिथक है,'' टीवी शो, सीआईडी, दीया और बाती हम, वेब श्रृंखला, बॉस : बाप ऑफ स्पेशल सर्विसेज, और मराठी फिल्म, पाच नार एक बेज़ार, के लिए जाने जाने वाले अभिनेता कहते हैं। .

सोशल मीडिया एक अहम् मालिश उपकरण बन गया है और यह अभिनेताओं के नियमित जीवन को बाधित करता है क्योंकि उनसे दैनिक आधार पर नई सामग्री डालने की उम्मीद की जाती है।

ट्रोल्स पर आपकी क्या राय है और आप ट्रोलिंग से कैसे निपटती हैं? ''मैं उनके बारे में कुछ नहीं सोचती। उन्हें महत्व नहीं देना चाहिए। मेरे मन की शांति को प्रभावित करने के लिए मुझ पर किसी के पास उस तरह की शक्ति नहीं है। यह उनकी रोगग्रस्त मानसिकता को दर्शाता है। मुझे इसे व्यक्तिगत रूप से क्यों लेना चाहिए? इसका मेरे साथ कुछ लेना देना नहीं है। मैं उन्हें उपचार भेजती हूं,'' वह जवाब देती है।

## भारत में लोमोटिफ

पंजाबी हार्टथ्रोब और सिंगिंग सेंसेशन गुरु रंधावा ने यूएस-बेस्ड के लॉन्च पर स्टेज पर धमाल मचा दिया

शॉर्ट-फॉर्मेट वीडियो-शेयरिंग ऐप- लोमोटिफ सिंगर शर्ली सेतिया, बिग बॉस फेम असीम रियाज, लोकप्रिय अभिनेता अदा खान, अनुष्का सेन और भोजपुरी सुपरस्टार रवि किशन और अक्षरा सिंह भी लॉन्च का हिस्सा थे।

लोमोटिफ ने भारत में आधिकारिक रूप से प्रवेश कर लिया है। ग्लोबल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और सह-संस्थापक टेड फार्नवर्थ ने नई दिल्ली में लॉन्च की अगुवाई की। इस अवसर पर, ऐप ने एक नए चैनल, लोमोटिफ इंडिया का भी अनावरण किया। उपयोगकर्ता अद्भुत पुरस्कार जीतने के लिए अपने वीडियो पोस्ट करके लोमोटिफ इंडिया की साप्ताहिक चुनौतियों में भी भाग ले सकते हैं। सिंगापुर स्थित पॉल यांग द्वारा स्थापित, लोमोटिफ को इस साल की शुरुआत में्ंस॥ द्वारा अधिग्रहित किया गया था।

इसकी पेटेंट तकनीक उपयोगकर्ताओं को सामग्री के सुपर-आकर्षक रील प्रारूप में खुद को विसर्जित करने की अनुमति देती है।

## पकड़ में आए अथर्व

सोनी सब का वागले की दुनिया - नई पीठ नए किसी ने अपने हल्के-फुल्के और भरोसेमंद कंटेंट के साथ बड़े पैमाने पर फैन फॉलोइंग हासिल



करना जारी रखा है। एपिसोड की वर्तमान श्रृंखला कहानी में अब तक का सबसे बड़ा मोड़ लेकर आती है क्योंकि वागले परिवार अथर्व (शीहान कपाही) के अपहरण के साथ बहुत कठिन समय से गुजरता है।

अथर्व और वंदना (परिवा प्रणति) का दिन एक विवाद के साथ शुरू होता है क्योंकि वंदना गलती से अथर्व पर डक्कू (दीपक पारीक) की तस्वीर पर वांटेड - डेड ऑर अलाइव लिखा हुआ छापने का आरोप लगाती है। अपने सामान्य दिन की बात करें तो, वागले परिवार उस दुर्भाग्य से पूरी तरह से बेखबर है जो उनके ऊपर मंडरा रहा है। स्कूल जाते समय, अथर्व का दो गुंडों द्वारा अपहरण कर लिया जाता है। अथर्व के साथ जो हुआ वह पूरे वागले परिवार के लिए पूरी तरह से रहस्यपूर्ण है क्योंकि उनकी साधारण जीवन शैली उन्हें गुंडों के साथ परेशानी में नहीं डाल सकती थी।

## वाल्ट डिज्ने एनीमेशन स्टूडियो की 60वीं फिल्म




डिज्नी फिल्में विशेष हैं और उनमें एक आश्चर्यजनक तत्व है कि वे दर्शकों को जादू और हंसी की दुनिया में ले जाते हैं। 90 से अधिक वर्षों की विरासत के साथ, वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो ने अभूतपूर्व फिल्में बनाई हैं, जिन्हें दुनिया भर के सभी उम्र के लोगों से बहुत प्यार और सराहना मिली है। इस प्यार और खुशी का जश्न मनाने के लिए, डिज़्नी अपना 60वां एनिमेटेड संगीत-एनकैंटो लेकर आया है, जो आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रहा है। यह फिल्म एक ऐसे परिवार के बारे में है जिसके पास इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए जादू की विशेष शक्तियां हैं। यहाँ वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो की कुछ प्रतिष्ठित फ़िल्मों पर एक नज़र डालें।

द लायन किंग (2019), यदि आप एक ऐसी फिल्म देखना चाहते हैं जो प्यार, रोमांच और प्रेरणा से भरी हो, तो लायन किंग आपकी मंजिल है। जॉन फेवर्यू द्वारा निर्देशित, 2019 की यह फिल्म विश्व स्तर पर एक मेगा हिट थी। मनोरंजक कहानी, अद्भुत संगीत, आश्चर्यजनक एनीमेशन ने दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा।

राया और द लास्ट ड्रैगन (2021), बहुत सारे गहन ड्रामा और एक्शन से भरपूर, यह फिल्म बेतहाशा और अकल्पनीय परिदृश्यों को सच कर देगी। कहानी एक ऐसी जगह के बारे में है जहां एक दिन तक ड्रेगन और इंसान एक साथ रहते हैं जब एक भयावह राक्षस 500 साल बाद लौटता है और इस भूमि को धमकी देता है। राया को इंसानों को बचाने के लिए आखिरी ड्रैगन का पता लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। क्या राया सभी को उम्मीद देकर एक अजगर के साथ वापस लौट पाएगी?

टैंगल्ड (2010), वॉल्ट डिज्नी एनिमेशन स्टूडियो को लीक से हटकर सोचने के लिए जाना जाता है। हम सभी रॅपन्ज़ेल की कहानी जानते हैं, लेकिन क्या हम कभी सोच सकते हैं कि वह शहर में सबसे योग्य कुंवारे उर्फ फ्लिन राइडर का अपहरण कर लेगी? नाथन ग्रेनो और बायरन हॉवर्ड द्वारा निर्देशित, फिल्म दर्शकों की आंखों के लिए एक मनोरंजक कहानी और अद्भुत संगीत के साथ एक इलाज है।

टार्जन इस फिल्म को इस सूची में होना चाहिए। प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित - डिज़्नी का टार्ज़न वह लोग हैं जो अपने 20 और 30 के दशक की शुरुआत में देखे और बड़े हुए। एडगर राइस बरोज़ की वानर आदमी की कहानी का यह शानदार रूपांतरण जंगल के भीतर गहराई से शुरू होता है जब टार्ज़न, एक बच्चा जिसने अपने माता-पिता को एक तेंदुए के लिए खो दिया है, को गोरिल्ला के एक परिवार द्वारा अपनाया जाता है। अभूतपूर्व एनिमेशन, बेहतरीन संगीत और अद्भुत वॉयसओवर ने इस फिल्म को विश्व स्तर पर एक ब्लॉकबस्टर बना दिया है, जिसमें सभी उम्र के लोग इस फिल्म को पसंद करते हैं और इसे कई बार देखने के बाद भी कभी बोर नहीं होते हैं। यह वह फिल्म थी जिसने वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो के लिए बार उठाया और लोगों के दिलों और दिमागों पर हमेशा के लिए छाप छोड़ी।

फ्रोजन, फ्रोजन हंस क्रिश्चियन एंडरसन की परी कथा %द स्नो क्वीन% से प्रेरित था। क्रिस बक और जेनिफर ली द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में एक राजकुमारी को दर्शाया गया है, जो अपनी बहन को खोजने के लिए एक हिममानव, अपने हिरन और एक स्नोमैन के साथ यात्रा पर निकलती है, जिसकी जादुई शक्ति ने अनन्त सर्दियों में उनके राज्य पर एक अभिशाप के रूप में काम किया। एक कहानी और साउंडट्रैक के साथ, जिसने सही राग मारा, फिल्म को दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस के सभी रिकॉर्ड तोड़ने में बिल्कुल भी समय नहीं लगा। यह कितना शानदार था और प्रशंसकों और दर्शकों द्वारा बरसाए गए प्यार के कारण इसने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते। वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो एनकैंटो की एक और नाटकीय रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। बायरन हॉवर्ड और जेरेड बुश द्वारा निर्देशित, जबकि इसमें दिखाए गए खूबसूरत गाने एमी, ग्रैमी और टोनी पुरस्कार विजेता लिन-मैनुअल मिरांडा के हैं। यवेट मेरिनो द्वारा निर्मित, यह फिल्म आपको एक लाला-भूमि में एक शानदार समय देने के लिए तैयार है जो महान गीतों और मनोरम दृश्यों से भरा है।

## घरेलू उत्पीड़न को 'ना' कहें



एक अभिनेता के करियर में, हम बहुत कुछ करते हैं, लेकिन शायद ही कभी हमें ऐसे किरदार मिलते हैं जो हमें अंदर तक हिला देते हैं। इसलिए नहीं कि यह आपको एक कलाकार के रूप में और अधिक खोज करने देता है, बल्कि यह आपको एक ऐसी वास्तविकता से रूबरू कराता है, जिसके बारे में आप बहुत कम जानते थे। जब मुझे ज़िद्दी दिल माने ना में कोयल का किरदार निभाने का मौका मिला, तो ठीक यही मुझे हुआ। कोयल को दोहराते हुए, मैंने महसूस किया कि कैसे दुनिया भर में कई महिलाओं के लिए घर का एक बिल्कुल अलग अर्थ है और घरेलू शोषण कितना बड़ा खतरा है।

मैं पहले इस खतरे से बेखबर नहीं थी। हमारे देश में घरेलू दुर्व्यवहार के मामलों की खतरनाक संख्या ने मुझे चौंका दिया और मुझे भी झकझोर दिया। लेकिन जिस चीज से मेरे चरित्र ने मुझे अवगत कराया, वह है समस्या की तीव्रता, बहुसंख्यक महिलाओं के बीच इसकी प्रासंगिकता और कैसे एक समाज के रूप में, हम सभी को बदलाव लाने के लिए कुछ करना है। आप, मैं और सब लोग!

इसलिए, आज, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर, मैं घरेलू शोषण के गंभीर मुद्दे के बारे में बात करने का साहस चुनती हूं और सभी से अपील करती हूं कि वे हिंसा को ना कहें और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ खड़े हों। मैं इस मुद्दे को उठाने और इस गंभीर विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए सोनी सब की भी सराहना करना चाहती हूं।

मैं दुर्व्यवहार के बारे में सोचकर डर से कांपती हूं, इस देश में बहुत सी महिलाएं तब तक जीवित रहती हैं और सहती हैं जब तक वे और नहीं रह सकतीं। फिर भी, यह सिर्फ हिमशैल का सिरा है। हम इस तरह के मामलों को जितना पढ़ते हैं, सुनने के लिए अंधेरे में और भी बहुत से लोग छिपे हैं। महिलाओं को चुप रहने का कारण बनने वाली इस शातिर प्रथा के आसपास के आघात, दर्द और कलंक की कल्पना करना कठिन है।

जैसे ही मैं 'जिद्दी दिल माने ना' शो में अपने किरदार कोयल की यात्रा को आगे बढ़ा रही हूं, घरेलू दुर्व्यवहार की वास्तविकता मुझे कसकर घेर रही है। मेरा दिल उन महिलाओं के लिए है जो यह सब सहती हैं, या तो असहायता से, या जागरूकता की कमी या दोनों से। रातों की नींद हराम, बचने का डर, आपके बच्चे के बचने का डर कुछ ऐसा है जिसे मैं मापना भी शुरू नहीं कर सकती। और यह नहीं भूलना चाहिए, भले ही आप इस संकट से जूझ रहे हों, एक महिला के पीछे जो शर्म और कलंक है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

लेकिन प्रिय महिलाओं, कोयल की तरह, आपको इस खतरे से जूझने से नहीं रोकना चाहिए। आप अपनी त्वचा, दिल और दिमाग पर जो घाव करते हैं, वे लड़ने लायक हैं। क्योंकि हम सभी प्यार, करुणा और सम्मान से भरी दुनिया के लायक हैं।

मैं कहानी के आपके पक्ष को यथासंभव प्रामाणिक रूप से चित्रित करने की जिम्मेदारी को समझता हूं। मुझे आपको यह जानने की जरूरत है कि आप अकेले नहीं हैं, आज और हमेशा। आप एक रानी हैं, आपको बस जागने और आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि दुनिया खुली बाहों के साथ आपका इंतजार कर रही है।

मुझे उम्मीद है कि कोयल की तरह, आपको भी अपने अधिकारों के लिए बोलने और लड़ने की ताकत मिलेगी। क्योंकि अगर वह कर सकती है, तो आप भी कर सकते हैं।

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 44
लखनऊ, बुधवार, 1 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com





कठिन से ज्यादा, यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था
विविध-12


# प्रश्नपत्र छापने वाली कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

## टीईटीटी पर्चा लीक
### बागपत में भी धरा गया एक आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


राय अनूप प्रसाद


राहुल चौधरी

**टीईटीटी** पर्चा लीक मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने प्रश्नपत्र छापने वाली कंपनी के डायरेक्टर राय अनूप प्रसाद को नोएडा से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के मुताबिक जांच के दौरान प्रथम दृष्टया डायरेक्टर की संलिप्तता सामने आई है। डायरेक्टर सहित पांच लोगों के खिलाफ इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं यूपीटीईटी की प्रचलित परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर पेपर आउट करने वाले गिरोह के एक सदस्य राहुल चौधरी को एसटीएफ ने बागपत जिले के बड़ौत गांव से सोमवार की देर रात गिरफ्तार किया।

उसके कब्जे से एक सेट यूपीटीईटी पेपर 2021, कई एडमिट कार्ड और तीन स्मार्ट फोन बरामद हुए हैं। राहुल की बड़ौत में जूते चप्पल की दुकान है। अभियुक्त राहुल चौधरी ने पूछताछ पर बताया कि वह फिरोज पुत्र सुलेमान निवासी किरठल थाना रमाला जनपद बागपत व बबलू उर्फ बलराम राठी निवासी शडब्बर थाना शाहपुर के साथ मिलकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को पास कराने के नाम पर अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से मोटी रकम वसूलने का काम करता हूं।

एसटीएफ फील्ड यूनिट नोएडा द्वारा की जा रही जांच के दौरान प्रकाश में आया कि उत्तर प्रदेश सहायक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 के प्रश्न पुस्तिका के मुद्रण के लिए 26.10.2021 को सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड बदरपुर नई दिल्ली को वर्क आर्डर दिया गया था। जांच के दौरान आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड के डायरेक्टर राय अनूप प्रसाद की उक्त परीक्षा का पेपर आउट होने के तथ्य प्रकाश में आने पर इनको पूछताछ के लिए एसटीएफ कार्यालय नोएडा बुलवाया गया। पूछताछ पर राय अनूप प्रसाद ने बताया कि वह आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड का डायरेक्टर है और उनको उत्तर प्रदेश सहायक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 के प्रश्न पुस्तिका मुद्रण का वर्क आर्डर 26.10.2021 को सचिव परीक्षा नियामक अधिकारी प्रयागराज द्वारा दिया गया था। इनके द्वारा प्रश्न पुस्तिका के मुद्रण के दौरान ए गोपनीयता एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर मुद्रण कार्य किया। जिससे परिक्षा से पहले पेपर आउट हो गया। पूछताछ पर राय अनूप प्रसाद की प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाए जाने पर इनको हिरासत लिया गया ये तदोपरान्त 30.11.2021 को थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर पर राय अनूप प्रसाद एवं अन्य 4 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया है। जिसमें आईपीसी की धारा 420, 409, 120 बी के तहत राय अनूप प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया अन्य के विरुद्ध स्थानीय पुलिस द्वारा जांच कर कार्यवाही की जा रही है तथा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव संजय उपाध्याय निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** टीईटी पेपर लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार को शासन स्तर पर परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव संजय उपाध्याय को निलंबित कर दिया गया है। जबकि मामले की जांच एसटीएफ कर रही है। मुख्यमंत्री के रुख को देखते हुए एसटीएफ घटना से जुड़े सभी कड़ियों को जोड़ने में लगी हुई है। चूंकि परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव संजय उपाध्याय पर ही इस परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी थी। इसलिए सरकार ने पेपर लीक होने के मामले को उनकी बड़ी चूक माना है। परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर लीक होने और यूपीटीईटी को शुचितापूर्ण ढंग से संपादित न कराए जाने, गोपनीयता के उच्चस्तरीय मापदंडों का पालन न किए जाने के कारण शासन ने उन्हें निलंबित किया है। सचिव अनामिका सिंह की ओर से जारी निलंबन आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में संजय कुमार उपाध्याय बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ से संबद्ध रहेंगे। उन्हें शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से यूपीटीईटी न किए जाने का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। बता दें कि एक कार्यक्रम में मंच पर मौजूद सीएम योगी ने स्पष्ट कर दिया है कि पेपर लीक करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वे इस मामले में दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उनकी सम्पत्ति को जब्त करने का ऐलान कर चुके हैं।

# कोरोना के नए स्वरूप को लेकर जांच में तेजी लाएं राज्यः केंद्र

### घर-घर टीकाकरण अभियान 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया

भाषा। नई दिल्ली


असम के मोरीगांव में ग्रामीणों को कोरोनारोधी टीके लगातीं महिला स्वास्थ्यकर्मी

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप कोमीक्रोन को लेकर केंद्र ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जांच में तेजी लाने और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की प्रभावी निगरानी करने की मंगलवार को सलाह दी। केंद्र ने साथ ही कहा कि ऐसा नहीं है कि सार्स-सीओवी-2 का ओमीक्रोन स्वरूप आरटी-पीसीआर और आरएटी जांच की पकड़ में नहीं आता। केंद्र ने यह भी कहा कि ओमीक्रोन स्वरूप का कोई मामला अभी देश में सामने नहीं आया है। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के मामले कई देशों में सामने आने के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ डिजिटल तरीके से एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में कोविड-19 के खिलाफ जनस्वास्थ्य प्रतिक्रिया उपायों और तैयारियों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि यह दोहराते हुए कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संशोधित दिशानिर्देशों और अंतरराष्ट्रीय यात्रा परामर्श को राज्यों के साथ साझा किया गया है, भूषण ने राज्यों को सलाह दी कि वे अपने बचाव उपायों को कम न करें और विभिन्न हवाई अड्डों, बंदरगाहों और सीमापार बिंदुओं से देश में आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर कड़ी निगरानी रखें। इसके अलावा, कोविड-19 के खिलाफ एक शक्तिशाली बचाव के तौर पर टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने कहा कि हर घर दस्तक टीकाकरण अभियान को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जोर पहली खुराक के 100 प्रतिशत कवरेज और दूसरी खुराक नहीं लेने वालों को टीका लगाने पर केंद्रित होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को संसद में कहा कि अभी तक देश में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन का कोई मामला सामने नहीं आया है।

### दूसरे देशों से आने वाले हर व्यक्ति की जांच होः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व के दुनिया के अनेक देशों में कोरोना के नए वैरिएंट से संक्रमितों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों से यहां आ रहे हर व्यक्ति की जांच की जाए। उन्होंने बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन तथा एयर पोर्ट पर जांच व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का प्रभावी अनुपालन कराया जाए। ( विस्तृत पेज 2 )

# विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा निकालेगी छह प्रदेश स्तरीय यात्राएं


लखनऊ में चुनाव तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 6 प्रदेश स्तरीय यात्राएं निकाले जाने का निर्णय लिया गया। यात्राएं प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए गुजरेंगी। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, उपमुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य, दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी, विनोद सोनकर, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल व कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे। विधान परिषद सदस्य विद्या सागर सोनकर को प्रदेश यात्रा प्रमुख बनाया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश स्तर पर 6 यात्राएं निकालने जा रही है। विधानसभा चुनाव के पूर्व निकाली जाने वाली इन यात्राओं के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी केंद्र सरकार की 7.5 वर्षों की उपलब्धि और 5 वर्षों की प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि 2017 के चुनावों से पहले हमने जब यात्रा निकाली थी तब हमने पूर्ववर्ती सरकार की खामियों को उजागर करते हुए हम जनता के बीच गए थे। इस बार हम अपनी उपलब्धियां बताने और जनता का आशीर्वाद लेने फिर से उनके बीच जा रहे हैं।

## सरकार ने समिति के लिए किसान नेताओं से पांच नाम मांगे

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए समिति गठित करने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से पांच लोगों के नाम मांगे हैं। किसान नेता दर्शनपाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान संगठन इस मामले में चार दिसंबर को होने वाली बैठक में फैसला लेंगे। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब एक दिन पहले ही संसद के दोनों सदन में तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को रद्द करने के लिए विधेयक पारित किया गया है। किसान इन कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर पिछले एक साल से आंदोलनरत हैं। दर्शन पाल ने पीटीआई-भाषा से कहा, आज, केंद्र ने उस समिति के गठन के लिए एसकेएम से पांच नाम मांगे हैं, जो कि फसलों के लिए एमएसपी के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी। हमने अभी नामों को लेकर फैसला नहीं लिया है। हम इस बारे में चार दिसंबर को होने वाली हमारी बैठक में निर्णय लेंगे।

# चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड उत्तराखंड सरकार ने किया भंग

भाषा। देहरादून

**लंबे** समय से आंदोलनरत तीर्थ पुरोहितों की मांग को मानते हुए उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को विवादास्पद चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड को भंग कर दिया। अस्तित्व में आने के ठीक दो साल बाद देवस्थानम बोर्ड के भंग होने का जहां तीर्थ पुरोहितों और साधु संतों ने स्वागत किया। वहीं, मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने इसे आगामी विधानसभा चुनावों में हार के डर से लिया गया फैसला बताया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट किया, आप सभी की भावनाओं, तीर्थपुरोहितों, हक-हकूकधारियों के सम्मान एवं चारधाम से जुड़े सभी लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए श्री मनोहर कांत ध्यानी जी की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने देवस्थानम बोर्ड अधिनियम वापस लेने का फैसला किया है। इससे पहले, ध्यानी समिति ने रविवार शाम को अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी थी जिसका उन्होंने परीक्षण कर जल्द निर्णय लेने की बात कही थी। चारों हिमालई धामों-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के तीर्थ पुरोहितों के देवस्थानम बोर्ड को भंग करने को लेकर लंबे समय से चल रहे आंदोलन के मद्देनजर धामी ने सत्ता संभालते ही भाजपा नेता ध्यानी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। बोर्ड के गठन को अपने पारंपरिक अधिकारों का हनन बताते हुए चारों धामों के तीर्थ पुरोहित इसे भंग करने की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन चला रहे थे। निकट आ रहे विधानसभा चुनावों को देखते हुए उन्होंने आंदोलन तेज करने की धमकी दी थी। धामी सरकार के इस निर्णय को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। देवस्थानम अधिनियम पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के सरकार के कार्यकाल में दिसंबर 2019 में पारित हुआ था जिसके तहत चारों धाम सहित प्रदेश के 51 मंदिरों के प्रबंधन के लिए जनवरी, 2020 में बोर्ड का गठन किया गया था। तीर्थ पुरोहितों ने बोर्ड के भंग होने के निर्णय पर खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। लेकिन कहा कि यह उनके संघर्ष का परिणाम है।

### पुरोहितों ने किया स्वागत

चारधाम तीर्थ पुरोहित हक हकूकधारी महापंचायत के प्रवक्ता ब्रजेश सती ने कहा, यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। यह भारतीय लोकतंत्र की एक अनूठी घटना है जहां जनता के दवाब में एक सरकार को अपना ही निर्णय वापस लेना पड़ा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने भी फैसले का स्वागत किया और कहा कि सरकार ने यह एक अच्छा काम किया है। उधर, कांग्रेस महासचिव और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि अहंकार की एक बार फिर हार हुई है। उन्होंने कहा, तीन कृषि कानूनों के मामले की तरह ही अहंकार एक बार फिर पराजित हुई है।

## जल्द आएगा टीबी का टीकाः मांडविया

**नई दिल्ली ( भाषा )।** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि देश की एक कंपनी टीबी का टीका विकसित करने के लिए काम कर रही है और इसके शुरुआती परीक्षण हो चुके हैं। मांडविया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विभिन्न पूरक सवालों का जवाब देते हुए यह जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि इस संबंध में तीन परीक्षण हो चुके हैं और उन परीक्षणों से जुड़े आंकड़ों का अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षण सफल रहा तो जल्दी ही देश में टीबी का भी टीका उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि डेंगू के टीके के लिए भी प्रयास चल रहे हैं। मांडविया ने कहा कि कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने से रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के दौरान टीबी की जांच में कमी आई थी लेकिन अब उसमें फिर से तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार भारत को 2025 तक टीबी से मुक्त बनाने के लिए गंभीर है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,064 | ↓ | 195 | |
| निफ्टी | 16,983 | ↓ | 70 | |
| सोना | 47,217 | ↑ | 41 | /10g |
| चांदी | 61,337 | ↓ | 667 | /kg |

## क्विक न्यूज

### माल्या से जुड़े अवमानना मामले में अंतिम सुनवाई 18 जनवरी को

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसने काफी समय तक इंतजार किया है और अब वह भगोड़े व्यवसाई विजय माल्या के खिलाफ अवमानना मामले में और इंतजार नही कर सकता है। न्यायालय ने कहा कि मामले में सजा के पहलू पर अंतिम सुनवाई 18 जनवरी होगी। कोर्ट ने कहा कि माल्या के खिलाफ अवमानना मामले में वह और इंतजार नही कर सकती, जो अपनी बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़े 9,000 करोड़ रुपए से अधिक के बैंक ऋण चूक मामले में आरोपी है। न्यायमूर्ति यू. यू. ललित, न्यायमूर्ति एस. आर. भट और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि माल्या, जो वर्तमान में ब्रिटेन में है, को 2017 में अवमानना का दोषी ठहराया गया था।

# राज्यसभा के 12 सांसदों के निलंबन के विरोध में दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों का वाकआउट

भाषा। नई दिल्ली

**राज्यसभा** में विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए जाने के विरोध में मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में कांग्रेस समेत अन्य कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया, वहीं उच्च सदन में सभापति के माफी मांगने के लिए कहने के बाद सदस्यों ने पूरे दिन की कार्यवाही का बहिष्कार किया।

वाकआउट के बाद विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस समेत 16 राजनीतिक दलों के नेताओं ने राज्यसभा के 12 विपक्षी सदस्यों के निलंबन के मुद्दे पर मंगलवार को सभापति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात की और इन सदस्यों का निलंबन रद्द करने का आग्रह किया। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पहुंचे नेताओं से नायडू ने कहा कि सदन में सुगम तरीके से कामकाज चले बिना और सदस्यों के आचरण के लिए उनके माफी मांगे बिना यह संभव नहीं है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, किस बात की माफ़ी? संसद में जनता की बात उठाने की? बिलकुल नहीं। सदस्यों का निलंबन समाप्त किए जाने की मांग पूरी नहीं होने पर विपक्षी सदस्यों ने उच्च सदन की पूरे दिन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का फैसला किया। हालांकि लोकसभा में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने चर्चा में भाग लेने का फैसला किया है।

# पटरी पर लौट रही देश की अर्थव्यवस्था

### जुलाई-सितंबर तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही, कोविड पूर्व स्तर के पहुंची पार

भाषा। नई दिल्ली

**देश** की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही। इसके साथ ही वृद्धि दर कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गई है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही की तुलना में धीमी पड़ी है। हालांकि इसका मुख्य कारण तुलनात्मक आधार का प्रभाव कम होना है।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की वृद्धि दर 20.1 प्रतिशत रही थी। वहीं पिछले साल सख्त लॉकडाउन से बुरी तरह प्रभावित अप्रैल-जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर में 24.4 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़े के अनुसार पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में 7.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सरकार ने पिछले साल कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशव्यापी लॉकडाउन लगाया था। इसका आर्थिक गतिविधियों पर गहरा असर देखा गया था। इस साल भी अप्रैल के मध्य में विनाशकारी महामारी की दूसरी लहर को देखते हुए राज्यों ने इसके रोकथाम के लिए कई तरह की पाबंदियां लगाई थी। हालांकि अब आर्थिक वृद्धि दर कोविड पूर्व स्तर को पार कर गई है। मूल्य के संदर्भ में जीडीपी जुलाई-सितंबर तिमाही में 35,73,451 करोड़ रुपए रही।

यह वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही के 35,61,530 करोड़ रुपए के आकार के मुकाबले अधिक है। जीडीपी पिछले साल जुलाई-सितंबर तिमाही में महामारी की वजह से लगी पाबंदियों के दौरान घटकर 32,96,718 करोड़ रुपए पर आ गई थी। स्थिर मूल्य (2011-12) पर जीडीपी के वर्ष 2021-22 की पहली छमाही यानी अप्रैल-सितंबर अवधि में 68.11 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया है जो पिछले साल इसी अवधि में यह 59.92 लाख करोड़ रुपए था।इस तरह यह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 13.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### जीएसटी से राज्यों को क्षति की पांच साल तक भरपाई करेगा केंद्र

**नई दिल्ली( भाषा )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि केंद्र कानून के अनुसार जीएसटी क्रियान्वयन की वजह से राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की पांच साल तक क्षतिपूर्ति के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी संविधान संशोधन अधिनियम के तहत केंद्र को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के क्रियान्वयन से राज्यों को राजस्व में होने वाले नुकसान की पांच साल तक भरपाई करनी है। इस दौरान राज्यों के राजस्व को वर्ष 2015-16 के आधार पर सालाना 14 प्रतिशत की दर पर संरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है।



सीतारमण ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा, केंद्र सरकार संवैधानिक व्यवस्था के तहत राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों को पांच साल के लिए जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उनसे यह पूछा गया था कि क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि कोई राज्य राजस्व में 14 प्रतिशत अनुमानित वृद्धि को हासिल नहीं कर पाया है। अगर ऐसा है, तो क्या सरकार 2022 के बाद जीएसटी क्षतिपूर्ति का इरादा रखती है।

# दूसरे देशों से आने वाले हर व्यक्ति की जांच हो

## नए वैरिएंट के मद्देनजर जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था किए जाने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि विश्व के दुनिया के अनेक देशों में कोरोना के नए वैरिएंट के संक्रमितों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों से यहां आ रहे हर व्यक्ति की जांच की जाए। उन्होंने बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन तथा एयर पोर्ट पर जांच व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का प्रभावी अनुपालन कराया जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मद्देनजर जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लखनऊ स्थित केजीएमयू तथा एसजीपीजीआई सहित गोरखपुर, झांसी एवं मेरठ में जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगरानी समितियां पूरी तरह सक्रिय रहें ताकि कोविड संक्रमित व्यक्तियों की समय से पहचान हो जाए और उनका समय से उपचार हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में कोविड संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है। उन्होंने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलरामपुर, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, चंदौली, चित्रकूट, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, झांसी, कासगंज, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, शाहजहांपुर, शामली, श्रावस्ती, सोनभद्र तथा वाराणसी में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड टीकाकरण को और तेज करने के प्रभावी प्रयास किये जाएं। इसके लिए घर घर जाकर सर्वेक्षण किया जाए। लक्षित आयु वर्ग के जिन लोगों ने अभी तक टीके की खुराक नहीं ली है, उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग, निराश्रित तथा वृद्धजनों से सम्पर्क कर उनका टीकाकरण कराएं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में अब तक 524 आक्सीजन प्लाण्ट क्रियाशील किये जा चुके हैं।

# पांच करोड़ को टीके की दोनों डोज देने वाला यूपी पहला राज्य

● प्रदेश की 33 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी का हुआ पूर्ण टीकाकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपी** में कोरोना के खिलाफपूरी तरह से टीकाकरण करने वालों की संख्या पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। देश में यूपी पहला ऐसा प्रदेश है जहां पूरी तरह वैक्सीनेशन लेने वालों की संख्या इतनी ज्यादा है। प्रदेश में तीन चौथाई पात्र वयस्कों को कोविड-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक मिली है जबकि एक तिहाई पात्र लोगों को अभी पूरी तरह से टीका लगाया जा चुका है। आंकड़ों के अनुसार यूपी में 5 करोड़ से अधिक पात्र लोगों को टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी हैं।

प्रदेश में वैक्सीन की कम से कम एक खुराक प्राप्त करने वाली 75 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी है, वहीं राज्य की 33 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी ने दोनों खुराक प्राप्त की हैं। चौबीस करोड़ की आबादी वाले यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार सधी रणनीति के तहत तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्लस्टर रणनीति के अनुसार टीकाकरण किया जा रहा है। जिसके सफल परिणाम प्रदेश में देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में 11 करोड़ 21 लाख पात्र लोगों को पहली डोज और 5 करोड़ एक लाख पात्र लोगों को दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक प्रदेश में 16 करोड़ 22 लाख से अधिक लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया जा चुका है। सधी रणनीति के कारण आज यूपी में कम समय में कोरोना संक्रमण पर तेजी से लगाम लगाई है। प्रदेश में बीते 24 घंटों में 1,26,055 टेस्ट किए गए जिसमें 12 नए संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई। अब तक यूपी में 8 करोड़ से अधिक टेस्ट किए जा चुके हैं। प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 100 से कम होकर 88 पहुंच गई है। बीते 24 घंटों में 9 संक्रमितों ने कोरोना को मात दी। इसके साथ ही प्रदेश का रिकवरी रेट अब 98.7 प्रतिशत पहुंच गया है।

# नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट 29 सितंबर 2024 तक तैयार होगाः अरुणवीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नायल की 12वीं बोर्ड बैठक लोकभवन में हुई। बोर्ड बैठक में नोएडा इंटरनैशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर की स्टेट्स रिपोर्ट के साथ अब तक एयरपोर्ट में हुई प्रगति प्रस्तुत किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा एयरपोर्ट डॉ अरुण वीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया।

इस प्रस्तुतीकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बताया गया की विकासकर्ता ज़ुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डेवलपमेंट प्लान प्रस्तुत किया है जिसका परीक्षण किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा बाउंड्री वाल और समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण के लिए साइट क्लीयरेंस तथा गृह मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में ही निर्गत की जा चुकी है। पर्यावरण क्लीयरेंस भी पूर्व में ही दिया जा चुका है। यह भी अवगत कराया गया कि वन क्लीयरेन्स सुरक्षा क्लीयरेन्स एवं वित्तीय सहमति तथा डीजीसीए द्वारा भी एयरपोर्ट निर्माण के लिए सहमति प्रदान की जा चुकी है। इस एयरपोर्ट के निर्माण की अवधि तीन वर्ष (1 हजार 95 दिन) नियत की गयी है जो कि 29 सितंबर 2024 है। बैठक में एसीएस नागरिक उड्डयन एसपी गोयल, एसीएस औद्योगिक विकास अरविन्द कुमार, सीईओ ग्रेटर नोएडा, सीईओ नोएडा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रतिभाग किया। निदेशक नागरिक उड्डयन, सचिव वित्त, संयुक्त सचिव औद्योगिक विकास और नॉएडा इंटरनेशनल एअरपोर्ट लिमिटेड के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया बैठक में उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक–5606/ई–निविदा सूचना/न0पं0सिं0भे0/2021–22 दिनांक : 29.11.2021

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के पत्र संख्या 5596/ई–निविदा सूचना/न0पं0सिं0भे0/2021–22, दिनांक 18.11.2021 के अनुपालन में निकाय को 15वां वित्त/राज्य वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्यों हेतु ई–टेन्डरिंग के माध्यम दिनांक 18.11.2021 से 08.12.2021 निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसकी जमानत धनराशि 03% रखी गई थी। शासन के निर्देशानुसार कार्यों की जमानत धनराशि 10% रखने का प्राविधान कर दिया गया है, जिसके पालनस्वरूप जमानत धनराशि संशोधित कर 10% रखी जा रही है। जिसका विवरण निम्नवत है। अन्य नियम व शर्तें पूर्व की भांति रहेंगी।

(अवधेश मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर–खीरी

(उत्तम मिश्र)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर–खीरी

## राज्यपाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद संग्रहालय समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक ऑनलाइन सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल के समक्ष संग्रहालय के निदेशक पद की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव, संग्रहपाल पद पर प्रोन्नति हेतु विभागीय चयन समिति के गठन हेतु प्रस्ताव, आजाद गैलरी की डिजाइन, सीधी भर्ती से रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आदि पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में राज्यपाल ने संग्रहालय में सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु समस्त प्रक्रियाएं पूर्णतः पारदर्शी एवं ऑनलाइन कराने के निर्देश दिए तथा इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया। इस अवसर पर समिति द्वारा राज्यपाल के समक्ष आजाद गैलरी की संशोधित डिजाइन के वीडियों का प्रदर्शन भी किया गया।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रही हैं

● श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में परिषद की 82वीं बोर्ड की बैठक संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रही है। इसी के दृष्टिगत श्रमिक परिवार की महिलाओं का जीवन स्तर ऊपर उठाने एवं उनके कल्याण के लिए स्व सुषमा स्वराज के नाम पर श्रम कल्याण परिषद की 9वीं योजना संचालित करने का श्रम कल्याण बोर्ड ने निर्णय लिया है जिसमें श्रमिक परिवार की अत्यन्त गरीब एवं असहाय महिलाओं को सिलाई मशीन देकर उन्हें अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष भराला मंगलवार को विधान भवन स्थित तिलक हाल में श्रम कल्याण परिषद की 82वीं बोर्ड की बैठक कर रहे थे। इसमें उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के उत्थान के लिए अनेकों लाभकारी योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ पात्रों को समय से मिले इसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की बनती है। उन्होंने सचिव बोर्ड को निर्देशित किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में परिषद की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करने के लिए प्रदेशभर में निर्धारित लक्ष्य 25 हजार के सापेक्ष जिन जनपदों की प्रगति 5 प्रतिशत से कम है वहां के विभागीय अधिकारियों से इस सम्बंध में स्पष्टीकरण लिया जाय। साथ ही औद्योगिक, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए जिला एवं मण्डल स्तर पर खेल विभाग के सहयोग से खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन की भी व्यवस्था करायी जाय।

# ओमीक्रान से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने तैयार किया ड्राफ्ट

● कोरोना प्रोटोकाल के पालन व टीकाकरण पर योगी सरकार का जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की पहली और दूसरी लहर पर नियंत्रण पाने वाली योगी सरकार ओमीक्रान वेरिएंट को लेकर सभी जरूरी सुरक्षा उपायों पर काम शुरू कर दिया है। सीएम योगी के निर्देशों के बाद कोरोना की दूसरी लहर में गठित की गई डॉक्टरों की विशेष टीम कोरोना के इस नए वैरिएंट पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की इस कमेटी ने ओमीक्रॉन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। जिसे यह टीम जल्द अधिकारियों को सौंपेगी। एसजीपीजीआई की विशेष टीम ने ड्राफ्ट में कोरोना के इस नए वैरिएंट को लेकर यूपी में बरती जाने वाली सावधानियां, इसके खतरे, टीकाकरण के बाद इसके प्रभावों के बारे में चर्चा की है। संजय गांधी पोस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज के निदेशक डॉ आरके धीमान ने बताया कि नए वैरिएंट के विरूद्ध यूपी के लिए सबसे कारगर हथियार टीकाकरण साबित होगा। पिछले डेढ़ सालों में बढ़ाई गई चिकित्सीय सुविधाओं के चलते अब प्रदेश इस नए संक्रमण का सामना करने के लिए बिल्कुल तैयार है। पर्याप्त चिकित्सीय संसाधनों के कारण इस नए वैरिएंट से लड़ने में यूपी सक्षम है। उन्होंने बताया कि दूसरे देशों में ओमीक्रान के बढ़ते मामलों को देखते हुए संस्थान की ओर से इस नए वैरिएंट को लेकर अलग अलग पहलुओं पर चर्चा की गई है। इस विशेष बैठक में यह बात सामने निकलकर आई है कि ये कोरोना का नया वैरिएंट तेजी से फैलता है और इसकी संक्रमण दर भी अधिक है। डॉ धीमान ने बताया कि डॉक्टरों के आंकलन अनुसार इस नए वैरिएंट की संक्रमण दर भले ही ज्यादा हो पर यह डेल्टा की तुलना में ज्यादा खतरनाक नहीं है। उन्होंने कहा विशेषज्ञों के आंकलन के अनुसार डेल्टा की तुलना में इस नए वैरिएंट से मृत्यु दर की बढ़ने की आशंका कम है।

## सपा जिला व महानगर अध्यक्षों की बैठक 9 दिसंबर को

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के समस्त जिलाध्महानगर अध्यक्षों तथा प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधानसभा अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक 9 दिसम्बर दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ पर आहूत की गई है। बैठक को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सम्बोधित करेंगे।

# भाजपा की कार्यप्रणाली से प्रदेश की जनता असंतुष्ट



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने जनता को बुरी तरह निराश किया है। उसकी नीतियों और कार्यप्रणाली से उत्तर प्रदेश की जनता असंतुष्ट है। किसान, नौजवान, गरीब महंगाई की मार से टूट गए हैं। इसलिए जनता अब भाजपा से मुक्ति चाहती है। उसको भरोसा है कि समाजवादी सरकार बनने पर ही भला होगा।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता यह भी जानती है कि भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को तहस नहस करने के साथ नोटबंदी और जीएसटी से व्यापार और काम धंधा भी चौपट कर दिया हैं। विकास अवरुद्ध है। समाजवादी सरकार के कामों को ही वह अपना बताकर अपनी अकर्मण्यता पर पर्दा डाल रही है। जब उसकी सत्ता से रवानगी के चंद दिन रह गए हैं लोगों को बहकाने के लिए भाजपा सरकार लोकार्पण और शिलान्यास का नाटक करने लगी है। श्री यादव ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा ने अब तक एक ही काम किया है वह है समाजवादी पार्टी के विरूद्ध साजिशें रचना। भाजपा का काम झूठे आरोपों का प्रचार प्रसार करना भी है। राजनीति को अभद्र भाषा और असंगत कार्य व्यवहार से भाजपा ने बुरी तरह प्रदूषित किया है।

# सरकार बनी तो मुस्लिम-जाट-ओबीसी की तरक्की होगी सुनिश्चितः मायावती



● बसपा प्रमुख ने कहा कि जातिवादी मानसिकता के कारण केंद्र सरकार जातिवार जनगणना की मांग की अनदेखी कर रही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** विधानसभा चुनाव से पहले ही राजनीति में जाति व धर्म की एंट्री शुरू हो गई है। मंगलवार को इन दोनों कार्डों को खेलते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने आरोप लगाया कि जातिवादी मानसिकता के कारण केंद्र सरकार जातिवार जनगणना की मांग की अनदेखी कर रही है। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही और उनमें डर पैदा कर रही है। मायावती ने कहा कि अगर बसपा सत्ता में आती है तो उनकी सरकार मुसलमानों के अलावा, जाट और ओबीसी समुदायों की प्रगति, कल्याण और सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी।

पार्टी के लखनऊ कार्यालय में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), मुस्लिम और जाट समाज के मुख्य और मंडल सेक्टर स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। बैठक में उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 86 विधानसभा सीटों में मुस्लिमों और जाट समुदाय को जोड़ने के लिए पार्टी पदाधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के बाद मायावती ने जातिवार जनगणना का समर्थन करते हुए कहा कि ओबीसी समाज की जातिवार जनगणना कराने की मांग से बसपा पूरी तौर से सहमत है।

# कोविड से मरने वालों का सही आंकड़ा दे सरकारः आराधना



● अपने प्रियजनों को खो चुके परिवारों को चार लाख रुपए का हर्जाना दिया जाए

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कोरोना से मरने वालों का सही आंकड़ा न बताने एवं आपदा कानून के अधिकार के तहत मुआवजा न दिये जाने के कारण कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में कोविड न्याय अभियान चला रही है, जिसके अन्तर्गत वीडियो श्रृंखला के माध्यम से देशव्यापी आन्दोलन चलाते हुए लगातार इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा जा रहा हैं। उन्होंने मांग की है कि सरकार कोविड प्रभावित लोगों और मरने वालों का सही आंकड़ा दे। जिस भी व्यक्ति की कोविड से मौत हुई है, उसके परिवार को न्यूनतम 4 लाख रुपये दिया जाये। ताकि परिवार फिर अपने पैरों पर खड़ा हो सके। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कोरोना काल की त्रासदी, दुर्व्यवस्था एवं मुआवजे पर केन्द्र सरकार से प्रश्न किये। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी से देश के करोड़ों लोग प्रभावित हुए और लाखों को जान गंवानी पड़ी। यह मोदी सरकार की लापरवाही का नतीजा है जो उसने कोरोना काल में दिखायी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में लगभग साढ़े तीन करोड़ लोग कोविड से प्रभावित हुए हैं और 4 लाख 69 हज़ार लोग अभी तक जान गंवा चुके हैं। आराधना ने कहा कि यही नहीं सरकार के हिसाब से उत्तर प्रदेश में अब तक 17 लाख से ज्यादा लोग कोविड से प्रभावित हो चुके हैं और लगभग 23 हजार लोग अब तक जान गंवा चुके हैं। उन्होंने सरकार द्वारा दिये गये आकड़ों पर सवाल उठाया तथा उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि यह सरकारी आंकड़े हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम सुरजीत सिंह चढ्ढा से सुरजीत सिंह कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाये। सुरजीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह एच–1/4 , किदवई नगर, कानपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम तेजबीर सिंह से तेजबीर सिंह चढ्ढ़ा कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाये। तेजबीर सिंह चढ्ढा पुत्र सुरजीत सिंह, एच–1/4, किदवई नगर, कानपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम इलमा से बदलकर इलमा शहाब कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना जाये। इलमा शहाब पुत्री शहाब उद्दीन पता–एम–2/3, के0डी0ए0 कालोनी गंगा विहार, जाजमऊ, कानपुर।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं Animesh Kumar Agarwal S/o Radha Krishna Agarwal निवासी :– B-1/45, सेक्टर–J अलीगंज लखनऊ, मेरा वास्तविक नाम Animesh Kumar Agarwal है परन्तु त्रुटिवश मेरे कुछ प्रपत्रों में Animesh Kumar व Animesh Agarwal लिख गया है। तीनों नाम मेरे, एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे Animesh Kumar Agarwal के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

# सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय सहित कई अधिकारी सेवानिवृत्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सूचना** निदेशालय में मंगलवार को सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय, उप निदेशक अंजुम नकवी सहित अन्य सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों का भव्य व शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर सूचना निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी के कार्यकाल व कार्यों की जहां तारीफ की, वहीं उनके उज्जवल व सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनके देयों का नियमानुसार समय से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को जब भी कोई समस्या हो तो वह विभाग के संज्ञान में लाएं, उनकी समस्या का त्वरित गति से निदान कराया जायेगा।

संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय ने सूचना विभाग के अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया तथा दायित्वों के निर्वहन में विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा दिये गये सहयोग के लिए कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने अपने अभिभाषण में अधिकारियों व कर्मचारियों में उत्साह से कार्य करने के लिए नई ऊर्जा का संचार किया।

इस अवसर पर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन शिव करन तिवारी ने किया। संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय, उप निदेशक सै. एमएअब्बास नकवी, फिल्म अधिकारी सतीश चन्द्र पंतए सूचना अधिकारी अवध किशोर तिवारीए मोटर साइकिल रनर दर्शन सिंह व कारपेंटर आनंद कुमार यादव सहित वर्ष 2020 व 2021 में सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक हरिशंकर त्रिपाठी, उप निदेशक दिनेश सहगल, उप निदेशक ओपी राय सहित अन्य अधिकारी व भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या 13/टीएमसी/2021 दिनांक 29.11.2021**

प्रमुख मुख्य इन्जीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ट्रैक मशीन स्पेयर्स हेतु ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्र.सं.-1. खुली निविदा संख्या तथा बन्द होने की तिथि : 3M215164 बन्द होने की तिथि 27.12.2021, सामग्री का विवरणः** निम्नलिखित ट्रैक मशीन स्पेयर्स की आपूर्ति (i) सेट आफ टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स सीएसएम/डीयूओ (ओल्ड) टीसीटीटी. **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** एक सेट टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स कन्सीस्ट निम्नलिखित ड्राइंग सं. 1सी यू 30.4020-बीइ-एफआर-1-16 नग (ड्राइंग सं. टीएम/14ए/16) (रिविजन-1), 2 सी यू 30.4020-बीइ-एफआर-।।-04 नग (ड्राइंग सं.टीएम/14बी/16) (रिविजन-1), 3. सी यू 30.4020-बीई-एफआर-।।।-04 नग (ड्राइंग सं टीएम/14सी/16) (रिविजन-1) एवं 4. सीयू 30.4020-बीइ-एफआर-IV-08 नग (ड्राइंग सं. टीएम/14डी/16) (रिविजन-1), (01 सेट में कुल 32 टूल्स) आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन सं- टीएम/एचएम/06/320 (रिविजन-3, जुलाई-2019) नोट-एक सेट टीसीटीटी के टैम्पिंग की औसत सर्विस लाइफ की गारन्टी न्यूनतम 2,50,000 इन्सर्सन्स जबकि किसी एक टीसीटीटी की सर्विस लाइफ 50,000 इंसर्सन्स से कम न हो (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप)। **आवश्यक मात्राः 10 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (ii) सेट आफ टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स यूएनआई-2ए सं/3एस (टीसीटीटी) यूनिमेट 2 एस/3 एस के लिए। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** एक सेट टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स कन्सीस्टः- 1. स्माल2डब्लू 31.41बी-08 नग तथा (ड्राइंग सं. आरडीएसओ/टीएम/01ए/16) (रिविजन-1), 2. बिग-डब्लू 37-1320-08 नग (ड्राइंग सं. आरडीएसओ/टीएम/01सी/16) (कुल टूल्स-16) (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशनर्स-टीएम/एचएम/06/320 (रिविजन-3, जुलाई-2019) नोट-एक सेट टीसीटीटी के टैम्पिंग की औसत सर्विस लाइफ की गारन्टी न्यूनतम 2,50,000 इन्सर्सन्स जबकि किसी एक टीसीटीटी की सर्विस लाइफ 50,000 इंसर्सन्स से कम न हो (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप)। **आवश्यक मात्राः 03 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (iii) सेट आफ मोडिफाइड टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स सेट सीएसएम 09-32 के लिए। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** एक सेट कंसिस्टिंग 32 नग टूल्स के लिए निम्नलिखित आइटम-(i) मोडिफाइड कार्बाइड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-10840-एफआर-1=08 नग, (ii) मोडिफाइड कार्बाइड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-10840-एफआर-।। =08 नग, (iii) मोडिफाइड कार्बाइड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-10840-एफआर-।।।=08 नग, (iv) मोडिफाइड कार्बाइड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-10840-एफआर-iv =08 नग, आरडीएसओ ड्राइंग सं. आरडीएसओ/टीएम/15ए/16, आरडीएसओ/ टीएम/15बी/16, आरडीएसओ/ टीएम/15सी/16 व आरडीएसओ/टीएम/15डी/16 तथा स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/एचएम/6/320 (रिविजन-3-जुलाई-2019) नोट- एक सेट टीसीटीटी के टैम्पिंग की औसत सर्विस लाइफ की गारन्टी न्यूनतम 2,50,000 इन्सर्सन्स जबकि किसी एक टीसीटीटी की सर्विस लाइफ 50,000 इंसर्सन्स के कम न हो (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 02 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (iv) टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स (टीसीटीटी) यूनिमेट-4एस के टैम्पिंग यूनिट के लिए सेट। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** एक सेट कंसिस्टिंग 16 नग टूल्स के लिए निम्नलिखित आइटम-(i) मोडिफाइड कार्बाइड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-6820-बीइ-एफआर=08 नग, (ii) मोडिफाइड काबाईड टैंपिंग टूल्स पलासर पार्ट सं. सीयू-30-6220-बीइ=08 नग, आरडी एसओ ड्राइंग सं0 आरडीएसओ/टीएम/01ए/16, (रिविजन-1 एण्ड आरडीएसओ/ टीएम/01बी/ 16 तथा स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/ एचएम/6/ 320 (रिविजन-3-जुलाई-2019) नोट- एक सेट टीसीटीटी के टैम्पिंग की औसत सर्विस लाइफ की गारन्टी न्यूनतम 2,50,000 इन्सर्सन्स जबकि किसी एक टीसीटीटी की सर्विस लाइफ 50,000 इंसर्सन्स के कम न हो (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 08 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (V) एफआरएम-85 एक मशीन के लिए कटिंग चैन (एक सेट कम्पराईजिंग 02 चैन एक बायो और एक दायों) **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** प्लासर पार्ट सं. आरई14-185 व आरडीएसओ ड्राइंग सं. टीएम/9422/1व टीएम/9422/2 तथा स्पेसिफिकेशन संख्या टीएम/एचएम/6/62, सामग्री का विवरण व एक सेट में मात्रा तथा परफॉरमेंस वारंटी आई.आर.ई.पीएस साइट पर अपलोडेड इस निविदा के साथ संलग्न डाक्यूमेंट के अनुसार (एक्सेप्टेबल मेक-प्लासर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 03 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (vi) बीसीएम मशीन के लिए कटिंग चैन कार्बाइड बिट। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** पार्ट सं0 64.08.2020.33/84 जीएल-सी, आई आर ई पीएस साइट पर अपलोडेड इस निविदा के साथ संलग्न आरडीएसओ ड्राइंग सं. टीएम/9302 (रिविजन) व आरडीएसओ/टीएम/03/19 (कार्बाइड बिट) तथा आरडीएसओ स्पेसीफिकेशन टीएम/एचएम/6/111 व टीएम/एचएम/6/435 (कार्बाइड बिट) एक सेट कंसिस्टिंग निम्नलिखित स्पेयर्स-1 एस्कैपर शावेल पार्ट सं0 64.08.2018=86 नग, 2 इन्टरमिडिएट लिंक पार्ट सं. 61.04.211=66 नग, 3. चैन बोल्ट पार्ट सं. 61.04.212 172 =नग 4. टी-बोल्ट पार्ट सं.61.04.218 =172 नग, 5. स्प्रीग वासर पार्ट सं0 बी10डी आईएन127= 172 नग, 6. हैक्स नट पार्ट सं0 एम 10डीआईएन 934 =8=344 नग, 7. कटर बिट पार्ट सं. 64.08.2034एच एम =430 नग, 8. लॉक वासर पार्ट सं0 64.08.2035सी =430 नग, 9. फिक्सिंग पिन पार्ट सं. 8X40 डीआइएन 1481 =430 नग नोट-वीसीएम के लिए कार्बाइड बिट की वारण्टी (नग में) पार्ट सं. 64.08.2000.33/84 जीएल-सी 25किमी डिपस्कीनिंग कार्य तक होगा (एक्सेप्टेबल मेकः पलासर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 08 सेट्स। सामग्री का विवरणः** (vii) सेसिंग व्हील/ट्राली व्हील। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** प्लासर पार्ट सं. यूडी-236-3001-7 साथ में वासर यूडी-236-3001-6 आउट ऑफ कास्ट स्टील कन्फ्रमिंग आइएस-2707-ग्रेड-।।, आरडीएसओ ड्राइंग सं. टीएम/0448 डीयूओ तथा स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/एचएम/6/184 (एक्सेप्टेबल मेकः प्लायर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 80 नग। सामग्री का विवरणः** (viii) बीसीएम मशीन के लिए कटर बार (ग्रॉस पीस 2150) **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** प्लासर पार्ट सं. आरएम 08.25 2150.01, सैम्पल व स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/एचएम/6/142 के अनुसार (एक्सेप्टेबल मेकः प्लायर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 08 नग। सामग्री का विवरणः** (ix) बीसीएम मशीन के लिए ड्रेजर ड्रम गियर आउट ऑफ इएन-24 मैटेरियल हार्डनेस 400 बीएचएन। **पार्ट व ड्राइंग सं./स्पेसिफिकेशन संख्याः** प्लासर पार्ट सं. 61.04.519,, सैम्पल ड्राइंग व स्पेसिफिकेशन सं. टीएम/एचएम/1/ एफबी-005 के अनुसार (एक्सेप्टेबल मेकः प्लायर अथवा समरूप) **आवश्यक मात्राः 08 नग। प्रेषिती :** सीसेई/टीएमसी कार्यशाला/ गोरखपुर छावनी, परिदान अवधिः 120 **दिन,** अनुमानित निविदा मूल्य (₹) : **2,80,76,842.90,** बयाना राशि (₹) : **5,61,540.00, नोटः- 1.** उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट खुली निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर निविदा बन्द होने की तिथि को **11.00** बजे तक रहेगी। **2.** उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये की अपना I.T.Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** दर, फाइनेन्शियल दर के पेज पर डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ही विचार किया जायेगा। इससे इतर, वेन्डरों द्वारा अन्य वित्तीय इन्ट्री किसी अन्य रूप/लेटर हेड के साथ संलग्ल करने पर विचार नहीं किया जायेगा। **4.** संलग्न किये जा रहे प्रपत्र पर निविदाकर्ता का हस्ताक्षर आवश्यक है। **5.** बयाना राशि ऑनलाइन जमा किया जायेगा। **6.** जो निविदाकार अपना आफर देते समय ऐसी शर्ते जो टेण्डर डाक्यूमेंट में निहित शर्तों से अलग हो एवं जिनका फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बनता हो, यदि देना चाहे तो, उन शर्तों को फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बताना होगा, इसके लिये प्रमाणित दस्तावेत के साथ गणना शीट अपने आफर के साथ संलग्न करना होगा ताकि उस दशा में फाइनेन्शियल शर्त का प्रभाव निकाल कर निविदाओं को इन्टर-से पोजिशन ज्ञात किया जा सके। यदि कोई निविदाकार बिना फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन की गणना शीट दिये बिना ऐसी शर्ते देता है तो, ऐसे आफर/निविदा को Summerly Reject कर दिया जायेगा, जिसके लिये रेलवे प्रशासन कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा **7.** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि पूरी निविदा प्रपत्र को सावधानी पूर्वक पढ़ें। **8.** यदि कोई कठिनाई आती है तो हेल्प डेस्क IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध है जिससे सम्पर्क किया जा सकता है।

**(i) अधि0अभि0/टीएमसी-9794845264**
**(ii) मुकार्याधी/3टी (टीएमसी)-9794844226**
**सहा.अधि0अभि0/टीएमसी-।/गोरखपुर**

मुजाधि/डब्लू-287

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो0. 09794845955 पर SMS करें।**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

# हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम भारत को और बेहतर जानने का अवसर हैः प्रो. वी.के. शुक्ला

● कुलपति ने किया काशी हिन्दू विवि के न्यूज़लेटर के विशेष अंक का ई-विमोचन



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी हिन्दू विवि** के कार्यवाहक कुलपति प्रो. वीके शुक्ला ने कहा है कि विवि में इस शैक्षणिक सत्र से हिन्दू अध्ययन पर शुरू होने जा रहा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम दुनिया के लिए भारत को और बेहतर जानने का अवसर है। प्रो. वीके शुक्ला काशी हिन्दू विवि के सूचना और जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा तैयार विवि के ई.न्यूज़लेटर के विमोचन के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने विवि के केन्द्रीय कार्यालय में न्यूज़लेटर का विमोचन किया। ये विवि का अब तक का पहला ई.न्यूज़लेटर है, जिसे काशी हिन्दू विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है व बीएचयू के सोशल मीडिया माध्यमों पर भी इसके लिंक उपलब्ध करा दिये गए हैं। अपने संबोधन में कुलपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि न्यूज़लेटर में पिछले लगभग दो वर्षों की विवि की विकास यात्रा, उपलब्धियों, नई पहलों व गतिविधियों की एक सारगर्भित झलक पेश की गई है। इस न्यूज़लेटर में बीएचयू में तैयार किये गए स्मार्ट क्लासरूम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, बीएचयू बायोनेस्ट एवं हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम पर लेख भी सम्मिलित किये गए हैं।

कुलपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा में जानने के लिए बहुत कुछ है ये चिंता का विषय है कि इसके बारे में सही जानकारी का अभाव है। ऐसे में काशी हिन्दू विवि द्वारा आरम्भ किया जा रहा हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम इस दिशा में सही समय पर उठाया गया कदम हैए जो युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों, एक समृद्ध ज्ञान परंपरा एवं विरासत से रूबरू कराएगा। आने वाले दिनों में काशी हिन्दू विवि की पूरी तरह से विदेशियों एवं विदेशों में रहने वाले भारतीयों के लिए एक सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की भी योजना है क्योंकि इस पाठ्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में विदेशों से भी लोग रुचि दिखा रहे हैं। हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम को चलाने के लिए महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी द्वारा स्थापित सर्वविद्या की राजधानी से बेहतर संस्थान कोई और हो ही नहीं सकता। कोरोना महामारी के दौरान जहां एक तरफ भौतिक गतिविधियां पूरी तरह से ठप सी पड़ गईं थीए वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन.वर्चुअल मोड में हमें नए अवसर भी उपलब्ध हुए। विवि ने कैसे ऑनलाइन मोड में सफलतापूर्वक कार्य संचालन किया। और छात्र हित को ध्यान में रखते हुए कई नई शुरुआतें कीं, ये ई.न्यूज़लेटर भी उनका एक संक्षिप्त लेखा.जोखा पेश करता है। कुलपति ने इस कार्य के लिए एवं ई.न्यूज़लेटर के सफल प्रकाशन के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय एवं संपादक मंडल के सदस्यों को बधाई दी। संपादकीय मंडल के सदस्य विवि के जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. राजेश सिंह, सहायक जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रशेखर, सहायक आचार्य डॉ. धीरेन्द्र राय, शोध छात्र हर्षित श्याम जायसवाल, शोध छात्रा चन्द्राली मुखर्जी, सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाई भाजपा ने विकास की किरणः कृष्णानंद पाण्डेय

**चहनियां/चंदौली।** चहनियां विकास खंड के चकरा गांव में सोमवार को जनचौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता कृष्णानंद पाण्डेय ने शासन द्वारा संचालित योजनाओ व उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक ग्रामीणों के बीच में रखा और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा नेता कृष्णानंद पाण्डेय को ग्रामीणों द्वारा सम्मानित भी किया गया। जनचौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा नेता कृष्णानंद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकार ने विभिन्न योजना चलाकर सभी वर्गों को लाभांवित किया है। गरीब, किसान, नौजवान को कई जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया गया है प्रदेश से आराजकता व गुण्डा गर्दी पूरी तरह से समाप्त हो गई। किसान सम्मान निधि एमहिला सुरक्षा व प्रदेश सरकार द्वारा दी गयी लाखो नौकरियों का जिक्र करते हुए संचालित योजनाओं उपलब्धियों की जानकारी दी।

# सम्मान पाना व्यक्ति और व्यक्तित्व में बहुत मायने रखता हैः डॉ. रविशंकर

● तीन विभूतियों को काशी गौरव 2021 से केशरी नंदन स्मृति संस्थान ने किया सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**छित्तूपुर** स्थित आदर्श बालिका जूनियर हाईस्कूल के सभागार में केशरी नंदन स्मृति संस्थान व्दारा आयोजित काशी के तीन विभूतियों डॉ राजेश जायसवाल (चिकित्सा सेवा), आंनद कुमार सिंह अन्ना (पत्रकारिता), डॉ राजकुमार प्रजापति (चिकित्सा सेवा) को मुख्य अतिथि आकाशवाणी वाराणसी के पूर्व केंद निदेशक डा रविशंकर ने प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, शाल देकर काशी गौरव सम्मान 2021 से सम्मानित किया। समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि डा रविशंकर, विशिष्ट अतिथि डा सुभाष चन्द्र, केशरी नंदन स्मृति संस्थान डा उषा शाही, महासचिव डा कैलाश सिंह विकास ने किया। अतिथियों का स्वागत विक्रम कुमार तथा अमित कुमार पाण्डेय ने की।

मुख्य अतिथि डा रविशंकर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मान पाना व्यक्ति और व्यक्तित्व में बहुत मायने रखता है मैं विभूतियों का सम्मान कर गर्वानुभूति महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अगर हम कभी बाल दिवस मनाते हैं तो नेहरू जी को याद करते हैं 23 जनवरी सुभाष चन्द्र बोस को याद करते हैं, काम ऐसा करिए कि समाज में मिशाल बने।

देश के लिए कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। समारोह में मुख्य रूप से सर्वश्री रामबाबू, विक्रम कुमार, मनोज कुमार श्रीवास्तव, डा अरविंद गांधी, शान्तनू कुमार, संजय कुमार, राजेश गुप्ता, सुभाष कुमार, श्रीमती किरन देवी, वैभवी सिंह, संध्या देवी, जितेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार पाण्डेय, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता डा उषा शाही, संचालन डा कैलाश सिंह विकास, धन्यवाद प्रकाश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## मकरा में कैम्प लगाकर लोगों के स्वास्थ्य का किया गया परीक्षण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी टी0के0 शिबु के निर्देशन में मकरा गांव में लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुख्य चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में आये हुये ग्राम वासियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और ग्राम सभा में डीबीटी का छिड़काव किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नेम सिंह ने अवगत कराया जिला स्तर से नामित टीम द्वारा गांव में कैम्प लगाकर लोगों को देखा गया और नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर लोगों को मछरदानी व दवाओं का वितरण भी किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नेम सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों को निर्देशित किया कि गांवों में डी0बी0टी0 का छिड़काव लगातार किया जाय। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न गांवों टोलो में नागरिकों का उपचार चिकित्सकीय टीम निरन्तर शिविर लगाकर कार्य कर रही है।

# अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचेः संतोष गुप्ता

**मुग़लसराय/चंदौली।** यूपी विस चुनाव की तैयारियों में जहां एक तरफ राजनीतिक दल एक दूसरे पार्टियों से गठबंधन में लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफअपनी दावेदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्याशियों ने भी दमखम दिखाना शुरू कर दिया है। मुगलसराय (380) विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी से अपना टिकट सुनिश्चित कराने के लिए प्रत्याशियों की लंबी सूची है । वहीं मुगलसराय विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए एक नया दावेदार संतोष कुमार गुप्ता भी मैदान में उतर चूके है जो समाज के अंतिम पायदान तक विकास पहुंचाने की बात कर रहें हैं।



दरअसल मंगलवार को पत्रकारों से रूबरू होने के दौरान संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि 380 मुगलसराय विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी के टिकट का मैं भी एक दावेदार हूं । राजनीति में कई ऐसे भी चेहरे हैं जिन पर कई दाग है लेकिन मैं बेदाग छवि के साथ जनता की सेवा करने आया हूं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार अंत्योदय यानी समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास के किरण पहुंचाने की सोच को आगे बढ़ाने के लिए मैं विधानसभा चुनाव लड़ना चाहता हूं। मैं एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखता हूं मेरा अतीत बेहद संघर्षपूर्ण रहा है। अपने संघर्ष और इमानदारी के बदौलत मैं यहां तक पहुंचा हूं और अब मुगलसराय के विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहता हूं और जीत कर अगर विधायक बना तो समाज के हर वर्ग की सेवा करना चाहता हूं।

# आठ लाख 73 हजार लोगों को खिलाई फाइलेरिया दवा

**सोनभद्र।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 नवंबर से फाइलेरिया मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में लगी 1727 टीमों ने 2 लाख 38 हजार 713 घरों में दस्तक देकर अब तक 8 लाख 73 हजार 118 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का काम किया। स्वास्थ्य टीम घर घर जाकर जहां लोगों को फाइलेरिया की दवा खिला रही है वहीं इसके प्रति लोगों को जागरुक भी कर रही है जिससे लोगों को इस बीमारी की जद में आने से बचाया जा सके। सीएमओ डॉक्टर नेम सिंह ने फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। फाइलेरिया के लक्षण हाथ पैर तथा हाइड्रोसील में सूजन है। किसी भी व्यक्ति को संक्रमण होने के पश्चात बीमारी होने में 5 से 15 वर्ष तक लग सकते हैं। ऐसे में इस रोग से बचाव हेतु फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी व एल्बेंडाजोल की गोली खाना अनिवार्य है ।क्योंकि इस बीमारी की जद में आने पर व्यक्ति को अपंगता का शिकार होना पड़ सकता है। सभी लोग फाइलेरिया रोधी दवा जरूर खाएं। 22 नवंबर से फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है इसके लिए 1727 टीमें और 3454 वर्कर लगे हुए हैं। जिले में 4 दिसंबर तक चलेगा। 18 लाख 38 हजार 598 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके सापेक्ष अभी तक 8 लाख 73 हजार 118 लोगों को दवा खिलाई गई है।

### पिछले वर्ष 924 मरीज मिले

जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2019-20 में 18 लाख 44 हजार 860 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 14 लाख 54 हजार 749 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गयी। फाइलेरिया के 924 रोगी पाए गए थे जिसमें से चोपन ब्लाक में ही 528 मरीज मिले थे। इसमें 56 हाइड्रोसील व 472 हाथीपाव के रोगी शामिल थे।

### तीन वर्षों से खा रहे है फाइलेरिया की दवा

रावर्टसगंज ब्लॉक के रहने वाले रमाशंकर तिवारी बताते हैं कि वह पिछले 5 वर्षों से फाइलेरिया से पीड़ित है। पैर में सूजन यानी हाथीपांव है। मुफ्त में दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा तीन वर्षों से खा रहे हैं इससे और अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े। यह दवा सभी को खाना चाहिए यह खतरनाक बीमारी है।

### फाइलेरिया की दवा खाने से नहीं हुई कोई परेशानी

रावर्टसगंज नगर निवासी मुकेश ने बताया कि मैंने फाइलेरिया की दवा डीईसी व एल्बेंडाजोल खाया। दवा खाने पर किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। वही चतरा ब्लॉक की रहने वाली सुशीला ने बताया कि वह अपने घर पर फाइलेरिया की दवा आशा कार्यकर्ता के माध्यम से खाया।

## क्विक न्यूज

### सुबह-ए-बनारस क्लब ने किया गरीबों को कंबल वितरण

**वाराणसी।** ठंड के मौसम के शुरुआती दौर को देखते हुए सामाजिक संस्था सुबह-ए- बनारस क्लब एंव लक्ष्मी हॉस्पिटल के बैनर तले संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, लक्ष्मी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ अशोक कुमार राय, महासचिव राजन सोनी, उपाध्यक्ष मोहम्मद ज़ुबैर, उपाध्यक्ष अनिल केसरी, एंव उमेश जायसवाल, द्वारा पिपलानी कटरा पेट्रोल पंप के सामने स्थित हनुमान जी के मंदिर के पास बैठे असहाय, लाचार, गरीबों एवं आने जाने वाले जरूरतमंद राहगीरों के बीच स्वर्गीय चंम्पालाल जायसवाल की स्मृति में कंबल का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सुबह-ए-बनारस क्लब द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटने का कार्य क्रमवार रूप से शुरू किया गया है। साथ ही साथ अपील किया गया कि यह कार्य बहुत ही पुनीत कार्य है। इसमें सभी सामाजिक संगठन बढ़ चढ़कर भाग ले।और असहाय लोगों के सहायतार्थ अपने यथाशक्ति जितना भी कंबल दान करना हो वह करें। उनके द्वारा किया गया कंबलदान किसी गरीब के लिए जीवन कारक बन सकता है। तथा नगर निगम प्रशासन से वक्त रहते रैन बसेरे भी व्यवस्थित करने के साथ लगातार बढ़ रहे ठंड के बीच गरीबों को इससे बचाने की मुकम्मल इंतजाम करने की मांग भी की गई।

### नीलकंठ महादेव मंदिर में शिर्डी साईं बाबा मंदिर हुआ रक्तदान

**वाराणसी।** मलदहिया स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर शिर्डी साईं बाबा मंदिर के दसवें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में मंगलवार को एक वृहद स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर लोगों को कोविड-19 के प्रति जागरूक करने के लिए कोविड वैक्सीनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों को पहला एवं दूसरा डोज लगाया गया मंदिरों में अपने इष्ट देव को जल दान धन-दान एवं पुष्पदान के परंपरा से अलग हटकर विगत 5 वर्ष से एक नई परंपरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग स्वेच्छा से अपना रक्तदान कर भगवान के चरणों में अर्पित करते हैं जिससे वह रक्त किसी जरूरतमंद को काम आ सके। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ एके पांडे, डॉ अशोक राय, विकास प्राधिकरण सदस्य प्रदीप अग्रहरि, डॉ आर के मिश्रा, डॉक्टर सौरभ ,प्रेम मिश्रा, राम भजन अग्रहरि, रजनीश कनौजिया, जगरनाथ अग्रहरि, गुलशन कनौजिया, आशीष कनौजिया, सत्य प्रकाश आर्य, सोमनाथ विश्वकर्मा, आदित्य कनौजिया, अनिल श्रीवास्तव ,राकेश शर्मा, राहुल गुप्ता एवं कबीर चौरा ब्लड बैंक के विकास सिंह एवं उनकी पूरी टीम मौजूद रही।

### यातायात सप्ताह के तहत लोगों को किया गया जागरुक

**मऊ।** संत गणिनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यातायात सप्ताह एवं मतदाता जागरूकता विषयक संगोष्ठी में महाविद्यालय के मुख्य वक्ता डा. आरएन यादव ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर ही सभी लोग वाहन चलाए। शराब पीकर कभी वाहन न चलाएं। इससे किसी भी समय हादसा हो सकता है। महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. राकेश कुमार, डा. शिव प्रताप राय, डा. जगदेव एवं प्राचार्य डा. हूरतलअत ने सड़क सुरक्षा, यातायात एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित नियमों को बताकर छात्र.छात्राओं को जागरूक किया। इस गोष्ठी में छात्र.छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जागरूकता विषयक एक रैली निकाली गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. हूरतलअत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में डा. प्रहलाद राम, डा. कमलेश, डा. जगदेव, डा. मनोज, डा. मीता सरल, डा. मनोज कुमार वर्मा, डा. सरिता दूबे, डा. धर्मेंद्र सिंह, अब्दुल् कय्यूम शम्सी, डा. सतीश कुमार, डा. अतुल पांडेय, डा. अभिषेक श्रीवास्तव आदि थे।

### भाजपा ने किया ट्रैक्टर रैली का आयोजन

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी, किसान मोर्चा, मीरजापुर के तरफसे किसान ट्रैक्टर रैली का आयोजन गैपुरा चौराहे पर आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टर के साथ शामिल हुए। रैली की मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्या आदरणीय ललिता देवी कुशवाहा रहीं। मुख्य अतिथि ने रैली के लिए एकत्रित किसानों को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार के द्वारा किसान कल्याण हेतु चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें अटल भू.जल योजना, किसान ऋण मोचन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम फसल बीमा एवं किसान सम्मान निधि जैसे अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बृजभूषण सिंह ने मुख्य अतिथि समेत आये हुए सभी सम्मानित किसानों का स्वागत व अभिनन्दन किया और बताया कि केसीसी, क्रय केन्द्र एवं ट्रैक्टर.ट्राली को टैक्स फ्री अटल जी के समय में किया गया था। यूरिया को शत प्रतिशत नीम कोटेड करके काले बाजारी को भाजपा सरकार को समाप्त किया। सभा के बाद मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप में झण्डा दिखाकर रैली को रवाना किया। सभा को क्षेत्रीय महामंत्री सुनील पटेल ने भी संबोधित किया। संचालन किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नागेश्वर तिवारी ने किया।

# डीएम ने सीएमओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



● 15 कर्मचारी पाये गये अनुपस्थित जिनमें 04 कर्मचारी हस्ताक्षर बनाकर कार्यालय से रहे गायब

**मीरजापुर।** डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज दोपहर लगभग 12:20 बजे बिना किसी सूचना के सीएमओ कार्यालय पहुॅचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपने कार्यालय में स्वयं सीएमओ नही थे, जिलाधिकारी के आने की सूचना मिलते ही कार्यालय में पहुॅचे। जिलाधिकारी के पहुॅचने पर उपस्थित कर्मचारियो में अफरा तफरी का महौल देखा गया कुछ कर्मचारियो के द्वारा मोबाइल पर गायब कर्मचारियो को सूचना दी जाने लगी। डीएम द्वारा उपस्थिति रजिस्टर मगवाकर सभी कर्मचारियो को सीएमओ कक्ष के बाहर बुला लिया तथा एक-एक कर्मचारी को बुलाकर उपस्थिति देखी गयी। उपस्थिति रजिस्टर से मिलान करने पर मनोज कुमार द्विवेदी लेखाकार, बृज लाल वाहन चालक, दिवाकर वाहन चालक तथा एक अन्य कर्मचारी हस्ताक्षर बनाकर कार्यालय से गायब पाये गये, जिनमें वाहन चालक दिवाकर को कैम्प में जाना बताया गया।

डीएम ने इन चारो कर्मचारियो को अनुपस्थित मानते हुये एक दिन का वेतन काटने के निर्देश के साथ ही सीएमओ से 03 दिवस में स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उपस्थिति रजिस्टर के निरीक्षण करने पर प्रदीप कुमार पाण्डेय, डीपीसी, साधना डीए, शनि कुमार, दिलशाद अली चतुर्थ श्रेणी, जगत बहादुर चौकीदार, पिन्टू एवं राम प्रसाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, परमानन्द अर्दली, चन्द्र प्रकाश सिंह, रितेश तथा राजेन्द्र प्रसाद अनुपस्थित पाये गये, इस प्रकार डीएम के निरीक्षण में कुल 15 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। उपरोक्त सभी अनुपस्थित कर्मचारियो का एक दिन का वेतन काटने के साथ ही 03 दिवस के अन्दर सीएमओ के माध्यम से स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

डीएम द्वारा कार्यालय के एक-एक पटल पर जाकर निरीक्षण किया गया तथा पटल सहायको से उनके कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली गयी। पटल सहायक गंगा प्रसाद गौड़ के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा सेवानिव्त्त कर्मचारियो का पेंशन व अन्य देय सुविधाओ का कार्य देखा जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियो के लम्बित प्रकरण के पत्रावलियो को देखा गया जिसमें कमलेश कुमारी के द्वारा 30 अप्रैल 2021, उदय प्रकाश पाण्डेय के द्वारा 30 मई 2021, प्रेम कुमार 30 जून 2021, सेवानिवृत्त के बाद अथवा प्रस्तुत किया गया है परन्तु चार से छः माह व्यतीत होने के बाद भी अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नही की गयी। पटल सहायक के द्वारा पत्रावलियो का रखरखाव सही ढंग नही पाया गया तथा प्राप्त आवेदनो का कोई रजिस्टर नही बनाया गया था सभी प्राप्त दावो को रजिस्टर पर दर्ज करने का निर्देश दिया गया। स्थापना अनुभाग में पटल सहायक केशव दास के कार्यो का निरीक्षण किया गया उनके द्वारा बताया गया कि तीन माह से इस पटल पर कार्य देख रहे है चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो से सम्बन्धित समस्त कार्य देखा जा रहा हैं। कर्मचारियो के व्यक्तिगत पत्रावली देखने पर मात्र ज्वाइनिंग लेटर के अलावा अन्य कोई प्रपत्र नही पाया गया पटल सहायक केशव प्रसाद द्वारा किसी प्रकार की जानकारी दे पाने एवं कार्य की जानकारी न होने पत्रावलियो का रखरखाव व्यवस्थित ढंग न होने तथा डीएम द्वारा पूछे गये प्रश्नो का कोई उत्तर न दे पाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने पटल सहायक केशव दास को निलम्बित करने का निर्देश दिया।

# कोरोना के नए स्ट्रेन को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

● मुख्य चिकित्सकों ने जारी किये सख्त दिशा निर्देश

**संवाददाता।** मऊ

**कोरोना** के नए स्ट्रेन को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। विदेश से आने वाले हर नागरिक पर निगरानी रखी जा रही है। इसके मद्देनजर रैपिड रिस्पांस टीम को सक्रिय कर दिया गया है। यह टीम मरीज की जांच के बाद होम आइसोलेशन में रहने पर नियमित जांच के साथ उसके संपर्क में आने वाले रह व्यक्ति की जांच करेगी। विदेश में इसके नए स्वरूप ने लोगों को आगोश में लेना शुरू कर दिया है। इसके लेकर देश में भी बचाव के लिए तैयारिया और सावधनी बरती जा रही है। शासन से मिले नए आदेश के क्रम में अब विदेश से आने वाले हर नागरिक के लिए आठ दिन का होम आइसोलेशन अनिवार्य कर दिया है। हवाई अड्डे पर उतरने के बाद वही पर उसकी आरटीपीआर से जांच कराई जाएगी और संबंधित जनपद को इस बाबत एयरपोर्ट अथारिटी से सूचित किया जाएगा। इसके बाद स्वास्थ्य के आधार पर उसे एल.1 और एल.2 अस्पताल में भर्ती कराने के साथ कांट्रेक्ट ट्रेसिग की जाएगी। ताजा अध्ययन के मुताबिक कोरोना की दूसरी लहर में डेल्टा वेरियट की अपेक्षा नया वेरियंट ओमीक्रोन और भी खतरनाक माना जा रहा है।



सीएमओ डॉ. एसएन दुबे।

### निगरानी समितियां भी देंगी सूचना

**मऊ।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसएन दुबे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर पालिका की टीम मुस्तैद की जाएगी। दूसरी लहर के दौरान इन समितियों का गठन किया गया था। अब यह समिति बाहर से आने वाले हर व्यक्ति की सूचना देगी और उनकी जांच के साथ स्वास्थ्य की भी निगरानी करेगी। साथ ही साथ कोरोना के बदलते स्वरूप को लेकर अब विदेश से आने वालों को होम आइसोलेट किया जाएगा। रैपिड रिस्पांस टीम और निगरानी समितियों को सक्रिय कर दिया गया है। ताकि बाहर से आने वालों को आसानी से चिहित किया जा सकें।

## सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ ठेकेदारों का धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जल निगम** ठेकेदार संघर्ष समिति द्वारा मंगलवार को अपनी मांगो को लेकर षष्टम निर्माण खण्ड, उ.प्र.जल निगम कार्यालय के प्रागंण में एक दिवसीय सांकेतिक धरना/प्रदर्शन का किया गया। जिला प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने के कारण संघर्ष समिति द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित किया गया। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव पाइप से नल द्वारा जलापूर्ति के लिए बड़ी कम्पनियों को जिलेवार कार्य दे दिया गया है। लगभग 40 हजार ठेकेदार एवं उनसे जुड़े लगभग लाखों कुशल/अकुशल श्रमिक बेरोजगार हो गये हैं। ठेकेदारों ने जल जीवन मिशन के समस्त कार्य एलएण्डटी जैसे बड़ी कम्पनी को विभागीय दर से लगभग 40 प्रतिशत से अधिक दर पर दे दिया गया है। पूर्व में स्थानीय ठेकेदारों द्वारा जो निविदाएं डाली गयी थी वो प्रतिस्पर्धा के कारण विभागीय दर से लगभग 7 से 10 प्रतिशत तक कम दरों पर थी।

# सपा ने मनाया हाथरस की बेटी का स्मृति दिवस

**मीरजापुर।** सपा के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर हाथरस में सामूहिक बलात्कार की शिकार बेटी की याद में सभी कार्यकर्ताओं ने दीपक जलाकर दिवंगत बेटी को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की साथ ही बेटी को न्याय देने की मांग भी की। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहन बेटियों सुरक्षित नहीं हैं। पूरे प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। दिवंगत बेटी का आनन फानन में जबरन रात में दाह संस्कार कराना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है। हैवानियत कर मानवता को शर्मशार करने वाले नरपिशाचों को फांसी की सजा दी जाए और परिवार को डराने धमकाने वाले पुलिसकर्मियों पर भी जांच कर सख्त कार्यवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है वह किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम देने में जरा भी संकोच नहीं करते हैं। हाथरस की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाई की जाए जिससे कोई भी अपराधी दोबारा ऐसा कृत्य करने की हिमाकत ना कर सके। अशोक यादव, रामगोपाल बिन्द, इलियास खां, सलीम बादशाह, मनोरमा मिश्रा, नागेन्द्र तिवारी, नीरज यादव, अतीक खां, रामजी यादव, विजयशंकर प्रजापति, अरशद, अनीस खां, मो. समीम सिद्दकीए नसीम कुरैशीए शहनवाज खांए अयूब अलीए सावित्रीए उपेन्द्र तिवारीए दीपक दूबेए शशांक यादवए अभय यादवए चन्द्रशेखर यादवए शैलेन्द्र कुमारए शिवकुमार यादवए रामनरेश यादवए फैजान खांए राजकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति के लोगों के सपनों को किया साकारः लाल

● भाजपा को जीतने से कोई रोक नही सकताः अजीत रावत

**सोनभद्र।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा आयोजित संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम आरटीएस क्लब राबर्ट्सगंज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंम्भ पं. दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर मुख्यअतिथि लाल सिंह आर्य व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे सदर विधायक भूपेश चौबे अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत घोरावल विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू बैसवार व संचालन जिला महामंत्री पन्नालाल पासवान ने किया। संविधान गौरव अभियान को संबोधित करते हुए अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि देश आजाद हुए 73 साल हुआ



संविधान लागू हुए 70 साल हो गये लेकिन संविधान दिवस किसी ने नही मनाया संविधान के कानून के मुताबिक कोई काम नही किया। कांग्रेस ने पं0 नेहरु, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी का दिवस मनाया लेकिन संविधान दिवस नही मनाया।

जम्मू कश्मीर में 70 साल से अनुसूचित जाति के लोग सांसद विधायक नही बने जम्मू कश्मीर मे डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी पं0 दीनदयाल के सपने को साकार करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर वहां भी संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति के लोगों के सपने को साकार किया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते है अगर डॉ0 साहब न होते तो आज हम भी देश के प्रधानमंत्री नही बन पाते मोदी जी ने एक बड़ा काम किया 2015 से देश मे भी संविधान दिवस मनाया जा रहा है।

अनुसूचित समाज के लोग जिसे भगवान मानते है कांग्रेस उन्हे भी चुनाव मे हराने का काम किया और बाबा साहब का अपमान किया पं0 जवाहर लाल नेहरु ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति के लोगों की बात सदन मे न रख सके इसलिए उन्हे चुनाव मे हराकर सदन मे पहुंचने से रोका डॉ भीमराव अंबेडकर के मरणोपरान्त उनका स्मारक दिल्ली मे कांग्रेस ने नही बनने दिया लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने डॉ0 भीमराव अंबेडकर का स्मारक दिल्ली, महू, सहित पांच स्थानों पर स्मारक बनाकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने का काम किया इसके पूर्व पं0 अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न देकर हम दलितों के भगवान को सम्मान देकर हम सब दलित भाईयों को सम्मान देने का काम किया। दलित समाज को बरगला के सपा बसपा, कांग्रेस ने सिर्फवोट लेने का काम किया भाजपा की सरकार ने दलित परिवार को झोपड़ी से निकालकर पक्का मकान, महिलाओं को इज्जत घर देकर एवं उज्जवला गैस कनेक्शन देकर सम्मानित किया इसलिए मै आपके बीच मे आया हूं जो आपके लिए काम किया है उसका भी सम्मान आपको करना चाहिए उत्तर प्रदेश में अब योगी राज है। सपा की सरकार नही है अब गुण्डाराज नही चलेगा अब गरीबों का उत्थान होगा देश में पीएम व प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयन्ती को समरसता दिवस के रुप मे मनाकर दलित समाज और बाबा भीमराव अंबेडकर का सम्मान कर रहे है।

# विधानसभा निर्वाचन को लेकर डीएम ने ली बैठक

● निर्देशित कर कहा समस्त अधिकारी कार्य योजना बनाकर करें कार्यो का सम्पादन

संवाददाता। उन्नाव




**जिला निर्वाचन** अधिकारी जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 को भली.भांति संपन्न कराने हेतु बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ किया गया।

बैठक में मतदान कार्मिक मतगणना कार्मिक, माइक्रो प्रेक्षक सहायक व्यय प्रेक्षक व्यवस्था, शांति व सुरक्षा व्यवस्था, भारी/हल्के वाहन एवं ईंधन व्यवस्था, मत–पत्र व्यवस्था, मतदानध्मतगणना कार्मिकों, माइक्रों प्रेक्षकों, सहायक व्यय प्रेक्षकों/जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण, टेन्ट फर्नीचर, बैरिकेटिंग एवं विद्युत व्यवस्था, लेखन सामग्री/निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन/वीवी पैट की प्राप्ति तथा उन्हें मतदान हेतु तैयार किए जाने की व्यवस्था, मतदान पार्टी प्रस्थान तथा वापसी व्यवस्था, मतदाता सूची व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी ईवीएम स्ट्रांगरूम तैयार करना एवं मतगणना स्थल का साइट प्लान तैयार करना, प्रभारी अधिकारी नामांकन स्थल/मतदान पार्टी प्रस्थान, सांख्यकीय सूचनाओं के प्रेषण की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, मतगणना के पश्चात ईवीएम की सुरक्षा, कंट्रोल रूम व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी शिकायत एवं ष्आदर्श आचार संहिता, प्रभारी अधिकारी स्वीप प्लान, प्रभारी अधिकारी वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी, प्रभारी अधिकारी कम्युनिकेशन प्लान, मानचित्र एवं सेक्टरध्जोन का गठन, प्रभारी अधिकारी वेब कास्टिंग व्यवस्था, टेलीफोन व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी प्रेक्षक व्यवस्थाए प्रभारी अधिकारी ष्सेवानियोजित मतदाता तथा निर्वाचन ड्यिूटी वाले कार्मिकों को पोस्टल मतपत्र जारी की जाने की व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा, प्रभारी अधिकारी पेड न्यूज ;जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समितिद्धए प्रभारी अधिकारी मीडिया कम्युनिकेशनए प्रभारी अधिकारी समाधानए सुगमए सुविधा एवं ईपीडीएसए निर्वाचन संबंधी सूचनाओं का संकलन एवं उनका प्रेषण तथा बुकलेट तैयार करनाए प्रभारी अधिकारी क्रिटिकल/वल्नरेबिल पोलिंग स्टेशन, दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधाएं प्रदान करनाए डिस्टिक इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान डीएएमए व्यय संबंधित टीमों का गठनए नामांकन व्यवस्थाए नामांकन पत्रध्नामांकन पत्रों के साथ लगने वाले विभिन्न प्रकार की प्रपत्रों को तैयार करने की व्यवस्थाए डाक डिस्पैचध्इंडेक्स व्यवस्था आदि बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए समस्त संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु नामित समस्त अधिकारी अपने सौंपे गये कार्योंध्दायित्वों को भलीभातिए कुशलतापूर्वक, स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष रूप से समयान्तर्गत सम्पन्नए कराने के प्रति पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे।

यदि किसी कार्य के सम्पादन में कोई कठिनाई हो तो उसे उप जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाकर उसका निराकरण करते हुए आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न करायेंगे।जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा सभी केंद्रों में एक एक व्हील चेयरध्ट्राई साइकल अवश्य होनी चाहिए तथा समस्त दिव्यांगजनों का फॉर्म 06 भरा होना चाहिए पेंशनर्स मतदाता सूची में शामिल होने चाहिएं।

उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों को जेम से टेंडर करना है उसमें सहयोग प्रदान करें। उपायुक्त मनरेगा को सीसीटीवी कैमरे की सारी तैयारियां कर चार्ट बनाने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक को स्वीप कार्यों में प्रगति लाए जाने के कड़े निर्देश दिए। भोजन व्यवस्था हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया सांख्यिकी व्यवस्था हेतु जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा बूथों के अनुसार एक चार्ट तैयार करें कहां तक जाने में किस वाहन में कितना तेल लगेगा मानक के अनुरूप चार्ट तैयार कर कार्य करें। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा टेंट फर्नीचर बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था में विलंब नहीं होना चाहिए कार्य जल्द ही शुरू कराएं। गाड़ियों की उपलब्धता हेतु एआरटीओ को निर्देश दिए कि स्कूल कॉलेजों में ग्रामीण क्षेत्रों में गाड़ियों की उपलब्धता देख ली जाए। एडीआईओ एनआईसी को निर्देश दिए कि अगले 2 दिन में संबंधित विभागों को बुलाकर ट्रेनिंग का कार्य प्रारंभ करा दें।

## क्विक न्यूज

### गंगा का जर्जर पुल दे रहा हादसों को दावत, जिम्मेदार मौन

**फर्रुखाबाद।** जलालाबाद रामगंगा पर बना पुल धंसने के बाद जांच टीमें गठित कर दी गईं हैं। विभागीय अधिकारी एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। फिलहाल वह तो दूसरे जिले की बात है सो हमे क्या। हमे तो अपने जिले से मतलब है। लेकिन यहाँ का कई दशकों पुराना गंगा का पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त है।जर्जर हो चुके पुल पर रोजाना हजारों की संख्या में वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। लेकिन पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे जिम्मेदारों को नही दिखायी पड़ते है। इटावा-बरेली हाई-वे पर पांचाल घाट का गंगा पुल अपनी दुर्दशा की कहानी कह रहा है। पुल में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है। जिनसे गुजरनें वाले राहगीर गिरकर चुटहिल हो रहें है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल से गुजरते समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पुल व मार्ग की जर्जर हालत से कई बार जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद हालात जस के तस हैं।

### मारपीट में चार का शांतिभंग में चालान

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना के गांव रतनपुर निवासी जितेंद्र व रामवीर के बीच जमीन के विवाद को लेकर मंगलवार सुबह कहासुनी हो गई। मामला मारपीट तक पहुंच गया। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई और शांतिभंग में चालान कर दिया गया। गांव भोजापुर निवासी श्याम पाल व आशीष के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई और शांतिभंग में चालान कर दिया।

### दुर्घटना में दंपती समेत तीन घायल

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** जनपद कन्नौज थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के नंदपुरवा बुढ़ा निवासी 28 वर्षीय हंसराम अपनी पत्नी सोमवती व पुत्री प्रांशी के साथ बाइक से गांव मेई में रिश्तेदार अहिबरन के घर गए थे। मंगलवार शाम वापस जा रहे थे। कतरौली पट्टी के पास पीछे से आ रही बाइक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाइक सवार घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहां से तीनों निजी अस्पताल चले गए। पुलिस ने बाइक व चालक को हिरासत में ले लिया।

### युवक ने मां को पीटा

**फर्रुखाबाद।** मेरापुर थाना के गांव महमदपुर निवासी वंसवती पत्नी कुंवरसैन ने अपने पुत्र गजराजए उसकी पत्नी धनदेवीए बेटे राजकुमार तथा मेघनाथ की पत्नी मोतिनी के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराई है। जिसमें कहा कि आरोपितों ने उसे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल मां वंसवती का सीएचसी मोहम्मदाबाद में चिकित्सीय परीक्षण करवाया।

### मारपीट में युवक गिरफ्तार

**कंपिल फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी अजीम गांव स्थित एक बाग में आग ताप रहे थे। उसी समय किसी बात को लेकर सलाउद्दीन से विवाद होने पर मारपीट हो गयी। मौके पर पहुंची यूपी 112 पुलिस अजीम को थाने ले आयी। मंगलवार दोपहर अजीम का शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

### युवा महोत्सव में अश्लील कपड़ों के कैटवॉक का विरोध करेगी हिन्दू महासभा

**फर्रुखाबाद।** आगामी 17 जनवरी को प्रस्तावित युवा महोत्सव में अश्लील कैटवॉक का विरोध करनें का फरमान हिन्दू महा सभा नें जारी कर दिया है। जिससे आयोजकों को आयोजन में मानक के हिसाब से कार्य करना होगा। यदि नही करते है तो फिर हिन्दू महा सभा (राजेश गुट) विरोध प्रदर्शन करेगी। दरअसल प्रतिवर्ष युवा महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा नगर में फैशन के नाम पर कम कपड़ो में महिला प्रतिभागियों को लाल कारपेट पर उतारा जाता है। विगत वर्ष भी हिन्दू महासभा नें जमकर विरोध किया था। महासभा के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार नें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर फरमान जारी किया है। जिसमे कहा है कि युवा महोत्सव में अश्लील कपड़ो में कैटवॉक बर्दास्त नही होगी। या प्रशासन हमारी आपत्ति को स्वीकार करे या फिर कार्यक्रम भारतीय परिधान में आयोजित किया जाये। यदि नही होता है तो हिन्दू महासभा विरोध के लिए तैयार है।

### डीएम व एसपी ने जेलों को खंगाला, परखी सुरक्षा

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार को जिलाधिकारी संजय सिंह व एसपी अशोक कुमार मीणा नें जिला जेल और सेन्ट्रल जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन आदि की गुणवत्ता परखी। इसके साथ ही जेल अधीक्षको से कोरोना का नियम पालन करने का निर्देश दिया। सुरक्षा पर खास ध्यान देने के निर्देश दिए। डीएम नें शीतलहर को ध्यान में रखते हुए बेहतर इंतजाम के निर्देश दिये। उन्होंने बंदियों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के निर्देश भी दिये। भोजन की गुणवत्ता को परखा को परखा। उन्होंने निर्देशित किया कि जो भी बंदी बीमार हों, उनका तत्काल इलाज कराया जाए। चिकित्सक के रेफर करने पर गंभीर रूप से बीमार बंदियों की सुरक्षा में चिकित्सालय भर्ती कराकर इलाज कराएं। कोविड के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें जेल की सुरक्षा के बारे में जाना। कहा कि सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। जहां से भी अव्यवस्था की आशंका हो तो पुलिस को तत्काल सूचना दी जाए। बंदी रक्षकों से चौकस रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। जिला जेल महिला बैरंक में बंदी महिलाओं को इंडियन विजन फाउंडेशन द्वारा भेजी गई कीट वितरीत की। **सेन्ट्रल जेल की गौशाला देख डीएम नें ठोंकी अधीक्षक की पीठः** निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजय सिंह नें सेन्ट्रल जेल में चल रही गौशाला को परखा और उसकी व्यवस्था को देखा। उन्होंने वरिष्ठ अधीक्षक प्रमोद शुक्ल की पीठ थपथपाई।उन्होंने अधीक्षक से पूंछा की यह गौशाला 2017 से पहले की है या बाद में बनी।

### भाजयुमो ने चलाया बृहद सदस्यता अभियान

**पुखरायां। कानपुर देहात ।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बृहद सदस्यता अभियान शुरू किया। इस दौरान घरों एवं शिविरों में सदस्य बनाये गए। भाजयुमो जिला महामंत्री अक्षय त्रिवेदी ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार मंगलवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। कस्बे इन्द्रा नगर, पुरानी बस्ती, मालवीय नगर, लक्ष्मीबाई नगर, गांधीनगर सहित अन्य मोहल्लों में घर-घर जाकर सदस्य बनाये गए। वहीं सुआबाबा मंदिर परिसर में शिविर भी लगाया गया। इस दौरान 4 दिसंबर को कानपुर यूनिवर्सिटी परिसर में भाजयुमो द्वारा आयोजित युवा उत्थान कार्यक्रम के लिए युवाओं का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का आवाहन भी किया। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी भी दी गई। जिला उपाध्यक्ष देवेश तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुमित कटियार, मंडल अध्यक्ष मुकुल पाण्डेय, मंडल महामंत्री मोहित तिवारी, मंडल मंत्री अर्पित दुबे, मंडल उपाध्यक्ष कुलदीप शुक्ला, विपिन सचान, मंडल मंत्री ऋषु शुक्ला, अक्षय सचान सहित युवा मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिये डीएम ने दिए निर्देश

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में व्यापार बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में शहर में जलभराव की समस्याए खुले स्थानों पर मीट की बिक्रीए स्ट्रीट लाइटए अतिक्रमणए पार्किंगए रोड चेकिंग एवं व्यापारियों की सुरक्षा आदि समस्याओं के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आगामी माह की बैठक के पूर्व उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारिक प्रतिनिधियों को जीएसटी पंजीयन के अन्तर्गत मुख्यमंत्री व्यापारिक दुर्घटना बीमा योजना एवं अन्य लाभ बताते हुए अत्यधिक पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया गया। जिसपर उपस्थिति व्यापारिक प्रतिनिधियों द्वारा पंजीयन बढ़ाने हेतु सकारात्मक आश्वासन दिया गया।

## भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के बाकरगंज में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अलीक खान उर्फ कल्लू, जिला कोषाध्यक्ष व कलक्टर गंज वार्ड के सभासद दिवाकर अवस्थी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता लिया। कहा कि जिस प्रकार से जनपद में भाजपा के सदस्यता अभियान में लोग जुड़कर भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। आने वाला समय एक बार फिर से भाजपा का है और 2022 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बनेंगे। वहीं एक सैकड़ा लोंगो ने भाजपा की सदस्यता गृहण की। इस अवसर पर आचार्य विनोद शुक्ला, पंकज त्रिवेदी, नदीम खान, शीबू, नदीम कुरैशी, शकील उर्फ पहाड़ी, दानिश, असद खान आदि मौजूद रहे।

## जीजीआईसी पुखरायां में बनेंगी भव्य आरोग्य वाटिका

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**विद्यार्थियों और** उनके अभिभावकों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पुखरायां के परिसर में भव्य आरोग्य वाटिका का निर्माण किया जाएगा। जिसकी देखरेख स्काउट गाइड करेंगी। मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रती वर्मा (पीईएस) ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान यह बात कही।

उन्होंने बताया कि आरोग्य वाटिका से न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी बल्कि औषधीय पौधों के उपयोग से विद्यार्थियों और उनके परिवारों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और उनके कल्याण में मदद भी मिलेगी।



प्रधानाचार्या को औषधीय पौधे भेंट करते आरएन वर्मा

बताया कि आरोग्य वाटिका में औषधीय पौधे रोपने के लिये वह समाजिक कार्यकर्ताओं की मदद ली जा रही हैं। कई लोगों ने तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, स्टीविया, आंवला, अमरूद, हल्दी, चंदन, सहजन, अजवाइन, करीपत्ता और एलोवेरा आदि के पौधे उपलब्ध कराए हैं। श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने मंगलवार को अजवाइन, एलोवेरा, करीपत्ता, तुलसी के 25 पौधे भेंट किए हैं। इससे पहले भी उन्होंने अगस्त 2021 में विभिन्न प्रजातियों के 75 पौधे विद्यालय को भेंट किये थे। आरोग्य वाटिका की देखरेख स्काउट गाइड की छात्राएं करेंगी।

## जिन क्षेत्रों में वैक्सीनेशन कम हुआ है उनको चयनित कर करायें शत प्रतिशत वैक्सीनेशन: जिलाधिकारी

संवाददाता। कानपुर देहात




**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में वैक्सीनेशन, गोल्डन कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, ई–श्रम कार्ड इत्यादि योजनाओं की समीक्षा कलेक्टेªट सभाकक्ष में आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वप्रथम वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उन ब्लाकों को चयनित करने के लिए कहा, जहां पर वैक्सीनेशन कम हुआ है, इन ब्लाकों में संदलपुर, मलासा, झींझक, राजपुर, डेरापुर, अमरौधा प्रमुख है, इन ब्लाकों में वैक्सीनेशन का दायित्व अलग–अलग जिम्मेदार अधिकारियों और डाक्टरों को सौपने की बात की, जैसे मलासा और अमरौधा का दायित्व डा0 सुखलाल वर्मा को, झींझक और संदलपुर का दायित्व डा0 एपी वर्मा को, राजपुर का दायित्व डा0 आईएच खान को सौपने की बात कही, नगर पंचायत, नगर पालिका में जहां वैक्सीनेशन न्यून हुआ है वहां अधिशाषी अधिकारियों को लगाने की बात कही। गोल्डन कार्ड के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि गोल्डन कार्ड बनाने से ज्यादा जरूरी यह है कि गोल्डन कार्ड का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले, प्राइवेट या सरकारी अस्पताल इसमें किसी प्रकार की कोई अनियमितता न बरते। ई–श्रम कार्ड के सम्बन्ध में सहायक श्रमायुक्त अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि कुल 4499 ई–श्रम कार्ड सोमवार को बने है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने बताया कि सोमवार को 56 आफलाइन यूडीआईडी कार्ड निर्गत हुए है तथा अब करीब 8493 यूडीआईडी कार्ड बन चुके है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह, सीएमओ डा0 एके सिंह, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सात दिसम्बर तक फसल बीमा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह मनाया जायेगा

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूनिवर्सल सौम्पो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लि0 को अवगत कराया कि भारत का अमृत महोत्सव–भारत /75 अन्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में 01 दिसम्बर 2021 से 07 दिसम्बर तक फसल बीमा/प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह मनाये जाने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने आदेशित करते हुए कहा कि बीमा कम्पनी द्वारा क्षेत्रीय समाचार पत्रों में क्षेत्र के लाभार्थी कृषकों की सफलता की कहानी प्रेस–विज्ञप्ति प्रसारित करायी जायेगी, 1 दिसम्बर को जनपद के विकास खण्डों, न्याय पंचायतों, ग्राम पंचायतों में निर्धारित रूट के अनुसार प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन चलाया जाये, प्रचार वाहन को प्रातः 11 बजे हरी झण्डी दिखाकर जनपद मुख्यालय से रवाना किया जायेगा, आयोजित कार्यक्रम में जनपद के पांच सर्वाधिक क्षतिपूर्ति पाने वाले बीमित कृषकों, सर्वाधिक बीमा करने वाले बैंक शाखा प्रबन्धक, सर्वाधिक बीमा करने वाले जनसुविधा केन्द्र के प्रतिनिधि को प्रशस्ति पत्रप्रदान किया जायेगा। बीमित कृषकों का चयन इस प्रकार किया जाये कि उसमें कम से कम एक महिला कृषक का चयन अवश्य किया जाये। जनपद व विकास खण्ड पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कृषि विभाग, उद्यान विभाग के अधिकारियों, क्षेत्रीय कर्मचारियों, बैंक के प्रतिनिधियों, प्राथमिक सहकारी समिति एवं जनसुविधा केन्द्र के प्रतिनिधियों द्वारा अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किया जायेगा एवं वह इस कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान करेंगे, बीमा कम्पनी द्वारा जनपद के सभी बैंक शाखाओं, जनसुविधा केन्द्रों पर आयोजन से सम्बन्धित बैनर पोस्टर आदि लगाये जाये और आवश्यक मात्रा में कम्पलेट्स लीफलेट्स आदि उपलब्ध कराये जायेगा। प्रचार प्रसार में ग्राम प्रधानों का भी सहयोग प्राप्त किया जाए, कृषकों द्वारा उठाये गये जिज्ञासाओं का निराकरण यथासमय तत्काल कराने के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही की जाये, इसके साथ ही जनपद के पांच सम्मानित कृषकों के आडियो, वीडियो बनाकर उनका उपयोग भी प्रचार प्रसार के समय किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया है कि शासनादेश में दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए जनपद स्तर पर कार्यक्रम का सफल आयोजन कराना सुनिश्चित करें, जिससे इस अभियान का उद्देश्य पूरा किया जा सके।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, यूनिट–द्वितीय, उ.प्र. जल निगम, 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
**पत्रांक- 1858/कार्य-9/(21)/159**
**दिनांक 29.11.2021**
उ0प्र0 जल निगम, की ओर से जनपद जालौन में दो नग नलकूप निर्माण हेतु **300** मि.मी. एवं **200** मि.मी. व्यास के एम.एस.ई. आर.डब्लू. पाईप **7.1** मि.मी. मोटाई के तथा **300x200** मि.मी. साईज की नलकूप असेम्बली की आपूर्ति का कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री **दिनांक 01.12.2021** से **06.12.2021** तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉं0, नलकूप विंग, यूनिट–द्वितीय उत्तर प्रदेश जल निगम, **4/308,** विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉं0, नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम **2/137,** विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 **1000.00+18%** जी0एस0टी0 **(1000.00+180.00=1180.00)** है। निविदा के कार्यो का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट **www.jn.upsdc.gov.in** से अथवा सम्बंधित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा सूचना** :– निविदा विक्रय की तिथि – **01.12.2021** से **06.12.2021 अपरान्ह 12.00** बजे। निविदा डालने की तिथि– **06.12.2021 अपरान्ह 02.00** बजे। निविदा खोलने की तिथि– **06.12.2021 अपरान्ह 03.30** बजे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम, कमरा सं0 115–120, पारेषण भवन, विभूति खण्ड–II, निकट मन्त्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ–226010 (उ0प्र0)**
**ई–निविदा संख्या 06/वि0पा0ख0–प्र0 (ल0)/2021–22 ई–निविदा संख्या 06–वि0पा0खं0(प्र0)ल0 /2021–22,** के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र मार्टिनपुरवा एवं एस0जी0पी0जी0आई0 पर सौन्दर्यीकरण हेतु बने लान के रखरखाव एवं उससे सम्बन्धी कार्य हेतु निविदा प्रपत्र एवं धरोहर राशि रू0 2100.00 दिनॉक 28.12.2021 को 12:00 बजे तक ई–टेन्डरिंग वेब साईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। भाग–1 खुलने की तिथि 28.12.2021, समय 13:30 बजे, भाग.2 (प्राइस पार्ट्स) खुलने की तिथि तदानुसार ई–वेबसाईट पर सूचित की जायेगी। निविदा प्रपत्र मूल्य 236.00 मात्र (200.00 + G.S.T. @ 18% अतिरिक्त) कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखें। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम, लखनऊ** पत्रांकः 2291/वि0पा0ख0–प्र0(ल0)/टी0–06/2021–22 दि0 30.11.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।''

## राजनीति तथा व्यंग एवं कटाक्ष की कविताएं सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध





संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**साहित्यिक** एवं सांस्कृतिक संस्था कायमगंज के तत्वावधान में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन नगर के सीपी सभागार में हुआ। आयोजन की विशिष्ट अतिथि डॉ मिथिलेश अग्रवाल और क्षेत्रीय भाजपा विधायक अमर सिंह खटीक रहे। कवि सम्मेलन में आए हुए कवि एवं कवियित्रियों ने एक से बढ़कर एक रोचक रचनाएं प्रस्तुत की। जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया । सम्मेलन का सफल संचालन कनक तिवारी ने किया । सोनभद्र से पधारे कवि कमलेश राजहंस,ने राजनीति पर कहा कि– राजनीति पथभ्रष्ट न होती– जुल्म फसाद नहीं होता। इस धरती पर राष्ट्रद्रोह हरगिज आवाद नहीं होता॥ वही गोला गोकर्ण नाथ से आए, डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने श्रोताओं को अपनी वाणी से झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कहा कित– देश उनका सदा ही रहेगा ऋणी , शीश जो कट गए वतन के लिए ॥ इसके बाद इस गंभीर हुए बातावरण को प्यार की फुहार बना, रस की धारा कवियित्री विभा शुक्ला ने बरसाई । इन्होंने कहा= कभी मैं मोम पत्थर फूल कांटा और शबनम हूं – किसी के दिल में बसती हूं – किसी से दूर रहती हूं॥ इस गीत के दौर को गोंडा से पधारे गीतकार शिव पूजन शुक्ला ने भक्तिमय बना दिया। श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुध बुध खो बैठे ।उन्होंने आवाज दे कहा= राम जैसा न सुत विश्व भर में हुआ। इस जगत में भरत जैसा भाई नहीं॥संचालक कनक तिवारी ने अलग छाप छोड़ कहा कि– कौन कहता है तुम्हारा आशियाना चाहिए । हम गरीबों को फसल से थोड़ा दाना चाहिए॥ इसके बाद मंच पर आई ग्वालियर की रचना गोस्वामी ने बड़े ही चुटीले अंदाज में पढ़ा कि= मैं उफनती नदी तुम हो सागर मेरे ,पास आई गले से लगा लो मुझे॥ वही धांसू खैरवी ने कोरोना को कोसते हुए कहा कि –कोरोना यहां भारत में क्यों आए। कहीं और जाके मरो ना॥ प्रयागराज के राधेश्याम भारती ने अपने चिर परिचित अंदाज में व्यंग से भरे गीत सुनाएं। जिसे सुनकर श्रोता गण मंद मंद मुस्कुराते हुए आनंद विभोर होते रहे । वही स्थानीय कवियों में पवन बाथम, प्रोफेसर रामबाबू मिश्रा ,सुनीत सिद्धार्थ, अब्दुल वहाब बहार ने भी प्रभावी ढंग से अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर भरपूर दाद पाई ।

## हर साल 250 करोड़ खपते फिर भी बदरंग है गांवों की तस्वीर

संवाददाता। फतेहपुर

**इसे** जिम्मेदारों की मनमानी कहें या फिर उदासीनता कि हर साल गांवों के विकास के लिए दी जाने वाली करोड़ों रुपए की धनराशि के बावजूद विकास नजर नहीं आता। मनरेगा, केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग से मिलने वाली धनराशि का अगर मोटा–मोटा हिसाब लगाया जाए तो जिले के 834 गांवों को हर साल करीब 250 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त की जाती है। बावजूद इसके गांवों की तस्वीर बदरंग ही है। जनता की सेवा का दम भर कर आने वाले प्रधान, सचिव एवं खंड विकास अधिकारियों की तिकड़ी जो गुल खिला रही है उससे गांवों में विकास तो दिखाई नहीं पड़ रहा है लेकिन कर्ता–धर्ता खूब फल–फूल रहे हैं।फतेहपुर जिले के 13 विकास खंडों की 834 ग्राम पंचायतों में सड़क, जल निकासी, पीने के पानी, जल संचयन, सहित साफ-सफाई की मूलभूत जरूरतों को लेकर ग्रामीण हो–हल्ला करते नजर आते हैं। हर 5 साल में चुने जाने वाली गांवों की सरकार के मुखिया ग्रामीणों से विकास के वायदे जरूर करते हैं लेकिन विकास का वायदा कब टूट गया। यह जनता को तब पता चलता है जब अपनी समस्याओं को लेकर वह जिम्मेदारों की चौखट तक बार–बार चक्कर काटती नजर आती है। हकीकत यह है कि गांवों का विकास हो या न हो लेकिन जिम्मेदार खूब मौज में हैं। एक मोटे अनुमान में केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग से जिले की ग्राम पंचायतों को करीब 115 करोड रुपए वार्षिक धनराशि विकास के लिए अवमुक्त की जाती है और 139 करोड़ के आस–पास की धनराशि मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतें खर्च करती हैं।हर साल गांवों के विकास के लिए दिया जाने वाला धन जाता कहां है। यह पता ही नहीं चल पाता। लोग समस्याओं का पिटारा लेकर घूमते हैं और जिम्मेदार वायदों का झुनझुना। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए भी गरीब जनता से वसूली की शिकायतें किसी से छिपी नहीं है। आवासों में धन उगाही तो मानो आम बात हो गई है। हकीकत यही है कि करोड़ों की गांवों को दी जाने वाली धनराशि हर साल पानी की तरह बहने के बावजूद गांवों के विकास की तस्वीर को उजला नहीं किया जा सका है। अभी भी गांवों की बदरंग तस्वीरें सामने आती हैं जबकि जिम्मेदार अपनी मस्ती में हैं। ग्राम प्रधान, सचिव एवं खंड विकास अधिकारियों के गठजोड़ के तिलिस्म को फिलहाल तोड़ पाने में आला अधिकारी भी नाकाम है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# खाद्य प्रसंस्करण से बनेगा आत्मनिर्भर भारत: मण्डलायुक्त

**संवाददाता।** अयोध्या



**आत्म निर्भर भारत** बनाने के उद्देश्य से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश तथा भारत सरकार के सहयोग से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम एफएमई) वोकल फॅार लोकल खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सूक्ष्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में गांधी सभागार में मण्डल के उद्यान विभाग के अधिकारियों आदि के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गयाए इसका मुख्य उद्देश्य आत्म निर्भर भारत को बनाना है तथा खाद्य प्रसंस्करण में उद्योगों की स्थापना करना है।

मण्डल का वार्षिक लक्ष्य 596 है। इस अवसर पर मण्डलायुक्त द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि यह योजना नई योजना है निश्चित रूप से उद्यान विभाग अन्य विभागों के सहयोग से इसको पूरा कर पायेगा इसलिए इसकी जनपद स्तर पर एवं मण्डल स्तर पर नियमित होने वाली उद्योग बंधुओं की बैठक में एक नये एजेंडा के रूप में समीक्षा की जायेगी। इससे सम्बंधित उप निदेशक उद्यान एवं अपर निदेशक उद्योग आपेक्षित कार्यवाही करें।

लक्ष्य के सापेक्ष 206 आवेदन आये है इसमें हमें और तेजी की आवश्यकता है तथा इस योजना से जहां रोजगार प्राप्त होगा वही छोटे.छोटे उद्यमियों में आत्म सम्मानध्सेल्फ रिसपेक्ट बढ़ेगा। हम देखते है कि बड़े बड़े उद्योग एवं शॉपिंग माल खुल जाने से छोटे उद्यमियों पर असर पड़ता है। इस योजना से एक करोड़ से 5 करोड़ तक इसमें इनवेस्ट किया जा सकता है तथा 35 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है। इसमें एक जिला एक उत्पात के साथ साथ खाद्य प्रसंस्करणध्खान.पान की अन्य योजनाओं को शामिल किया गया है जो एक लाभकारी है।

मण्डलायुक्त ने कहा समन्वय से इस योजना को आगे बढ़ाना है तथा इससे जुड़े हुये काम करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करना है। इस योजना के बढ़ाने से श्रमिकों का पलायन रूकेगा और रोजगार की व्यापक संभावनायें बढ़ेगी। एक जिला एक उत्पाद को भी बढ़ावा मिलेगा। मण्डलायुक्त ने यह भी कहा कि हमारे मण्डल में गुड़ उद्योग, फैब्रिक उद्योग केला आदि के प्रोडक्टों को उत्पादन की व्यापक संभावनायें है।

मेरे द्वारा निरीक्षण के समय अम्बेडकरनगर का भ्रमण किया गया वहां पर एक उद्यमी को देखा कि वह थान ;कपड़ाद्ध के रूप में जींस का कपड़ा लाता है तथा उसकी सिलाई कर विभिन्न कम्पनियों को बेचता है यह मुझे अच्छा लगा और उन्ही जींस को कम्पनियां अपना.अपना ब्रांड व लेबल लगाकर ऊंचे दाम में बेचती है। इस कार्यशाला का सभी को लाभ उठाने का भी आहवान किया। इंडियन इंडस्ट्री चेम्बर के मण्डल अध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि सभी विभागों को जीएसटी व्यापार कर विभाग की तरह आनलाइन सेवाओं का लाभ देना चाहिए क्योंकि वहां रजिस्टेशन होने के 2-3 दिन बाद प्रमाण पत्र मिल जाता है।

## कल्किराम ने राम जन्मभूमि पुजारी को सौंपा ध्वज पताका

**अयोध्या।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व से शुरू 151 दिवसीय महानुष्ठान अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभाओं मे सनातन समाज की शत प्रतिशत एकजुटता एंव सुख समृद्धि ऐश्वर्य की कामना के साथ महानुष्ठान की पूर्णाहुति से पूर्व ही फहराया जायेगा श्रीराम जन्म पर परम्परागत रूप से फहराया जाने वाला पूजित धर्म ध्वज। रामादल अध्यक्ष पण्डित कल्किराम ने बताया कि देश में एक दर्जन से अधिक प्रान्तों मे अब तक सैकड़ो धर्म ध्वज और विजय पताका धर्म नगरी आने वाले श्रद्धालुओ को नि:शुल्क उपलब्ध करायी जा चुकी है और यह सिलसिला निरन्तर जारी है।उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्म भूमि के गर्भगृह स्थल पर विगत आठ वर्षो से प्रधानमन्त्री नरेन्दर दामोदरदास मोदीजी के निमित्त धर्म ध्वज और विजय पताका मुख्य पुजारी श्रीसत्येन्द्रदास जी के माध्यम से फहराई जा रही है जिसकी महिमा अद्भुत और अविस्मरणीय है।

# कमिश्नर ने की माघ मेला तैयारियों की समीक्षा

● मण्डलायुक्त ने सम्बंधित विभागों को समय सीमा के अन्तर्गत कार्य को पूर्ण कराये जाने का दिया निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज


माघमेला तैयारियों को लेकर बैठक करते कमिश्नर संजय गोयल।

**मण्डलायुक्त** संजय गोयल की अध्यक्षता में मंगलवार को मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में माघ मेला 2022 की तैयारियों की प्रगति के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों को माघ मेला 2022 को दिव्य भव्य तथा सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियों को समय से सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है।

पीडब्लूडी सिंचाई विभाग स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग जल निगम मेला प्राधिकरण गंगा प्रदूषण सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कार्य को पूर्ण करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये।

मण्डलायुक्त ने पार्किंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था के सम्बंध में भी व्यवस्थित कार्य योजना के अनुसार कार्य कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने मेला क्षेत्र की बसावट में कोविड 19 से सम्बंधित मानकों का ध्यान रखते हुए कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा। नदी के कटान को देखते हुए सर्वे कर सही जगहों पर पांटून पुलों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराये जाने के निर्देश दिये हैं। चकर्ड प्लेट बिछाये जाने कार्य को भी तेजी के साथ कराये जाने के लिए कहा है। चेंजिंग रूम पब्लिक एड्रेस सिस्टम के साथसाथ अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बंध में भी कार्य योजना के अनुसार कार्य कराये जाने का निर्देश दिया है।

# जिलाधिकारी ने रैन बसेरों व सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** अयोध्या



**जिलाधिकारी नितीश** कुमार ने ठंड के मौसम के दृष्टिगत जनपद में समस्त रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं यथा बिस्तर गद्दा रजाई कम्बल आदिद्ध व प्रकाश आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कर सभी को चुस्त दुरूस्त रखने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने रैन बसेरों की नियमित साफसफाई कराते रहने तथा सभी रैन बसेरों में पीने हेतु स्वच्छ पेयजल की भी उपलब्धता सुनिश्चित रखनेए शौचालयों को नियमित साफसुथरा रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने.अपने क्षेत्र में पड़ने वाले रेन बसेरों का समय.समय पर निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए जिससे वहां पर आने वाले जरूरतमंदों को सुगमता पूर्वक सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित सभी रैन बसेरों से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी रैन बसेरों में अलाव जलाने हेतु सभी व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण कर ली जायें। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को भी इस सम्बंध में आपेक्षित कार्यवाही करने को कहा तथा पशु पालन विभाग के अधिकारियों को गौशालाओं में जानवरों को ठंड से बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## प्रतियोगिताओं में मृदुल और अरिमर्दन दुबे को प्रथम स्थान

**प्रयागराज।** विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी मेधा शक्ति का प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को आज यातायात समापन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में दिया गया। गत 27 नवम्बर को यातायात विभाग प्रयागराज द्वारा पुलिस लाइन में निबंध लेखन वाद विवाद क्विज तथा पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिसमें महानगर के 14 प्रतिष्ठित विद्यालयों से लगभग 500 से अधिक छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया था। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस प्रयागराज के जिन छात्रों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उनमें मृदुल बाजपेयी प्रथम स्थान राही सिंह तृतीय स्थान अरिमर्दन दुबे प्रथम स्थान आदित्य दुबे तृतीय स्थान सर्वेश मिश्र प्रथम स्थान शामिल रहे।

# राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अस्थाई कार्यालय का भूमिपूजन

● 20000 वर्ग फुट में 17 कमरे का होगा आधुनिक कार्यालय, निर्माण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्र और ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने किया भूमि पूजन


श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अस्थाई कार्यालय का भूमि पूजन करते नृपेंद्र मिश्र

**अयोध्या।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि परिसर में प्रभु श्री राम लला का भव्य मंदिर निर्माण प्रारंभ हो गया है और कार्य भी तेजी से चल रहा है दिसंबर 2023 तक मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा और श्रद्धालु भव्य मंदिर में दर्शन कर सकेंगे इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का अस्थाई कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया।

जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का स्थाई कार्यालय बनाये जाने की तैयारी है। राम कोट क्षेत्र स्थित चौगुर्जी मंदिर के पीछे भूमि पर इस कार्यालय निर्माण का शुभारंभ निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र व ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने पूजन अर्चन किया।

राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण कर रहे ट्रस्ट ने राम जन्मभूमि परिसर के पास ही अपनी स्थाई कार्यालय को बनाए जाने का कार्य आज से शुरू कर दिया है। वैदिक पंडितों के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन के बाद कार्यालय निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया और जल्द ही इस भवन को बनाये जाने का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा के मुताबिक 20 हजार वर्गफुट में 2 मंजिले का भवन बनाया जाएगा। जिसमें 17 कमरे एक मीटिंग हाल किचन व अतिथि कक्ष भी बनाये जाएंगे। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र के द्वारा पूजन अर्चन किया गया।इस दौरान ट्रस्ट ले सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्राए निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेन्द्र दासए विमलेंद्र मोहन मिश्र के साथ ट्रस्ट के सहलाकर भी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदर्शनी मेले का किया समापन

**अम्बेडकरनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में खादी ग्रामों उद्योग द्वारा लगाया गया प्रदर्शनी मेले का आज मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा द्वारा समापन किया गया ।मेले की स्वच्छता और भव्यता को देखकर मुख्य विकास अधिकारी ने काफी प्रसन्नता जाहिर किया, व्यापारियों के मांग को देखते हुए व जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के निवेदन पर मेले को 10 दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने बढ़ा दिया।व्यापारियों ने बताया कि अंबेडकरनगर जैसा रिस्पांस उनको अभी तक किसी और जनपद में नहीं मिल पाया बिक्री अच्छी है इसलिए मेले की समय सीमा बढ़ाया जाए कुछ व्यापारियों ने तो 7 दिन के अंदर ही तीन लाख से अधिक का व्यापार कर लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी दुकानों पर जाकर उनकी बिक्री व उत्पाद के बारे में जानकारी प्राप्त किया। चार वरिष्ठ उद्यमी जिनकी सेल तीन लाख से अधिक था उनको मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि पहली बार ऐसे मेले का आयोजन किया गया है।वही व्यापारियों की मांग को देखते हुए प्रतिवर्ष ऐसी प्रदर्शनी लगवाने का प्रयास करूंगा।

### संगीत प्रेमियों को विरासत का रखना होगा ख्याल

**प्रयागराज।** पिछले महीने अपना सबसे मशहूर और सबसे लंबे समय तक चलने वाला रियलिटी शो ज़ी टीवी सारेगामापा लेकर आया। जो आज भी देश के संगीत प्रेमियों के दिलों में बसता है। 25 सालों से ज्यादा की शानदार विरासत के साथ सारेगामापा संगीत जगत के कुछ अनमोल नगीनों की खोज करने में सफल रहा है। जहां इस शो की जोरदार शुरुआत हुई है। वहीं इसके टैलेंटेड कंटेस्टेंट्स ने दर्शकों को खासा इम्प्रेस कर लिया है। इस वीकेंड दर्शकों को एक स्पेशल ट्रीट मिलने वाली है। पॉपुलर शो सारेगामापा के आने वाले एपिसोड में हमारे अपने अभिषेक बच्चन और चित्रांगदा सिंह स्पेशल गेस्ट्स बनकर पहुंचेंगे। शूटिंग के दौरान वह न सिर्फअपने करियर से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादें ताजा करेंगे। बल्कि इस शो के सभी जजों और कंटेस्टेंट्स के साथ बढ़िया वक्त भी गुजारेंगे। असल में शूटिंग के दौरान विशाल ने अभिषेक की पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी सुनाया। जब होस्ट आदित्य नारायण ने अभिषेक से जानना चाहा कि क्या ऐश्वर्या कभी घर के कामकाज करती हैं तो इस चर्चा में जज विशाल ददलानी भी शामिल हो गए और उन्होंने कहा हम एक बार एक टूर पर गए थे।

### सोशल मीडिया के क्षेत्र में मजबूती से रखा कदम: गोयल

**प्रयागराज।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि कू ऐप ने सोशल मीडिया के क्षेत्र में जिस मजबूती से कदम रखा है। वह गर्व की बात है। दिल्ली में आयोजित राइज स्टार्ट अप टू यूनिकॉर्न कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने देश में सफल हो रहे नए स्टार्ट अप्स की सराहना की। निजी हिंदी टीवी चैनल द्वारा आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव केंद्रीय राज्य मंत्री नरेंद्र तोमर और अर्जुन मेघवाल मौजूद रहे। बता दें कि कू ऐप आम लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यूजर अपने विचार अपनी भाषा में व्यक्त करने के लिए स्वदेशी कू ऐप का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। जी हिंदुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कू ऐप के सीईओ और सह संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण को भी सम्मानित किया। कू ऐप के बनने से मशहूर हस्तियों खिलाड़ियों और अन्य जाने माने लोगों ने इस पर पर अपना अकाउंट बना कर अपनी भाषा में संवाद शुरू कर दिया है। मसलन भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन वीरेंद्र सहवाग और कई बड़े क्रिकेटर अब कू ऐप के जरिए अपनी ही भाषा में लोगों से जुड़ रहे हैं।

### दिव्य और भव्य होगा माघ मेला: शेषमणि पाण्डेय

**प्रयागराज।** माघमेला अधिकारी और वरिष्ठ आईएएस शेषमणि पांडेय ने कहा कि इस बार का माघ मेला शासन की मंशा के अनुरुप दिव्य और भव्य होगा। बिजली पानी सहित अन्य सुविधाएं और बेहतर होगी। नवनियुक्त मेलाधिकारी पाण्डेय ने माघ मेला में आने वाले संत महात्मा और श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि सभी लोग कोविड का वैक्सीन लगवाकर मेले में आये जिससे कि किसी को परेशानी न होने पाये।नवनियुक्त माघ मेलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय परेड स्थित मेला कार्यालय में मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया। माघ मेला 2021 2022 दिव्य और भव्य होगा। शासन की मंशा के अनुरूप इसकी भव्यता को और बेहतर बनाया जाएगा। जिससे कि यह विश्व पटल पर आ सके। नवनियुक्त माघ मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय प्रतापगढ़ के बाघराय के रहने वाले हैं।इनकी इनकी शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हुई है। यह 1993 बैच के सीनियर पीसीएस अधिकारी थे। नैनीताल सुल्तानपुर सहित कई जिलों में एसडीएम के पद पर हुई थी। प्रयागराज जिले में मुख्य राजस्व अधिकारी सचिव उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज संयुक्त सचिव इलाहाबाद विकास प्राधिकरण उप सचिव उप्र लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश और नगर आयुक्त प्रयागराज जिला के पद पर कुशलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं ।

## अखिल भारतीय जनसंघ ने की नए नेतृत्व की घोषणा

**प्रयागराज।** राष्ट्रवादी नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जन संघ बीजेएस अखिल भारतीय जन संघ एबीजेएस के रूप में जाना जाता है। इस वर्ष एक बड़े परिवर्तन के साथ नए भारत की चुनौतियों का सामना करने के लिए इस पुनर्गठित पार्टी ने आज अपनी पुनर्परिभाषित विचारधारा एवं कार्य योजनाओं का अनावरण किया। एबीजेएस ने अपनी नई और युवा नेतृत्व टीम की घोषणा की और युवा नेता संदीप राजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पार्टी की बागडोर संभाली। पार्टी ने अपनी कोर और वर्किंग कमेटी को भी अंतिम रूप दे दिया है और अपने राष्ट्रव्यापी कैडर बेस का और विस्तार करने के लिए 23 दिसंबर से बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान शुरू करेगी। सनातन विचारों राम राज्य राम यात्रा भारतीयता और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी कार्य योजना एजेंडा की भी घोषणा की। राष्ट्रव्यापी रामयात्रा शुरू करेगी और पहली यात्रा दिसंबर के मध्य तक राम सेतु से शुरू होगी।

# संविदा कर्मियों की हड़ताल से बेपटरी रही स्वास्थ्य व्यवस्था

● सात सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं एनएचएम कर्मी



**अम्बेडकरनगर।** सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में आंदोलित स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों का व्यापक असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। सोमवार को आंदोलन के तहत मिशन निदेशक के कार्यालय का घेराव करने के बाद आज मंगलवार को जिले के समस्त स्वास्थ्य संविदा कर्मियों ने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर दिया है। कार्य बहिष्कार के चलते जिले के स्वास्थ्य सेवा वेपटरी रही। पूरे जिले में कोविड-19 पर काफी असर पड़ा।

जिला अस्पताल इलाज कराने आए मरीजों को सबसे अधिक समस्या का सामना करना पड़ा। जनपद में स्वास्थ्य विभाग के 671 पैरामेडिकल व मेडिकल और नॉन मेडिकल के कर्मचारी अधिकारी हैं, जो संविदा पर तैनात हैं। इनमें 91 जिला अस्पताल में तैनात है, संविदा के स्वास्थ्य कर्मी मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संविदा कर्मियों के हड़ताल से जिले की सभी सीएससी पीएससी के साथ जिला अस्पताल के तैनाती स्थल पर ना रहने से स्वास्थ्य व्यवस्था भी पटरी रही। जिला अस्पताल में पर्ची काटने से लेकर इलाज जांच और दवा वितरण सभी तरह की सेवा प्रभावित हुई। मरीजों और उनके तीमारदारों को हलकान होना पड़ा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पंचमढ़ी पांडे ने बताया कि जब तक उनकी मांगों को सरकार लिखित रूप से मान नहीं लेती तब तक यह हड़ताल जारी रहेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बंशमणि पाण्डेय, जिलामंत्री डा. राहुल श्रीवास्तव, बरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. आमिर अब्बास, जिला मीडिया प्रभारी डा. मनीष वर्मा, संगठन मंत्री विजय कुमार उपाध्याय, कपिलदेव शर्मा, मंत्री शिशुवेन्द्र यादव, महिला संगठन मत्री संघमित्रा बौद्ध, सचिव संध्या सिंह, प्रवक्ता विवके तुवारी, संदीप, रंजीत काजल, सर्वेश, रणधीर, अरविंद पाठक, विवेक, राजन माथुर, सरोज गिरी, सीमा, कंचन, पवन वर्मा, मनीष श्रीवास्तव, दीप्ति, डॉ विजय बहादुर, संजीव सिंह, नूरुद्दीन, डॉ मसूद, विनोद कुमार, लल्लन प्रसाद, अंजनी, डॉ बृजेश, डॉ संजय डॉ महबूब, मो इसराइल, अमरनाथ, यासमीन, राजेश, संजीव, राजन माथुर, मो आसिफ आशुतोष रीमा संध्या, डॉ आशा उपाध्याय, डॉ सुधा वर्मा, डॉ0 पी सी वर्मा, बीपीएम पवन वर्मा, सुरेंद्र कुमार, ज्योति कनौजिया, डॉ ज्योति राज, अनिल कनौजिया, आदि मौजूदा रहे।

# भुगतान के लिए दर-दर भटक रही है कार्यदाई संस्था

● प्रोपराइटर परिवार पहुंचा भुखमरी के कगार पर

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



**निर्माण निगम** के जेई व परियोजना प्रबंधक मनमाने रवैये व लूट घासोट के चलते कार्यदआयी संस्था काम कराने के बाद भुगतान के लिए कार्यालय की गणेश परिक्रमा कर रहे हैं।भुक्तभोगी ने जिलाधिकारी को प्रर्थना पत्र देकर जल्द से जल्द भुगतान कराने का अनुरोध किया है। धीरज कंट्रक्सन के प्रोपराइटर कृष्ण मोहन तिवारी ने बताया कि उनकी फर्म ने परियोजना प्रबंधक व अवर अभियंता के कहने पर वर्क आर्डर के माध्यम से निर्माण निगम के कुछ काम करवाया था।

काम के जब बिल पेश कर भुगतान चाहा तो मौजूदा जेई व परियोजना प्रबंधक यह कह कर भुगतान करने से इंकार कर दिया कि जिसके समय ये काम किया है उन्हीं से भुगतान कराओ। कृष्ण मोहन तिवारी ने आगे बताया कि महामाया मेडिकल कालेज में उनकी जमीन गयी थी उसी से मिले धन से निर्माण निगम के लिए काम करवाया था लेकिन तत्तकालीन परियोजना प्रबंधक के ट्रांसफर हो जाने के बाद ऐसी नौबत आ गई हैं वर्तमान जेई व परियोजना प्रबंधक ने काम भी बंद करा दिया और पहले काम का भुगतान भी रोक दिया जिसमें पीड़ित के आय के सभी रास्ते बंद हो गए और वो भुखमरी के कगार पर आ गया।

# हत्या मामले में तीन महिलाओं सहित आधा दर्जन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** टाण्डा, अम्बेडकरनगर

**टाण्डा कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम पकड़ी भोजपुर में बीते सोमवार को हुई अंकित यादव की निर्मम हत्या व उसके बाद उपजे तनाव फायरिंग व पथराव को लेकर पुलिस ने कुल चार मुकदमे अलग अलग दर्ज किए है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने हत्या में शामिल तीन महिलाओं सहित आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

जिसमे एक अभियुक्त ट्रामा सेंटर लखनऊ में व एक जिला अस्पताल में भर्ती है।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी एक नली बंदूक के अलावा फावड़ा, कुल्हाड़ी सहित दो अदद हंसिया खून आलूद बरामद कर लिया है। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना में हत्या के सम्बन्ध में मृतक अंकित यादव के घायल भाई रवि यादव पुत्र अभयराज की तहरीर पर राजेन्द्र पुत्र तिलक राज,अवनीश यादव , गोलू उर्फ अमितेश पुत्रगण राजेन्द्र यादव, सुदामा पत्नी राजेन्द्र, रोली, अंजू पुत्रीगण राजेन्द्र के विरुद्ध 147,148,149,302,307,504,352 आई पी सी व 7 क्रिमनल्ला अमेंडमेंट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया हैं। जिसमे पुलिस राजेन्द्र व गोलू को मुठभेड़ के दौरान मौके से गिरफ्तार कर लिया था।

अवनीश,सुदामा,रोली,अंजू का न्यायालय चालान कर दिया है।पुलिस ने बताया कि अस्पताल में भर्ती दोनो अभियुक्तों का मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर रिमांड न्यायालय में कराया जाएगा। दुसरी तरफकोतवाल टाण्डा ने अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस पर फायरिंग करने के साथ मुठभेड़ का मुकदमा धारा 307 आई पी सी के तहत अभियुक्त राजेन्द्र व उसके पुत्रों के विरुद्ध दर्ज किया है।साथ ही हत्या के बाद उपजे तनाव के कारण पुलिस पार्टी पर हुए पथराव व वाहन क्षतिग्रस्त करने का मुकदमा सैकड़ों अज्ञात ग्राम वासियों के विरुद्ध धारा 147,323,336,353,332,506,427 आई पी सी के तहत दर्ज किया है।वहीं पर हत्या अभियुक्त राजेन्द्र यादव की लाइसेंसी एक नली बंदूक जिससे फायर कर रहा था। उसपर भी आर्म्स एक्ट की धारा 27/30 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

दो दरोगा थाने के सिपाही के अलावा पी ए सी के जवान तैनात है।पुलिस ने हत्या अभियुक्तों के पालतू पशुओं को उनके रिश्तेदारों को सुपुर्दगी में दे दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पकड़ी भोज पुर में जमीनी विवाद को लेकर अंकित यादव 34 वर्ष पुत्र अभयराज की निर्मम हत्या कर दी गयी थी।हत्या के बाद उपजे तनाव को लेकर भारी संख्या में ग्रामीणों ने हत्याभियुक्त का घर घेर कर पथराव शुरू कर दिया था।

# अवैध मिट्टी खनन करते हुए जेसीबी व एक डम्फर सीज



**किछौछा, अम्बेडकरनगर।** हंसवर थानाक्षेत्र अन्तर्गत पृथ्वीपुर में अवैध रूप से ईट भट्ठा संचालक द्वारा पीली मिट्टी खनन पर हंसवर थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने कार्यवाही करते हुए एक जेसीबी तथा एक डम्फर को सीज किया तथा मौके से आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग निकले।

सरकार को लाखों का राजस्व की क्षति पहुंचाते हुए धड़ल्ले से पीली मिट्टी का खनन प्रशासन की नाक के नीचे किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा बार-बार कार्रवाई करने की बात भी सामने आती है परंतु ईट भट्टा संचालकों द्वारा प्रशासन की आंख में धूल झोंक कर अवैध रूप से पीली मिट्टी का डंपिंग कर राजस्व का चपत लगा रहे हैं। ईट भट्टा संचालकों द्वारा टाण्डा क्षेत्र के अजमेरी में नदी के कछार के किनारे पीली मिट्टी का खनन एवं हसवर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पृथ्वीपुर के लंगर तीर घाट तथा मईपुर के पास भारी मात्रा में पीली मिट्टी का खनन अवैध रूप से किया जा रहा है

स्थानीय नागरिकों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है वहीं आवागमन के लिए बनी सड़कें टूटकर बेहाल हो रही है प्रशासनिक स्तर पर अवैध रूप से मिट्टी खनन पर कोई लगाम नहीं लग पा रहा है।पीली मिट्टी का अवैध रूप से भट्ठा संचालक कलीम खा द्वारा खनन कराया जा रहा था जिसकी सूचना थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी को लगी मौके पर पहुंची पुलिस ने एक जेसीबी तथा एक डम्पर को सीज कर दिया।

# सरकार किसानों का ध्यान रखती है: रमापति मौर्य

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



**भाजपा** सरकार हमेशा किसानों का ध्यान रखती है।किसानों के लिए सम्मान निधि समेत विभिन्न योजनाए चलाई जा रही है जिनका सीधा लाभ गांवों में रहने वाले लोगो व किसानों को मिल रहा है। उक्त बातें किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री रमापति मौर्य ने सीडीओ आवास के सामने मैदान में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित किसान ट्रैक्टर रैली की सभा को सम्बोधित करते हुए कहा।

किसान ये अच्छी तरह से समझते है कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने उनके हित मे कितने काम किये है।किसानों का गन्ना बकाया मूल्य 36 हजार करोड़ रुपये योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सत्ता में आते ही भुगतान किया।सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि किसानों को हर वर्ष 6 हजार रुपये का भुगतान केंद्र की मोदी सरकार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए किसान बिल को वापस ले लिया। इससे बड़ा समर्पण किसानों के प्रति कोई और नही हो सकता है।

किसानों के हित मे हो रहे निर्णय से विपक्षी दल किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है किसान भाजपा सरकार के साथ है जिससे विपक्षी दलों के अंदर घबराहट है। ट्रैक्टर रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमापति मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी व विधायक अनिता कमल ने झंडी दिखाकर रवाना किया।सैकड़ो की संख्या में किसान ट्रैक्टर रैली पटेलनगर, शहजादपुर नई सड़क बाईपास होते हुए टांडा रोड कटारिया याकूबपुर बाग में समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकिशोर राजभर ने किया। यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमाशंकर सिंह, पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, डॉ रजनीश सिंह, अवधेश द्विवेदी, पंकज वर्मा, डॉ सन्तोष सिंह, गौरव श्रीवास्तव, शशांक शेखर सिंह, प्रह्लाद आदि लोग मौजूद रहे।

# गुलामी से मुक्ति

## आज़ाद हुआ बारबाडोस

**कैरीबियन** में बारबाडोस अब एक गणतंत्र और दुनिया का नवीनतम स्वतंत्र सदस्य है। महत्वपूर्ण है कि उसने ब्रिटिश राजतंत्र से संबंध तोड़े और इस प्रकार वह 17वीं शताब्दी से जारी क्रूर औपनिवेशिक अतीत से मुक्त हुआ है। बारबाडोस शानदार समुद्र तटों व क्रिकेट का देश है जहां से गार्डन ग्रीनएज, डेस्मंड हीन्स, मैल्कम मार्शल व जोयल गार्नर उभरे थे। अब यह गणतंत्र लोकतंत्र की नई विरासत लिखेगा। यह उन थोड़े से देशों के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह है जो अब भी अपने पूर्व उपनिवेशवादियों के साथ जुड़े हैं। 1627 में बारबाडोस ब्रिटिश उपनिवेश बना जो अफ्रीका से गुलाम बना कर लाए गए लोगों द्वारा की जाने वाली खेती पर निर्भर था और यहां गुलामी प्रथा की समाप्ति केवल 1807 में हुई। 1966 में इसे स्वतंत्र दर्जा प्राप्त हुआ, पर यह कामनवेल्थ व्यवस्था का हिस्सा बना रहा। यह व्यवस्था राष्ट्रकुल देशों से अलग है, यह एक संप्रभु राज्य था जिसकी राज्य प्रमुख तथा राजतंत्र शासक ब्रिटिश रानी एलिजाबेथ द्वितीय थीं। वर्तमान समय में बारबाडोस को छोड़ कर ऐसे 15 राज्य हैं। इसने अपनी स्वतंत्रता की 55वीं वर्षगांठ पर पूर्व उपनिवेश से संबंध तोड़ा है। उसके अंतिम गवर्नर-जनरल अब देश के पहले राष्ट्रपति हैं। ये दोनों प्रतीकात्मक पद हैं, पर राष्ट्रपति बारबाडोस वासियों की स्वतंत्र इच्छा अभिव्यक्त करते हैं। इसके प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि बारबाडोस किस दिशा में बढ़ रहा है और दुनिया उससे क्या उम्मीद कर सकती है। उनके अनुसार, 'बारबाडोस वासी एक बारबोसी को राज्य प्रमुख देखना चाहते थे। यह स्वयं में विश्वास की अभिव्यक्ति है



और बताती है कि हम क्या प्राप्त करने में सक्षम हैं।' व्यवस्था से अलग होने वाले अन्य देशों में गुयाना, ट्रिनीडाड व टोबैगो तथा डोमिनिका हैं। नए गणतंत्र का उभार ऐसे समय हुआ है जब ब्रिटेन का औपनिवेशिक अतीत उसकी जनता की आलोचना का शिकार है तथा रानी और उनका परिवार भी इसमें शामिल है। प्रिंस हैरी व मर्गेन मार्केल ने देश से अनुरोध किया है कि वह आगे बढ़ने के लिए अपना औपनिवेशिक अतीत स्वीकार करे, भले ही यह चाहे जितना असहज करने वाला ही क्यों न हो।

अब भी ब्रिटेन के अलावा मानचित्र पर बिंदुओं की तरह लगने वाले कई देश अमेरिका, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, डेनमार्क, नीदरलैंड, नार्वे व न्यूजीलैंड के आधिपत्य में हैं। गणतंत्र के रूप में इन देशों के स्वतंत्र रूप से उभरने से उपनिवेशवादियों व उपनिवेशों से टकराव की समाप्ति होगा जिसने पूरी बीसवीं शताब्दी में दुनिया में वि-औपनिवेशीकरण की लहर पैदा की थी। अनेक उपनिवेशों ने अतीत की जंजीरें तोड़ कर अपना स्वतंत्र शासन, गरिमा और पहचान स्थापित की थी। औपनिवेशीरण उत्पीड़क तथा समता व संप्रभुता के सिद्धान्तों का विरोधी है जो संयुक्त राष्ट्रसंघ का प्रमुख आधार हैं। तथ्य यह है कि कुछ स्थानों पर अब भी ऐसी आदिमकालीन उत्पीड़क व्यवस्था विद्यमान है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। इसे बारबाडोस के उदाहरण से देखा जा सकता है। वि-औपनिवेशीकरण का एजेंडा केवल एक सिद्धान्त पर आधारित है कि देश को किसी भी प्रकार के बाहरी प्रशासन से मुक्त होना चाहिए तथा उसकी जनता को किसी भी प्रकार की सरकार चुनने का अधिकार होना चाहिए। इक्कीसवीं शताब्दी उम्मीद करती है कि बाकी देश भी बारबाडोस के माडल पर चल कर आत्मनिर्भरता के मानवीय अधिकार की तरह स्वतंत्रता को गले लगाएंगे।

# कृषि कानून वापसी से छोटे किसानों को नुकसान

### इस कदम से जहां अढ़तिया, बड़े किसान और व्यापारी अपना क्षेत्र बचाने में सफल हुए हैं, वहीं छोटे किसानों का नुकसान हुआ है जो किसानों का विशाल बहुसंख्य हिस्सा हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 नवंबर, 2021 को विवादास्पद तीन कृषि कानून वापस लेने के सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए क्षमा मांगी कि वे किसानों के एक हिस्से को इन कानूनों के लाभ समझाने में विफल रहे। क्या ये कानून इतने जटिल हैं कि किसानों की समझ से परे हैं? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय एनएसओ द्वारा जुलाई, 2018 से जून, 2019 कालखंड के लिए जारी रिपोर्ट 'ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों की स्थिति तथा परिवारों की भूमि व मवेशियों की स्थिति का आंकलन'-एसएएस से पता चलता है कि किसानों में अपने उत्पादों की मिलने वाली कीमत को लेकर भारी असंतोष है। उनमें सबसे ज्यादा असंतोष कृषि उत्पाद मंडी समिति या एपीएमसी में बिक्री को लेकर है जो राज्य एपीएमसी एक्ट के अंतर्गत घोषित बाजार है। इसके बाद 'निजी स्थानीय बाजार' में बिक्री होती है। लगभग 83 प्रतिशत किसान इन दोनों जगहों पर अपने उत्पाद बेचते हैं। एपीएमसी में कम दाम पर बिक्री राज्य कानूनों के कारण है जिनके चलते किसान अपना उत्पाद केवल 'निर्धारित' मंडी में बेच सकते हैं। मंडी में अढ़तिये या कमीशन एजेंट उत्पाद की नीलामी तथा उसकी बिक्री करते हैं। उनका तथा लाइसेंसधारी व्यापारियों व खरीदारों का वर्चस्व है। दोनों सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को कम कीमत मिले। इसके साथ ही उसे फसल अस्वीकार होने, जानबूझ कर कम तौलने, भुगतान में विलंब, आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बाजार फीस, अढ़तियों का कमीशन तथा ग्रामीण विकास सेस-आरडीसी जैसी चीजें भी किसानों की परेशानी बढ़ाती हैं।

हालांकि, निजी स्थानीय बाजार में बिक्री विधिक रूप से प्रतिबंधित है, पर आमतौर से एपीएमसी तक पहुंच न रखने वाले छोटे किसान मजबूरी में अपना उत्पाद औने-पौने दामों में उन व्यापारियों को बेचने को मजबूर होते हैं जिनका मंडी पर वर्चस्व होता है। लेकिन भ्रष्ट नौकरशाहों व राजनेताओं की सहायता के कारण राज्य कानून के उल्लंघन के बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। संक्षेप में वर्तमान राज्य एपीएमसी कानूनों के अंतर्गत किसानों को नुकसान होता है। इससे बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता अन्य स्थानों पर बेचने का अवसर मिलना है। अतीत में राज्यों ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए थे। 20 राज्यों ने ठेका खेती को अनुमति दी, 23 राज्यों ने किसानों से 'सीधी खरीद' की अनुमति दी, 22 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों ने निजी थोक बाजारों को अनुमति दी, जबकि 15 ने फलों और सब्जियों को एपीएमसी कानून से बाहर कर दिया। ये प्रयास टुकड़ों में थे और छोटे किसानों की पहुंच बेहतर नहीं बना सके जो कुल किसानों में 80 प्रतिशत से अधिक हैं। तीन केन्द्रीय कानून यह कमी पूरी करते थे क्योंकि बिना एपीएमसी मंडियों में व्यवधान पैदा किए ये गैर-एपीएमसी मंचों पर बिक्री की अनुमति देते थे। इन कानूनों में ऐसा कुछ नहीं है जिसे किसान समझ न सकें। यदि तीन कानूनों में कुछ अत्यधिक जटिल था तो इसे केन्द्रीय मंत्रियों के साथ लंबी बैठकों में समझा जा सकता था। मंत्रियों ने किसानों की मांग पर अनेक संशोधनों के लिए सहमति भी दी थी। और ज्यादा संशोधनों को मंजूरी देने के साथ ही प्रधानमंत्री ने एक कदम आगे बढ़ कर कानूनों का क्रियान्वयन दो साल के लिए टालने का कदम भी उठाया था। लेकिन यदि अवस्थापना द्वारा समावेश के अनेक संकेत देने के बावजूद यदि किसान नेता 'वापसी' से कम किसी चीज पर तैयार नहीं थे तो इसका कारण पंजाब व हरियाणा के कुछ किसानों की भयानक जिद थी जिनके पास बड़ी-बड़ी जमीनें हैं। इनमें अढ़तिये भी शामिल थे जिनका बिक्री व खरीद पर प्रभुत्व है और वे दूसरे संभावित प्रतियोगियों को इस क्षेत्र से दूर रखना चाहते हैं।

केंद्रीय एजेंसियां देश में उत्पादित गेंहू व चावल का 30 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीदती हैं। गेंहू का लगभग 30 प्रतिशत उत्पादन पंजाब व हरियाणा में होता है, जबकि चावल में इन राज्यों का हिस्सा 14 प्रतिशत है। लेकिन अपनी कुल खरीद में एजेंसियां 60 प्रतिशत गेंहू व 35 प्रतिशत चावल केवल इन दोनों राज्यों से खरीदती हैं। इसके साथ ही इसमें से लगभग सारी खरीद बड़े किसानों से होती है। किसानों के इस वर्ग को आशंका थी कि यदि इस क्षेत्र को सबके लिए खोल दिया गया तो वे अपना विशेषाधिकार खो देंगे। अढ़तियों का भी अपने कमीशन की रक्षा करने में निजी स्वार्थ है और उनका छोटे किसानों पर भी व्यापक नियंत्रण है। यदि छोटे किसानों को अपना उत्पाद गैर-एपीएमसी स्थानों पर बेचने की अनुमति मिले तो अढ़तिये उन पर अपना नियंत्रण खो देंगे, जबकि वर्तमान समय में वे सोने का अंडा देने वाली मुर्गी की तरह हैं। अढ़तिये छोटे किसानों से औने-पौने दाम पर उत्पाद खरीद कर उसे ऊंचे दामों पर बेच कर भारी मुनाफा कमाते हैं। वे इन छोटे किसानों को ऊंची दरों पर कर्ज देते हैं तथा उनसे ब्याज के रूप में भारी आमदनी प्राप्त करते हैं। कृषि कानून वापस लेने के इस कदम से जहां अढ़तिया, बड़े किसान और व्यापारी अपना क्षेत्र बचाने में सफल हुए हैं, वहीं छोटे किसानों का नुकसान हुआ है जो किसानों का विशाल बहुसंख्य हिस्सा हैं। इसके साथ ही कृषि ढांचागत संरचना में निजी निवेश की किसी संभावना के उबरने के पहले ही भारी नुकसान हुआ है। यह अर्थव्यवस्था के सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र के टिकाऊ विकास के लिए जरूरी है। यह कदम आश्चर्यजनक है, लेकिन ऐसा हुआ है और इसके कुछ कारण निम्न हो सकते हैं।

पहला, जनवरी, 2021 में कानूनों का क्रियान्वयन स्थगित करने का आदेश देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक समिति इस संस्तुति के लिए गठित की थी कि वह किसानों के बीच सभी पक्षों से बात कर नतीजा निकाले। बताया जाता है कि मार्च, 2021 को पेश अपनी रिपोर्ट में समिति ने तीन कानूनों का समर्थन किया था। लेकिन अदालत ने यह मुद्दा लंबित रखा। दूसरा, सार्वजनिक विमर्श में किसानों को एक समान समूह के रूप में पेश किया गया और इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया गया कि संपदा, आय, आदि के मामले में बड़े और छोटे किसानों के बीच भारी अंतर है। इससे बड़े किसानों को निर्णायक बनने में सहायता मिली। छोटे किसान असंगठित हैं, इसलिए उनकी आवाज नहीं सुनी जाती है। तीसरा, बड़े किसानों व व्यापारियों की लाबी ने मुद्दों पर भ्रम फैलाने में सफलता पाई। उदाहरण के लिए, वे कहते रहे कि 'गेंहू किसान को प्रति क्विंटल 1975 रुपये की एमएसपी से अपने उत्पाद का केवल आधा दाम मिलता है।' इस प्रकार वे बताते रहे कि केन्द्रीय कानूनों से उनको क्या मिला, लेकिन सच्चाई यह है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थगनादेश के कारण कानून लागू ही नहीं थे। चौथा, वे छोटे किसानों का ध्यान 'असली कारणों' से हटाने में सफल हुए कि उनकी परेशानी का कारण उत्पीड़क राज्य एपीएमसी कानून हैं। उनको समझा दिया गया कि केन्द्र द्वारा गारंटी एमएसपी कानून उनकी सारी समस्याओं का समाधान होगा।

कुल मिला कर कहा जा सकता है कि तीन कानूनों की वापसी से कृषि-बाजार सुधारों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। हाल ही में इनके पुनर्जीवित होने की कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह पता लगाने के लिए एक समिति गठित की है कि 'एमएसपी को कैसे ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है', जबकि यह केवल सतही कदम है। इस बीच किसानों के नेता और मांगें पेश कर रहे हैं तथा सरकार रक्षात्मक दृष्टिकोण अपना रही है। इस प्रकार देश एक खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। एमएसपी की विधिक गारंटी राष्ट्रीय खजाने को दीवालिया कर सकती है।

इससे भंडारण व परिवहन सुविधाओं पर भारी बोझ पड़ेगा, बरबादी कई गुना बढ़ेगी तथा भारत को खाद्य सब्सिडी के मामले पर डब्लूटीओ में शर्मिन्दा होना पड़ेगा क्योंकि किसानों को आसमान के तारे देने के लिए व्यापार विकृत हो जाएगा। किसानों को बिजली संशोधन कानून से अलग रखने से पहले से ही भारी घाटे का शिकार बिजली वितरण कंपनियों पर और बोझ पड़ेगा तथा राज्यों की वित्तीय व्यवस्था खराब होगी। जलवायु पर कानूनों से किसानों को अलग रखने की मांग से प्रदूषण बढ़ेगा तथा विश्व समुदाय को गलत संकेत जाएगा। देखना होगा कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साहस कर इस गिरावट को रोकने में सफल होंगे?

# कर्ज के साये में भारत की सुपर आर्थिक प्रगति यात्रा

**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत एक उच्च ऋण और एक आर्थिक रामबाण के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर देने के उद्देश्य से दुनिया में शामिल हो गया। दिल्ली से सटे 10,500 करोड़ रुपये के जेवर हवाई अड्डे सहित बुनियादी ढांचे में भारत के 233.08 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश से आधिकारिक तौर पर अर्थव्यवस्था को एक बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भारत अकेला नहीं है। पूरी दुनिया इसके लिए प्रयास कर रही है। इसका परिणाम विश्व ऋण में अति-विकास 226 ट्रिलियन डॉलर है। अपनी 2021 की वित्तीय निगरानी रिपोर्ट में, आईएमएफ ने कहा कि भारत का कर्ज 2016 में उसके सकल घरेलू उत्पाद के 68.9 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 89.6 प्रतिशत हो गया है। इसके 2021 में 90.6 प्रतिशत और फिर 2022 में घटकर 88.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। 2026 में धीरे-धीरे 85.2 प्रतिशत तक पहुंचना। जेवर ने प्रदेश चुनाव को देखते हुए यूपी में विकास की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के इस हिस्से को सबसे अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों में से एक बना सकता है जो बड़ी संख्या में प्रवासियों को आमंत्रित करता है जो स्थानीय संसाधनों को बढ़ा सकते हैं।

शेयर बाजार में भारी गिरावट ने एक नई चिंता और बढ़ा दी है। राष्ट्र उम्मीदों पर उड़ान भरने की उम्मीद करता है लेकिन हवाईअड्डा परियोजनाएं, उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी विकास, बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई और कृषि भूमि का अधिग्रहण पारिस्थितिक चिंताओं को बढ़ाता है। लेकिन एक देश जो कोरोनावायरस महामारी से बाहर निकलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, वह तेजी से विकास की तलाश में है ताकि नकदी प्रवाह हो। सरकार ने 'नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी)' का विस्तार 7,400 परियोजनाओं तक कर दिया है। उद्योग और आंतरिक व्यापार विभाग के अनुसार, 217 परियोजनाएं रु। 1.10 लाख करोड़ (15.09 बिलियन डॉलर) 2020 तक पूरे हो चुके थे। एनआईपी के माध्यम से, सरकार ने जुलाई 2021 तक बुनियादी ढांचे के विकास में 1.4 ट्रिलियन डॉलर का निवेश किया। हालांकि, बुनियादी ढांचे में जितना अधिक निवेश किया जाता है, उतनी ही अधिक



लागत देश को वितरित करने की होती है। जब तक उद्योग से लेकर कृषि तक गतिविधियों में समग्र वृद्धि नहीं होती है, तब तक लाभ वहन करना महंगा हो जाता है। आईएमएफ का कहना है कि गरीब देशों के लिए वित्तपोषण पर बाधाएं विशेष रूप से गंभीर हैं। यह देखते हुए कि 2020 में, राजकोषीय नीति ने इसके लायक साबित कर दिया, वित्तीय मामलों के लिए आईएमएफ निदेशक विटोर गैस्पर का कहना है कि 2020 में सार्वजनिक ऋ्रण में वृद्धि ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 और इसके आर्थिक, सामाजिक और वित्तीय परिणामों का जवाब देने की आवश्यकता से पूरी तरह से उचित थी। लेकिन वृद्धि एकतरफा होने की उम्मीद है, उन्होंने कहा। ऐसे में सवाल यह है कि कर्ज को कैसे कम किया जाए। उन्होंने कहा कि ऋ्रण की गतिशीलता नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि से एक मजबूत योगदान द्वारा संचालित होती है, साथ ही प्राथमिक घाटे में बहुत अधिक क्रमिक कमी होती है।

आईएमएफ ने कहा कि राजकोषीय दृष्टिकोण के लिए जोखिम ऊंचा है। यह भारत को अपनी नीतियों की समीक्षा करने के लिए कहता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2007-08 के वैश्विक मंदी ने एक अस्थिर वित्तीय व्यवहार का पालन किया। परिणाम उच्च मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति के होंगे जो आगे लागत में वृद्धि करेंगे और एक अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे जिससे अधिक संघर्ष हो सकते हैं। भारत की मुद्रास्फीति बढ़कर 12.5 प्रतिशत हो गई है। कीमतें बढ़ रही हैं, मजदूरी भी बढ़ रही होगी और मुद्रास्फीति का एक चक्र जारी रह सकता है।

यह देश भर में कारों और कार के उपयोग पर उच्च कराधान और उच्च दंड के शासन में भी देखा जा रहा है। बिहार में राज्य के बाहर पंजीकृत वाहनों और एचएसआरपी प्लेटों पर सबसे अधिक सख्ती है। इन्हें छोटी-छोटी बातों के रूप में नजरअंदाज कर दिया जाता है लेकिन ये छोटी-छोटी बातें लोगों के जीवन को मुश्किल बना रही हैं। यूजर चार्ज में बेवजह बढ़ोतरी की जा रही है। कुछ निजी रेलवे स्टेशनों पर पार्किंग शुल्क छत से गुजर रहा है। प्रत्यक्ष रूप से, किसी को भी %कीमतें बढ़ रही हैं% के रूप में दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, लेकिन इसकी समग्र समीक्षा की आवश्यकता है।

आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2021-22 में 9.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2022-23 में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। हेडलाइन मुद्रास्फीति में उच्च मूल्य दबाव देखा जाता है। आर्थिक गतिविधियों में संकुचन, कम राजस्व, और महामारी से संबंधित समर्थन उपायों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटे को बढ़ाकर क्रमश: 8.6 और 12.8 प्रतिशत जीडीपी के केंद्र और राज्य सरकारों के लिए किया गया है।

लेकिन आईएमएफ इस बात से चिंतित है कि नीतिगत समर्थन के बावजूद, बैंक ऋ्रण वृद्धि धीमी रही है, जबकि बड़े कॉरपोरेट्स को पूंजी बाजार में आसान परिस्थितियों से लाभ हुआ है। शुद्ध अंतर्वाह और चालू खाते में सुधार ने विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का समर्थन किया है। तेल की कीमतों में वृद्धि के रूप में चालू खाते की शेष राशि घाटे में रहने का अनुमान है।आईएमएफ की समग्र रिपोर्ट आने वाले वर्षों में आसान स्थिति नहीं होने का संकेत देती है।

देश को चलाना आसान नहीं है। यह सच है कि अंतरराष्ट्रीय संगठन सतर्क हैं जबकि सरकार को लगता है कि उनके प्रयासों में बाधा आ रही है। भारत को उम्मीद है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास आईएमएफ को झुठला देंगे और इन्फ्रा पुश देश को लक्षित विकास की ओर ले जाएगा।

## आप की बात

### सड़क पर सुरक्षा

**देश** में सड़क सुरक्षा सप्ताह हर वर्ष जनवरी माह में मनाया जाता है। इस वर्ष 2021 में सड़क सुरक्षा सप्ताह एक महीने मनाया गया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की कोशिश सरकारें करती हैं। जिससे लोग सुरक्षित यात्रा सड़कों पर कर सके। प्रति वर्ष लाखों लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत, विकलांग और मानसिक रूप से कमजोर और याददाश्त खो देते है। हमारे देश मे बढ़ती दुर्घटनाओं का कारण लोगों द्वारा यातायात के नियमो का पालन नही किया जाता। दोपहिया वाहनों के चालक हेलमेट, चार पहिया वाहनों के चालक सीट बेल्ट का प्रयोग नही करते। शराब पीकर, कानो में इयर फोन,तेज आवाज में गाने बजाने,गलत साइड में वाहन चलाना और निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार से वाहनों को चलाकर स्वयं खतरा उठाकर दुसरों की जान खतरे में डाल देते हैं। शराब पीकर और कान में मोबाइल लगाकर बात करते हुये वाहन चलाने वाले ज्यादा दुर्घटनाओं को न्यौता देते हैं। फर्राटे भरते वाहन सड़को पर अचानक पालतू जानवर,बच्चे और वन्य जीव जन्तुओं के आ जाने से वाहनों पर नियंत्रण नही कर पाते और भयानक किस्म की दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### क्रीमी लेयर पर बहस

**सर्वोच्च** न्यायालय में मलाईदार परत (क्रीमी लेयर) को लेकर जोरदार बहस चल रही है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्रीमी लेयर का पैमाना सबके लिए एक-जैसा क्यों हो? उसने पूछा है कि 8 लाख रुपये की सालाना आमदनी की सीमा सब पर एक-जैसी क्यों थोपी गई है? ऊंची जातियों के गरीब लोगों को जो 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, उसका आधार क्या है? गरीब पिछड़ों और गरीब अगड़ों को एक ही तुला पर क्यों तोला जा रहा है? इसलिए तोला जा रहा है कि पिछड़ों को तो पहले से ही 50 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है वह भी बिना किसी आर्थिक सीमा के! जबकि अगड़ों में कई ऐसे गरीब है जो बदहाली में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उनके लिए 2 जून कि रोटी कमाना बड़ा कठिन कार्य है। एसेमें उनका कोई प्रतिभावान बच्चा अच्छे मार्क्स लाने के बावजूद आरक्षण के चलते अयोग्य घोषित कर दिया जाए तो वह क्या करें? अत: सुप्रीम कोर्ट को यह 10 प्रतिशत आरक्षण सिर्फ अगड़ी जाति के निम्न आय वर्ग वालों के लिए ही रखना चाहिए !इसमें पहले से50त्न आरक्षण पा रही पिछड़ी जाति को फिर से 10 प्रतिशत आरक्षण में शामिल करने का कोई औचित्य नहीं है।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


### टिकैत से सवाल

**टिकैत** और उनके समर्थक कह रहे हैं कि कृषि कानून वापस लेना काफी नहीं, अभी एमएसपी पर कानून चाहिए , तथा कथित तौर पर धरने के दौरान मरने वाले 700 लोगों का मुआवजा मिलना चाहिए। धरने पर सरकार ने कोई गोली नहीं चलाई, कोई लाठियां नहीं पटकाईं, तो ये 700 लोग कहां मारे गए ? कहीं इनमे वे तो शामिल नहीं हैं जिन्हे धरने वालों ने जिंदा जलाकर, या हाथ-पैर काटकर मौत के घाट उतारा था। एक महिला की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी, दिल्ली के बहुत सारे कारखाने धरनों के कारण बंद हो गए, और उनके श्रमिक सड़क पर आ गए, उनके परिवारों मे बीमारी/ भूख से मौतें हुईं, टिकैत या उनके किसान यूनियन वाले साथी इनके लिए मुआवजे देंगें? कॉंग्रेस के शासन मे किसानों पर कई दफा गोली चली, किसान मरे, पर मुआवजे के लिए धरने नहीं हुए। फिर अब क्यों? यदि टिकैत आत्महत्या से हुई मौतों की बात कर रहे हैं, तो कृषि कानूनों से पूर्व साल मे 17,000 आत्महत्याएं हो रही थीं, यानि 16,300 मौत कम हुई। इसके लिए सरकार को धन्यवाद नहीं देना चाहिए?

- **अजय मित्तल**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**भर्ती** और पेपर लीक में भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की पहचान बन गया है।

- **प्रियंका वाड्रा**
कांग्रेस नेता



**ब्रिटेन** और दुनिया भर के यहूदी लोगों को चानुका की बहुत बहुत शुभकामनाएं जो इस सप्ताह मेनोराह जलाएंगे।

- **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री



**हमें** नए कोरोनावायरस संस्करण को भारत में प्रवेश करने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 1 दिसंबर 2021



बिसवां कोतवाली इलाके का मामला

# परिवार को बंधक बना मचाया उत्पात

● घर में घुसे नकाबपोश बदमाशों ने समेटे नगदी समेत सात लाख के जेवर सीसीटीवी में कैद वारदात

संवाददाता। बिसवां सीतापुर



**घर में घुसे** असलहों और लाठी-डंडों से लैस नकबपोश बदमाशों ने सोमवार की देर रात परिवार को पहले बंधक बनाया, फिर जमकर लूटपात करते हुए बीस हजार की नगदी समेत सात लाख के जेवरात समेट ले गए। साथ ही दुकान और बाइक की चाभी भी ले उड़े। बाद में बदमाश वहां से भागने में सफल रहे, खास बात तो यह रही है कि घर में बदमाशों द्वारा की गई लूट की पूरी वारदात भी सीसीटीवी में कैद हो गई, हालांकि पुलिस इस लूट की वारदात को चोरी में दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। मामला बिसवां कोतवाली इलाके का है। क्षेत्र के मोहल्ला जुलाही टोला में मो अहमद पुत्र कुदुस का परिवार सोमवार रात को खाना खाकर घर में सोया था, आधी रात को आठ से दस नकबपोश बदमाश घर के दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए, सभी लाठी डंडों और असलहों से लैस थे, आहट पाकर परिजनों की नींद खुल गई तो बदमाशों ने असलहे तानकर उन्हें कोने पर खड़ा कर दिया और बारी बारी से सभी कमरों की तलाशी लेकर जमकर लूटपात की, परिजनों के मुताबिक लूटपाट में बदमाशो ने 6 से 7 लाख के जेवरात और बीस हजार की नकदी दुकान और बाइक की चाभी भी साथ ले गए। घटना को अंजाम देने के बाद जाते समय नकबपोश बदमाश पड़ोस के सीसीटीवी में भी कैद हो गए, सभी अपने मुंह को कपड़ों से ढके हुए थे, साथ ही उनके हाथों में लाठी-डंडे भी थे। घटना को लेकर पीड़ित मोहम्मद अहमद, आफ्ताब ने आपबीती बताई। शोर-सुनकर जागे पड़ोंसियों ने भी लूट कर जाते समय बदमाशों को देखा। सुबह होने पर पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई, पुलिस ने लूटपाट की वारदात को चोरी में दर्ज किया है। इस वारदात से इलाके में लोग दहशतजदा है।

# बिलखते हुए गायब छात्र ने खुद के किडनैप की दी खबर

संवाददाता। सीतापुर

**घर से** कॉलेज को निकला एक छात्र सोमवार को लापता हो गया, वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की मगर उसका कहीं अता-पता नहीं चला, सुबह सेलफोन के जरिए बिलखते हुए उसने अपने भाई को व्यथा सुनाई, बताया कि कुछ लोग उसका अपहृत कर ले गए हैं और उसे बंधक बनाए हुए है, उसके बाद उसका सेलफोन स्वीच ऑफ हो गया। इसके बाद से परिवार में मायूसी छाई है।



मामला शहर कोतवाली इलाके का है। सदर बाजार के रहने वाले अवधेश रस्तोगी का 21 वर्षीय बेटा हर्ष रस्तोगी डीपी वर्मा महाविद्यालय का बीए फाइनल छात्र है। सोमवार की सुबह हर्ष अपने घर से कॉलेज को निकला था, मगर शाम को वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों को उसकी चिंता हुई और उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग न लगा, तब तक उसको लेकर पूरा परिवार बेचौन था, सुबह छह बजे आकाश के सेलफोन की घंटी बजी, देखा तो हर्ष के नंबर से कॉल आ रही थी, बात की तो उसने बिलखते हुए मामले की जानकारी दी, बताया कि कुछ लोग उसके किडनैप कर लिए और बस से लिए जा रहे हैं, उसे बचा लो, उसके बाद उसका फोन बंद हो गया, तब से परिजन लगातार फोन मिला रहे हैं, लेकिन उसका बंद स्वीच आफ बता रहा है। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

## क्विक न्यूज

### रैली के जरिए यातायात नियमों का दिया संदेश



**सीतापुर।** यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मंगलवार को शहर में स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाली गई, तरणताल से शुरू होकर यह रैली यहां के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुलिस लाइन पहुंची, जहां पर यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। आपको बता दें कि यातायात नियमों से रूबरू कराने के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तालमेल से माह नवंबर में यातायात माह मनाया जाता है। इस माह में लोगों को जागरूक करने के लिए विविध कार्यक्रम होते हैं, सीतापुर में भी पहली नवंबर से मनाए जा रहे यातायात माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों में जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था, मंगलवार को इस माह के समापन पर उजागर लाल इंटर कॉलेज, हिंदू कन्या, आर्य कन्या स्कूल, एनसीसी, पीआरडी, पुलिस आरक्षी समेत आदि लोग शहर के तरणताल गेट पर एकत्र हुए, यहां से स्कूली बच्चों को रैली निकाली गई, यहां पर रैली को एआरटीओ डॉ उदित नारायण पांडेय, यातायात प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्र, राम यतन यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहां से यह रैली आंख अस्पताल, लालबाग चौराहा, जेल रोड होते हुए पुलिस लाइन पहुंची, जहां पर इसका समापन हुआ, इस अवसर पर दिनेश पटेल, रूपेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### आप की महिला प्रत्याशी पर हमले में नहीं हुई गिरफ्तारी धरना शुरू

**बरेली ।** आम आदमी पार्टी की शहर विधान सभा प्रत्याशी के ऊपर साजिश के तहत जानलेवा हमला होने पर अब तक गिरफ्तारी न होने से आप पार्टी के कार्यकर्ता आज सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए है और गिरफ्तारी की मांग कर रहे है वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ पी पी यादव ने बताया आम आदमी पार्टी की शहर विधान सभा प्रत्याशी कृष्णा भारद्वाज के ऊपर जानलेवा हमला होने के पश्चात अब तक हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया गया है । जिसके कारण आम जनमानस से लेकर पूरी आम आदमी पार्टी के प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है । कार्यवाही नही हुई तो पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन करेंगे पुलिस प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जायें हमलावर गिरफ्तार होकर जेल नही जाते है तो प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था को देखते हुये व महिलाओं पर बढ़ रहे है अत्याचार कोई कार्रवाई नही हो रही है । आप पार्टी प्रतियाशी एडवोकेट सुनीता गंगवार ने बताया कृष्णा भारद्वाज पर जिसने हमला किया है जिसने हमला किया है बो हिन्दू शक्ति दल का नेता है बीजेपी का ही पार्ट है बीजेपी से जुड़ा हुआ है इसलिए आरोपी पर पुलिस कोई कार्रवाई नही कर रही है जबतक कार्रवाई नही होगी तबतक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा ।

### उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने किया धरना

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने अपनी सूत्रीय मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया और कहा कि एक लाख एनएचएम संविदा कर्मचारी और 200000 आशा बहुओं की लंबित सूत्रीय मांगों पर सरकार कोई विचार नहीं कर रही है इसलिए संगठन ने यह निर्णय लिया है कि दस ग्यारह बारह नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में ज्ञापन दिया जाएगा 25 नवंबर को काला फीता बांधकर सांकेतिक विरोध किया जाएगा 26 नवंबर को समझ जनपदों में संविदा कर्मियों द्वारा 27 नवंबर को संविदा कर्मियों द्वारा तालिबान थाली बजाकर विरोध दर्ज किया जाएगा 29 नवंबर को पूर्ण संख्या बल के साथ मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ का घेराव किया जाएगा उन्होंने कहा कि सरकार हमारी लंबित मांगों को पूरा नहीं कर रही है हमने वैश्विक महामारी व कोविड-19 जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में निरंतर अपनी सेवाएं प्रदान की है जिसके दौरान संविदा कर्मचारियों ने अपनी जान को भी खोया है और बिना किसी बात की परवाह किए हुए कोई राजकीय अवकाश नहीं लिया साप्ताहिक अवकाश नहीं लिया उसमें भी लगातार काम किया लेकिन सरकार हमारी ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

# सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक सदस्य बनाएं



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने की। कार्यक्रम संयोजक समीर अहसन रिजवी जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंखयक मोर्चा रहे। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाब चौधरी, जाकिर हुसैन साहब, निदेशक वक्फ विकास निगम जनाब शफाअत हुसैन साहब, प्रदेश महामंत्री जनाब दानिश आजाद साहब, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जनाब शमशेर साहब, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यालय प्रभारी जनाब सैफ खान साहब, क्षेत्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जनाब मोहम्मद नईम साहब, क्षेत्रीय महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा रोमा स्मार्ट, जिला महामंत्री रोहित सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यसमिति की शुरुआत में मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कार्यसमिति का मतलब वैसा ही है जैसे एक परिवार की बातचीत इसमें परिवार का हर सदस्य अपनी बात रख सकता है। निदेशक विकास निगम शफाअत हुसैन साहब ने कहा कि हमें डोर टू डोर जाना है हर व्यक्ति से मिलना है हर व्यक्ति का वोट है या नहीं यह जानकर उसकी मदद करनी है उसे वोट देने के लिए वोट का महत्व समझाना है और उसे मतदान के दिन बूथ तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है।

सकरन में पकड़ी गई नकली शराब की खेप

# पुलिस ने छापेमारी में पकड़ा नकली शराब कारोबार

● पुलिस ने तीन को दबोचा, दो अन्य भागने में रहे सफल

संवाददाता। सीतापुर



**पुलिस और** आबकारी विभाग को संयुक्त छापेमारी में बड़ी कामयाबी मिली है। नकली शराब कारोबार की सूचना पर एक मकान पर मारे गए छापे में टीम ने भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब, रैपर तथा खाली बोतल, स्प्रिंट, यूरिया, एथनाल समेत अन्य सामग्री बरामद की है। साथ ही टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य लोग भागने में सफल हुए। इस मामले में पुलिस ने कस्बे की अंग्रेजी शराब की दुकान को सील कर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने की कार्रवाई की है। मामला सकरन कोतवाली इलाके का है। क्षेत्र के उमरा कलां गांव में पैट्रोल पम्प के सामने दिनेश गुप्ता के मकान में पुलिस और आबकारी विभाग को नकली शराब कारोबार किए जाने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस व आबकारी बिभाग की संयुक्त टीम ने मकान पर छापा मारा। छापे में भारी मात्रा में नकली अंग्रजी शराब बरामद की है। पुलिस टीम के मुताबिक छापेमारी में नकली अंग्रेजी शराब मैगडावल 86 क्वाटर, एम्पीरियल 129 क्वाटर, रम 50 क्वाटर, मैगडावल 61 हाफ, रम 11 क्वाटर, एम्पीरियाल 2 हाफ बोतल, 1 पेप्सी 1.500 ग्राम, एल्कोहल कलर चेंज करने वाली एक प्लास्टिक की बोतल, करनोल, बार कोड 681, दो पिपिया स्प्रिट 40 लीटर, नई ढक्कन 780 मैगडावल, आरएस की 199 ढक्कन, एम्पीरियल की 250 ढक्कन, आधी बोरी पुरानी ढक्कन, नौशादर व यूरिया आदि नकली शराब बनाने के केमिकल बरामद किए। साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है, इनमें राम नरेश निवासी दुगाना थाना सकरन, अनिल जायसवाल व सुभानी निवासी गण सेमरा थाना रामपुरकलां शामिल है। जबकि दो अभियुक्त फरार है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। मामले में पुलिस ने कस्बे की अंग्रेजी शराब की दुकान को सील कर पांच लोगों के विरूद्ध केस दर्ज किया है। छापेमारी टीम में सीओ बिसवां अभिषेक प्रताप, एसओ सकरन पुष्पराज कुशवाहा, एसआई अवनीश कुमार आरक्षी मेघनाथ,राहुल,रानू चौधरी के अलावा आबकारी टीम शामिल रही। दबोचे गए नकली शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस द्वारा गैंगेस्टर के साथ ही अपराध के जरिए अर्जित की गई संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। नकली अंग्रेजी शराब का भंडाफोड करने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित ने मामले की जानकारी दी।

# पार्टी की दिलाई सदस्यता



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला नगर में 28 नवंबर को कैंप लगाकर सदस्यता संपन्न करायी गयी। कैंप में भाजपा मंडल गोला नगर की टीम ने हिस्सा लिया जिसमें मंडल पदाधिकारियों ने लगभग 400 संख्या पहुंचाई। अब तक गोला नगर से ही 3000 से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया जा चुका है। पिछले माह 29 अक्टूबर से सदस्यता अभियान की शुरुआत देश के गृहमंत्री अमित शाह ने लखनऊ में करायी थी। इसके बाद पूरे प्रदेश में सदस्यता का अभियान पार्टी द्वारा जोरों से कराया जा रहा है। इसमें नये सदस्यों को भी जोड़ने का प्रयास हो रहा है। भाजपा के जनपद के वरिष्ठ नेता राजा राजेश्वर सिंह विगत दिनों जनसंपर्क करके लोगों को सदस्यता हेतु प्रेरित कर रहें हैं। इसी कड़ी में गोला नगर पहुँचे तथा पूरी मंडल टीम के साथ सदस्यता कैंप लगाकर संपन्न कराई। इस कैंप में गोला भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघन मिश्र, धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, सुधीर अवस्थी नगर महामंत्री, राजेश राठौर नगर महामंत्री, राजन साहनी नगर उपाध्यक्ष, सुनील शर्मा नगर संयोजक, राजीव वर्मा सह नगर संयोजक, धीरज बाजपेई सहनगर संयोजक व मंडल महीला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद थीं।

# बजाज चीनी मिल के तीन अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

● बकाया गन्ना भुगतान न किये जाने पर हुई कार्रवाई

**बकाया गन्ना** भुगतान न किये जाने पर जिला प्रशासन ने बजाज हिन्दुस्थान लिमिटेड पलिया के अध्याशी सहित तीन अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी है।

गौरतलब रहे कि बजाज चीनी मिल पलिया द्वारा गन्ना किसानों का पिछले सत्र का करोड़ों रूपय का गन्ना मूल्य भुगतान न किए जाने पर जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने चीनी मिल प्रबंधन के विरुद्ध कड़ा कदम उठाते हुए मिल अध्याशी, वित्त प्रबंधक व गन्ना महाप्रबंधक के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी है। बता दें कि बजाज चीनी मिल पलिया ने पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 में किसानों का लगभग 387 करोड़ रुपए का गन्ना खरीदा था। इसमें चीनी मिल ने अभी तक लगभग 120 करोड़ रूपये का ही भुगतान किया है। अभी भी पिछले वर्ष का लगभग 275 करोड़ रूपया चीनी मिल पर बकाया है इसको लेकर जिलाधिकारी द्वारा कई बार भुगतान करने के चीनी मिल प्रबंधन को कड़े निर्देश जारी किए गए। बजाज मिल प्रबंधन द्वारा अभी तक बकाया गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया गया। जिससे परेशान किसानों ने पलिया सहकारी गन्ना विकास समिति ताला डालकर, बजाज चीनी मिल परिसर में धरना शुरू कर दिया हैं। बकाया भुगतान दिए जाने तक चीनी मिल को गन्ना देने से भी मना कर दिया है। इसका संज्ञान लेकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कड़ा कदम उठाते हुए बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड चीनी मिल प्रबंधन के विरुद्ध पित दर्ज कराने के निर्देश जिला गन्ना अधिकारी बृजेश पटेल को दिए। इसके क्रम में सहकारी गन्ना विकास समिति पलिया के विशेष सचिव राजेश कुमार सिंह द्वारा कोतवाली पलिया में बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड चीनी मिल के अध्यासी प्रदीप सालार, वित्त प्रबंधक मनोज कुमार मिश्रा व महाप्रबंधक गन्ना सुनील कुमार ढींगरा के विरुद्ध आईपीसी की धारा 406, 420 व 120बी तथा आवश्यक वस्तु निगम की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एफआईआर दर्ज हो जाने के बाद बजाज चीनी मिल के प्रबंध तंत्र में हड़कंप मच गया है।

## डायट में की व्यवस्थाओं की पड़ताल

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश गुप्ता से संस्थान में संचालित कक्षाओं की जानकारी ली। डीएम के पूछने पर प्राचार्य ने बताया कि वर्तमान में वर्ष 2021 डीएलएड प्रथम सेमेस्टर संचालित है, जिसमें 200 बच्चे नामांकित हैं। जिसमें आज 172 प्रशिक्षु उपस्थित हैं। डीएम ने डीएलएड प्रथम वर्ष की कक्षा में पहुंचकर पठन-पाठन की पड़ताल की। इस दौरान प्रवक्ता श्रवण कुमार व अनिल कुमार पठन-पाठन कराते मिले। डीएम ने डाइट के विभिन्न पटलों सहित कार्यालय परिसर का गहनता से निरीक्षण किया और उपस्थित पंजिका देखी। उन्होंने सभी डायट प्रवक्ताओं से उनके कार्य दायित्वों की जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पुराने रिकॉर्ड को नियमानुसार निष्प्रयोज्य घोषित करने की कार्यवाही के लिए डायट प्राचार्य को निर्देशित किया है। डीएम ने प्रशासनिक ब्लॉक की खूबसूरती देखकर जहां एक और प्रशंसा की वहीं दूसरी ओर कक्षा कक्ष को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# धान खरीद की जमीनी हकीकत जानने मंडी पहुंचे डीएम

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में स्थापित धान क्रय केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर खरीद की पड़ताल की। डीएम करीब 12:30 बजे राजापुर मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने क्रय केंद्रों पर जाकर धान खरीद की वस्तुस्थिति जानी। डीएम ने मंडी में स्थापित अन्य केंद्रों का पैदल भ्रमण कर प्रभारियों से अब तक कितने किसानों से कितनी मात्रा में धान की खरीदा गया, की जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने क्रय केंद्र पर क्रय रजिस्टर, स्टॉक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, शिकायत पंजिका, अस्वीकृत धान की विवरण पंजिका सहित अन्य अनुरक्षित पंजिकाओ भी देखी। निर्देश दिए कि प्रत्येक क्रय केंद्र प्रभारी खरीदे धान को आवंटित मिल पर तत्परता से भिजवाए, जिससे क्रय केंद्र के गोदाम खाली रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी केंद्र प्रभारी सुनिश्चित करें कि केंद्रों के बाहर धान कदापि ना रखें, खरीदे गए धान भीगने पर संबंधित केंद्र प्रभारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। डीएम ने सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसी भी किसान को मानक युक्त धान बेचने में कोई असुविधा ना हो, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। शासन की मंशानुरूप प्रशासन आपका मानक युक्त धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए कटिबद्ध है। किसान अपने मनचाहे क्रय केंद्र पर धान बेचें। डीएम ने मंडी समिति की नीलामी प्रक्रिया देखी। डीएम के सम्मुख मंडी सचिव की निगरानी में नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। धान व्यवसायियों ने मानक विहीन धान की अधिकतम बोली 1800 लगाई। वही बासमती धान की बोली 2000 लगाई। बोली लगने के दौरान डीएम ने मौजूद किसानों से कहा कि धान के वाजिब मूल्य मिलने पर ही सहमति दें। असहमत होने पर उनके धान की बिक्री नहीं होगी।

# प्रधानमंत्री के साथ हैं देश के किसान:मुकुट बिहारी

भाजपा किसान मोर्चा ने की ट्रैक्टर रैली

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**भारतीय जनता** पार्टी किसान मोर्चा ने जीआईसी ग्राउंड में विशाल ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव भूषण सिंह व जिलाध्यक्ष सुनील सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यालय प्रभारी आचार्य कुस मुनि, प्रदेश मीडिया प्रभारी अतुल सिंह व क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग दीक्षित मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव ने किया। कार्यक्रम संयोजक के रूप में विनोद शुक्ला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के अध्यक्ष अंकित अवस्थी ने किया। किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की पहली ऐसी पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों के हित में काम करने के लिए सहकारिता विभाग का गठन किया। किसानों के बजट को डेढ़ गुना करने का कार्य किया। किसान क्रेडिट कार्ड किसान फसल बीमा योजना किसान सम्मान निधि व किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजना का आरंभ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के किसानों की आय को दोगुनी करने के लिए संकल्प बूथ है। उसका निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की प्रचंड सरकार बनेगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सदर विधायक योगेश वर्मा का धन्यवाद दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव भूषण सिंह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि साढ़े 4 वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों कार्य किए गए हैं। जिसमें उज्जवला योजना जन धन योजना हर घर तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आदि अनेकों कल्याणकारी योजनाएं भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था बिजली व्यवस्था भ्रष्टाचार पर पूरी तरीके से रोक लगी है। आज माफियाओं की जगह जेल में है। भ्रष्टाचारियों की जगह जेल में हैं। प्रदेश में 24 घंटे बिजली की पूर्ति की जा रही है। जिले की आठों विधानसभा पर का परचम लहराएगा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रभारी व जिला मीडिया प्रभारी रामजी दीक्षित ने बताया कि रैली में आए हुए किसान अत्यंत उत्साहित दिखे। किसानों ने एक स्वर में कहा किसानों के हित में निरंतर किसानों की चिंता करने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देश का किसान है और हमेशा रहेगा। कार्यक्रम का समापन सदर विधायक योगेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक योगेश वर्मा, विधायक मंजू त्यागी, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, पुष्पा सिंह, उमाशंकर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, अनिल यादव, अनूप शुक्ला, डा. इरा श्रीवास्तव, विनोद शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, दिलीप शुक्ला, रंजीत सिंह, मोनू पाल, रामनरेश लोधी, अजय अवस्थी, रितेश सिंह, विपिन कटियार किसान मोर्चा प्रभारी व मीडिया प्रभारी रामजी दीक्षित व समस्त किसान व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक



**मोहम्मदी-खीरी।** उपजिलाधिकारी कार्यालय में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने की। बैठक में भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी ने प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि आज मतदाता पुनरीक्षण का अंतिम दिवस है। पूरे विधानसभा में जिस बूथ पर कोई मतदाता बनने से रह गया हो तो आज शाम तक फार्म बीआरसी पर जरूर दे दे। कोई भी दिक्कत किसी बूथ पर हो तो मुझे जरूर अवगत कराएं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर इस बार बड़ी संख्या में नए मतदाता के फार्म आऐ हैं। जिसकी फीडिंग हो रही है। जिसमें विद्यालयों के प्रधानाचार्यो का महत्वपूर्ण सहयोग मिला है। उन्होंने कहा 20 दिसंबर तक फीडिंग का काम चलेगा तथा उसके बाद मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा और उपजिलाधिकारी ने बताया कि इस बार लगभग 60 प्रतिशत महिलाएं मतदाता बढ़ी हैं। कोई भी बूथ शून्य की श्रेणी में नहीं है। पूरे विधानसभा में 31 बूथ बढ़े हैं। बैठक में सपा जिला सचिव दिलीप यादव, भाजपा नगर उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश शुक्ला, कांग्रेस नगर अध्यक्ष बलराम वरुण, बसपा विधानसभा अध्यक्ष शिवराम गौतम सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय राजापुर का औचक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने करीब एक बजे प्राथमिक विद्यालय (इंग्लिश मीडियम) राजापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में भोजनावकाश चल रहा था, बच्चे भोजन कर रहे थे। डीएम ने स्वयं मिड डे मिल रोस्टर के तहत बनाए गए (चावल, चने-उरद की मिश्रित दाल) भोजन की गुणवत्ता देखी। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए उन्हें दुलारा और नियमित भोजन मिलने की पुष्टि की। डीएम के पूछने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक अंजू राना ने बताया कि प्रधानाध्यापक रितु अवस्थी चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) पर है।

विद्यालय में 366 बच्चे नामांकित हैं, आज 195 बच्चे उपस्थित हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थित पंजिका समेत अन्य अभिलेखों को भी देखे। निरीक्षण में इंचार्ज प्रधानाध्यापक अंजू राना, शिक्षक जूली गौतम, सविता दीक्षित व शिवानी श्रीवास्तव मौजूद मिली।

# महिला और दलित विरोधी है भाजपा : अनुज यादव



हाथरस की बेटी को श्रद्धांजलि देते सपाई

संवाददाता। चित्रकूट

**सपा जिलाध्यक्ष** अनुज सिंह यादव की अगुवाई में हर माह की तीस तारीख की भांति सैकडों सपाइयों ने मुख्यालय स्थित तुलसी पार्क पहुंचकर हाथरस की बेटी के स्मृति दिवस पर दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी। कहा कि भाजपा महिला और दलित विरोधी है। भाजपा का चिंतन दलित महिलाओं और पिछडों के प्रति कुंठाग्रस्त है। मंगलवार को हाथरस की बेटी को श्रद्धांजलि देते हुए सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि भाजपा बाबा साहब के संविधान को जलाती है। उसे बदलने का प्रयास करती है। इस पवित्र ग्रंथ में सभी दलित, पिछडे, शोषित समाज और महिलाओं के हितों की सुरक्षा के नियम दिये गये हैं। समाजवादी लोग सपा मुखिया अखिलेश यादव की अपील पर हर माह की तीस तारीख को हाथरस की बेटी का स्मृति दिवस मनायेंगे। उन्होंने कहा कि सूबे की भाजपा सरकार ने तीस सितम्बर 2020 को जिस अभद्र ढंग से बलात्कार पीड़िता के शव को जलाने का कुकृत्य किया है, उसकी याद महिला दलित और शोषित समाज तक पहुंचायेंगे। भाजपा का दलित व महिला विरोधी चेहरा बेनकाब करेंगे। जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि समाजवादी लोग कोई भी कुर्बानी देकर बाबा साहब के संविधान को बचायेंगे। क्योंकि संविधान सभी लोगों को सुरक्षित रखने का अधिकार देता है। इस मौके पर रामचन्द्र वर्मा, तीरथ वर्मा, राजकिशोर विश्वकर्मा, गौतम वर्मा, नरेन्द्र यादव, कृष्णा पटेल, हिमांशु गुप्ता, सूरज सिंह पटेल, पप्पू जायसवाल, अनुज निगम, अफ्जल अली, लतीफ सौदागर, राधे यादव, ऋतुराज वर्मा, जहूर हसन आदि मौजूद रहे।

## भाजपा दोहरे चरित्र का मायावी संगठन

संवाददाता। चित्रकूट

**सपा मुखिया** अखिलेश यादव की विकास परक नीतियों व समाजवादी विचारधारा से प्रभावित विभिन्न दलों के एक दर्जन पदाधिकारियों ने सपा जिला कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव के समक्ष सपा की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा दोहरे चरित्र का मायावी संगठन है। जिसे संविधान और लोकतंत्र पर जरा भी भरोसा नहीं है। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने एक दर्जन से ज्यादा युवाओं का माल्यार्पण कर सपा की सदस्यता ग्रहण कराकर कहा कि किसान, नौजवान और मजदूर सभी योगी सरकार से निराश व दुखी हैं। विकास, भ्रष्टाचार व कानून व्यवस्था के मामले में योगी सरकार फेल है। भाजपा शासन में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। सपा मुखिया अखिलेश यादव की लोकप्रियता लगातार बढ रहीहै। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनने के बाद शहीद किसानों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये देकर सम्मानित किया जायेगा। हर परिवार को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देकर नौजवानों को रोजगार देकर महंगाई पर काबू कर प्रदेश का चहुंमुखी विकास करना सपा की प्राथमिकता होगी। हिन्दू युवा वाहिनी के महामंत्री अपने एक दर्जन साथियों के साथ भाजपा छोड़कर सपा की सदस्यता ग्रहण की। कहा कि भाजपा दोहरे चरित्र का मायावी संगठन है। जिसे संविधान और लोकतंत्र पर जरा सा भी भरोसा नहीं है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में विद्यासागर यादव, काशीनरेश सिंह, श्रीधर विश्वकर्मा, ठा शिवम सिंह, ठा विकास सिंह, ठा पारस सिंह, ठा अंकित सिंह व रितेश पाण्डेय समेत तमाम लोग शामिल रहे।

## टीयूसीसी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** टीयूसीसी के प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ असंगठित मजदूरों और उपकर से संबंधित ज्ञापन श्रम प्रवर्तन अधिकारी को सौंपा और मांगों को पूरा करने की बात कही।मंगलवार को टीयूसीसी प्रदेश अध्यक्ष हंसराज अकेला ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम का पूर्ण रुप से पालन नहीं हो रहा है। जिससे उपकर जमा होने में कमी आ रहीं है। उन्होंने कहा कि सभी ऐसे निर्माणाधीन भवन, होटल, बारात घर, व्यवसायिक खण्ड जो सेस के दायरे में आ रहे हैं। उन्हे चिन्हित कर कुल लागत से एक प्रतिशत, उपकर जमा कराने के लिए विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। साथ ही असंगठित मजदूरों के ई-श्रम कार्ड बनने का कार्य कछुआ गति से हो रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा देश भर में सभी क्षेत्र के मजदूरों के कार्ड जन सेवा केन्द्र पर मुफ्त में बनेगे।

## क्विक न्यूज

### चार दरोगाओं के सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई

**चित्रकूट।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले दरोगा श्यामधर मिश्र, संतराम मौर्य, चन्द्रशेखर एवं बिन्देश्वरी प्रसाद को पुलिस लाइन सभागार में सीओ मऊ सुबोध गौतम ने मुंह मीठा करवाकर शाल व श्रीफल देकर भावभीनी विदाई दी। मंगलवार को सेवानिवृत्त दरोगाओं को सीओ मऊ सुबोध गौतम व प्रतिसार निरीक्षण सुमेर सिंह ने शाल व माला पहनाकर सम्मानित कर स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त दरोगाओं का मुंह मीठा करवाकर कहा कि सभी लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पुलिस की सेवा से आज निवृत हो रहे हैं, लेकिन एक नागरिक के नाते पुलिस कार्य की जिम्मेदारी जीवन भर निभानी पडती है। उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा कि स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए लगातार व्यायाम करते रहें, ताकि लम्बी उम्र सभी लोगों की बनी रहे।

### 148 गौशालाओं को मिली दो करोड़ की धनराशि



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि जिले में संचालित स्थायी व अस्थायी गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण को जिले के पांचों विकासखण्डों की 148 गौशालाओं के लिए एक करोड 61 लाख 85 हजार छह सौ रुपये दिये गये हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड पहाडी में 14 गांवों में, रामनगर में 36, कर्वी में 23, मानिकपुर में 46, मऊ में 29 गांवों में गौवंशों के भरण-पोषण को धनराशि दी गई है। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवंटित धनराशि का उपयोग एक माह के लिए प्राप्त धनराशि को शासनादेश के अनुसार गौशालाओं में खर्च करें। उन्होंने कहा कि गौवंशों के भरण-पोषण में व्यय कर उपयोगिता प्रमाण पत्र, ऋय सामग्री के बिल बाउचर, दैनिक मौजूद पशुओं की संख्या, फोटोग्राफसमेत उपलब्ध करायें। समायोजन न मिलने की दशा में अग्रिम धनराशि देना सम्भव नहीं होगा। इसके लिए बीडीओ खुद जिम्मेदार होंगे।

### नर मुंड का खुलासा

**बांदा।** जनपद में 9 माह पूर्व खेत मे मिले मिले नर मुंड का आज पुलिस अधीक्षक बाँदा ने सनसनीखेज खुलासा किया। उल्लेखनीय है कि26फरवरी2021को गुमसुदगी की रिपोर्ट देहात कोतवाली में दर्ज करायी गई थी दिनांक 7/3/2021 को खेत मे मिले नरमुण्ड का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तो को किया गिरफ्तार गया। अपर पुलिसअधीक्षक बाँदा ने बताया कि देहत कोतवाली के अंतर्गत ग्राम जमालपुर निवासी रामभजन कुशवाहा पुत्र गया प्रसाद 24 फरवरी 2021 से लापता है रिश्तेदारियों में खोजखबर करने के बाद दिनाक7,3, 2021 को गांव के बाहर बुध सिंह के खेत के पास सड़क के किनर एक नरमुण्ड प्रप्त हुआ जिसका डी एन ए टेस्ट कराया गया जिसमें डी एन ए गया प्रसाद का निकला जिसके केस में 26ए10,2021 को मुकदमा अपराध संख्या198/21धारा302/201भा दण्ड अज्ञात के नाम दर्ज किया गया विवेचना में प्रकाश में आया अभियुक्त राजेश यादव;35द्धएशिवाकांत;20द्धनिवासी जमालपुर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई इन्होंने बताया कि 24फरवरी2022को रात्रि8बजकर30मिनट में उपरोक्त म्रतक को मोटरसाइकिल में बिठाकर निर्माणाधीन बुंदेलखंड एक्प्रेस वे पार केन नदी की ओर ले गए वहाँ पर म्रतक के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया और कुल्हाड़ी से गर्दन काट ली शेष शरीर को बांधकर केन नदी में फेंक दिया और सर को टी शर्ट में लिपेटकर खेत पर लेकर गाड दिया तथा टी शर्ट को जला दिया। पुलिस द्वरा घटना का कारण पुछे जाने पर अभ्युक्त ने बताया कि गया प्रसाद व उसके भाई स्वमिडीन ने अभ्युक्त के ताऊ की हत्या 1985 में की थी जिसमे स्वामीदीन व गया प्रसाद कोर्ट दोषमुक्त हो गये थे। अक्सर गया प्रसाद शराब पीकर दोनो भाइयो को ताना मरता था इस कारण अभ्युक्तो ने अपने ताऊ के कत्ल का बदला ले लिया।

### अराजकतत्वों की सूचना देकर पुलिस का सहयोग करें: राजकुमार सिंह

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी कोतवाल ने पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र के ग्राम मझपुरवा में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ बीट चलो अभियान के तहत बैठक ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पुलिस प्रशासन का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। मंगलवार को एसपी के आदेशानुसार प्रभारी कोतवाल राज कुमार सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मझपुर्वा सुरेश चन्द्र व मय बीट आरक्षीगणों के साथ ग्राम मझपुर्वा के पंचायत घर में बीट चलो अभियान के तहत बैठक हुई। जिसमें रजिस्टर नंबर आठ की चेकिंग, दुराचारी अपराधियों की चेकिंग, लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन किया गया। इसके उपरांत प्रभारी कोतवाल राजकुमार सिंह ने उपस्थित गांव वासियों के साथ मीटिंग की।

# हाथरस की बेटी के साथ किये गये कृत्य को याद रखेगा प्रदेश: कोची यादव


**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सपा छात्र सभा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ विगत वर्ष पूर्व हाथरस की बेटी के साथ हुए जघन्य अपराध एवं शासन द्वारा बलात्कार पीड़िता के शव को जलाने के कृत की याद में कैंडल जलाकर नम आंखों से स्मृति दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हाथरस की बेटी की मौत को प्रदेश याद रखेगा।



मंगलवार को पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार सपा छात्र सभा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कोची यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ हाथरस की बेटी को श्रद्धांजलि देने के उपरांत सत्ताधारियों को याद दिलाया कि हाथरस की बेटी को भाजपा सरकार द्वारा विगत 30 सितंबर 2020 को अवैधानिक ढंग से बलात्कार पीड़िता के शव को जलाने का कृत्य किया गया था। कहां कि भाजपा दलित और महिला विरोधी पार्टी है। मौजूदा समय में उत्पीड़न चरम सीमा पर हो रहा है। इसका जवाब प्रदेश की जनता आगामी चुनाव में देगी। इस दौरान एडवोकेट सूरज सिंह, युवा सपा नेता नन्हे खान, साहिल, राजू, मुकेश कुमार, दिनेश चौधरी, राहुल पांडे व छात्र सभा के पूर्व जिला महासचिव श्याम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# सचिवालय मनीपुर विकासखंड महुआ तहसील नरैनी का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। बांदा



**आयुक्त चित्रकूटधाम** मंडल बांदा दिनेश कुमार सिंह ने अटल सरोवर पार्क बांदा, पंचायत भवन बड़ोखर बुजुर्ग ब्लॉक महुआ एवं ग्राम पंचायत सचिवालय मनीपुर विकासखंड महुआ तहसील नरैनी का किया औचक निरीक्षण।

आयुक्त ने अटल सरोवर पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और पार्क में जहां भी खाली जगह पड़ी थी वहां मिट्टी भराकर समतल करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने पूछा कि जो घास यहां लगाई गई उसकी क्या स्थिति है तो बताया गया घास लग गई है और ज? पक? रही है। उन्होंने कहा कि दो से ढाई मीटर के रैंम्प बनाया जाए जिससे रोड में च?ने और उतरने में सरलता हो सके और अटल सरोवर पार्क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए।आयुक्त ने पंचायत भवन बड़ोखर बुजुर्ग ब्लॉक महुआ तहसील नरैनी का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन में ताला बंद था और वहां पर कोई भी उपस्थित नहीं था श्री सिंह ने सभी कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात श्री सिंह ने ग्राम पंचायत मनीपुर में ग्राम पंचायत सचिवालय का औचक निरीक्षण किया जिसमें ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्राम पंचायत अधिकारी श्री सत्य प्रकाश सिंह के बैठने का दिन था जो वहां उपस्थित नहीं पाए गए। ग्राम पंचायत सचिवालय में सफाई कर्मचारी रामकली उपस्थित थी। वहां उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया लेखपाल कई महीने से नहीं आए हैं और ना ही सचिवालय में बैठते है और बताया गया कि ग्राम प्रधान मीरा वर्मा भी सचिवालय में नहीं आती हैं। आयुक्त श्री सिहं लेखपाल को तत्काल निलंबित करने के आदेश दिए और ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को नोटिस देने के साथ-साथ बीट सिपाही को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पंचायत सचिवालय के बाहर दीवारों पर पान थूंका पाया गया और नाली साफ नहीं पाई गई जिस पर आयुक्त ने सफाई कर्मचारी रामकली का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। आंगनवा?ी केंद्र खुला पाया गया आशा व एनम मौके पर कार्य करती पायी गयीं। आयुक्त के पूछे जाने पर ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि केंद्र में टीका लगाने का कार्य किया जा रहा है और घर घर जाकर भी टीका लगाया जा रहा है।उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामवासियों से पूछा कि कोटेदार द्वारा खाद्यान सही समय पर और ठीकढंग से वितरण किया जा रहा या नहीं तो ग्रामवासियों के द्वारा अवगत कराया गया कि कोटेदार ठीक हैं समय से राशन दिया जा रहा है।आयुक्त महोदय ने वहां उपस्थित ग्राम वासियों से पूछा कि बी0एल0ओ0 बैठते हैं कि नहीं तो बताया गया बैठते हैं और उनके द्वारा मतदाता सूची में नाम जो?ने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने ग्रामवासियों से कहा कि गांव के जो भी बच्चे 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जु?वा लें तथा मतदाता सूची बनाने में आप लोग अपना सहयोग प्रदान करें।

# देश को नई दिशा देगी राम की तपोभूमि

## हिन्दू एकता महाकुम्भ में राम मंदिर समेत राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़े 12 मुद्दों पर संघ प्रमुख मोहन भागवत समेत पांच लाख हिन्दू करेंगे मंथन

संवाददाता। चित्रकूट

**विश्व प्रसिद्ध** पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में 15 दिसम्बर को ऐतिहासिक हिन्दू एकता महाकुंभ का आयोजन होगा। पदम विभूषण से सम्मानित श्रीतुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस विराट कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत, नाथ संप्रदाय के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत देश भर से एकत्रित होने वाले करीब पांच लाख साधू-संत महाकुंभ के लिए तय किये राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक 12 बिंदुओं पर मंथन कर भारत करोडो हिंदुओं को एकजुट कर अखंड राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लेगें।




आदि तीर्थ चित्रकूट में भगवान श्रीराम ने वनवास काल का सर्वाधिक साढे 11 वर्षो का समय व्यातीत किया था। त्याग और संकल्प की भूमि चित्रकूट में आगामी 15 दिसम्बर को विराट हिन्दू एकता महाकुंभ का आयोजन होगा। जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए संयोजक श्रीतुलसीपीठ चित्रकूट के युवराज आचार्य रामचंद्र दास महाराज आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ युद्ध स्तर पर जुटे हुए है। युवराज आचार्य रामचंद्र दास बताते है कि इस विराट कार्यक्रम का उददेश्य हिंदू एकता पर चिंतन करना है। इसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत मुख्य अतिथि होंगे। बताया कि इस महाकुंभ में 5 लाख साधू-संतों समेत पूरे देश के हिंदू शामिल होंगे। उन्होने बताया इस महाकुंभ के लिए तय किये गये राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक श्री राम मंदिर,हिन्दुओ के मठ मंदिरों पर शासकीय नियंत्रण के दुष्परिणाम एवं समाधान ,धर्मांतरण- एक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र ,जनसंख्या नियंत्रण क़ानून की आवश्यकता,राष्ट्रवाद एवं समान नागरिक संहिता,लव जिहाद- युवा पीढ़ी का भटकाव एवं समाधान,भारतीय दर्शन आधारित शिक्षा की आवश्यकता,व्यसन मुक्ति,गौरक्षा,सामाजिक समरसता,परिवार प्रबोधन एवं मातृशक्ति वंदना ,प्रचार के विभिन्न माध्यमों द्वारा हिन्दू धर्म की अवहेलना एवं दुष्प्रचार तथा पर्यावरण उन्मुखी संस्कृति का पुर्नउत्थान आदि 12 मुददे तय किये गये है।

इस महाकुंभ में हर क्षेत्र से जुड़े बड़े चेहरों को भी आमंत्रित किया गया है। बताया कि इस कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्यमंत्री नहीं बल्कि नाथ संप्रदाय के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल होगें। इसके अलावा अन्तर्राष्ट्रीय संत श्री श्री रवि शंकर, श्री चिदानंद मुनि, श्री रामानुजाचार्य, कैलाशानंद गिरी जी महाराज जैसी बड़ी हस्तियां सम्मिलित होकर राष्ट्र के हिन्दुओ को एकजुटता का सन्देश देंगे। आचार्य रामचंद्र दास का कहना है कि महाकुंभ में बॉलीवुड कलाकारों को बुलाने का मकसद फिल्मों के जरिए परोसे जा रहे हिंदू धर्म के गलत कंटेंट पर अंकुश लगाना है। इसके अलावा लोक गायिका मालिनी अवस्थी, राष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास, सिने स्टार आशुतोष राणा, मनोज मुंतशिर और मनोज तिवारी कार्यक्रम को भव्यता देगें।

## पुलिस नें अवैध राइफल सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर एक युवक को अवैध राइफल एवं कारतूस सहित हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

मंगलवार को हमराह सिपाहियों के साथ अपराध नियंत्रण हेतु गश्त कर रहे कस्बा चौकी प्रभारी मनोज पांडेय ने आरक्षी निशांत, आदित्य राठी के साथ मुखबिर की सूचना पर नगर के पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग इंदुईयागंज मार्ग पर घेराबंदी कर 315 बोर की अवैध राइफल व एक कारतूस के साथ हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम सियाराम निवासी ग्राम मैकूपुरवा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

# चुनाव की अंतिम तैयारियों में जी-जान से जुटे कार्यकर्ता: अजीत सिंह छाबड़ा



संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**नगर के** इस्माईलपुर में मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष बुंदेलखंड अजीत सिंह छाबड़ा का पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर 2022 चुनाव में कमल पर मोहर लगाओ। भाजपा सरकार बनाओं। हम सब मुस्लिम समाज के साथ साथ सभी जातियों के लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। 2022 चुनाव में अल्पसंख्यक अभियान के तहत हम सभी लोग बता रहे हैं। कि भाजपा सरकार में पांच साल के कार्यकाल में कोई भी दंगा नहीं हुआ है और बिना किसी भेदभाव से सभी को सम्मान मिला है। आगे उन्होंने कहा कि सबसे उत्तम सरकार देश में है, तो भाजपा सरकार। देश में जब कोरोना वायरस आया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक करोड़ लोगों को टीका कराकर कोरोना का खात्मा कर दिया। आगामी चुनाव में बसपा और सपा का सफाया हो रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक अफ्जालुर्रहमान हैकल, आयोजक मकबूल खान, डॉक्टर अरशद मंसूरी, कमरुद्दीन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बीएसए की गैरहाजिरी पर सीडीओ ने किया जवाब-तलब

संवाददाता। चित्रकूट

**मुख्य विकास** अधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में राज्य पोषण मिशन के कार्यों के क्रियान्वयन निगरानी एवं अनुश्रवण की बाबत डिस्ट्रिक्ट कनर्वजेन्स प्लान कमेटी की बैठक में सीडीओ ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि एचआरपी महिलाओं तथा ढाई किलो से कम वनज के जो बच्चे हैं, उन केन्द्रों के आंगनबाडी, एएनएम व आशाओं की बैठक करें। मंगलवार को कलेक्टेउ्ट सभागार में सीडीओ अमित आसेरी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को सूखा राशन बांटा जाये। गर्भवती महिलाओं को चना, दाल व तेल समय से दिलायें। सभी केन्द्रों पर पोषण वाटिका तैयार करायें। फोटाग्राफ कराकर भेजे जायें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि पोषण पुर्नवास केन्द्र में लक्ष्य के अनुरुप बच्चे भर्ती नहीं कराये तो संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारियों से जवाब-तलब किया जाये। आंगनबाडी केन्द्रों का चिन्हांकन कर फोकस किया जाये। बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की गैरहाजिरी पर जवाब-तलब के निर्देश दिये। उन्होंने वजन अभियान में चिन्हित बच्चों का बेसिक इलाज की समीक्षा की। जिला अस्पताल में चिन्हित बच्चों की प्रगति एवं सम्भव अभियान के तहत पुरस्कार को नामांकन पर चर्चा की। पोषण अभियान के तहत जारी बजट की कार्य योजना उपलब्ध कराने की प्रगति पर चर्चा की। बैठक में डीसीएनआरएलएम सुदामा प्रसाद, डीएसओ बीके महान, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में हुआ यातायात माह नवंबर का समापन

संवाददाता। चित्रकूट

**श्रीजी इंटरनेशनल** स्कूल खोह में यातायात माह के समापन पर सूबे के लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की मौजूदगी में राज्यमंत्री ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने सराहनीय प्रस्तुतियां दी हैं। लोग यातायात नियमों का पालन करें। जान है तो जहान है। नशा तथा मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलायें।

मंगलवार को यातायात माह समापन पर राज्यमंत्री उपाध्याय ने कहा कि वाहन चलाते समय सीटबेल्ट व हेलमेट का प्रयोग कर हादसों से बचें। एक व्यक्ति की हादसे में मृत्यु होने पर पूरा परिवार तबाह होता है। स्मार्ट जिला होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के विकास पर ज्यादा फोकस किया है। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि नुक्कड नाटक के माध्यम से बच्चों ने सराहनीय कार्य किया है। यातायात के नियमों का पालन सभी लोगों को करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि जीवन सबसे महत्वपूर्ण है। जब हम सुरक्षित रहेंगे, तभी कोई काम कर सकते हैं। ज्यादातर हादसे यातायात नियमों का पालन न करने से होते हैं। अतिथियों को श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल, स्वप्निल अग्रवाल व अजय अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। जागरूकता गोष्ठी में यातायात प्रभारी योगेश यादव की टीम मौजूद रही। संचालन साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में एएसपी शैलेन्द्र कुमार राय, प्रशिक्षु सीओ हर्ष पाण्डेय, विद्यालय के चेयरमैन डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव स्वप्निल अग्रवाल, प्रधानाचार्य भारती शर्मा, पीटीओ वीरेन्द्र राजभर, पीटीओ डॉ संतोष त्रिपाठी, व्यापारी नेता ओम केशरवानी, पंकज अग्रवाल, गुलाबचन्द्र गुप्ता, महेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।




श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में यातायात माह के समापन पर मौजूद अतिथिगण

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस 12 को करेगी रैली: कुशल पटेल

संवाददाता। चित्रकूट

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष** कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में तीन बिन्दुओं पर हुई बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई। तीन दिसम्बर को कर्वी विधानसभा में प्रशिक्षण व चार दिसम्बर को मानिकपुर विधानसभा में प्रशिक्षण के बाद 12 दिसम्बर को महंगाई के खिलाफ दिल्ली में विशाल रैली में भारी सहभागिता को लेकर चर्चा हुई। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने दोनों विधानसभा में सदस्यता प्रभारी नियुक्त किये। मानिकपुर में सदस्यता प्रभारी यमुना शुक्ला व कर्वी विधानसभा में महेन्द्र सिंह को नियुक्त किया। जिला कमेटी व फ्रंटल संगठन तथा ब्लाक अध्यक्ष, न्याय पंचायत अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं दोनों विधानसभा में आवेदन करने वाले प्रत्याशियों से ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराने को कहा। पूरे जिले में नये सदस्यों को जोड़कर कांग्रेस संगठन को मजबूत कर 2022 में प्रियंका गांधी की अगुवाई में प्रदेश में सरकार बनाने का दावा किया।



जिला उपाध्यक्ष रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि सभी लोग मिलकर पूरे जिले में सदस्यता अभियान को लेकर गांव-गांव प्रियंका गांधी की प्रतिज्ञा की कापी जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को कांग्रेस से जोडने का काम करें। भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। महंगाई के खिलाफ 12 दिसम्बर को दिल्ली की विशाल रैली में जिले से भारी तादाद में कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। बैठक में अवधेश करवरिया, यमुना शुक्ला, विजयमणि त्रिपाठी, भगवानदीन समदरिया, महेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, मेंहदी हसन, जगजाहिर सिंह, विपिन पाण्डेय, नीलू गुप्ता, विनय, आदित्य मिश्रा, अनुज दुबे, अमित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# नये जिला चिकित्सालय को डीडीओ कोड मिलने से सरकारी दवा की आपूर्ति शुरू

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी



जिला अस्पताल में इलाज कराते हुए मरीज — पायनियर

**जिले** के नये जिला चिकित्सालय को डीडीओ कोड मिल गया हैए जिससे सरकारी दवा की आपूर्ति शुरू हो गई है। इसके पहले पौने दो साल से जिला चिकित्सालय उधार की दवा पर चल रहा था।अस्पताल के पास लंबे समय से मरीजों के लिए दवा नहीं थी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अपर सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि अमेठी जनपद में डाक्टरों के महत्वपूर्ण खाली पदों को भरने के लिए पत्र लिखा गया है। डीडीओ कोड मिलने के साथ ही डाक्टरों की तैनाती शुरू हो गई है। जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ बद्री प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि 191 प्रकार की दवा की आपूर्ति शुरू हो गई है। इसके बाद महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रुचिका सेठ की तैनाती हो गई है। अभी जनपद में सर्जन के सभी 18 पद खाली पड़े हैंए जिससे आपातकालीन सेवा के मरीजों को बाहर रेफर करना पड़ता है। दुर्घटना के मरीजों को तुरंत इलाज न मिलने से रास्ते में मौत हो जाती है। इसलिए सर्जरी विशेषज्ञों की तैनाती बहुत आवश्यक है। इसके लिए बार. बार निदेशालय को पत्र लिखा जाता है पर पत्र का कोई असर नहीं होता है।

## सड़क दुर्घटना में नीलगाय व कार की टक्कर से कार सवार पांच लोग घायल

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र की चौकी थुलेडी के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर उमरपुर गांव के निकट लखनऊ की ओर जा रही क्रेटा कार गाड़ी संख्या यूपी 33 बीएन 1718 नीलगाय के झुंड से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। वही मौके पर एक नीलगाय की मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायलों को घर भेज दिया है। कार सवार स्थानीय विकास क्षेत्र की नीम टीकर ग्राम सभा में तैनात लेखपाल जितेंद्र सिंह चौहान निवासी यशवंतपुर थाना महाराजगंज के पुत्र व बहू बताए जा रहे हैं, जो इलाज के लिए लखनऊ जा रहे थे। इस बाबत चौकी प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। कार में सवार सभी पांचों लोग इलाज के लिए लखनऊ जा रहे थे। किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आई हैं।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक



संवाददाता। श्रावसती, भिनगा

**अपर** जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र की अध्यक्षता में अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में जनपद में सक्रिय राजनीतिक दलों के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षोंए मंत्रियों के साथ विचार.विमर्श हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होने अवगत कराया कि जनपद में अवस्थित 289, भिनगा एवं 290, श्रावस्ती विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/ उप जिलाधिकारी भिनगा एवं इकौना के माध्यम से बूथों एवं केन्द्रों पर तैनात किये गये बूथ लेवल आफिसर एवं पदाभिहित अधिकारियों को पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6ए 6एए 7ए 8 एवं 8ए उपलब्ध करा दिया गया है। अभियान में युवा वर्ग के नागरिकों एवं महिलाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु विशेष बल दिया गया है। उन्होने यह भी बताया कि 30 नवम्बर 2021 को प्राप्त दावेध्आपत्तियों के निस्तारण हरहाल में 20 दिसम्बर तक कर दिया जायेगा। निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 5 जनवरीए 2022 को किया जाना है। इस बैठक में रमन सिंह महामंत्री भाजपाए राजकुमार ओझा जिला अध्यक्ष रालोदए दीनानाथ वर्मा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टीए जिला अध्यक्ष सपा सर्वजीत यादवए जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी मो0 असलम खानए जिला अध्यक्ष बसपा दिनेश कुमार गौतमए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलालए वरिष्ठ सहायक तुलसी रमण श्रीवास्तव एवं इम्तियाज अहमद स्थित मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बारात मे युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव सहजापुर निवासी सत्यप्रकाश 22वर्ष पुत्र पुष्पराज अपने गांव मे बरात आने पर कार्यक्रम मे सलीख हुए थे जहां पर डांस करते करते उनकी हालत बिगड़ने के बाद जैसे ही कुर्सी पर बैठे वो अचेत हो गए जिनको परिजनो के द्वारा आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार मे भर्ती करवाया गया जहां पर उनको चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया है।परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।पुलिस ने जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया है।

### रिटायर सिपाही की संदिग्ध हालत में मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव बांधाबैरी निवासी रिटायर सिपाही रामसजीवन यादव की हालत घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियो मे बिगड़ने के बाद मौत हो गई जिनके मौत पर तरह तरह कीचर्चा व्याप्त थी।जिसमे ग्रामीणो की माने तो मृतक रिटायर सिपाही अपने कुछ पुत्र को अलग कर रखा था और एक ही पुत्र के साथ रहते थे घटना को लेकर ग्रामीण भी संदिग्ध मौत होने की चर्चा करते रहे।

### मछली व खचुआ तस्करी का विरोध, चार नावें जब्त

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गोलागंगाघाट पर मछली व खचुआ की तस्करी गंगा से नाव द्वारा करने की सूचना स्थानीय पुजारियो ने 112नंबर पुलिस को दिया। जिसमे पुलिस के पहुंचने पर तस्कर अपनी अपनी नाव को छोड़कर फरार हो गए।जिसमे चार नाव मौके पर मिलने पर उनको पुलिस ने जप्त करते हुए स्थानीय पुजारियो के सुपुर्द कर दिया है।जिसमे तस्कर गंगा के पार के व कुछ गंगा तट से जुड़े गावो के बताए जा रहे है।पुलिस का कहना कि नाव के आधार पर जांच करके विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

### मार्ग दुर्घटना में चार लोग गंभीर घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मार्गदुर्घटना में घायल रेखा 62वर्ष व पति रमेश 66वर्ष निवासीगण कुसुमी थाना जगतपुर;नंद किशोर 38वर्ष पुत्र वासदेव झामकापुरवा थाना जगतपुर;महताब 30वर्ष पुत्र रज्जबअली निवासी कल्यानपुर कानपुर को भर्ती करवाया गया जिसमे सभी की हालत गंभीर होने पर सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### कोतवाली के दिवान की हालत बिगड़ी, भर्ती

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली में रामकुमार 52वर्ष दिवान के प्रभार पद पर तैनात है।जिनकी हालत एकाएक बिगड़ने के बाद उनको वहां के स्टाप के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती करवाया गया।चिकित्सक ने बताया कि दिवान का प्राथमिक उपचार करके रेफर कर दिया गया है।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को दी गई भावभीन विदाई

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल चौबे द्वारा उ0 नि0 विष्णु नारायण अवस्थीए उ0 नि0 इम्तियाज अहमद व मुख्य आरक्षी मोहम्मद यूनुस के सेवानिवृत्त होने पर उनके लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तत्पश्चात प्रतिसार निरीक्षकए प्रधान लिपिकए प्रभारी आंकिक शाखाए पेशकार पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगणों द्वारा से0नि0 पुलिस कर्मी का माल्यार्पण किया गया।

### जेतवन इंटर कॉलेज में बौद्ध भिक्षुप्रज्ञानंद की पुण्यतिथि मनायी गयी

**श्रावस्ती, कटरा।** श्रावस्ती स्थित जेतवन इंटर कॉलेज के प्रांगण में बौद्ध भिक्षु स्व प्रज्ञानंद की पुण्यतिथि का आयोजित की गई। कार्यक्रम में मौजूद बौद्ध भिक्षुओं ने बौद्ध गुरू के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लिया साथ ही परित्राण पाठ का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि पर उपस्थित श्रद्धा लोक महा थेरों ने कहा कि भिक्षु प्रज्ञा नंद जी आजीवन भगवान बुद्ध के विचारों के प्रसार मे लगे रहे। भरतीय संबिधान के निर्माता डाण् भीमराव अंबेडकर को दीक्षा प्रदान करने वाले भिक्षु प्रज्ञानंद का त्याग व सेवा वंदनीय है।

### हनुमान मन्दिर विवाद पहुंचा एसडीएम की चौखट पर

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के प्रसिद्ध धार्मिक पीठ हनुमान मन्दिर भी विवाद के घेरे में आ गया है।हनुमान गढी विकास समिति और गायत्री मन्दिर ट्रस्ट के बीच का विवाद सोमवार को एसडीएम की चौखट पर पहुंच गया,जहां एसडीएम ने दोनों पक्षों को 15 दिसम्बर को फिर से बुलाया है।मामले में गायत्री मन्दिर ट्रस्ट की ओर से उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई थी।उसी सिकायत के संदर्भ में दोनों पक्षों को एसडीएम विजय कुमार ने बुलाया था।जिसपर हनुमान गढ़ी विकाश समिति के अधिवक्ता अशोक शुक्ला ने शिकायत की कापी और तैयारी के लिये समय मांगा।जिसपर एसडीएम ने 15 तारीख को दोनों पक्षों को फिर से बुलाया है।विवाद गायत्री मन्दिर के बाहरी हिस्से में यज्ञशाला निर्माण को लेकर उत्पन्न हुआ है।

### कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मारपीट आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।मामला सर्राफ मंडी मोहल्ला का है। जहां के निवासी अशोक गुप्ता का आरोप है कि राहुल उर्फअमित द्वारा अपने घर में तोड़फोड़ कराने से उसका घर क्षतिग्रस्त हो गया। जब उसने मामले की शिकायत राहुल से की तो उसने अपनी पत्नी व घर में काम कर रहे तीन मजदूरों व मिस्त्री के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी।वह अपने घर भागा तो उसके घर में घुसकर उसकी पिटाई करते हुए कुर्सी आदि तोड़ दी गई।शिकायत पर लालगंज पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो उसने न्यायालय का सहारा लिया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# एनटीपीसी में है अभिनव सुरक्षा संस्कृतिः कमलेश सोनी

संवाददाता। ऊंचाहार



**एनटीपीसी** में नवंबर महीने को सुरक्षा माह के रूप में मनाया गया। जिसके तहत सुरक्षा संबंधी जानकारी व जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुरक्षा माह के समापन अवसर पर परियोजना में कार्यरत संविदा श्रमिकों की एक विशाल रैली निकाली गई। मुख्य महाप्रबंधक कमलेश सोनी ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर न केवल रवाना किया बल्कि स्वयं रैली का नेतृत्व किया। रैली में बड़ी संख्या में भागीदारी करने वाले संविदा श्रमिकों से कदम ताल करते हुए श्री सोनी के साथ-साथ अन्य विभागाध्यक्षों ने उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। सुरक्षा संबंधी त्वरित जानकारी तथा परामर्श देने के उद्देश्य से मुख्य महाप्रबंधक ने सुरक्षा काउंसलिंग बूथ का शुभारंभ किया तथा संविदा श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बनाए रखने के लिए सेफ्टी पेप टॉक किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री सोनी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सतत विद्युत उत्पादन एवं कार्य-निष्पादन के दौरान सुरक्षा को सर्वोपरि स्थान देना चाहिए। ऊंचाहार परियोजना का सुरक्षा विभाग इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इससे एनटीपीसी कर्मचारियों के साथ-साथ संविदा श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति प्रबल जागरूकता का संचार होता रहता है जिससे विद्युत ग्रह के नित्य प्रति के कार्य संचालन में शून्य दुर्घटना का लक्ष्य पूर्ण हो पाता है और ये ही एनटीपीसी की अभिनव सुरक्षा संस्कृति है। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अरिंदम बनर्जी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एस के झा, मानव संसाधन विभाग प्रमुख वंदना चतुर्वेदी, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) पी सी मोहांती सहित एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लालगंज नगर में ट्रैफिक जाम से लोगों का जीना हुआ दूभर

● **अप्रशिक्षित पुलिस कर्मियों व मनमानी पार्किंग से लग रहा जाम**

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**कस्बे** में लगने वाले जाम से लोगो को राहत दिला पाने में प्रषासन नाकाम साबित हो रहा है। मेंन रोड में पूरे दिन लोगो को जाम से परेषान होना पड़ता है।

नगर में मेंन रोड से लेकर वीरा पासी चौक व गांधी चौराहे में लगने वाला जाम अब सामन्य बात हो गई है। सबसे अधिक दिक्कत विघालय खुलने व बंद होने के समय होती है। घंटो जाम में फंसने से आवष्यक कार्य के लिये जा रहे राहगीरो को भारी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। मेंन रोड़ स्थित आचार्य नगर मोंड़ में पूरे दिन जाम की समस्या उत्पन्न रहती है। जिसका कारण सड़क के दोनो ओर खड़े वाहन होते है। इसी स्थान पर कई बैंको के साथ उनके एटीएम व बडे विघालय भी है। मौके पर तैनात सिपाही व गार्ड लोगो को यातायात नियमो का पालन करा पाने में अक्षम साबित हो रहे है जिसके चलते जाम के झाम से लोगो को मुक्ति नही मिल पा रही है। यही हाल पूरे मेंन रोड़ में रहता है जिनमें मुख्य रूप से अम्बेडकर मार्ग मोड, सब्जी मंडी मोड, सर्राफा मंडी मोड व करूणा बाजार चौराहा है। जाम में अक्सर मरीजो को ले जा रही एम्बुलेंस भी फंस जाती है। लेकिन आगे निकलने की होड में लोग उसे भी रास्ता नही देते जिससे कई बार मरीजो की हालत गंभीर हो जाती है। लोगो ने प्रषासन से मांग की है कि जाम के स्थानो को चिन्हित करते हुए उन स्थानो पर प्रषिक्षित पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाये जिससे उन्हे आयेदिन जाम की समस्या न झेलनी पड़े।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जेल का निरीक्षण

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अब्दुल शाहिद के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली सुमित कुमार द्वारा साप्ताहिक निरीक्षण सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए किया गया। इस दौरान सचिव ने जेलर सत्य प्रकाश व कुंवर वीरेन्द्र विक्रम सिंह से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिती व रखरखाव तथा कोरोना वायरस के बचाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जेलर को निर्देशित किया गया कि जो भी बन्दी जिला कारागार में आ रहे है, उनकी जाँच कराकर उन्हें मास्क व सैनेटाइजर उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण में कुल 1401 बन्दी निरुद्ध बताये गये। इस अवसर जेल में विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। सचिव ने जेलर को महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य की देख-भाल कराने तथा उन्हें समय से दवा आदि उपलब्ध कराने एवं बढ़ती ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों को स्वेटर एंव गर्म कपड़े उपलब्ध व डेंगू से बचाव हेतु एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के पैनल अधिवक्ता जय सिंह यादव पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

## पूर्व एमएलसी ने बस स्टॉप की दुर्दशा को लेकर मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री को लिखा पत्र

**बछरावां रायबरेली।** पूर्व एम0 एल0 सी0 एवं वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्री अशोक कटारिया को लिखा पत्र। पत्र के माध्यम से उन्होंने परिवहन मंत्री को यह अवगत कराया कि लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जनपद रायबरेली का प्रवेश द्वार माना जाने वाला बछरावां कस्बे का बस स्टॉप आज पूर्ण रूप से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है। उपरोक्त बस स्टॉप परिसर में शौचालय बंद पड़े हुए हैं तथा गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे क्षेत्रीय जनता एवं यात्रियों को अत्याधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही साथ उन्होंने पत्र के माध्यम से परिवहन मंत्री से यह आग्रह किया है कि बस स्टॉप की दयनीय दशा एवं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए इसका मरम्मतीकरण एवं सुंदरीकरण कराने की कृपा करें।

# जनजागरूकता रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। अमेठी




रैली को हरी झंडी दिखाते हुए जिलाधिकारी — पायनियर

**जिला** निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट श्री अरुण कुमार ने आज मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर से विभिन्न विद्यालय के छात्रों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी विकसित और मजबूत राष्ट्र एवं स्वस्थ समाज की आधार शिला मतदाता होते हैं। गौरवशाली राष्ट्र वही होता है जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नैतिक कर्तव्य समझते हैं। मतदान सबसे बड़ा दान होता है। यही लोकतंत्र की स्वस्थ परम्परा का द्योतक है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो लोग 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। उन्होंने समस्त जनमानस से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपनेदृअपने क्षेत्र में लोगों को मतदाता सूची में नाम अंकित कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जनपद के समस्त बालिग युवक एवं युवतियों से मतदाता बनने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आवाहन किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गौरीगंज सविता यादवए अन्य संबंधित अधिकारी व छात्र मौजूद रहे।

# धान क्रय केंद्रों पर किसानों को न हो कोई परेशानीः जिलाधिकारी

● **धान खरीद को लेकर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (विध्रा) समस्त एसडीएमए नोडल अधिकारी व क्रय एजेंसियों के साथ की बैठक**

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में धान खरीद को लेकर समस्त अपर जिलाधिकारी (विध्रा) एसडीएमए नोडल अधिकारियों व धान क्रय एजेंसियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बिना बताए अनुपस्थित रहने वाले नोडल अधिकारियों में सत्यनारायण सिंह खंड शिक्षा अधिकारी जामोए मनीष दुबे एडीओ कृषि मुसाफिरखानाए आलोक दुबे एडीओ सहकारिता शुकुल बाजारए जगन्नाथ एडीओ सहकारिता गौरीगंजए सुरेश मिश्रा ग्राम विकास अधिकारी मुसाफिरखानाए अनीशा पटेल ग्राम विकास अधिकारी पिंडारा करनाईए सत्य प्रकाश यादव ग्राम विकास अधिकारी दादराए राखी कश्यप ग्राम विकास अधिकारी जमुवारीए ओमप्रकाश ग्राम विकास अधिकारी रानीगंजए अखिलेश गौतम ग्राम विकास अधिकारी मंगौलीए रामकृष्ण दुबे ग्राम विकास अधिकारी निगोहाए रितिका ग्राम विकास अधिकारी टेढईए वंदना वर्मा ग्राम विकास अधिकारी सातन पुरवाए निशा कुमारी ग्राम विकास अधिकारी उतेलवाए मोहन ग्राम विकास अधिकारी तकिया बाबाए रामकृष्ण दुबे ग्राम विकास अधिकारी मौजमगंज तथा राकेश खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर एक दिन का वेतन रोकने के साथ 03 दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा जनपद में कृषकों के पंजीकरण की समीक्षा की गई जिस पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी तक कुल 13036 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है जिसमें से 7735 कृषकों का ऑनलाइन सत्यापन कराया जा चुका हैए शेष 5296 कृषकों का सत्यापन शीघ्र कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने एडीएम तथा समस्त एसडीएम को दियाए इसके साथ ही जनपद में कुल 69 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं जिसमें विपणन शाखा के 20ए पीसीएफ के 27ए यूपीएसएस के 07ए यूपीपीसीयू के 08ए मंडी समिति के 02ए भारतीय खाद्य निगम के 02 तथा लक्ष्मी कार्प एफपीसी के 03 क्रय केंद्र हैंए जिनमें से 68 क्रय केंद्र संचालित हो चुके हैं विपणन शाखा के 01 क्रय केंद्रों को शीघ्र संचालित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद का कुल लक्ष्य 125900 मीट्रिक टन के सापेक्ष अभी तक कुल 1111 किसानों से 5392ण्21 मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है। बैठक में जिलाधिकारी ने धान खरीद की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए खरीद की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही समस्त एनोडल अधिकारियों को धान क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने एवं केंद्रों पर आने वाली समस्याओं का तत्काल निवारण कराने को कहाए इसके साथ ही प्रत्येक क्रय केंद्र पर तिथिवार टोकन दिए जाएं एवं कृषकों को बहाना बनाकर लौटाया न जाएए तथा क्रय किए गए धान का भुगतान तीव्रता से कराया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एसपी सिंहए समस्त उप जिलाधिकारीए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारीए एआर कोआपरेटिव सहित अन्य क्रय एजेंसियों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरेडिका के आवासीय परिसर में हुई चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता। लालगंज,रायबरेली

**आधुनिक** रेलडिब्बा कारखाना लालगंज के प्रशांति परिसर स्थित टाईप फोर डबल स्टोरी आवासों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एसएसई केके श्रीवास्तव की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कारखाने के डिजाईन विभाग में एसएसई पद पर तैनात कौशल कुमार श्रीवास्तव पुत्र कुलभूषण श्रीवास्तव मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले हैं और आरेडिका के आवास संख्या 4222डी में रहते हैं। उन्होंने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि वह अवकाश पर गए थे।वहां से सोमवार को वापस लौटने पर आवास के दरवाजे व अंदर रखी अलमारी का दरवाजा खुला मिला। चोरों ने अलमारी का लाक तोड़कर उसमें रखी 12 हजार की नगदी व चांदी के पायल समेत सरकारी रूपये चोरी कर गायब कर दिए थे।उनका कहना है जो सरकारी रूपये उन्हें वरिष्ठ यांत्रिक इंजीनियर अभिकल्प अशोक कुमार अग्निहोत्री ने रखने के लिए दिए थे।उसी शिकायती पत्र में आवास संख्या 4209डी में रहने वाले योगेश कुमार के आवास से 50 हजार की नगदी समेत उनकी पत्नी का सोने का हार,चूड़ी, अंगूठी आदि आभूषण तथा आवास संख्या 4202डी में रहने वाले शिव शंकर विश्वकर्मा पुत्र शीतल प्रसाद के आवास से 12 हजार रूपए की नगदी चोरी होने का उल्लेख किया है। कोतवाल राजेश कुमार सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।उल्लेखनीय है कि रविवार की रात चोरों ने टाईप फोर स्थित सात आवासों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। तीन आवासों से नगदी व आभूषण जाने की बात कर्मचारियों द्वारा कही गई है जबकि अन्य चार लोगों ने अभी पुलिस को कोई शिकायती पत्र नहीं दिया है।

# अमरढोभा में विवाद का कारण बना प्रधान का शिकायत करना

संवाददाता। बस्ती

**● पीडब्लूडी से एनओसी मिलने के बाद ही हो रहा कार्य : प्रधान**

**● पीडब्लूडी के कार्य को छिपाकर कराया जा रहा कार्यः विनोद सिंह**

**बनकटी** ब्लॉक का वीआईपी कहे जाने वाले ग्राम पंचायत अमरढ़ोभा में कराए जा रहे कामों को लेकर जो पुराने और नए प्रधानों के बीच विवाद चल रहा है, उसका असली कारण प्रधान के द्वारा रसोईया की शिकायत कर देना बताया जा रहा है। कहा जा रहा है, कि अगर प्रधान ने शिकायत की पहल नहीं की होती तो विवाद इतना नहीं बढ़ता और सोशल मीडिया में आपत्तिजनक ही टिपणी की जाती। बहरहाल पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं पूर्व प्रधान रामप्रकाश यादव ने ने भी माना कि बच्चों ने कुछ अधिक टिपणी कर दी, इसके लिए बच्चों को काफी डांटफटकार भी लगायी गयी। कहते हैं कि वह कभी भी इसके पक्षधर नहीं रहें कि किसी को आपत्तिजनक टिपणी की जाए। राजनीति को राजनीति की तरह लेना चाहिए। बहरहाल पूराने प्रधान की पहल से किसी अप्रिय घटना के होने की संभावना को गांव वाले समाप्त होना मान रहे है।

प्रधान के अनियमित कहे जाने वाले कामों का विरोध करने वाले रसोईया उषा सिंह के पति विनोद सिंह ने बताया कि प्रधानजी उसी काम को कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग करने की साजिश कर रहे हैं, जिस कार्य को पीडब्लूडी करवा चुकी है। कहते हैं कि नियमानुसार अगर कोई कार्यसंस्था किसी कार्य को कराती है, तो उस पर तीन बाद ही पुनः कार्य कराया जा सकता है, मगर प्रधान ने बिना एनओसी लिए उसह कार्य को दिखाकर भुगतान ले लिया, जिसे पीडब्लूडी ने हालही में कराया था। कहते हैं कि प्रधान गांव के मनरेगा श्रमिकों से न करवाकर बाहर के गांव से ठेके पर कार्य करवा रहे थे, इसी का विरोध किया गया। वहीं प्रधान राम आशीष यादव का कहना है, कि कार्य बकायदा पीडब्लूडी से एनओसी लाकर और अधिकारियों के जांच पड़ताल के बाद ही कार्य करवाया जा रहा है। बताया कि उन्हें यह नहीं मालूम कि पीडब्लूडी ने काम कब करवाया, उन्हें तो बस इतना मालूम हैं, कि उन्होंने कार्य एनओसी मिलने के बाद ही शुरु करवाया। बाहर के लेबर और ठेके पर कार्य कराने के बावत कहा कि जब कुछ लोगों ने लेबरों को डरा धमका कर काम करने से रोक दिया तो वह दूसरे गांव से लेबर लाकर काम करवाया। बताया कि नियम में यह भी है, कि अगर किसी कारण काम नहीं हो रहा है, तो चार किमी. के बीच की दूरी से लेबर लाकर काम करवाया जा सकता है। जिस कार्य को लेकर विवाद बढ़ा उसमें ग्राम पंचायत अमरढ़ोभा में प्रदीप के घर से पूरब धर्मेंद्र सिंह के खेत तक पिच रोड के पार्ट टू के मरम्मत का कार्य। पहला पार्ट 13 से 26 अक्टूबर 21 तक पार्ट एक कराया जा चुका है। जब दूसरे पार्ट का काम शुरु हुआ। वर्तमान प्रधान का कहना है, कि पूर्व प्रधान के सहयोगी एवं दो तीन समर्थक लाठी डंडे से लैश होकर आए और कार्य कर रहे मनरेगा श्रमिकों को अपशब्द कहते हुए भगा दिया। इसकी शिकायत बीडीओ से भी की गई।



विवाद का कारण सड़क की पटरी का कार्य पायनियर

# जज ने सुनाई चार वर्ष की कठोर कारावास

संवाददाता। संतकबीरनगर

**गैंगस्टर** के आरोपी को 4 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड से अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट काशिफ़ शेख ने दी। अर्थ दंड की अदायगी न करने पर दो माह के अतिरिक्त कारावास को भुगतना पड़ेगा। विशेष लोक अभियोजक विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि गत 27 मार्च 2003 को महुली थाना के प्रभारी ओम प्रकाश यादव अपने हमराही सिपाहियों के साथ शांति व्यवस्था के दृष्टिकोण से मोलनापुर से काली की तरफ आ रहे थे कि पीडारी तिराहे पर सूचना मिली कि गोनौरा निवासी रामबदन तिवारी जो एक शातिर अपराधी है तथा उसका एक गिरोह है जो गिरोह बनाकर लूट, चोरी, गुंडागर्दी का अपराध करता है तथा अपने व अपने साथियों के आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए अपराध करता है व उसके खिलाफ समाज का कोई व्यक्ति गवाही देना नहीं चाहता है। पानी की टंकी के पास मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर उसके द्वारा बताए गए जगह पर लाइट की रोशनी में उसे पकड़ा गया राम बदन तिवारी के विरुद्ध महुली थाना में 5 मुकदमे पंजीकृत थे। मामले में थाना महुली में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। अभियोजन की तरफ से 8 गवाहों की गवाही कराई गई तथा कुल 13 प्रपत्र को साबित कराया गया। विशेष न्यायाधीश ने अभियोजन साक्ष्य के आधार पर आरोप साबित पाए जाने पर राम बदन तिवारी को 4 वर्ष कठोर कारावास 10 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किए।

# कोविड टीकाकरण की धीमी गति पर दो सीएससी प्रभारियों को डीएम ने लगाई फटकार

**● जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य सेवाओं की गहनता से समीक्षा किया। कोविड टीकाकरण धीमी गति पाये जाने पर उन्होंने दो सीएससी प्रभारियों को कड़ी फ्टकार लगाते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाये जाने का निर्देश दी। उन्होंने जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का बिन्दुवार समीक्षा किये। जिनमें जननी सुरक्षा योजना, आरबीएसके, स्वास्थ्य गोल्डन कार्ड सहित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने आरबीएसके टीम को भ्रमणशील रहने का निर्देश दी, गोल्डन कार्ड बनाये जाने में तेजी लाये जाने का निर्देश, महिला एवं पुरूष नसबन्दी का लक्ष्य प्राप्त किये जाने का निर्देश सहित जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का समीक्षा करने के दौरान उन्होंने कोविड पर विशेष ध्यान देते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभी भी सतर्कता बनाये रखने की जरूरत है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। कोविड टीकाकरण की प्रतिदिन रिपोर्ट उन्हें प्रेषित की जाय। कोविड जॉच का कार्य जारी रहे लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सीएमओ डॉ0 इन्द्र विजय विश्वकर्मा, एडिशनल सीएमओ डॉ0 मोहन झा, सीएमएस डॉ0 ओ0पी0 चतुर्वेदी, डॉ0 एस0 रहमान, डीपीएम विनीत श्रीवास्तव सहित सीएससी, पीएचसी के प्रभारी उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करतीं जिलाधिकारी पायनियर

## जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक हुई आयोजित

संवाददाता। श्रावस्ती

**डीसीएनआरएलएम** रविन्द्र कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय उद्योग बन्धु औद्योगिक. व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार भिनगा में सम्पन्न हुई। इस बैठक में विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 22 प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 14 तथा ओडीओपी में 8 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृत प्रदान की गयी है। स्वीकृत ऋण आवेदन पत्रों पर तीव्र गति से ऋण वितरण कराने के निर्देश डीसी एनआरएलएम द्वारा उपायुक्त उद्योगध्अग्रणी जिला प्रबन्धक इण्डियन बैक भिनगा को दिये गये है। बैठक में मौजूद उधमियों ने भिनगा से इकौना तक रोडवेज बसों के नियमित संचालन कराने की मांग की। जिस पर अध्यक्ष द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिये गए हैं।

# शुभम को मिल रही 'दिव्यांग' होने की सजा


संवाददाता। बस्ती

**● सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन ने दाखिला करने से किया इंकार**

**● घुटने के बल विकास भवन की दूसरी मंजिल पर सीडीओ से फरियाद करने पहुंचा दिव्यांग**

**● सीडीओ ने बीएसए और विकलांग अधिकारी को दिया त्वरित दाखिला करवाने का लिखित आदेश**

**शिक्षा** के मामले में पूरी दुनिया में नाम रोशन करने वाला सरस्वती शिशु मंदिर आज एक दिव्यांग की दाखिला को लेकर कटघरे में है। फीस देकर इस स्कूल में दाखिला लेने की चाहत रखने वाले दिव्यांग सोनकर पुत्र विजय सोनकर निवासी मोहल्ला बैरिहवां का दाखिला इस लिए नहीं हो रहा है, क्यों कि वह दिव्यांग है। मंगलवार को घुटने के बल चलकर विकास भवन के दूसरी मंजिल पर पहुंचे दिव्यांग ने सीडीओ को लिखकर दिया कि वह कक्षा पांच तक बीएन माडल स्कूल पिपरा गौतम पड़ाव भेलवल जिला बस्ती से शिक्षा ग्रहण किया। कहा कि वह कक्षा छह में सरस्वती शिशु मंदिर रामबाग में कराना चाहता है। वह पिछले पांच माह से दाखिला के लिए सम्पर्क करता रहा, मगर हर बार यह कहर दाखिला करने से मना कर दिया जाता रहा कि उनके स्कूल में दिव्यांग बच्चों का एडमिशन नहीं होता, जबकि उसके पिता निर्धारित फीस देने में सक्षम भी है। इस पर सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने जिला विकलांग अधिकारी और बीएसए को लिखित में आदेश दिया कि तत्काल बच्चेक का दाखिला करवाकर उसकी जानकारी दें। वहीं स्कूल के प्रबंधक एसपी सिंह और प्रधानाचार्य अरविंद सिंह का कहना है, कि पहली बात तो बच्चा कभी भी न तो उनके स्कूल आया और न कभी संपर्क ही किया। कहते हैं, कि हमारे स्कूल में दिव्यांग का तत्काल नि:शुल्क प्रवेश होता है। कहते हैं कि जिस स्कूल में 45 से 50 बच्चे मुस्लिम परिवार के पढ़ते हो और नित्य प्रार्थना में भाग लेते है। ऐसे स्कूल पर इस तरह का आरोप लगाना शतप्रतिशत गलत है। पूर्व प्रबंधक अभयपाल ने भी कहा कि दाखिला न होने का यह आधार हो ही नहीं सकता।



## इफको सेंटर और समितियों से डीएपी खाद ना मिलने से किसानों में आक्रोश

**बछरावां रायबरेली।** एक तरफकेंद्र व प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के ढिंढोरा पीट रही है वहीं दूसरी तरफ किसानों को उनकी बुवाई के पीक समय में 15 दिनों से अधिक समय से डीएपी खाद न तो इफ्को सेंटर पर है और ना ही समितियों में है। बेचारा मजबूर किसान बगैर खाद के अपनी गेहूं, चना, मटर, सरसों, आलू आदि फसलें बोने को मजबूर है लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और पार्टी के पदाधिकारियों को किसानों की खाद की समस्या से कोई लेना देना नहीं है वही अभी कुछ दिन पूर्व साधन सहकारी समिति कसरावां में प्रमुख सचिव ने आकर सैकड़ों किसानों के बीच में कहा था कि शीघ्र ही जिले में खाद की रैक लगवा दी जाएगी लेकिन प्रमुख सचिव के आदेश की भी धज्जियां उड़ाते हुए उच्चाधिकारियों की निष्क्रिय कार्यशैली के कारण खाद की जबरदस्त किल्लत से किसानों में जबरदस्त आक्रोश है।

# 15वां राज्य वित्त से न.पालिका व न. पंचायतों में होगा विकास कार्य

**● जिलाधिकारी ने अध्यक्षों के साथ की बैठक**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल ने मंगलवार को खलीलाबाद नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा सहित नगर निकाय के अधिकारियों के साथ बैठक कर 15 वां वित्त से नगर पालिका एवं नगर पंचायतो में होने वाले विकास कार्यो का अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में खलीलाबाद नगर पालिका परिषद ने वर्षात के मौसम में शहरी क्षेत्र में जलजमाव की व्यवस्था सुदृढ किये जाने के लिए नाला निर्माण, पुलिया निर्माण, बाईपास से पुलिस लाईन तक आरसीसी नाला निर्माण, मुखलिसपुर तिराहा पर पुलिया निर्माण तथा कूड़ा निस्तारण हेतु एक 407 डम्फर खरीद किये जाने सहित विकास कार्यो के लिए अन्य प्रस्ताव रखा। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने कहा कि विकास कार्यो के लिए 15वें वित्त से कई महत्वपूर्ण कार्य किये जाने है। इसी क्रम में नगर पंचायत मगहर अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा ने अपने मगहर क्षेत्र में विकास कार्यो का प्रस्ताव रखा। नगर पंचायत मेंहदावल तथा हरिहरपुर में भी अपना प्रस्ताव रखा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह, ई0ओ0 खलीलाबाद सुरेश कुमार मौर्या, ई0ओ0 मेंहदावल प्रदीप कुमार, ई0ओ0 मगहर श्रीमती ज्योतिमा वर्मा, एलबीसी, गोरख बाउ सहित नगर निकाय के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक करतीं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल पायनियर

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम स्वास्थ्यकर्मियों ने सीएमओ कार्यालय पर दिया धरना

**● अनिश्चितकालीन रहेगा हड़तालः अभय त्रिपाठी**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**उप्र** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले विनियमितिकरण, वेतन पालिसी, रिक्त पदों पर स्थानांतरण समेत 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों ने सीएमओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना और हड़ताल शुरू कर दिया है। संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अभय त्रिपाठी और जिला संयोजक दीनदयाल वर्मा के अगुवाई में जिलेभर के विभिन्न ब्लॉकों से आए संविदा कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरने पर बैठ गए हैं, संविदा कर्मियों की 7 सूत्रीय मांग है कि विनियमितिकरण और समायोजन प्रक्रिया शुरू की जाय, वेतन पालिसी लाकर वेतन विसंगती का निराकरण किया जाए, रिक्त पदों पर अन्य जनपद में ट्रांसफर, कर्मचारियों के हित के लिए बीमा पॉलिसी, सातवें वेतन आयोग का लाभ व जॉब सिक्योरिटी, समान कार्य समान वेतन लागू किया जाए। धरने में विभिन्न ब्लॉकों के बीपीएम, बीसीपीएम, डॉक्टर, एएनएम, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, आरबीएसके टीम, मैनेजर, अकाउंटेंट, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अनेकों कैडर के सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहें। धरने को अभय त्रिपाठी, महेंद्र त्रिपाठी, आनंद मौर्या, डॉ0 सलीम, डॉ0 राजेश तिवारी, राजेश पाण्डेय, दीपक अवस्थी, राकेश यादव, हरिओम सिंह, एएनएम सीमा शर्मा, डॉ0 नम्रता, सी एच ओ प्रियंका गुप्ता, स्मृति सिंह समेत अनेकों कर्मचारियों से संबोधित किया।




धरना देते संविदा स्वास्थ्य कर्मी पायनियर

# गो-संरक्षण के नाम पर लूट, सांडपुर का गौशाला गौवंश विहीन

**● चारा चोरों को सजा दिलाना, गौ माता व अन्नदाता को खुशहाल बनाना प्राथमिकताः पांडेय**

संवाददाता। बस्ती

**सीएम** के डीम प्रोजेक्ट का जिले में बुरा हाल है। विशेश्वरगंज के सांडपुर में गौवंश विहीन गौशाला के झाड़ियों में तब्दील होना मिला। इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने गौ संरक्षण के नाम पर गौशाला निर्माण में पूरे सूबे में धन के बंदरबांट का आरोप लगाते हुए कहा कि गौ संरक्षण के नाम पर व्याप्त भ्रष्टाचार का परिणाम है, कि जनपद के गौशालाओं में कहीं गाय तो कहीं चारा नही, यहां तक कि कहीं-कहीं गौशाला ही नदारद है, इसे लेकर कई बार उच्चाधिकारियों सहित मंडलायुक्त बस्ती को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। मगर औचक निरीक्षण के नाम पर महज कोरम कर दिया जातारहा है। कहाकि इस भ्रष्टाचार में कहीं न कहीं अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सरकार के लोग भी शामिल है। कहा कि गौशाला निर्माण व गौरक्षा के नाम पर धन के बंदरबांट का परिणाम है, कि कागज में तो सांड बछड़े भूसा का रहे है। उन्होंने कहा कि जनता ने साथ दिया तो हम न केवल चारा चोरों को सबक सिखाएंगे अपितु सांडशाला की समुचित व्यवस्था कर गोवंश के संरक्षण के साथ-साथ किसानों की फसल को सुरक्षित करने का भी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर कर चारा चोरों को सजा दिलाना व गौमाता व अन्नदाता को खुशहाल बनाना हमारी प्राथमिकता है। श्री पाण्डेय आज क्षेत्र के दांवरिपारा, भकरही व रानीपुर में जन संपर्क स्थापित करते हुए सारंगपुर पहुंचे तो पाया कि गौशाला में एक भी गौवंशज नहीं है, गौशाला झाड़ियों में तब्दील है इसके पूर्व भी यह रमना तौफीर व जोगापुर सहित कई गौशालाओं की जमीनी हकीकत दिखा चुके हैं।



झाड़ियों में तब्दील गौवंश विहीन गौशाला की जमीन पायनियर

## बैडमिन्टन संघ ने पूर्व अध्यक्ष को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** जिला बैडमिन्टन संघ के अध्यक्ष डा. अरविन्द सिंह के निधन पर संघ ने शोकसभा आयोजित कर डा. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं जिले में डा. सिंह द्वारा बैडमिन्टन के खेल को बढ़ावा देने के सफल प्रयासों का स्मरण किया। संघ के संस्थापक सचिव विनोद शुक्ला ने बताया कि डा. सिंह द्वारा जिले में बैडमिन्टन संघ की स्थापना की गयी थी। स्थापना काल से अभी तक वही संघ के अध्यक्ष रहे। इस दौरान कई बार डा. सिंह ने अध्यक्ष पद छोड़ने की इच्छा भी व्यक्त की परन्तु संघ के सदस्यों ने खेल के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें ही अध्यक्ष बनाये रखा। श्री सिंह के पिता प्रदेश के जाने-माने राजनेता थे एवं डा. सिंह भी जनपद के पहले एम.डी. डाक्टर थे। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर डा. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह, संजय गुप्ता, मदन सिन्हा, रमेश बहादुर सिंह, कैप्टन वीपी त्रिपाठी, देवेन्द्र शुक्ला, शिव कुमार, दीपक श्रीवास्तव, गिरीश शुक्ला, हरिहर सिंह, सोहित शुक्ला आदि खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# व्यवस्था से दुखी लजघटा के प्रधान ने इस्तीफा देने का बनाया मन

संवाददाता। बस्ती/विक्रमजोत

**● आय का स्रोत बंद होने से नाराज विरोधी कर रहे अनर्गल शिकायत ● कमीशन देने वालों का हो रहा हैं, फर्जी भुगतान ● जो कमीशन नहीं देता उसके भुगतान को रोक दिया जाता ● प्रधान और सेक्रेटरी के कार्यो की जांच करने लजघटा पहुंची टीम**

**हरैंया** के विधायक अजय सिंह के गांव लजघटा का अखंड प्रताप प्रधान व्यवस्था से दुखी होकर इस्तीफा देने का मन बना रहा है। प्रधान का कहना है, कि उन ग्राम पंचायतों का बिना कार्य कराए भुगतान हो जा रहा है, जो कमीशन देते है, और उन ग्राम पंचायतों का भुगतान लटका दिया जाता है, जो कमीशन नहीं देते। कहते हैं कि कमीशन वहीं प्रधान दे सकते हैं, जो गलत काम करते है, और जो प्रधान गलत काम ही नहीं करेगा, वह कहां से कमीशन देगा। प्रधान का यह सवाल उन अधिकारियों और नेताओं के लिए हैं, जो ईमानदारी का ढ़ोल और जीरो टालरेंस की बात करते है।

प्रधान का कहना है, कि जब उन्होंने पूर्व के प्रधान के सहयोगियों के आय का स्रोत बंद कर दिया तो उनके खिलाफ अनर्गल शिकायत करने लगे। अनैतिक आमदनी का रास्ता जब बंद हो गया तो विकास के कार्यो में अवरोध उत्पन्न करने में लगे हुए हैं, जिससे गांव का विकास लगभग ठप्प सा हो गया है। बताया कि भुगतान न होने से मनरेगा श्रमिक परेशान हैं, उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया, अब यही श्रमिक मुख्यालय जाकर धरना प्रदर्शन करने की बातें कह रहे है। कहते कि वह किसी उलझना नहीं चाहते, और चाहते हैं कि भाईचारा और सभी के सहयोग से गांव का विकास हो। जोर देकर कहा कि विधायक से या फिर उनके परिवार से कोई दिक्कत नहीं है। दिक्कत पुराने प्रधान के सहयोगियों से हो रही है, जो यह चाहते हैं कि कार्य उनकी मर्जी से हो। गांव वालों का कहना है कि अगर विकास खंड विक्रमजोत के वीआईपी गांव लजघटा में कमीशन के चलते विकास कार्य बाधित हो रहा है, तो इस मामले में स्थानीय विधायक अजय सिंह और उनके भाई ब्लॉक प्रमुक केके सिंह को हस्तक्षेप करनी चाहिए। क्यों कि बदनामी तो इन दोनों की भी होगी। अब सवाल उठ रहा है, कि यह बदनामी प्रधानी के चुनाव से पहले के कार्यकाल में क्यों नहीं हुई? इसका जबाव प्रधान ने कहते हुए दिया कि उनके खुद के समझ में नहीं आ रहा है, कि पूराने प्रधान के कार्यकाल में क्यों नहीं उन लोगों ने शिकायत की जो आज कर रहे है। जोर देकर कहा कि वह इस्तीफा देना पसंद करेंगें, मगर कमीशन देकर गांव का विकास करना पसंद नहीं करेंगें, एक तरह से प्रधान यह संदेश देकर चुप कराने का प्रयास किया, जो लोग अपनी मर्जी से प्रधानी चलाना चाहते हैं। एक शिकायत पर मंगलवार को ब्लॉक की तीन सदस्यीय टीम जांच करने को पहुंची।

प्रधान का कहना है, जांच टीम को ऐसा कुछ भी नहीं मिला जिसे पता चल सके गलत हुआ है। शिकायत में जीजीरामपुर प्राथमिक विद्यालय से देवकली रानी सरहद तक पटरी सफाई कार्य, राम अजोर के चक से दिनेश के खेत तक पटरी सफाई कार्य सहित ग्राम पंचायत में चल रहे आधा दर्जन मिट्टी पटाई कार्य शामिल है। प्रधान ने कहा कि यह वही लोग हैं, जिन्होने नीजि लाभ के लिए स्कूल की बाउंडी को रातो-रात जेसीबी लगवा कर ध्वस्त करवा दिया था।

# बेल्जियम को हराने के लिए भारत का भरोसा ड्रैग फ्लिकरों पर

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

भाषा। भुवनेश्वर




**दो** धमाकेदार जीत के बाद लय हासिल कर चुकी गत चैम्पियन भारतीय टीम एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यूरोपीय दिग्गज बेल्जियम के खिलाफ उतरेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञों पर टिकी होंगी। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम को पहले मैच में फ्रांस ने 5 – 4 से हराकर उलटफेर कर दिया था। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करते हुए कनाडा को 13 –1 और पोलैंड को 8 – 2 से हराकर पूल बी में दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरी बार खिताब जीतने के लिए भारत को अब हर मैच में उम्दा प्रदर्शन करना होगा। बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल लखनऊ में 2016 में खेले गए फाइनल का दोहराव होगा जिसमें भारत ने 2 –1 से जीत दर्ज की थी। यह मुकाबला बराबरी का होगा और मौकों को भुनाने में कामयाब रहने वाली टीम ही जीतेगी। भारत के पास उत्तम सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, सुदीप चिरमाको और मनिंदर सिंह जैसे स्ट्राइकर हैं। उत्तम और मनिंदर ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। इसके अलावा पेनल्टी कॉर्नर में अनेक विकल्प होने का भी भारत को फायदा है। उपकप्तान संजय कुमार, हुंडल, शारदानंद तिवारी और अभिषेक लाकड़ा ने गोल किए हैं। संजय खास तौर पर शानदार फॉर्म में हैं जिन्होंने फ्रांस और कनाडा के खिलाफ हैट्रिक लगाई। हुंडल ने भी पोलैंड के खिलाफ तीन गोल किए। मिडफील्ड में कप्तान विवेक सागर प्रसाद हैं जो तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय सीनियर टीम का हिस्सा थे। डिफेंस को इस मैच में काफी मेहनत करनी होगी क्योंकि बेल्जियम का आक्रमण काफी मजबूत है। भारत के मुख्य कोच और इस टूर्नामेंट के लिए जूनियर टीम के कोच ग्राहम रीड ने कहाकि खिलाड़ियों ने बेल्जियम का प्रदर्शन देखा है और वे आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। उम्मीद है कि हम यह मैच जीतेंगे। भारतीय कप्तान विवेक ने कहाकि बेल्जियम बहुत अच्छी टीम है और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। बेल्जियम ने जूनियर विश्व कप कभी नहीं जीता है और सीनियर टीम की सफलता को दोहराने का उस पर दबाव है। बेल्जियम की सीनियर टीम ओलंपिक और विश्व चैम्पियन है। बेल्जियम के मुख्य कोच जेरोन बार्ट ने कहा कि उनके खिलाड़ियों को भारत के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों को रोकने के लिए दमदार प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा , भारत के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ बहुत अच्छे हैं। संजय, हुंडल और तिवारी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें रोकना बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने कहा , हमें सर्कल के बाहर उन्हें रोकना होगा और पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। हमें अपने डिफेंडरों पर भरोसा है। कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट दर्शकों के बिना हो रहा है और बार्ट ने कहा कि इससे उनकी टीम को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा , हम पर दबाव कम होगा। हमें खचाखच भरे स्टेडियमों में खेलने की आदत नहीं है। 2016 में टूर्नामेंट के पहले हाफ में हमें दिक्कत हुई थी। लखनऊ में भारतीय दर्शक काफी ऊर्जावान थे। इस बार भारत पर दबाव अधिक होगा चूंकि मैदान में महज 1000 दर्शक होंगे। दिन के अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी का सामना स्पेन से, नीदरलैंड का अर्जेंटीना से, फ्रांस का मलेशिया से मुकाबला होगा।

## क्विक न्यूज

### भारत और न्यूजीलैंड की टीम दूसरे टेस्ट के लिए मुंबई पहुंची

**मुंबई।** भारत और न्यूजीलैंड की टीम तीन दिसंबर से यहां वानखेड़े स्टेडियम मे होने वाले दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के लिए मंगलवार को यहां पहुंची। मुंबई क्रिकेट संघ ने अधिकारी ने बताया कि दोनो टीमे शाम को चार्टर्ड विमान से कानपुर से यहां पहुंची। मुंबई मे लगभग पांच साल बाद टेस्ट क्रिकेट की वापसी होगी। यहां पिछला टेस्ट 2016 मे भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। महाराष्ट्र सरकार ने मैच के लिए दर्शकों की सीमा को स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत तक सीमित किया गया है। दोनों टीम के बीच कानपुर मे खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था जब आलराउंडर रचिन रविंद्र और एजाज पटेल ने अंतिम विकेट की अटूट साझेदारी में 52 गेंदें खेलकर भारत को जीत से वंचित किया।

### राजश्री संचेती ने राष्ट्रीय निशानेबाजी में महिला एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राजश्री संचेती ने मंगलवार को यहां 64वी राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता। राजश्री आठ निशानेबाजों के फाइनल में 251.8 अंक के साथ शीर्ष पर रही। उन्होंने रजत पदक जीतने वाली हिमाचल प्रदेश की जीना खिता को 1.6 अंक से पछाड़ा। स्थानीय दावेदार श्रेया अग्रवाल ने 24 शॉट के फाइनल में 22 शॉट के बाद 227.7 अंक से कांस्य पदक जीता। जूनियर महिला 10 मीटर एयर राइफल का खिताब तमिलनाडु की आर नर्मदा नितिन के नाम रहा जिन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल का 252.1 अंक का रिकॉर्ड स्कोर बनाया। जीना इस स्पर्धा में भी दूसरे स्थान पर रही। मेइराज अहमद और अरीबा खान की जोड़ी ने पटियाला मे मिश्रित स्कीट टीम खिताब जीता। इस जोड़ी ने पंजाब के गुरजोत सिंह और गनीमत सेखो को शूट आफ मे पछाड़ा। दोनो जोड़ियों ने इससे पहले समान 34 अंक जुटाए थे। उत्तर प्रदेश की जोड़ी ने शूट आफ मे 4-3 से जीत दर्ज की। नई दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज मे पंजाब के विजयवीर संधू ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल का स्वर्ण पदक जीता।

### स्मृति, मिताली महिला वनडे रैंकिंग में छठे और तीसरे स्थान पर

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज मिताली राज और स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट रैंकिंग मे तीसरे और छठे स्थान पर बनी हुई है जबकि हरफनमौला दीप्ति शर्मा पांचवे स्थान पर है। मिताली के 738 अंक है जबकि स्मृति के 710 अंक है। दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली 761 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और हेली मैथ्यूज वनडे बल्लेबाजो और हरफनमौलाओ की रैंकिंग मे ऊपर आई है।टेलर बल्लेबाजी मे शीर्ष दस मे आ गई है जबकि हरफनमौलाओ की सूची मे चौथे स्थान पर है।मैथ्यूज आठवे स्थान पर है। हरफनमौलाओ की सूची मे मरिजान्ने शीर्ष पर है जबकि नटाली स्किवेर दूसरे और एलिसे पैरी तीसरे स्थान पर है।दीप्ति 299 अंक लेकर पांचवे स्थान पर है।

### आडवाणी ने नॉकआउट मेंजगह पक्की की, एमी की लगातार दूसरी जीत

भोपाल। कई बार के विश्व चैंपियन और दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने मंगलवार को यहां 88वी राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के पुरुष 6 रेड स्नूकर राउंड रोबिन लीग के बेस्ट आफ सेवन फ्रेम मुकाबले मे उत्तर प्रदेश के विनायक अग्रवाल को 4-2 से हराकर नॉकआउट मे जगह पक्की की। आडवाणी ने 40-11, 14-34, 69-00, 01-54, 43-07, 37-25 से जीत दर्ज की। महिला 6 रेड स्नूकर प्रतियोगिता के बेस्ट आफ फाइव फ्रेम के मुकाबले मे एमी कमानी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पूजा गुलांदी को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। एमी ने पहला फ्रेम गंवाने के बाद पूजा को 32-42, 57-04, 42-22, 33-18 से हराया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए कोरिया रवाना

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम पांच दिसंबर से डोंगही मे होने वाली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए मंगलवार को कोरिया रवाना हो गई। तोक्यो ओलंपिक मे चौथे स्थान पर रहने के बाद यह भारतीय टीम का पहला टूर्नामेट है। एक पूल की इस प्रतियोगिता मे भारत को चीन, कोरिया, जापान, थाईलैड और मलेशिया से भिड़ना है। भारत अपना पहला मैच पांच दिसंबर को थाईलैड से खेलेगा जबकि छह दिसंबर को मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपने तीसरे मैच मे आठ दिसंबर को मेजबान और गत चैंपियन कोरिया से भिड़ेगी जबकि नौ दिसंबर को चीन और 11 दिसंबर को जापान का सामना करेगी। बेंगलुरू मे रिहैबिलिटेशन से गुजर रही रानी की गैरमौजूदगी मे टीम की अगुआई कर रही सविता ने विज्ञप्ति मे कहा, निश्चित तौर पर पूरी टीम रोमांचित है। ओलंपिक के बाद यह हमारा पहला टूर्नामेट है और टूर्नामेट मे अच्छा प्रदर्शन करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होने कहा, टीम मे काफी युवा खिलाड़ी है और अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगी, वे अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक है। दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत टूर्नामेंट की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है।

### आक्रमण करते हुए हमें अधिक आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत: डेनर्बी

**मनाउस (ब्राजील)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनर्बी ने मंगलवार को कहा कि चार देशो के टूर्नामेट मे गुरुवार को यहां वेनेजुएला के खिलाफ होने वाले अगले मैच मे उनकी खिलाड़ियों को आक्रमण करते हुए अधिक आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत है। भारत को अपने पहले दो मैचों में ब्राजील के खिलाफ1-6 जबकि चिली के खिलाफ 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम एरेना डा एमाजोनिया मे गुरुवार को अपने अंतिम मैच मे वेनेजुएला से भिड़ेगी। ब्राजील और चिली दोनो क्रमशः सातवे और 37वे स्थान के साथ फीफा रैंकिंग मे भारत से कही आगे है जिसकी विश्व रैंकिंग 56 है। वेनेजुएला विश्व रैंकिंग मे भारत से सिर्फ एक स्थान ऊपर है। डेनर्बी ने कहा, वेनेजुएला की खेलने की शैली चिली से काफी मिलती जुलती है। वे (चिली) गेंद को अपने कब्जे मे रखते है और उनकी पासिंग अच्छी है। वे समय लेते है और फिर हमला करते है इसलिए एक इकाई के रूप मे हमें अधिक आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत है।

### कप्तान लिविंगस्टोन के शानदार प्रदर्शन से टीम अबुधाबी जीती

**अबुधाबी।** कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के 24 गेंद में 59 रन की मदद से टीम अबुधाबी ने अबुधाबी टी10 लीग में डेक्कन ग्लैडिएटर्स को आठ रन से हरा दिया। लिविंगस्टोन की पारी के दम पर टीम अबुधाबी ने चार विकेट पर 125 रन बनाए।उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और छह छक्के लगाए। फिलिप साल्ट ने ग्लैडिएटर्स के कप्तान वहाब रियाज को पारी की पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन चौके जड़े। अगले ओवर में दो चौके और जमाने के बाद वह ओडियन स्मिथ की गेंद पर बोल्ड हो गए। लिविंगस्टोन पारी के नौवें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्लैडिएटर्स आठ रन से चूक गए। कप्तान शेल्टन कोटरेल ने टॉम कोलेर काडमोर को पहली ही गेंद पर आउट कर दिया। दूसरे ओवर में हालांकि टॉम मूर्स ने मर्चेंट डि लांगे को दो चौके और एक छक्का लगाया। डि लांगे ने हालांकि अनवर अली और आंद्रे रसेल को आठवें ओवर में आउट करके ग्लैडिएटर्स की राह मुश्किल कर दी। जैमी ओवरटन ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी की।

### फिलहाल दक्षिण अफ्रीका दौरे को कोई खतरा नहीं: बीसीसीआई कोषाध्यक्ष

**नई दिल्ल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कोषाध्यक्ष अरूण धूमल ने मंगलवार को कहा कि भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा बशर्ते वहां कोविड-19 का नया प्रारूप मिलने के बाद स्थिति खराब नहीं हो। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में दूसरा और अंतिम टेस्ट खेलना है जिसके बाद टीम वहां से आठ या नौ दिसंबर को चार्टर्ड विमान से जोहानिसबर्ग के लिए रवाना होगी। धूमल ने भरोसा जताया कि दक्षिण अफ्रीका द्वारा तैयार जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में खिलाड़ी सुरक्षित रहेंगे। पहला टेस्ट जोहानिसबर्ग में 17 दिसंबर से खेला जाएगा। धूमल ने पीटीआई से कहा, हम उनके साथ खड़े हैं (जब वह खतरे से लड़ रहे हैं), बात सिर्फ इतनी है कि हम खिलाड़ियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। फिलहाल हमारी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जोहानिसबर्ग के लिए चार्टर्ड फ्लाइट की योजना है और खिलाड़ी जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहेंगे।

# दोराहे पर था पिछले साल कैरियर, पता नहीं था कि टेस्ट टीम में रहूंगा या नहीं : अश्विन

भाषा। कानपुर





**टेस्ट** क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया कि उन्हें डर था कि पिछले साल कोरोना महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों के बीच उनका कैरियर खत्म हो जाएगा। पैतीस वर्ष के अश्विन ने अपने 80वें टेस्ट में 419वां विकेट लेकर हरभजन सिंह (103 टेस्ट में 417 विकेट) को पछाड़ दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साल की शुरूआत में भारतीय टीम के न्यूजीलैंड दौरे के बाद उनका कैरियर दोराहे पर था। बीसीसीआई की वेबसाइट के लिए अपने साथी खिलाड़ी श्रेयस अय्यर को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा , ईमानदारी से कहूं तो कोरोना महामारी और लाकडाउन के बीच मेरे जीवन और मेरे कैरियर में पिछले कुछ साल से जो कुछ हो रहा था , मुझे पता नहीं था कि टेस्ट क्रिकेट फिर खेलूंगा या नहीं। उन्होंने कहा , मैने क्राइस्टचर्च में 29 फरवरी 2020 से शुरू हुआ आखिरी टेस्ट नहीं खेला था। मैं दोराहे पर था कि दोबारा टेस्ट खेल सकूंगा या नहीं। मेरा भविष्य क्या है। क्या मुझे टेस्ट टीम में जगह मिलेगा क्योंकि मैं वही प्रारूप खेल रहा था। ईश्वर दयालु है और अब हालात बिल्कुल बदल गए। अश्विन ने कहा , मैं दिल्ली कैपिटल्स टीम में आया और जब तुम (श्रेयस) कप्तान थे तभी से हालात बदलने लगे। अश्विन का पूरा परिवार मई में कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गया था। उन्हें इस वजह से आईपीएल छोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा कि हरभजन ने उन्हें आफ स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2001 में हरभजन के प्रदर्शन को देखकर ही वह आफ स्पिनर बनने की ओर प्रेरित हुए। उन्होंने कहा, उनसे प्रेरणा लेकर मैने आफ स्पिन गेंदबाजी शुरू की और आज यहां तक पहुंचा। धन्यवाद भज्जी पा मुझे प्रेरित करने के लिए।यह शानदार उपलब्धि है। मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैने इसी मैदान पर 200वां विकेट लिया था और इसी मैदान पर हरभजन को पीछे छोड़ा। पहला टेस्ट ड्रॉ रहने के बारे में उन्होंने कहा, अभी भरोसा नहीं हो रहा है कि हम जीत नहीं सके। जीत के इतने करीब पहुंचकर भी। मेरे लिए यह पचा पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा, ऐसा जमैका में भी एक बार हुआ था। आखिरी दिन हम जीत की कोशिश में थे लेकिन जीत नहीं सके थे। आखिरी पारी में गेंदबाजी करने के कारण मुझे इससे उबरने में अधिक समय लगेगा।

# श्रीलंका 204 रन पर सिमटा

**● वेस्टइंडीज के एक विकेट पर 69 रन**

भाषा। गॉल



**वेस्टइंडीज** ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मंगलवार को श्रीलंका को 204 रन पर समेटने के बाद बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त होने तक एक विकेट पर 69 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनरों वीरासामी पेरमॉल (35 रन पर पांच विकेट) और जोमेल वारिकन (50 रन पर चार विकेट) ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मिलकर श्रीलंका के नौ विकेट चटकाए। वीरासामी ने पांच साल से अधिक समय बाद पहला टेस्ट खेलते हुए करियर में पहली बार पारी में पांच विकेट हासिल किए।

बारिश के कारण जब दिन का खेल समाप्त किया गया तब कप्तान क्रेग ब्रेथवेट 22 जबकि एनक्रुमाह बोनेर एक रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की टीम 135 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष है। इससे पहले श्रीलंका ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 113 रन से की। पाथुम निसंका और ओशाडा फर्नांडो (18) ने 26 और रन जोड़े। वीरासामी ने दिन के सातवें ओवर में फर्नांडो को विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा के हाथों कैच कराया। वीरासामी ने इसके बाद निसंका (73) और धनंजय डिसिल्वा (02) को एक ही ओवर में आउट करके मेजबान टीम को दोहरा झटका दिया। निसंका ने 148 गेंद की अपनी पारी में एक छक्का और पांच चौके मारे। पदार्पण कर रहे चरिथ असलंका 10 रन बनाने के बाद वीरासामी का अगला शिकार बने। उन्होंने बोनेर को कैच थमाया। एंजेलो मैथ्यूज 12 रन के स्कोर पर चोटिल होकर वापस लौटे लेकिन आठवां विकेट गिरने के बाद वापस लौटे। वह दौड़ नहीं पा रहे थे लेकिन उन्होंने दो छक्के और एक चौके की मदद से 29 रन बनाए। वारिकन ने उन्हें बोल्ड करके श्रीलंका की पारी का अंत किया। वेस्टइंडीज को ब्रेथवेट और जर्मेन ब्लैकवुड (44) ने पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रवीण जयविक्रम ने ब्लैकवुड को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। ब्लैकवुड ने 99 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके जड़े।

# मैं बहुत नर्वस था लेकिन हमने मिलकर यह किया, रविंद्र ने पटेल से कहा

भाषा। कानपुर



**भारत** के खिलाफ पहला टेस्ट ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के स्पिनर रचिन रविंद्र ने कहा कि वह अपनी गेंदबाजी को लेकर काफी नर्वस थे। बाईस वर्ष के रविंद्र और भारतीय मूल के ही ऐजाज पटेल (23 गेंद में दो रन) ने मिलकर 91 गेंदें खेली और 18 रन बनाए। जीत के लिए 284 रन की तलाश में न्यूजीलैंड ने नौ विकेट गंवा दिए थे लेकिन इन दोनों ने आखिरी विकेट नहीं गिरने दी। मुंबई में जन्मे पटेल पहली बार भारत में खेल रहे थे जिन्होंने तीन विकेट भी लिए। रविंद्र को विकेट नहीं मिला। पटेल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के आधिकारिक ट्विटर हैंडल के लिए रविंद्र का इंटरव्यू लिया। उन्होंने पूछा , मुझे अपना पहला टेस्ट याद है। मैं बहुत नर्वस था और गेंद हाथ में मिलने के समय मेरे हाथ कांप रहे थे। तुम्हारा कैसा अनुभव था। अपना पहला टेस्ट खेलने वाले रविंद्र ने कहा , मैं भी गेंदबाजी को लेकर नर्वस था। पहली पारी में हमारे चार विकेट गिर चुके थे और मैं अगला उतरा था। मुझे बहुत बेचैनी हो रही थी लेकिन कुछ गेंद बाद ठीक हो गया। रविंद्र का पहला नाम रचिन भारत के महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलकर उन्हें अच्छा लगा। उन्होंने कहा , भारत के मशहूर क्रिकेटप्रेमियों के सामने खेलकर अच्छा लगा। मेरे कैरियर पर मेरे माता पिता का काफी प्रभाव रहा है। मुझे यकीन है कि वे गौरवान्वित होंगे। उन्होंने पटेल से कहा , भाई , हमने मिलकर यह कर दिखाया। उन्होंने आगे कहा , मुझे अपनी प्रक्रिया और अपने अभ्यास पर भरोसा था। दर्शक काफी शोर मचा रहे थे लेकिन तुमने भी संयम बनाए रखा। हम दोनों ने मिलकर एकाग्रता नहीं खोई और यह पल हम कभी नहीं भूल सकेंगे।

### 31 दिसंबर के बाद अफगानिस्तान के कोच पद से हटेंगे क्लूसनर

**काबुल।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला लांस क्लूसनर 31 दिसंबर को अपना करार खत्म होने के बाद अफगानिस्तान टीम के कोच का पद छोड़ देंगे। क्लूसनर को सितंबर 2019 में इस पद पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि वह अपने अनुबंध का नवीनीकरण नहीं करेंगे। उन्होंने सोमवार को एक बयान में कहा , दो साल टीम के साथ बिताने के बाद मैं यहां से सुनहरी यादें लेकर जाऊंगा। उन्होंने कहा, मैं अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और इसके क्रिकेट ढांचे को अलविदा करहकर अपने कोचिंग कैरियर के अगले चरण की संभावनाएं तलाशूंगा। क्लूसनर ने एंडी मोल्स की जगह अफगानिस्तान के कोच का पद संभाला था। उनका करार 2021 तक बढया गया था।

# पाकिस्तान ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**चटगांव।** सलामी बल्लेबाज आबिद अली लगातार दूसरा शतक नौ रन से चूक गए लेकिन पाकिस्तान ने 202 रन के लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए बांग्लादेश को पहले क्रिकेट टेस्ट में आठ विकेट से हरा दिया। आबिद और अब्दुल्लाह शफीक ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। यह मैच में उनकी लगातार दूसरी शतकीय साझेदारी थी जिससे पाकिस्तान को मजबूत शुरूआत मिली। पहली पारी में 133 रन बनाने वाले आबिद ने 148 गेंद में 91 रन बनाए। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 109 रन से आगे खेलते हुए पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों को कोई परेशानी नहीं हुई। आफ स्पिनर मेहिदी हसन ने शफीक को पगबाधा आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। शफीक ने 73 रन बनाए। इसके सात ओवर बाद बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने आबिद को पगबाधा आउट किया। पाकिस्तान का स्कोर इस समय दो विकेट पर 171 रन था। इसके बाद अजहर अली और कप्तान बाबर आजम ने टीम को जीत तक पहुंचाया। अजहर 24 और आजम 13 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ने लिटन दास के पहले शतक की मदद से 330 रन बनाए थे। इसके बाद तैजुल के सात विकेट के दम पर पाकिस्तान को 286 रन पर आउट करके पहली पारी में 286 रन की बढत ली थी। बांग्लादेश की दूसरी पारी 157 रन पर सिमट गई जिसमें तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने पांच विकेट लिए। दूसरा टेस्ट शनिवार से ढाका में खेला जाएगा।

# विश्व टूर फाइनल्स में भारत की उम्मीदें सिंधू, लक्ष्य और चिराग-सात्विक पर

**बाली।** लगातार सेमीफाइनल में हार रही पी वी सिंधू बुधवार से यहां शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स बैडमिंटन में इस सिलसिले को तोड़कर खिताब जीतना चाहेंगी जबकि युवा लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी पर भी सभी की नजरें होंगी। भारत के सात खिलाड़ियों ने इस बार डेढ लाख डॉलर ईनामी राशि के साल के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मिश्रित युगल को छोड़कर भारतीय हर वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी महिला युगल में खेलेंगी। अब तक यह खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय मौजूदा विश्व चैम्पियन सिंधू पिछले साल फाइनल में पहुंची थी। वह पहले मुकाबले में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू तोक्यो ओलंपिक के बाद पिछले तीन टूर्नामेंटों में भी सेमीफाइनल हार चुकी है। उनके ग्रुप ए में शीर्ष दो में रहने की संभावना है क्योंकि बाकी दो खिलाड़ियों डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन और जर्मनी की वोन्ने ली के खिलाफ उनका रिकॉर्ड अच्छा है। एक साल में चार सुपर सीरिज खिताब जीतने वाले चौथे खिलाड़ी श्रीकांत शानदार फॉर्म में हैं जो इंडोनेशिया मास्टर्स और हाइलो ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे। वह 2014 में इस टूर्नामेंट में नॉकआउट चरण तक पहुंचे थे और उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। उन्हें पहले दौर में मलेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त ली जी जिया से खेलना है। ग्रुप बी में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव और थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न भी हैं। पहली बार खेल रहे लक्ष्य और चिराग-सात्विक की जोड़ी को ग्रुप आफ डैथ मिला है। उनके लिए अगले चरण में क्वालीफाई करना आसान नहीं होगा। दो साल पहले पांच खिताब जीत चुके लक्ष्य को ग्रुप ए में शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनमार्क के ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन, दो बार के विश्व चैम्पियन जापान के केंतो मोमोता और डेनमार्क के रास्मस गेमके के साथ रखा गया है।

# मेस्सी रिकॉर्ड सातवीं बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर बने

**पुतेलास सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी**

भाषा। पेरिस



**लियोनेल** मेस्सी को रिकॉर्ड सातवीं बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का बलोन डी ओर पुरस्कार मिला जिन्होंने बार्सीलोना के साथ आखिरी सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और अर्जेंटीना के साथ पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। वहीं महिला वर्ग में अलेक्सिया पुतेलास ने बार्सीलोना और स्पेन के लिए अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर पुरस्कार जीता। 34 वर्ष के मेस्सी के शानदार प्रदर्शन के दम पर अर्जेंटीना ने जुलाई में कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी ने पुरस्कार जीतने के बाद अनुवादक की मदद से कहा , मैं बहुत खुश हूं। नए खिताबों के लिए लड़ते रहना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा , पता नहीं अभी कितने साल बाकी है लेकिन उम्मीद है कि काफी समय है। मैं बार्सीलोना और अर्जेंटीना में सभी साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेस्सी के 613 अंक रहे जबकि पोलैंड के स्ट्राइकर राबर्ट लेवांडोवस्की 580 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। मेस्सी ने कहा , मैं रॉबर्ट से यह कहना चाहता हूं कि तुम्हारा प्रतिद्वंद्वी होना सम्मान की बात है। हर कोई यह कहेगा कि तुम पिछले साल इसके हकदार थे। यह पुरस्कार फ्रांस की फुटबॉल पत्रिका बलोन डीओर द्वारा 1956 से हर साल सर्वश्रेष्ठ पुरूष फुटबॉलर को दिया जाता है। यह 2018 से महिला वर्ग में भी दिया जा रहा है।दोनों पुरस्कार 2020 में कोरोना महामारी के कारण नहीं दिए गए थे। लेवांडोवस्की ने एक सत्र में बुंडेस्लीगा में 41 गोल का रिकॉर्ड बनाया जो जर्मनी के दिग्गज गर्ड म्यूलर से एक गोल अधिक है।उन्होंने फरवरी से सितंबर तक बायर्न म्युनिख के लिए लगातार 19 मैचों में गोल किए। वह इस सत्र में बायर्न के लिए 20 मैचों में 25 गोल कर चुके हैं। चेलसी और इटली के मिडफील्डर जोर्गिन्हो तीसरे स्थान पर रहे जबकि रीयाल मैड्रिड और फ्रांस के फॉरवर्ड करीम बेंजीमा चौथे स्थान पर रहे। पुतेलास ने इस साल 42 मैचों में 26 गोल किए।उन्होंने चेलसी के खिलाफ चैम्पियंस लीग फाइनल में भी गोल किया था। वह युएफा की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी भी रही। उन्होंने कहा , यह बहुत खास पल है। मैं बहुत भावुक हो गई हूं।मैं अपने साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देना चाहती हूं। मेस्सी के नाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो से दो अधिक यह पुरस्कार है।रोनाल्डझे छठे स्थान पर रहे। मेस्सी ने बार्सीलोना के लिए कुल 672 गोल किए हैं। अपने आखिरी सत्र में उन्होंने 38 गोल दागे और कोपा डेल रे फाइनल भी जीता। कोपा अमेरिका में उन्होंने चार गोल किए और पांच में मदद की। अब वह पेरिस सेंट जर्मेन के लिए खेलते हैं जिसके लिए अब तक नौ मैचों में चार गोल कर चुके हैं।

# 'कठिन से ज्यादा, यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था'

**मधुर मिाल ने एमएस प्लेयर के मत्स्य कांड में राजू की भूमिका निभाई थी। उन्होंने सुप्रिया रमेश के साथ अपने अनुभवों और भावी योजनाओं को लेकर विस्तार से बात की**



**■ मत्स्य कांड क्या है?**

यह मूल रूप से दो समान रूप से बुद्धिमान और प्रतिभाशाली लोगों के बीच एक बिल्ली और चूहे का खेल है। वह है रवि दुबे द्वारा निभाई गई मत्स्य और तेज राज की भूमिका रवि कृष्ण जी, वह व्यक्ति मत्स्य को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। यह सिर्फ एक शानदार आगे और पीछे है, एक दूसरे को समझने की कोशिश कर रहा है। जो मुझे लगता है शानदार है। यह अधिक दिमाग की तरह है, जो देखने में अधिक दिलचस्प है और इसके साथ ही आपके पास इन सभी पात्रों को निभाने वाले कलाकारों का एक अविश्वसनीय पहनावा है जो शो को जीवंत बनाते हैं।

**■ आपकी भूमिका क्या है?**

मैं राजू का किरदार निभा रहा हूं, जिसे मैं कुछ मायनों में शो का दिल मानता हूं। इस मायने में कि वह बहुत जुगाड़ू हैं। वह विशेषता जो उसे मत्स्य से मिलने और उसकी टीम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करती है। तीन लोगों की टीम जहां राजू वह गोंद है जो टीम को एक साथ रखता है। वह थोड़ा अनाड़ी है, वह बहुत निहत्था है, दिल से भरा है, गर्मजोशी से भरा है और बहुत वफादार है। यही बात मुझे इस किरदार की ओर आकर्षित करती है। एक प्यारा लड़का जो मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस किरदार को पहले देखने का मौका मिला है। यही मुख्य कारण है कि मैं ऐसा करना चाहता था।

**■ आपने इस परियोजना को कैसे उतारा?**

श्री गौतम तलवार, जो एमएक्स प्लेयर के मुख्य सामग्री अधिकारी हैं, मेरे और अजय सर के साथ बैठक करने के लिए बहुत दयालु थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें लगा कि मैं इस किरदार के लिए सही हूं। हम मिले और तुरंत क्लिक किया। मुझे अजय सर की ऊर्जा बहुत पसंद है, जिस तरह से वह इतने शांत और अविश्वसनीय रूप से सहायक हैं। उसके साथ, यह स्वतंत्र महसूस हुआ। हमने कुछ बैठकें कीं और उन्होंने सोचा कि मैं इस भूमिका के लिए सही था और मुझे स्पष्ट रूप से यह पसंद आया क्योंकि मैंने पहले ऐसा कुछ नहीं किया है। शो में क्रिएटर्स से लेकर कास्ट तक शानदार और शानदार लोग थे।

**■ कितना कठिन था यह रोल?**

कठिन से अधिक, मैं यह कहना चाहूंगा कि यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था। मेरा मतलब है कि हर काम अपने आप में कठिन होता है लेकिन मेरे लिए, क्योंकि मुझे अभिनय बहुत पसंद है, वे बाधाओं के बजाय अवसरों की तरह लगते हैं।

यह एक टीम प्रयास था। आप अकेले पेंटिंग बना सकते हैं, गाने अकेले, ज्यादातर कलाएँ अकेले लेकिन आप अकेले शो नहीं बना सकते। आपको अपने आस-पास एक महान टीम की आवश्यकता है और सौभाग्य से हमें अद्भुत लोग मिले जो सभी एक लेगो की तरह एक साथ फिट होते हैं। यह घड़ी की कल की तरह था और हम काम कर रहे थे। यह सिर्फ एक शानदार अनुभव था।

**■ अपने सह-कलाकारों के साथ आपका अनुभव कैसा रहा है?**

रवि भैया और जोया के साथ रहना बहुत मजेदार है। हम तीनों ने काम के बाद काफी बॉन्डिंग की। जोया की मां भी हमारे साथ थीं।

हम सभी कोविड के दौरान जितने खुले स्थान थे, उतने डिनर और लंच के लिए बाहर जाएंगे। हमारे पास हर तरह के भोजन पर जबरदस्त समय था।

मैंने हमेशा अपने समोसे से सभी को जलन होती थी क्योंकि मैं सब कुछ खा लेता था जबकि रवि भैया और जोया देखते थे कि वे क्या खाते हैं। यह मेरा पसंदीदा काम था। हमारे पास एक अविश्वसनीय समय था। पूरा शो शानदार रहा है।

**■ आप बहुत कम उम्र से पर्दे पर हैं। अभिनय कैसे हुआ?**

अभिनय कुछ देर से हुआ। मैंने अपने करियर की शुरुआत एक डांसर के रूप में की थी। मैंने 1997 में बूगी वूगी जीता था। उसके बाद मैं और मेरे पिता, हम सब बॉम्बे आए ताकि मैं अपना करियर बना सकूं। नृत्य के माध्यम से बहुत से लोगों ने सुझाव दिया कि क्योंकि मैं नृत्य में बहुत अभिव्यंजक था और मुझे अभिनय करने की कोशिश करनी चाहिए। मैंने कुछ ऑडिशन देना शुरू किया और फिर मेरी पहली फिल्म वन टू का फोर थी। मुझे सलमान के साथ एक और मिला जिसका नाम था कहीं प्यार ना हो जाए। तो फिर अभिनय का सफर शुरू हुआ और कहीं न कहीं मुझे लगा कि मैं एक डांसर से बेहतर अभिनेता हूं। इसलिए 14 साल की उम्र में मैंने अपनी सारी ऊर्जा अभिनय में लगा दी और ब्रह्मांड दयालु रहा। 18 साल की उम्र में मैं स्लमडॉग मिलियनेयर के साथ ऑस्कर में था।

**■ आप स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए जाने जाते हैं और आपकी भूमिका और अभिनय की बहुत सराहना की जाती है। सलीम के उस किरदार में ढलना कितना मुश्किल था?**

सलीम के लिए मुख्य बात यह थी कि इससे पहले मैंने कभी ग्रे किरदार नहीं निभाया था। आज भी लोग उस तरह के किरदारों से जुड़ते हैं। इससे पहले मैं इतना डरपोक किस्म का अच्छा लड़का था। मैं एक बच्चा था इसलिए मैंने एक बच्चे की भूमिका निभाई, जो कुछ भी मैंने पहले किया था, उसमें कुछ भी ग्रे नहीं है। तो सलीम जैसे किसी को पाने के लिए जो सतह के नीचे अधिक जटिल था। यह सिर्फ एक आदमी नहीं है जो पैसा पाने के लिए बुरा काम कर रहा है। वहाँ परतें हैं और जाहिर है कि जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, आपको वे देखने को मिलती हैं।

यह सुपर इंटेंस था और सौभाग्य से डैनी बॉयल एक निर्देशक थे जो मेरे साथ बैठे क्योंकि मैं एक युवा अभिनेता था। हमने उनके साथ दो महीने तक वर्कशॉप की थी। फिल्म शुरू होने के करीब ढाई से तीन महीने पहले। यह बहुत निर्देशित था, उस समय मैं एक अभिनेता के रूप में इतना विकसित भी नहीं हुआ था कि मैं अपने आप को चरित्र में ला सकूं। मैंने अपने शोध का उचित हिस्सा किया जैसे मैं कुछ लोगों के साथ बाहर गया था, जिनके पास सलीम की तरह एक समान खिंचाव था और मुझे एहसास हुआ कि जो लोग बुरे काम करते हैं वे स्वाभाविक रूप से बुरे नहीं होते हैं। उनके साथ चीजें हुई हैं जो वास्तव में उनके द्वारा किए गए कार्यों को उचित नहीं ठहराती हैं लेकिन आप इसे एक तरह से समझ सकते हैं। इस तरह मैं उस किरदार के करीब आने लगा।

**■ अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका कौन सी रही है?**

मुझे लगता है कि मैंने जो सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है वह मिलियन डॉलर आर्म नामक इस डिज्नी फिल्म में थी। यह मुश्किल था क्योंकि मैंने स्लमडॉग मिलियनेयर से पहले एक स्पोर्ट्स फिल्म की थी। यह बेसबॉल के बारे में था और मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मैंने अपने जीवन में पहले कभी बेसबॉल नहीं उठाया था, जो एक तरह से बहुत अच्छा था क्योंकि चरित्र भी उसी यात्रा से गुजरता है। लेकिन शारीरिक रूप से, यह बहुत ही स्थायी था क्योंकि तीन महीने के लिए, हमारे पास कोच और कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम था। मुझे कुछ मांसपेशियों को खड़ा करना पड़ा, इसलिए यह बहुत शारीरिक रूप से मांग कर रहा था और यह पहली बार था जब मुझे ऐसा करना पड़ा।

मैं कहूंगा कि इसकी भौतिकता के कारण और दूसरी यह फिल्म होगी जिसे मटर कहा जाता है जो इस जीवन-अंत कार दुर्घटना के बाद थी जिससे मैं गुजरा था। जिसमें मैं लगभग पूरी तरह से अपना चेहरा खो चुकी थी। मुझे फिर से अपने जैसा दिखने के लिए कई सर्जरी करानी पड़ी। दुर्घटना के कारण, मैंने सोचा कि मैं फिर कभी अभिनय नहीं करूंगा। फिल्म सुपर रोमांचक थी लेकिन बहुत डरावनी भी थी। उस किरदार ने मुझसे भी बहुत कुछ लिया।

**■ आप किस जॉनर को पसंद करते हैं?**

मैं हमेशा ऐसे जॉनर के लिए हां कहूंगा, जो मुझे अभी तक करने का मौका नहीं मिला है। मजेदार लेकिन हाँ विज्ञान-कथा एक है। डैनी बॉयल की सनशाइन जैसी फिल्म या अराइवल की तरह। मुझे ऐसी फिल्में पसंद हैं। मुझे इस तरह का शो लगभग मिल ही गया था, लेकिन मैं डेट इश्यू के कारण इसे मिस कर गया। उस दायरे में कुछ, मैं बिल्कुल कूद जाऊंगा।

## टेली कथा

## उसको लेकर मुझे थोड़ा संशय था

अभिनेता शरद मल्होत्रा का कहना है कि वह अपने नवीनतम शो विद्रोही को लेकर थोड़ा संशय में थे, जो ऐतिहासिक है।

''सच कहूं तो, जब मुझे शो की पेशकश की गई थी, तो मुझे इसे लेने के बारे में थोड़ा संदेह था, लेकिन नकारात्मक तरीके से नहीं। मैंने न तो अपने चरित्र बख्शी जगबंधु के बारे में सुना था और न ही इतिहास में उनके बारे में बहुत कुछ लिखा था। लेकिन जब मैंने इसके बारे में शोध किया उसे, मुझे पता चला कि वह इतिहास का पहला व्यक्ति था जिसने देश में जन विद्रोह शुरू किया था। मैंने बहुत सारे शो नहीं किए हैं, मैं जो करता हूं उसके बारे में मैं बहुत पसंद करता हूं। यह कम रहा है लेकिन यह अच्छा काम रहा है मैंने पिछले 15 वर्षों में कुछ ही शो किए हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और लोगों की यादों में बस गए।''



उनके अनुसार, पहले अभिनेताओं में एक टीवी अभिनेता और एक फिल्म अभिनेता के बीच सीमांकन होता था, जो अब नहीं है।

''रेखा धुंधली हो गई है और एक टीवी अभिनेता वेब शो और फिल्मों में काम कर रहा है और इसके विपरीत। जहां तक शेल्फ लाइफ का सवाल है, यह एक बहुत ही व्यक्तिपरक मामला है। जब मैंने अभिनय करना शुरू किया, तो मैं इसे एक शॉट देना चाहता था, मैं इतने लंबे समय तक जारी रखने की योजना नहीं थी। मैं हर दिन जैसे ही आया था, ले रहा था।''

''मैं 15 साल बाद भी मुख्य भूमिकाएं पाने के लिए बेहद धन्य हूं। लेकिन यह रातोंरात नहीं हुआ, मुझे इसके लिए काम करना पड़ा। आज मैं जहां हूं, वहां बहुत सारा खून, पसीना और कड़ी मेहनत लगी है'', उसने आगे जोड़ा।

भारत का वीर पुत्र - महाराणा प्रताप अभिनेता खुद को बहुत लालची अभिनेता कहते हैं।

''टीवी पर बहुत सारे पुरुष कलाकार स्क्रीन स्पेस की शिकायत करते हैं क्योंकि उद्योग अभी भी महिलाओं द्वारा शासित है। टीवी को महिलाओं द्वारा शासित एक माध्यम कहा जाता है, महिलाओं के लिए और महिलाओं के लिए। लेकिन कुछ पुरुष भाग्यशाली रहे हैं। उस श्रेणी में नहीं आने के लिए पर्याप्त है'', उन्होंने कहा।

## ट्रोल पर हर्शाली जिन के विचार

यह बिना कहे चला जाता है कि सोशल मीडिया ने हमारे जीवन को फिर से परिभाषित किया है। चीजें हमारे लिए एक से अधिक तरीकों से आसान और अच्छी हो गई हैं। हालांकि, कई लोगों को लगता है कि सोशल मीडिया की दुनिया नकली है, लेकिन साथ ही, हर कोई उस ध्यान को चाहता है। एक्ट्रेस हर्षाली जिन ने पूरी बात डिकोड की।

''किसी को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया मुक्त नहीं है, इससे आपको अपना ध्यान केंद्रित करना पड़ता है। ये मुफ्त ऐप आपके ईमेल, टेक्स्ट मैसेज पढ़ने, आपके फोन कॉल सुनने आदि की अनुमति मांगते



हैं। आप जितने कम ऐप पर हैं उतना बेहतर है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के युग में गोपनीयता एक मिथक है,'' टीवी शो, सीआईडी, दीया और बाती हम, वेब श्रृंखला, बॉस : बाप ऑफ स्पेशल सर्विसेज, और मराठी फिल्म, पाच नार एक बेज़ार, के लिए जाने जाने वाले अभिनेता कहते हैं। .

सोशल मीडिया एक अहम् मालिश उपकरण बन गया है और यह अभिनेताओं के नियमित जीवन को बाधित करता है क्योंकि उनसे दैनिक आधार पर नई सामग्री डालने की उम्मीद की जाती है।

ट्रोल्स पर आपकी क्या राय है और आप ट्रोलिंग से कैसे निपटती हैं? ''मैं उनके बारे में कुछ नहीं सोचती। उन्हें महत्व नहीं देना चाहिए। मेरे मन की शांति को प्रभावित करने के लिए मुझ पर किसी के पास उस तरह की शक्ति नहीं है। यह उनकी रोगग्रस्त मानसिकता को दर्शाता है। मुझे इसे व्यक्तिगत रूप से क्यों लेना चाहिए? इसका मेरे साथ कुछ लेना देना नहीं है। मैं उन्हें उपचार भेजती हूं,'' वह जवाब देती है।

## भारत में लोमोटिफ

पंजाबी हार्टथ्रोब और सिंगिंग सेंसेशन गुरु रंधावा ने यूएस-बेस्ड के लॉन्च पर स्टेज पर धमाल मचा दिया

शॉर्ट-फॉर्मेट वीडियो-शेयरिंग ऐप- लोमोटिफ सिंगर शर्ली सेतिया, बिग बॉस फेम असीम रियाज, लोकप्रिय अभिनेता अदा खान, अनुष्का सेन और भोजपुरी सुपरस्टार रवि किशन और अक्षरा सिंह भी लॉन्च का हिस्सा थे।

लोमोटिफ ने भारत में आधिकारिक रूप से प्रवेश कर लिया है। ग्लोबल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और सह-संस्थापक टेड फार्नवर्थ ने नई दिल्ली में लॉन्च की अगुवाई की। इस अवसर पर, ऐप ने एक नए चैनल, लोमोटिफ इंडिया का भी अनावरण किया। उपयोगकर्ता अद्भुत पुरस्कार जीतने के लिए अपने वीडियो पोस्ट करके लोमोटिफ इंडिया की साप्ताहिक चुनौतियों में भी भाग ले सकते हैं। सिंगापुर स्थित पॉल यांग द्वारा स्थापित, लोमोटिफ को इस साल की शुरुआत में ै॥ द्वारा अधिग्रहित किया गया था।

इसकी पेटेंट तकनीक उपयोगकर्ताओं को सामग्री के सुपर-आकर्षक रील प्रारूप में खुद को विसर्जित करने की अनुमति देती है।

## पकड़ में आए अथर्व

सोनी सब का वागले की दुनिया - नई पीठ नए किसी ने अपने हल्के-फुल्के और भरोसेमंद कंटेंट के साथ बड़े पैमाने पर फैन फॉलोइंग हासिल



करना जारी रखा है। एपिसोड की वर्तमान श्रृंखला कहानी में अब तक का सबसे बड़ा मोड़ लेकर आती है क्योंकि वागले परिवार अथर्व (शीहान कपाही) के अपहरण के साथ बहुत कठिन समय से गुजरता है।

अथर्व और वंदना (परिवा प्रणति) का दिन एक विवाद के साथ शुरू होता है क्योंकि वंदना गलती से अथर्व पर डक्कू (दीपक पारीक) की तस्वीर पर वांटेड - डेड ऑर अलाइव लिखा हुआ छापने का आरोप लगाती है। अपने सामान्य दिन की बात करें तो, वागले परिवार उस दुर्भाग्य से पूरी तरह से बेखबर है जो उनके ऊपर मंडरा रहा है। स्कूल जाते समय, अथर्व का दो गुंडों द्वारा अपहरण कर लिया जाता है। अथर्व के साथ जो हुआ वह पूरे वागले परिवार के लिए पूरी तरह से रहस्यपूर्ण है क्योंकि उनकी साधारण जीवन शैली उन्हें गुंडों के साथ परेशानी में नहीं डाल सकती थी।

## वाल्ट डिज्ने एनीमेशन स्टूडियो की 60वीं फिल्म

डिज्नी फिल्में विशेष हैं और उनमें एक आश्चर्यजनक तत्व है कि वे दर्शकों को जादू और हंसी की दुनिया में ले जाते हैं। 90 से अधिक वर्षों की विरासत के साथ, वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो ने अभूतपूर्व फिल्में बनाई हैं, जिन्हें दुनिया भर के सभी उम्र के लोगों से बहुत प्यार और सराहना मिली है। इस प्यार और खुशी का जश्न मनाने के लिए, डिज़्नी अपना 60वां एनिमेटेड संगीत-एनकैंटो लेकर आया है, जो आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रहा है। यह फिल्म एक ऐसे परिवार के बारे में है जिसके पास इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए जादू की विशेष शक्तियां हैं। यहाँ वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो की कुछ प्रतिष्ठित फ़िल्मों पर एक नज़र डालें।




द लायन किंग (2019), यदि आप एक ऐसी फिल्म देखना चाहते हैं जो प्यार, रोमांच और प्रेरणा से भरी हो, तो लायन किंग आपकी मंजिल है। जॉन फेवर्यू द्वारा निर्देशित, 2019 की यह फिल्म विश्व स्तर पर एक मेगा हिट थी। मनोरंजक कहानी, अद्भुत संगीत, आश्चर्यजनक एनीमेशन ने दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा।

राया और द लास्ट ड्रैगन (2021), बहुत सारे गहन ड्रामा और एक्शन से भरपूर, यह फिल्म बेतहाशा और अकल्पनीय परिदृश्यों को सच कर देगी। कहानी एक ऐसी जगह के बारे में है जहां एक दिन तक ड्रेगन और इंसान एक साथ रहते हैं जब एक भयावह राक्षस 500 साल बाद लौटता है और इस भूमि को धमकी देता है। राया को इंसानों को बचाने के लिए आखिरी ड्रैगन का पता लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। क्या राया सभी को उम्मीद देकर एक अजगर के साथ वापस लौट पाएगी?

टैंगल्ड (2010), वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो को लीक से हटकर सोचने के लिए जाना जाता है। हम सभी रॅपन्ज़ेल की कहानी जानते हैं, लेकिन क्या हम कभी सोच सकते हैं कि वह शहर में सबसे योग्य कुंवारे उर्फ फ्लिन राइडर का अपहरण कर लेगी? नाथन ग्रेनो और बायरन हॉवर्ड द्वारा निर्देशित, फिल्म दर्शकों की आंखों के लिए एक मनोरंजक कहानी और अद्भुत संगीत के साथ एक इलाज है।

टार्जन इस फिल्म को इस सूची में होना चाहिए। प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित - डिज़्नी का टार्ज़न वह लोग हैं जो अपने 20 और 30 के दशक की शुरुआत में देखे और बड़े हुए। एडगर राइस बरोज़ की वानर आदमी की कहानी का यह शानदार रूपांतरण जंगल के भीतर गहराई से शुरू होता है जब टार्ज़न, एक बच्चा जिसने अपने माता-पिता को एक तेंदुए के लिए खो दिया है, को गोरिल्ला के एक परिवार द्वारा अपनाया जाता है। अभूतपूर्व एनिमेशन, बेहतरीन संगीत और अद्भुत वॉयसओवर ने इस फिल्म को विश्व स्तर पर एक ब्लॉकबस्टर बना दिया है, जिसमें सभी उम्र के लोग इस फिल्म को पसंद करते हैं और इसे कई बार देखने के बाद भी कभी बोर नहीं होते हैं। यह वह फिल्म थी जिसने वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो के लिए बार उठाया और लोगों के दिलों और दिमागों पर हमेशा के लिए छाप छोड़ी।

फ्रोजन, फ्रोजन हंस क्रिश्चियन एंडरसन की परी कथा %द स्नो क्वीन% से प्रेरित था। क्रिस बक और जेनिफर ली द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में एक राजकुमारी को दर्शाया गया है, जो अपनी बहन को खोजने के लिए एक हिममानव, अपने हिरन और एक स्नोमैन के साथ यात्रा पर निकलती है, जिसकी जादुई शक्ति ने अनन्त सर्दियों में उनके राज्य पर एक अभिशाप के रूप में काम किया। एक कहानी और साउंडट्रैक के साथ, जिसने सही राग मारा, फिल्म को दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस के सभी रिकॉर्ड तोड़ने में बिल्कुल भी समय नहीं लगा। यह कितना शानदार था और प्रशंसकों और दर्शकों द्वारा बरसाए गए प्यार के कारण इसने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते। वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो एनकैंटो की एक और नाटकीय रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। बायरन हॉवर्ड और जेरेड बुश द्वारा निर्देशित, जबकि इसमें दिखाए गए खूबसूरत गाने एमी, ग्रैमी और टोनी पुरस्कार विजेता लिन-मैनुअल मिरांडा के हैं। यवेट मेरिनो द्वारा निर्मित, यह फिल्म आपको एक लाला-भूमि में एक शानदार समय देने के लिए तैयार है जो महान गीतों और मनोरम दृश्यों से भरा है।

## घरेलू उत्पीड़न को 'ना' कहें

एक अभिनेता के करियर में, हम बहुत कुछ करते हैं, लेकिन शायद ही कभी हमें ऐसे किरदार मिलते हैं जो हमें अंदर तक हिला देते हैं। इसलिए नहीं कि यह आपको एक कलाकार के रूप में और अधिक खोज करने देता है, बल्कि यह आपको एक ऐसी वास्तविकता से रूबरू कराता है, जिसके बारे में आप बहुत कम जानते थे। जब मुझे ज़िद्दी दिल माने ना में कोयल का किरदार निभाने का मौका मिला, तो ठीक यही मुझे हुआ। कोयल को दोहराते हुए, मैंने महसूस किया कि कैसे दुनिया भर में कई महिलाओं के लिए घर का एक बिल्कुल अलग अर्थ है और घरेलू शोषण कितना बड़ा खतरा है।

मैं पहले इस खतरे से बेखबर नहीं थी। हमारे देश में घरेलू दुर्व्यवहार के मामलों की खतरनाक संख्या ने मुझे चौंका दिया और मुझे भी झकझोर दिया। लेकिन जिस चीज से मेरे चरित्र ने मुझे अवगत कराया, वह है समस्या की तीव्रता, बहुसंख्यक महिलाओं के बीच इसकी प्रासंगिकता और कैसे एक समाज के रूप में, हम सभी को बदलाव लाने के लिए कुछ करना है। आप, मैं और सब लोग!

इसलिए, आज, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर, मैं घरेलू शोषण के गंभीर मुद्दे के बारे में बात करने का साहस चुनती हूं और सभी से अपील करती हूं कि वे हिंसा को ना कहें और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ खड़े हों। मैं इस मुद्दे को उठाने और इस गंभीर विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए सोनी सब की भी सराहना करना चाहती हूं।

मैं दुर्व्यवहार के बारे में सोचकर डर से कांपती हूं, इस देश में बहुत सी महिलाएं तब तक जीवित रहती हैं और सहती हैं जब तक वे और नहीं रह सकतीं। फिर भी, यह सिर्फ हिमशैल का सिरा है। हम इस तरह के मामलों को जितना पढ़ते हैं, सुनने के लिए अंधेरे में और भी बहुत से लोग छिपे हैं। महिलाओं को चुप रहने का कारण बनने वाली इस शातिर प्रथा के आसपास के आघात, दर्द और कलंक की कल्पना करना कठिन है।

जैसे ही मैं 'जिद्दी दिल माने ना' शो में अपने किरदार कोयल की यात्रा को आगे बढ़ा रही हूं, घरेलू दुर्व्यवहार की वास्तविकता मुझे कसकर घेर रही है। मेरा दिल उन महिलाओं के लिए है जो यह सब सहती हैं, या तो असहायता से, या जागरूकता की कमी या दोनों से। रातों की नींद हराम, बचने का डर, आपके बच्चे के बचने का डर कुछ ऐसा है जिसे मैं मापना भी शुरू नहीं कर सकती। और यह नहीं भूलना चाहिए, भले ही आप इस संकट से जूझ रहे हों, एक महिला के पीछे जो शर्म और कलंक है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।



लेकिन प्रिय महिलाओं, कोयल की तरह, आपको इस खतरे से जूझने से नहीं रोकना चाहिए। आप अपनी त्वचा, दिल और दिमाग पर जो घाव करते हैं, वे लड़ने लायक हैं। क्योंकि हम सभी प्यार, करुणा और सम्मान से भरी दुनिया के लायक हैं।

मैं कहानी के आपके पक्ष को यथासंभव प्रामाणिक रूप से चित्रित करने की जिम्मेदारी को समझता हूं। मुझे आपको यह जानने की जरूरत है कि आप अकेले नहीं हैं, आज और हमेशा। आप एक रानी हैं, आपको बस जागने और आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि दुनिया खुली बाहों के साथ आपका इंतजार कर रही है।

मुझे उम्मीद है कि कोयल की तरह, आपको भी अपने अधिकारों के लिए बोलने और लड़ने की ताकत मिलेगी। क्योंकि अगर वह कर सकती है, तो आप भी कर सकते हैं।